सच, सिर्फ सच **

# वॉयस ऑफ लखनऊ

शुक्रवार, 15 नम्बर, 2024 लखनऊ, महानगर, वर्ष 19, अंक 309, पेज 16, 3.50 रुपये

www.facebook.com/volepaper voiceoflucknow@gmail.com www.voiceoflucknow.com



## एफआईआईआई की बिकवाली से टूटा सेंसेक्स

स्थानीय शेयर बाजार में गिरावट का सिलसिला जारी रहा और सेंसेक्स उतार-चढ़ाव भरे कारोबार में 111 अंक और नीचे आ गया। } 14

## गठबंधन ने घुसपैठियों को बनाया अपना वोट बैंक : शाह

अमित शाह ने चुनावी रैली को संबोधित करते हुए आरोप लगाया कि सत्तारूढ़ झारखंड मुक्ति मोर्चा के नेतृत्व वाले गठबंधन ने घुसपैठियों को अपने वोट बैंक में बदल दिया है। } 16

### संक्षेप

## भारतीय मूल की तुलसी होंगी अमेरिकी इंटेलिजेंस चीफ



वाशिंगटन। अमेरिका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने बुधवार को घोषणा की कि डेमोक्रेटिक पार्टी की पूर्व सदस्य तुलसी गबार्ड डायरेक्टर ऑफ नेशनल इंटेलिजेंस (डीएनआई) के रूप में सेवाएं देंगी। गबार्ड चार बार सांसद रह चुकी हैं और 2020 में वह ...शेष पृष्ठ 14 पर

## पूर्व विधायक इरफान सोलंकी को जमानत

लखनऊ। इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने उत्तर प्रदेश की सीसामऊ सीट से समाजवादी पार्टी के पूर्व विधायक इरफान सोलंकी को बृहस्पतिवार को जमानत दे दी। हालांकि, अदालत ने सजा पर रोक लगाने की उनकी अर्जी खारिज कर दी। सोलंकी की याचिका पर यह आदेश न्यायमूर्ति राजीव गुप्ता और न्यायमूर्ति सुरेंद्र सिंह की पीठ ने पारित किया। सोलंकी को सजा सुनाये जाने के बाद उनकी विधानसभा सदस्यता समाप्त होने के कारण सीसामऊ सीट पर हो रहे उपचुनाव में उनकी पत्नी और सपा उम्मीदवार नसीम ने अपने पति को जमानत दिये जाने के फैसले पर खुशी जाहिर करते हुए कहा कि इससे इंसाफ की उम्मीद बढ़ गयी है। नसीम ने कहा कि अदालत के आदेश से परिवार के लिए न्याय की उम्मीद बढ़ी है और यह साफ हो गया है कि उनके पति बेकुसूर हैं। उच्च न्यायालय का फैसला हमें पूरी तरह स्वीकार्य है। हालांकि अदालत ने सजा पर रोक लगाने की याचिका को स्वीकार नहीं किया। हम सजा पर रोक लगवाने के लिए उच्चतम न्यायालय जाएंगे।

## बहराइच हिंसा का मुख्य साजिशकर्ता गिरफ्तार

बहराइच। जिले के महाराजगंज कस्बे में पिछले महीने दुर्गा प्रतिमा विसर्जन शोभाात्रा के दौरान भड़की सांप्रदायिक हिंसा के कथित मुख्य साजिशकर्ता को पुलिस ने बृहस्पतिवार को गिरफ्तार कर लिया। वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के मुताबिक घटना के बाद आरोपी खुर्शीद अहमद नेपाल भाग गया था और बृहस्पतिवार सुबह भारत लौटने पर उसे गिरफ्तार कर लिया गया। अपर पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) दुर्गा प्रसाद तिवारी ने संवाददाताओं से कहा कि 13 अक्टूबर को महाराजगंज कस्बे में दुर्गा प्रतिमा विसर्जन शोभायात्रा के दौरान पूर्व नियोजित साजिश के तहत राम गोपाल मिश्रा नामक युवक की हत्या कर दी गई थी। इसके बाद इलाके में ...शेष पृष्ठ 14 पर

# ईडी ने महाराष्ट्र व गुजरात में कई ठिकानों पर मारा छापा

एजेंसी

मुंबई। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने बैंक खातों के दुरुपयोग से जुड़े धनशोधन मामले की जांच के सिलसिले में मालेगांव के एक व्यापारी के खिलाफ चुनावी राज्य महाराष्ट्र और पड़ोसी राज्य गुजरात में बृहस्पतिवार को कई स्थानों पर छापेमारी की।

❍ व्यापारी पर 100 करोड़ से अधिक लेनदेन के लिए बैंक खातों के दुरुपयोग का आरोप

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने चेन्नई के लॉटरी किंग सैंटियागो मार्टिन के खिलाफ धनशोधन जांच के तहत कई राज्यों में छापे मारे। आधिकारिक सूत्रों ने यह जानकारी दी। मार्टिन ने राजनीतिक दलों को चंदे के लिए लाई गई चुनावी बॉन्ड योजना के तहत सर्वाधिक 1,300 करोड़ रुपये से अधिक चंदा दिया था। उसके परिसरों पर छापेमारी की यह कार्वाई मद्रास उच्च न्यायालय द्वारा हाल ही में ईडी को मार्टिन के खिलाफ जांच आगे बढ़ने की अनुमति देने के बाद हुई है क्योंकि तमिलनाडु पुलिस ने उसके और कुछ अन्य लोगों के खिलाफ प्राथमिकी को बंद करने का फैसला किया था और निचली अदालत ने पुलिस की इस याचिका को स्वीकार कर लिया था। सूत्रों ने बताया कि मार्टिन, उसके दामाद आधव अर्जुन और उनके सहयोगियों से जुड़े कम से कम 20 परिसरों में छापेमारी की जा रही है। जिन स्थानों में छापे मारे जा ...शेष पृष्ठ 14 पर

# प्रधानमंत्री ने आतंकवाद के ताबूत में ठोंकी आखिरी कील

## घुसपैठियों को आदिवासियों के अधिकार छीनने नहीं देगी भाजपा : मुख्यमंत्री योगी

एजेंसी

बोकारो। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बृहस्पतिवार को झारखंड की झामुमो नीत गठबंधन सरकार पर राज्य में बांग्लादेशी घुसपैठियों और रोहिंग्याओं की मदद करने का आरोप लगाया और कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा ही इसे रोकने का एकमात्र समाधान है।

बोकारो के बेरमो में एक रैली को संबोधित करते हुए आदित्यनाथ ने कहा, झामुमो, कांग्रेस और राजद रोहिंग्या और बांग्लादेशी घुसपैठियों को झारखंड में घुसने में मदद कर रहे हैं। वे आदिवासी लड़कियों से शादी करके यहां जमीन हड़प रहे हैं। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भाजपा ही इस समस्या का एकमात्र समाधान है। उन्होंने देश के 140 करोड़ नागरिकों को सुरक्षा प्रदान करने के लिए भाजपा सरकार को श्रेय दिया और आतंकवाद पर सरकार के कड़े रुख को दोहराया। आदित्यनाथ ने कहा मोदी के नेतृत्व में अयोध्या मुद्दे को दो साल में सुलझा लिया गया। उनके नेतृत्व में देश इतना शक्तिशाली हो गया है कि पाकिस्तान जैसे पड़ोसी देशों ने हमें उकसाना बंद कर दिया है। उन्होंने लोगों से भाजपा को वोट देने की अपील करते हुए कहा दुनिया का सबसे शक्तिशाली नेतृत्व आपके साथ है, भारत को भड़काने वाले किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा। प्रधानमंत्री मोदी ने आतंकवाद के ताबूत में आखिरी कील ठोंकी है और सरकार माओवादियों को खत्म करने के लिए तैयार ...शेष पृष्ठ 14 पर



झारखण्ड में चुनावी रैली के दौरान जनता का अभिवादन करने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ

# एक ही दिन होगी पीसीएस प्री परीक्षा

## ❍ योगी सरकार का बड़ा फैसला ❍ आरओ व एआरओ (प्रा.) परीक्षा स्थगित

विशेष संवाददाता

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की पहल पर उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग ने प्रयागराज में प्रदर्शन कर रहे प्रतियोगी परीक्षा के अभ्यर्थियों की मांगों को ध्यान में रखते हुए बड़ा निर्णय लिया है। मुख्यमंत्री की पहल पर उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग (यूपीपीएससी) ने आगामी पीसीएस (प्रारंभिक) परीक्षा 2024 को एक ही दिन में आयोजित करने का फैसला किया है। इस निर्णय से प्रतियोगी परीक्षा देने वाले लाखों छात्रों को राहत मिली है। पिछले कुछ दिनों से पीसीएस और अन्य चयन परीक्षाओं को लेकर छात्रों के बीच असंतोष की स्थिति थी।

छात्रों की मांग थी कि पीसीएस प्रारंभिक परीक्षा को एकाधिक पालियों में कराने के बजाय एक ही दिन में संपन्न कराया जाए। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने छात्रों की इन मांगों का संज्ञान लेते हुए आयोग को निर्देश दिया कि वह छात्रों के साथ संवाद स्थापित कर आवश्यक निर्णय ले। आयोग ने मुख्यमंत्री के निर्देश पर छात्रों से संवाद किया और उनकी मांगों पर विचार करते हुए यह निर्णय लिया कि पीसीएस प्रारंभिक परीक्षा 2024 पूर्व की भांति एक ही दिन में आयोजित की जाएगी। मुख्यमंत्री की पहल पर यूपीपीएससी ने समीक्षा अधिकारी (आरओ) और सहायक समीक्षा अधिकारी (एआरओ) परीक्षा-2023 को स्थगित करते हुए उसकी पारदर्शिता और निष्पक्षता सुनिश्चित करने के लिए एक समिति का गठन किया है। यह समिति सभी पहलुओं पर गहन अध्ययन कर अपनी विस्तृत रिपोर्ट शीघ्र प्रस्तुत करेगी, जिससे इन परीक्षाओं की शुचिता और विश्वसनीयता को सुनिश्चित किया जा सके। आयोग के सचिव ने बताया कि हाल के महीनों में देश के कई हिस्सों में पेपर लीक की घटनाओं को देखते हुए, उत्तर प्रदेश सरकार ने चयन परीक्षाओं की शुचिता और पारदर्शिता सुनिश्चित करने का निर्णय लिया है। इसी कारण, आयोग ने दिसंबर में प्रस्तावित पीसीएस और आरओ/एआरओ परीक्षाओं को एकाधिक पालियों में आयोजित करने की घोषणा की थी। हालांकि, छात्रों की मांग और मुख्यमंत्री के हस्तक्षेप के बाद अब पीसीएस प्रारंभिक परीक्षा एक ही दिन में आयोजित की जाएगी। इस फैसले से लाखों ...शेष पृष्ठ 14 पर





"परीक्षा की तैयारी कर रहे लाखों छात्रों को राहत मिलेगी। परीक्षा को एक ही दिन में आयोजित करने से छात्रों को परीक्षा प्रक्रिया में पारदर्शिता व निष्पक्षता का भरोसा मिलेगा, साथ ही आयोग द्वारा गठित समिति की रिपोर्ट से भविष्य में होने वाली परीक्षाओं की शुचिता को व अधिक मजबूती मिलेगी।"



"भाजपा के लोग एक राष्ट्र, एक चुनाव की बात करते हैं, वे एक दिन में छात्रों के लिए परीक्षा भी नहीं करवा सकते। प्रश्नपत्र लीक, बार-बार परीक्षा के स्थगित और रद्द होने जैसे कृत्यों से भाजपा सरकार युवाओं का भविष्य बर्बाद कर रही है। महाराष्ट्र चुनाव का नतीजा चाहे जो भी हो, लेकिन उसका सीधा असर उत्तर प्रदेश की सरकार पर देखने को मिलेगा।"

## दिल्ली की हवा बेहद खराब, ऑनलाइन माध्यम से चलेंगे स्कूल

नई दिल्ली। दिल्ली में बढ़ते प्रदूषण के मद्देनजर सरकार ने सभी प्राथमिक विद्यालयों को अगले आदेश तक ऑनलाइन मोड में चलाने के निर्देश दिए हैं। बता दें कि राजधानी में हवा की गति व दिशा बदलने से वायु प्रदूषण गंभीर श्रेणी में बरकरार है। गुरुवार को सीजन में पहली बार वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 424 दर्ज किया गया। इसमें बुधवार की तुलना में छह सूचकांक की वृद्धि देखने को मिली। इससे हवा और दमघोंटू हो गई है। इसके अलावा दिल्ली-एनसीआर में प्रदूषण पर काबू पाने की दिशा में सीएक्यूएम ने ग्रेडेड रेस्पॉन्स एक्शन प्लान (ग्रैप-3) लागू करने की घोषणा कर दी गई है। राजधानी समेत पूरे एनसीआर में 15 नवंबर से इसे लागू किया जाएगा। दिल्ली और एनसीआर इन दिनों वायु प्रदूषण की मार झेल रहा है। हवा में बढ़ते प्रदूषक सांस के माध्यम से शरीर में पहुंचकर कई प्रकार की बीमारियों को बढ़ाने वाले हो सकते हैं। वायु प्रदूषण के संपर्क में रहने के कारण सांस से संबंधित समस्याओं का जोखिम तो बढ़ता ही है साथ ही ये हृदय रोग, फेफड़ों ...शेष पृष्ठ 14 पर

# भारत -नेपाल सम्बन्धों में आयी मजबूती : धामी

## जौलजीबी मेला भारत-तिब्बत, भारत -नेपाल व सीमा क्षेत्रों में बढ़ाता है आपसी सौहार्द

प्रमुख संवाददाता

पिथौरागढ़ (उत्तराखंड)-राज्य के सीमांत क्षेत्र में आयोजित होने वाला ₹जौलजीबी मेला₹ सदियों से भारत - तिब्बत, भारत-नेपाल और सीमावर्ती क्षेत्रों में आपसी सौहार्द बढ़ाता है।यह मेला हमारी समृद्ध परम्पराओं को संजोने का कार्य करता है।

उक्त उद्‌गार मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने जौलजीबी मेला-2024 का शुभारंभ करने के उपरांत अपने सम्बोधन में व्यक्त किए। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने करीब 65 करोड़ की 18 योजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया। जिसमें 29.65 करोड़ के 13 लोकार्पण एवं 34.72 करोड़ के 05 शिलान्यास शामिल हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस सीमांत क्षेत्र का नेपाल और तिब्बत से सदियों से सांस्कृतिक संबंध रहा है। नेपाल से इस क्षेत्र का रोटी और बेटी का सबंध है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में हमारे संबंध और मजबूत हो रहे हैं। केदारनाथ ...शेष पृष्ठ 14 पर



# अलग संविधान लाने की योजना बना रहे कांग्रेसी

## महाराष्ट्र चुनाव में संभाजी महाराज को मानने वाले और औरंगजेब का गुणगान करने वालों के बीच मुकाबला : मोदी

एजेंसी

छत्रपति संभाजीनगर। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बृहस्पतिवार को कहा कि कांग्रेस और उसके सहयोगी कश्मीर के लिए एक अलग संविधान लाने की योजना बना रहे हैं और अनुच्छेद 370 की बहाली के लिए सभी प्रयास कर रहे हैं। मोदी ने यह भी कहा कि महाराष्ट्र विधानसभा के चुनाव में मुकाबला संभाजी महाराज को मानने वाले देश भक्तों और औरंगजेब का गुणगान करने वालों के बीच है।

राज्य में 20 नवंबर को होने वाले विधानसभा चुनाव के लिए यहां एक रैली को संबोधित करते हुए मोदी ने कहा, क्या महाराष्ट्र के लोग कांग्रेस और पाकिस्तान की भाषा बोलने वाले उसके सहयोगियों का समर्थन करेंगे। उन्होंने कहा कांग्रेस और उसके सहयोगियों ने अनुच्छेद 370 को बहाल करने के लिए एक प्रस्ताव पारित किया है। जब हमने कश्मीर को अनुच्छेद 370 से मुक्त किया तो कांग्रेस ने संसद और अदालत में इसका विरोध किया। अब वे फिर से अनुच्छेद 370 को बहाल करने और कश्मीर में एक अलग संविधान बनाने ...शेष पृष्ठ 14 पर





**आज का मौसम**

| | | |
|---|---|---|
| अधिकतम | : | 30.06 डिसे. |
| न्यूनतम | : | 20.04 डिसे. |

**भीतर पढ़ें**

❍ उपराष्ट्रपति धनखड़ करेंगे नमो घाट का उद्‌घाटन (पृष्ठ-02)
❍ यूपी में और 'ताकतवर' होगा अभियोजन विभाग (पृष्ठ-02)
❍ कच्चे तेल की कीमतों में स्थिरता आने की उम्मीद : पुरी (पृष्ठ-14)
❍ वर्ष में दो बार व्यापार मेला लगाने पर करें विचार (पृष्ठ-14)
❍ देश का निर्यात बढ़कर 39.2 अरब डॉलर पर (पृष्ठ-14)

**विशेष खबर** वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय ने मुद्रास्फीति बढ़ने की मुख्य वजह खाद्य पदार्थों, खाद्य उत्पादों के निर्माण, मशीनरी, मोटर वाहन, ट्रेलर के विनिर्माण में बढ़ोतरी को बताया

# चार महीने के उच्चस्तर पर थोक मुद्रास्फीति

एजेंसी

नयी दिल्ली। थोक मूल्य सूचकांक आधारित मुद्रास्फीति अक्टूबर में बढ़कर चार महीने के उच्चस्तर 2.36 प्रतिशत पर पहुंच गयी। खाद्य वस्तुओं खासकर, सब्जियों तथा विनिर्मित वस्तुओं के दाम बढ़ने से थोक मुद्रास्फीति बढ़ी है।

थोक मूल्य सूचकांक (डब्ल्यूपीआई) आधारित मुद्रास्फीति सितंबर, 2024 में 1.84 प्रतिशत के स्तर पर थी। अक्टूबर, 2023 में यह शून्य से 0.26 प्रतिशत नीचे थी। आंकड़ों के अनुसार, खाद्य वस्तुओं की मुद्रास्फीति अक्टूबर में बढ़कर 13.54 प्रतिशत हो गई, जबकि सितंबर में यह 11.53 प्रतिशत थी। सब्जियों की मुद्रास्फीति 63.04 प्रतिशत रही, जो सितंबर में 48.73 प्रतिशत थी। आलू तथा प्याज की मुद्रास्फीति अक्टूबर में क्रमशः 78.73 प्रतिशत और 39.25 प्रतिशत के उच्चस्तर पर रही। ईंधन और बिजली श्रेणी की मुद्रास्फीति अक्टूबर में 5.79 प्रतिशत रही जो सितंबर में 4.05 प्रतिशत थी। विनिर्मित वस्तुओं में अक्टूबर में मुद्रास्फीति 1.50 प्रतिशत रही, जबकि पिछले महीने यह एक प्रतिशत थी।

थोक मूल्य सूचकांक आधारित मुद्रास्फीति में अक्टूबर में लगातार दूसरे महीने वृद्धि देखी गई। अक्टूबर से पहले जून, 2024 में यह 3.43 प्रतिशत के उच्चस्तर पर रही थी। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय ने बृहस्पतिवार को बयान में कहा अक्टूबर, 2024 में मुद्रास्फीति बढ़ने की मुख्य वजह खाद्य पदार्थों, खाद्य उत्पादों के विनिर्माण, अन्य विनिर्माण, मशीनरी तथा उपकरणों के विनिर्माण, मोटर वाहन, ट्रेलर आदि के विनिर्माण की कीमतों में बढ़ोतरी रही। बार्कलेज की क्षेत्रीय अर्थशास्त्री श्रेया सोधानी ने कहा कि जल्दी खराब होने वाले खाद्य पदार्थों खासतौर पर सब्जियों की खुदरा तथा थोक दोनों ही कीमतों में उछाल आया है। इस महीने में धातुओं की कीमतों में हुई बढ़ोतरी से विनिर्मित उत्पादों के थोक मूल्य सूचकांक में भी मामूली वृद्धि हुई। इक्रा के वरिष्ठ अर्थशास्त्री राहुल अग्रवाल ने कहा कि केवल खाद्य मुद्रास्फीति ने सितंबर और अक्टूबर 2024 के बीच कुल थोक मुद्रास्फीति के आंकड़े को 0.63 प्रतिशत तक बढ़ा दिया है।



# पीसीएस परीक्षा के लिए शहर में ही केंद्र बनाने की बाध्यता खत्म

विशेष संवाददाता

लखनऊ। राज्य सरकार ने पीसीएस भर्ती के अभ्यर्थियों की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए परीक्षा केंद्र बनाने के मानक में बदलाव कर दिया है। पीसीएस भर्ती के लिए परीक्षा केंद्र शहर में ही बनाने की अनिवार्यता समाप्त कर दी है।

इसके साथ ही बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन व कोषागार की दूरी 10 किलो मीटर होने की अनिवार्यता भी समाप्त कर दी गई है लेकिन, यह सुनिश्चित किया जाएगा कि परीक्षा केंद्र मुख्य मार्ग पर स्थित संस्थाओं में ही बनाए जाएं। प्रमुख सचिव नियुक्ति एवं कार्मिक एम देवराज ने गुरुवार को इस संबंध में निर्देश जारी करते हुए सभी आयोगों और बोर्ड अध्यक्षों को निर्देश भेज दिए हैं। शासनादेश में कहा गया है कि प्रदेश के विभिन्न भर्ती आयोग व चयन बोर्ड की चयन प्रक्रिया को पारदर्शी और शुचितापूर्ण ढंग से कराए जाने के लिए 19 जून 2024 को दिशा-निर्देश जारी किया था। इसमें परीक्षा केंद्रों के चयन के लिए मानक तय किए गए थे। परीक्षार्थियों की सुविधाओं को देखते हुए परीक्षा केंद्र बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन और कोषागार से 10 किलो मीटर के अंदर ही बनाने की अनिवार्यता की गई थी। इसके साथ ही परीक्षा केंद्र का चयन यथासंभव शहरी क्षेत्र में ही करने को गया था। जरूरत पड़ने पर परीक्षा केंद्र का चयन ...शेष पृष्ठ 14 पर

संक्षेप

## कार्तिक पूर्णिमा और गुरूनानक जयंती पर प्रदेशवासियों को दी राज्यपाल ने शुभकामनाएं

लखनऊ। राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने कार्तिक पूर्णिमा एवं गुरूनानक जयंती के अवसर पर प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। राज्यपाल ने अपने बधाई संदेश में कहा है कि कार्तिक पूर्णिमा का पर्व भारतीय संस्कृति में एक विशिष्ट स्थान रखता है। यह पर्व न केवल हमें प्रकृति से जुड़ने का अवसर प्रदान करता है, बल्कि नदियों के महत्व को भी रेखांकित करता है। कार्तिक पूर्णिमा के दिन विशेष रूप से नदियों में स्नान करने की परंपरा रही है, जो नदियों के संरक्षण और स्वच्छता के प्रति जागरूकता का प्रतीक है। राज्यपाल ने गुरूनानक जी के जीवन और उनके अमूल्य संदेश का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि गुरूनानक जी का जीवन पूरी मानवता को प्रेम, करूणा, समानता और भाईचारे के रास्ते पर चलने के लिए प्रेरित करता है। उनके सच्चे ज्ञान ने लोगों को भेदभाव और आडंबर से मुक्त होने की दिशा में मार्गदर्शन किया है। उन्होंने अपील की कि हमें गुरूनानक जी के विचारों को अपने जीवन में अपनाकर समाज में एकता और सद्भाव की भावना को और प्रगाढ़ करना चाहिए।

## उप्र विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने दी बधाई

लखनऊ। उत्तर प्रदेश विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने कार्तिक पूर्णिमा और गुरुनानक जयंती के शुभ अवसर पर प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने कहा कि ये पावन पर्व हमें सच्चाई, सद्भावना और आपसी प्रेम का संदेश देते हैं। कार्तिक पूर्णिमा का विशेष महत्व है, इस दिन पवित्र नदियों में स्नान और पूजा-अर्चना से आत्मिक शुद्धि और आध्यात्मिक उन्नति प्राप्त होती है। उन्होंने कहा कि कार्तिक पूर्णिमा का पर्व हमारी संस्कृति और परंपराओं की महानता को दशार्ता है। गुरुनानक जयंती के अवसर पर उन्होंने कहा कि गुरु नानक देव जी ने मानवता को समानता, सेवा और करुणा का मार्ग दिखाया। उनकी शिक्षाएं हमें आपसी प्रेम और सौहार्द्र बनाए रखने की प्रेरणा देती हैं। श्री महाना ने प्रदेशवासियों की सुख-समृद्धि और खुशहाली की प्रार्थना करते हुए सभी से आपसी भाईचारे, धार्मिक सहिष्णुता और सामाजिक समरसता को मजबूत करने का आह्वान किया।

# कार्बन उत्सर्जन घटाने के लिए हरित और सौर ऊर्जा पर दें जोर : मनोहर लाल

### केंद्रीय ऊर्जा, आवास एवं शहरी कार्य मंत्री मनोहर लाल ने डिस्ट्रीब्यूशन यूटिलिटी मीट (डीयूएम) 2024 के 8वें वार्षिक सम्मेलन का किया शुभारम्भ

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। केंद्रीय ऊर्जा, आवास एवं शहरी कार्य मंत्री मनोहर लाल ने गुरुवार को उत्तर प्रदेश में पहली बार आयोजित डिस्ट्रीब्यूशन यूटिलिटी मीट (डीयूएम) 2024 के आठवें वार्षिक

- प्रदेश में अयोध्या के बाद अन्य 16 नगरों को भी सोलर सिटी के रूप में विकसित किया जायेगा : मंत्री एके शर्मा

सम्मेलन का दीप प्रज्वलित कर शुभारम्भ किया। उन्होंने विद्युत क्षेत्र में नई तकनीक और नवाचार को लेकर उद्यमियों द्वारा लगाई गयी प्रदर्शनी का भी उद्घाटन किया और प्रदर्शनी को देखा। उद्यमियों से उनके उत्पाद से संबंधित नई तकनीकियों की जानकारी भी ली। इस संबंध में देशभर से आये ऊर्जा क्षेत्र के प्रतिनिधियों, केंद्रीय ऊर्जा मंत्रालय व प्रदेश के विद्युत विभाग के अधिकारियों द्वारा विद्युत वितरण व्यवस्था को बेहतर बनाने, विद्युत उत्पादन, स्टोरेज, उपभोक्ताओं को बेहतर विद्युत आपूर्ति, लाइनलास को कम करने तथा विभिन्न योजनाओं आदि के क्रियान्वयन को लेकर विस्तृत विचार विमर्श किया गया। केंद्रीय ऊर्जा मंत्री ने लखनऊ के द सेंट्रम में आयोजित डीयूएम 2024 सम्मेलन को सम्बोधित करते हुए कहा कि देश की अर्थव्यवस्था को मजबूत करने और भारत को 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाने में ऊर्जा का महत्वपूर्ण योगदान रहेगा। सभी विद्युत कम्पनियों को इस उद्देश्य की पूर्ति के लिए समन्वय बनाकर उत्पादन, वितरण के लिए कार्य करें, जिससे विद्युत उपभोक्ताओं पर न ज्यादा बोझ पड़े और न ही कम्पनियों को घाटा हो।

हमें देश में विद्युत उत्पादन को बढ़ाना भी है, साथ ही पूरे देश में सभी क्षेत्रों को ऊर्जा सुलभ हो, इसके लिए भी कार्य करना है। उन्होंने लाइन हानियों को कम करने पर जोर दिया और कहा कि कार्बन उत्सर्जन को कम करने के लिए हरित ऊर्जा व सौर ऊर्जा पर अधिक ध्यान केंद्रित किया जाए। उन्होंने बताया कि वर्तमान में देश में 250 गीगावाट विद्युत की मांग है, जो कि लगातार बढ़ रही है। उन्होंने राज्यों में भी परमाणु आधारित बिजली संयंत्रों




की स्थापना पर ध्यान केन्द्रित करने को कहा। वर्ष 2032 तक इसके 08 गीगावाट से बढ़कर 20 गीगावाट तक उत्पादन होने लगेगी। भारत सरकार 2030 तक 500 गीगावाट गैर जीवाश्म ईंधन से बिजली प्राप्त करने पर भी कार्य कर रही है। उन्होंने नेशनल रजिस्ट्री ऑफ रूफटॉप सोलर पोर्टल की लांचिग की। केन्द्रीय मंत्री ने कार्यक्रम के बाद मीडिया प्रतिनिधियों को जानकारी दी कि देश के सभी राज्यों में ऊर्जा और शहरी विकास से संबंधित विभिन्न कार्यों, संचालित योजनाओं की प्रगति व इसमें आ रही कठिनाइयों की जाकर समीक्षा की तथा नई योजनाओं व मुद्दों के संबंध में भी चर्चा की। उप्र में भी 13 व 14 नवम्बर को दो दिवसीय दौरे पर प्रदेश के ऊर्जा व नगर विकास के कार्यों की समीक्षा की तथा विभिन्न मुद्दों पर चर्चा हुई। उन्होंने कहा कि ऊर्जा के क्षेत्र में देशभर में बहुत से कार्य किये जा रहे हैं। आधुनिक तकनीक का प्रयोग किया जा रहा है, जिससे देश का लाइनलास 2020-21 में जो 27 प्रतिशत था वह अब घटकर साढ़े सोलह प्रतिशत हो गया है। जबकि देशभर का औसत लाइनलास 15 प्रतिशत है इसीलिए प्रदेश में भी लाइनलास को कम करने व उपभोक्ताओं की समस्याओं के त्वरित समाधान पर जोर दिया गया है। प्रत्येक राज्य में उपभोक्ताओं के यहां स्मार्ट मीटर लगाये जा रहे। प्रथम चरण का कार्य 31 मार्च, 2025 तक में पूरा किया जाना है।

### आल इंडिया डिस्कॉम एसोसिएशन का गठन

केंद्रीय मंत्री की उपस्थिति में आल इंडिया डिस्कॉम एसोसिएशन का भी गठन किया गया जो कि डिस्कॉम एवं वितरण क्षेत्र में सुधार के नए आयाम सुनिश्चित करेगा। उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन के अध्यक्ष डॉ. आशीष कुमार गोयल को इस संगठन का जनरल सेकेट्री बनाया गया तथा महाराष्ट्र के लोकेश चंद्रा को एसोसिएशन का चेयरमैन बनाया गया है।

### देश में सर्वाधिक 30,618 मेगावाट विद्युत आपूर्ति देने वाला राज्य बना उप्र : एके शर्मा

प्रदेश के ऊर्जा एवं नगर विकास मंत्री एके शर्मा ने कहा कि विद्युत व्यवस्था की बेहतरी के लिए तकनीकी का अधिकतम प्रयोग किया जा रहा है। प्रदेश के शहरी क्षेत्रों में 24 घंटे और ग्रामीण क्षेत्रों को 18 घंटे से अधिक विद्युत आपूर्ति दी जा रही है। प्रदेश को 24 घंटे आपूर्ति देने के लिए घाटे को कम करना होगा, जिसके लिए लगातार प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि देश में सर्वाधिक 30,618 मेगावाट विद्युत आपूर्ति देने वाला राज्य बना है। प्रदेश में लाइन हानियों में भी कमी आई है। 2021-22 में जो 31 प्रतिशत थी वह अब 16 प्रतिशत हो गयी है। वर्ष 2034 तक की ऊर्जा जरूरतों के लिए थर्मल, हाइड्रो, सोलर एवं पीएसपी परियोजनाओं पर कार्य किया जा रहा है। आरडीएसएस योजना के अंतर्गत उत्तर प्रदेश देश में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाला राज्य बना है। सीबीजी उत्पादन में उत्तर प्रदेश देश में पहले स्थान पर है और रूफटॉप सोलर लगाने में तीन अग्रणी राज्यों में है। उन्होंने कहा कि अयोध्या शहर को देश की पहली सोलर सिटी के रूप में विकसित किया गया है। यहां पर 40 मेगावाट का सोलर प्लांट भी लगाया गया है। साथ ही स्ट्रीट लाइट, हाईमास्ट, सरयू में बोट आदि भी सोलर से संचालित हैं। प्रदेश के अन्य 16 नगरों को भी आगे सोलर सिटी के रूप में विकसित किया जायेगा। कार्यक्रम में नगर विकास राज्यमंत्री राकेश राठौर गुरू, प्रबंध निदेशक ट्रांसमिशन एवं पारेसण रणवीर प्रसाद, प्रबंध निदेशक यूपीपीसीएल पंकज कुमार, निदेशक नेडा अनुपम शुक्ला, केंद्रीय ऊर्जा मंत्रालय के अधिकारी अन्य राज्यों के ऊर्जा विभाग के अधिकारी, नियामक आयोग के सदस्य, बिजली कम्पनियों के प्रतिनिधियों ने प्रतिभाग किया।

# महाकुंभ में आयोजित होगा टॉप 100 हस्तशिल्पियों का संगम

### ई कॉमर्स कंपनियों को टक्कर दे रहे हस्तशिल्प उत्पाद

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। महाकुंभ में पहली बार देशभर के टॉप 100 हस्तशिल्पी अपनी कला का प्रदर्शन करने जा रहे हैं। इसके तहत दुनिया के सबसे बड़े सांस्कृतिक आयोजन में डबल इंजन की सरकार देश की सबसे कीमती कलाकृतियों को प्रस्तुत करने जा रही है। इस प्रदर्शनी का ऑनलाइन लाइव टेलीकास्ट किए जाने की भी तैयारी है। संगम तीरे लगने वाली इस प्रदर्शनी में बनारसी साड़ी से लेकर प्रमुख दक्षिण भारतीय कलाकृतियों को शोकेस किया जाएगा। इसमें प्रयागराज के मूंज से बने उत्पाद विशेष रूप से आकर्षण का केंद्र होंगे।

इस बार महाकुंभ को अलौकिक बनाने की तैयारी चल रही है। सहायक निदेशक हस्तशिल्प सेवा केंद्र प्रयागराज तान्या बनर्जी ने बताया कि महाकुंभ में देश दुनिया के 45 करोड़ लोगों के सामने भारत के 100 प्रमुख शिल्पियों का अद्भुत प्रदर्शन किए जाने की तैयारी है। प्रदर्शनी में वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट प्रमुख आकर्षण का केंद्र होगा। यहां पर देश के विभिन्न राज्यों की कला का अद्भुत संगम देखने को मिलेगा। महाकुंभ की दिव्यता, भव्यता और नव्यता को देखते हुए पहली बार राष्ट्रीय स्तर पर यहां संगम किनारे इतना बड़ा आयोजन किया जा रहा है। देश दुनिया के 45 करोड़ से ज्यादा लोगों के महाकुंभ में पहुंचने का अनुमान है। जिसके तहत देश दुनिया के लोग विभिन्न राज्यों विशेषकर पूरब से लेकर पश्चिम तक और उत्तर से लेकर दक्षिण तक की शिल्प कला से परिचित हो सकें।

# न्यायमूर्ति बीआर गवई बने नालसा के नये कार्यकारी अध्यक्ष

लखनऊ। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण (नालसा) में 11 नवम्बर 2024 से न्यायमूर्ति भूषण रामकृष्ण गवई, न्यायाधीश, सर्वोच्च न्यायालय, भारत को कार्यकारी अध्यक्ष के पद पर नामित किया गया है। यह घोषणा भारत की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु द्वारा विधिक सेवा प्राधिकरण अधिनियम, 1987 के तहत की गयी है। विधि एवं न्याय मंत्रालय ने इस संबंध में अधिसूचना 8 नवम्बर को राजपत्र में प्रकाशित की थी। पूर्व में यह पद मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना के पास था। प्रचलित परंपरा के अनुसार, नालसा का कार्यकारी अध्यक्ष सर्वोच्च न्यायालय के दूसरे वरिष्ठतम न्यायाधीश होते हैं। न्यायमूर्ति गवई, जो पहले सर्वोच्च न्यायालय विधिक सेवा समिति (सुप्रीम कोर्ट लीगल सर्विसेज कमेटी) के अध्यक्ष थे, अब इस महत्वपूर्ण जिम्मेदारी को संभालेंगे।

# महिला सशक्तीकरण की हमेशा से पक्षधर रही निषाद पार्टी

विशेष संवाददाता (vol)




लखनऊ। निर्बल इंडियन शोषित हमारा आम दल निषाद पार्टी का महिला मोर्चा सम्मान समारोह राजधानी लखनऊ के नारी नाट्य कला केंद्र में

- निषाद पार्टी प्रमुख एवं कैबिनेट मंत्री डॉ. संजय निषाद पार्टी महिला मोर्चा सम्मान समारोह में बतौर मुख्य अतिथि हुए शामिल

गुरुवार को आयोजित हुआ। इस अवसर पर निषाद पार्टी प्रमुख एवं प्रदेश सरकार में कैबिनेट मंत्री डॉ. संजय निषाद ने बतौर मुख्य अतिथि कार्यक्रम में प्रतिभाग किया।

मंत्री संजय निषाद ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि महिला सशक्तिकरण की हमेशा से निषाद पार्टी पक्षधर रही है। मेरा व्यक्तिगत तौर पर मानना है कि जिस प्रकार देश को आजाद कराने में सन 1857 में महारानी लक्ष्मीबाई ने अग्रेजों को भगाने का बिगुल फूंका था और ठीक आज उसी प्रकार नारी शक्तियां भी पुरुष से हर वर्ग हर क्षेत्र में पुरुषों से कंधे से कंधा मिलाकर चल रही हैं और कई क्षेत्रों में उनसे आगे भी हैं। उन्होंने कहा कि निषाद पार्टी को फर्श से अर्श तक पहुंचाने में निषाद पार्टी महिला मोर्चा का बहुत बड़ा योगदान है और इसको कभी भुलाया जा नहीं सकता है, जिस प्रकार आपने कासरवाल आंदोलन से लेकर आज तक पार्टी को सीचने का काम किया है। उसके लिए निषाद पार्टी हमेशा ऋणी रहेगी।

### निषाद पार्टी आरक्षण मुद्दे पर अडिग

संजय निषाद ने पत्रकारों द्वारा पूछे गए सवाल पैदल यात्रा में मांगे पूरी करो के नारे पर कहा कि निषाद पार्टी का जन्म ही अपनी मांगों को लेकर हुआ है यदि सभी मांगे पूरी हो जाती तो निषाद पार्टी का गठन ही क्यों हुआ होता, मछुआ समाज का आरक्षण का मुद्दा आज भी लंबित है। प्रदेश सरकार द्वारा लगातार आरक्षण के मुद्दे पर सकारात्मक कार्रवाई की जा रही है और समय जरूर लग रहा है किंतु पूर्व की सरकारों ने 2017 में सरकार जाने के डर से जल्दबाजी में आरक्षण दिया था और वो कोर्ट से खारिज हो गया। निषाद पार्टी आरक्षण के मुद्दे पर अडिग है और आज नहीं तो कल आरक्षण मिलेगा और निषाद पार्टी इसको लेकर अपनी आवाज सदन से लेकर सड़क पर उठाने का काम करती है। उन्होंने महिला मोर्चा कार्यकर्ताओं को सम्मानित करते हुए कहा कि आने वाले चुनाव में महिलाओं की भूमिका बड़ी होगी और आप सभी को उसके लिए अभी से तैयारी करनी होगी।

# देव दीपावली उत्सव में 3डी लेजर शो के जरिये दिखाया जायेगा काशी का इतिहास

विशेष संवाददाता (vol)



लखनऊ/वाराणसी। वाराणसी में देव दीपावली उत्सव में 3डी लेजर शो के जरिए काशी का इतिहास, संतों और ज षियों की कहानियां और गंगा नदी के धरती पर अवतरण के महत्व को दिखाया जाएगा। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। देव दीपावली हर साल कार्तिक पूर्णिमा को मनाई जाती है। इस साल यह उत्सव 15 नवंबर को मनाया जाएगा।

परंपरा और आधुनिक प्रौद्योगिकी का मिश्रण यह 25 मिनट का 3डी लेजर शो दिन में चार बार- शाम साढ़े पांच बजे, सात बजे, आठ बजे और आठ बजकर 45 मिनट पर, दिखाया जाएगा। अधिकारियों ने बताया कि लेजर शो में उच्च क्षमता वाले 24 प्रोजेक्टर का इस्तेमाल होगा, जो घाटों की ऐतिहासिक इमारतों पर काशी के धार्मिक और सांस्कृतिक विकास की जीवंत छवि बनाएंगे। वाराणसी के मंडलायुक्त कौशल राज शर्मा ने बताया, इस भव्य समारोह में प्रतिष्ठित दीपमाला और प्रसिद्ध गंगा आरती का आयोजन किया जाएगा, लेकिन इसका मुख्य आकर्षण मल्टीमीडिया अनुभव होगा जो काशी के समृद्ध आध्यात्मिक और पौराणिक इतिहास को जीवंत कर देगा। लेजर शो में शहर के इतिहास के महत्वपूर्ण क्षणों को दिखाया जाएगा, जिसमें काशी में भगवान शिव का आगमन, ऋषियों और मुनियों की कहानियां, भगवान बुद्ध की यात्रा और तुलसीदास तथा कबीर जैसे संतों का योगदान शामिल हैं।

# माध्यमिक शिक्षकों की तैनाती का रास्ता साफ

### 2018 से फंसी थी प्रक्रिया: अब नियुक्ति पत्र जारी करने के निर्देश

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** माध्यमिक शिक्षकों की तैनाती का रास्ता साफ हो गया। शासन ने आनलाइन नियुक्ति पत्र जारी करने के निर्देश दिए हैं। 2018 से नियुक्ति प्रक्रिया फंसी थी। उत्तर प्रदेश में राजकीय माध्यमिक विद्यालयों में लगभग पांच सौ पदों पर 2018 से भर्ती चल रही है। इसमें संशोधित सूची के अभ्यर्थियों की नियुक्ति का मामला पांच साल से लंबित है। प्रतीक्षा सूची को लेकर लोक सेवा आयोग व विभागों के बीच चल रहे पत्राचार चल रहा है।

इस बीच अब शासन ने चयनित अभ्यर्थियों के ऑनलाइन विकल्प लेकर ऑनलाइन ही नियुक्ति पत्र जारी करने के निर्देश दिए हैं। राजकीय माध्यमिक विद्यालयों में खाली पदों के लिए लोक सेवा आयोग के माध्यम से सहायक अध्यापक/ प्रवक्ता के पद पर भर्ती प्रक्रिया की गई थी। इसमें फ्रेश सूची के अभ्यर्थियों की तो तैनाती कर दी गई। किंतु काफी पद खाली रह गए थे। इस पर विभाग के पत्राचार पर आयोग ने प्रतीक्षा सूची जारी कर दी। जबकि नियमतः एक साल के बाद प्रतीक्षा सूची मान्य नहीं होती है। इसे देखते हुए माध्यमिक शिक्षा विभाग ने दोबारा आयोग को पत्र लिखा। जहां से यह मामला कार्मिक विभाग में गया। इसमें काफी समय लग गया। हाल ही में आयोग ने शासन को चयनित अभ्यर्थियों की दूसरी सूची भेजी है। माध्यमिक शिक्षा विभाग के विशेष सचिव उमेश चंद्र ने माध्यमिक शिक्षा निदेशक को निर्देश दिया है कि इसके अनुसार वह आयोग से चयनित अभ्यर्थियों के ऑनलाइन नियुक्ति पत्र जारी कर पदस्थापन करें। माध्यमिक शिक्षा निदेशक डॉ. महेंद्र देव ने बताया कि जल्द ही इसकी प्रक्रिया शुरू की जाएगी। शासन ने निर्देश दिया है कि इन नियुक्तियों में महत्वाकांक्षी जिलों के विद्यालय, राष्ट्रीय माध्यमिक शिक्षा अभियान के विद्यालय, जिले के पंडित दीनदयाल उपाध्याय मॉडल विद्यालय, तहसील मुख्यालय से दो किलोमीटर बाहर के विद्यालय, तहसील मुख्यालय के अंदर के विद्यालय ऐसी प्राथमिकता पर रिक्तियां जारी की जाएंगी। इसके अनुसार श्रेणी एक में 88 राजकीय माध्यमिक विद्यालयों में कोई नियमित शिक्षक नहीं हैं। श्रेणी दो में 222 विद्यालयों में एक और श्रेणी तीन में 313 विद्यालयों में दो शिक्षक तैनात हैं। हर विद्यालय में तीन शिक्षकों की तैनाती का लक्ष्य रखा गया है। विशेष सचिव ने कहा है कि एनआईसी अभ्यर्थियों को पांच विकल्प देगा। अभ्यर्थी को हर विकल्प भरना होगा। पहली वरीयता आयोग से चयनित सूची के दिव्यांग व दूसरी वरीयता महिला अभ्यर्थी को दी जाएगी। तीसरी वरीयता जिनके पति-पत्नी सेना, अर्द्धसैनिक बदल में कार्यरत हैं। इसके बाद अधिकतम आयु वाले अभ्यर्थियों को वरीयता दी जाएगी। नियुक्ति प्रक्रिया के लिए निदेशालय स्तर पर अपर शिक्षा निदेशक राजकीय की अध्यक्षता में चार सदस्यीय समिति बनाई जाएगी।

# उपराष्ट्रपति करेंगे वाराणसी में नमो घाट का उद्घाटन

विशेष संवाददाता (vol)



वाराणसी। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ वाराणसी में 91.06 करोड़ रुपये की लागत से पुनर्निर्मित नमो घाट का शुक्रवार को उद्घाटन करेंगे। राज्य सरकार ने एक बयान में यह जानकारी दी। बयान के मुताबिक इस अवसर पर राज्यपाल आनंदी बेन पटेल, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और केंद्रीय पेट्रोलियम मंत्री हरदीप पुरी भी मौजूद रहेंगे।

वाराणसी के मंडलायुक्त कौशल राज शर्मा के मुताबिक घाट पर धातु की बनी 75 फुट

- राज्यपाल आनंदी बेन पटेल, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और केंद्रीय पेट्रोलियम मंत्री हरदीप पुरी भी रहेंगे मौजूद

लंबी नमो नमः मूर्ति की वजह से इस घाट का नाम नमो घाट रखा गया है। बयान के मुताबिक नमो घाट पर काशी की परंपरा के अनुसार भगवान भास्कर का अभिवादन करती एक कलाकृति पर्यटकों को लुभा रही है और सुबह-ए-बनारस का नजारा देखने के लिए दुनियाभर से पर्यटक काशी खिंचे चले आते हैं। उन्होंने कहा कि अब इस दिव्य और भव्य नज़ारे का लुत्फ विश्व स्तरीय सुविधाओं वाले नमो घाट से भी लिया जा सकेगा। बयान के अनुसार जल, थल और नभ से जुड़ने वाला यह पहला घाट होगा, जहां हेलीकाप्टर भी उतारा जा सकता है। वाराणसी के मंडलायुक्त और स्मार्ट सिटी के अध्यक्ष कौशल राज शर्मा ने बताया कि नमो घाट का पुनर्निर्माण दो चरणों में किया गया है, पहले चरण में बनाई गई बड़ी नमस्ते मूर्ति की लम्बाई करीब 25 फुट और छोटी प्रतिमा की लम्बाई 15 फुट है। उन्होंने कहा कि दूसरे चरण में धातु की बनी नमस्ते मूर्ति करीब 75 ˇ398ीट ऊंची है और यह भारत की स्वतंत्रता के 75वें वर्ष में अमृत महोत्सव में लगवाई गई है। उन्होंने बताया कि इस घाट का निर्माण 81 हजार वर्ग मीटर क्षेत्र में 91.06 करोड़ रुपये से किया गया है।

# और 'ताकतवर' होगा अभियोजन विभाग

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। योगी सरकार प्रदेश की कानून व्यवस्था को मजबूत और पुख्ता करने के लिए लगातार ठोस कदम उठा रही है। यही वजह है कि सरकार ने पिछले साढ़े सात वर्षों में बड़ी तादाद में अपराधियों को कोर्ट में प्रभावी पैरवी के जरिये सलाखों के पीछे धकेला है। इसी क्रम में योगी सरकार यूपी पुलिस के अभियोजन विभाग को और सशक्त करने के लिए प्रदेश के 11 जिलों में संयुक्त निदेशक अभियोजन कार्यालयों की स्थापना करने जा रही है।

- श्रावस्ती, संतकबीरनगर, गाजियाबाद औरैया, चंदौली समेत 11 जिलों में बनेंगे अभियोजन कार्यालय

इसके लिए इन सभी जिलों में विभाग के कार्यालय के लिए जमीन आवंटित कर दी गयी है। वहीं निर्माण कार्य के लिए बजट के लिए शासन को पत्र लिखा गया है। शासन से बजट मिलते ही निर्माण कार्य शुरू कर दिया जाएगा। अभियोजन निदेशालय के एडीजी दीपेश जुनेजा ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विभाग को सशक्त एवं सक्षम बनाने के लिए प्रदेश के 11 जिलों में नये संयुक्त अभियोजन कार्यालयों की स्थापना के निर्देश दिये थे। इसी क्रम में प्रदेश के 11 जिलों श्रावस्ती, चंदौली, चित्रकूट, बांदा, संतकबीर नगर, गाजियाबाद, महाराजगंज, ललितपुर, सोनभद्र, औरैया और फिरोजाबाद में जमीन आवंटित कर दी गयी। संतकबीर नगर के जिलाधिकारी महेंद्र सिंह तंवर ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मंशा के अनुरुप जिले में संयुक्त अभियोजन कार्यालय और आवास के लिए ग्राम बड़गो में 0.405 हेक्टेयर अर्थात एक एकड़ जमीन आवंटित कर दी गयी है। जिलाधिकारी ने बताया कि यह जमीन गाटा संख्या 725, 727, 728, 729 एवं 730 में दर्ज है। इस जमीन का तहसीलदार द्वारा चिह्नांकन भी कर दिया गया है। चिह्नित भूमि पर भवन निर्माण के लिए कार्यदायी संस्था लोक निर्माण विभाग प्रांतीय खंड द्वारा प्रस्तुत एस्टीमेट 740.64 लाख एवं ग्रामीण अभियंत्रण विभाग द्वारा एस्टीमेट 793.02 लाख को पुलिस महानिदेशक अभियोजन निदेशालय को उपलब्ध करा दिया गया है।

एडीजी दीपेश जुनेजा ने बताया कि संयुक्त अभियोजन कार्यालय के लिए श्रावस्ती में 1 एकड़ जमीन ग्राम गलकटवा, परगना एवं तहसील भिनगा में आवंटित की गयी है। इसी तरह चंदौली के ग्राम धुरीकोट, परगना मझवार, तहसील एवं जनपद चंदौली में 0.100 हेक्टेयर, चित्रकूट के ग्राम तरौंहा रूरल, परगना एवं तहसील कर्वी में 0.050 हेक्टेयर, बांदा के ग्राम मवई बुजुर्ग तहसील बांदा में 0.770 हेक्टयर और गाजियाबाद के ग्राम नूरनगर परगना लोनी तहसील गाजियाबाद में 0.1000 हेक्टेयर भूमि आवंटित की गयी है।

# आईटी व वेलनेस सिटी के विकास की बड़ी बाधा होगी दूर

## डीएम सर्किल रेट का चार गुना मुआवजा देगा एलडीए, बाकी का भुगतान करेगा विकासकर्ता

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** सुल्तानपुर रोड पर एलडीए की प्रस्तावित आईटी और वेलनेस सिटी को विकसित करने में अब कोई समस्या नहीं होगी।

किसानों के विरोध को देखते हुए पहली बार एलडीए ने बाजार दर पर

- **किसानों को बाजार रेट पर मुआवजा देने की तैयारी**

मुआवजा देने की योजना तैयार की है। दोनों योजनाओं को निजी बिल्डर के माध्यम से विकसित किया जाना है। ऐसे में तय किया गया है कि डीएम सर्किल रेट के चार गुना के आधार पर मुआवजा एलडीए देगा जबकि इसके बाद अतिरिक्त पैसा विकासकर्ता के माध्यम से दिया जाएगा। सुल्तानपुर रोड पर ग्राम-बक्कास, चौरहिया, चौरासी, दुलारमऊ व नूरपुर बेहटा की लगभग 1200 एकड़ भूमि पर वेलनेस सिटी प्रस्तावित है। इसी तरह सुल्तानपुर रोड व किसान पथ के मध्य ग्राम-बक्कास, सोनई कंजेहरा, सिकन्दरपुर अमोलिया, सिद्धपुरा, परेहटा, पहाड़नगर टिकरिया, रकीबाबाद, मोहारी खुर्द, खुजौली व भटवारा की लगभग 1710 एकड़ भूमि पर आईटी सिटी का विकास किया जाना है। दोनों योजनाओं के लिए भू-स्वामियों से आम सहमति बनाकर जमीन की खरीद किए जाने का प्रस्ताव तैयार किया गया था। जिसके लिए डीएम सर्किल रेट का अनुमोदन भी प्राधिकरण बोर्ड से किया जा चुका है। मगर किसान बाजार रेट के आधार पर मुआवजे की मांग कर रहे हैं। इससे कम मुआवजे पर वह अपनी जमीन देने को तैयार नहीं हैं। यही वजह रही कि गांवों में सर्वे करने गए एलडीए के इंजीनियरों को किसानों ने बंधक भी बना लिया था। इसके बाद डीएम की अध्यक्षता में हुई वार्ता में लैंडपूलिंग के तहत जमीन देने का प्रस्ताव दिया गया। इस पर भी ज्यादातर किसानों ने विरोध जताया था। लिहाजा, एलडीए ने किसानों को बाजार दर पर मुआवजा देने का नया फार्मूला बनाया है। एलडीए उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार ने बताया कि शासनादेश के तहत जमीन अधिग्रहण पर किसान को मुआवजे के तौर पर गांव में चार और शहर में दोगुना पैसा देने का नियम है। इसके तहत एलडीए जिन गांवों की जमीन लेगा, उनके किसानों को डीएम सर्किल रेट का चार गुना पैसा दिया जाएगा। इसके बाद बाजार दर के हिसाब से आने वाला अतिरिक्त पैसा एलडीए विकासकर्ता के माध्यम से दिलवाएगा। इन योजनाओं को विकसित करने के लिए जिस एजेंसी का चयन होगा, वह यह रकम देगी। एलडीए की ओर से जारी टेंडर में भी यह शर्त रखी गई है। ऐसे में किसानों को उनकी मांग के अनुरूप बाजार दर पर जमीन की कीमत मिल जाएगी।

# कटिंगरा गांव में सरकारी भूमि पर कब्जाकर हो रही प्लॉटिंग

## सीएम से लेकर एलडीए से की गयी शिकायत

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। राजधानी के कटिंगरा गांव में सरकारी भूमि पर अतिक्रमण कर उस पर प्लाटिंग व अवैध कालोनी का निर्माण किए जाने की शिकायत की गई है। प्रसादय सेवा संस्थान के अध्यक्ष मनीष सिंह की ओर से सीएम से शिकायत की गई है।

शिकायतकर्ता की ओर से स्थानीय प्रापर्टी डीलरों पर आरोप लगाया गया है कि सरकारी भूमि पर अतिक्रमण कर अवैध कालोनी बसाने के लिए अवैध रूप से प्लाटिंग कर भूमियों का क्रय-विक्रय कर रहे हैं। एलडीए व नगर निगम की ओर से भू-माफियाओं के विरूद्ध वैधानिक कार्यवाही नहीं की जा रही है। उच्च न्यायालय लखनऊ खण्डपीठ में जनहित याचिकाएं प्रस्तुत कर ग्राम समाज तालाब चारागाह आदि भूमियों को कब्जे से मुक्त कराया गया है इसके बाद भी इस गांव की भूमि खसरा संख्या- 176, 177, 178, 179, 180, 181, 182. 183, 184, 185, 186, 187, 189, 190, 191, 192, 193, 194, 195, 196, 197, 198, 199, 200 की करीब 4.7920 हे0 भूमि पर अवैधानिक रूप से प्लाटिंग कर सरकारी नियमों के विपरीत कालोनी बसायी जा रही है। नर सेवा-नारायण सेवा प्रसादय सेवा संस्थान के अध्यक्ष ने लिखित तौर पर शिकायत की है कि लखनऊ विकास प्राधिकरण की ओर से निर्धारित किए मानकों का उल्लंघन किया जा रहा है। नियमों को अनदेखी कर बिना अनुमति के कालोनी विकसित की जा रही है। इसके लिए पेड़ों को भी काटकर बेचा जा रहा है। शिकायकर्ता ने सीएम व अधिकारियों से अवैध प्लाटिंग को रूकवाने की मांग की है। साथ ही उच्च स्तर के अधिकारियों से जांच कराते हुए भू-माफियाओं के विरूद्ध कार्यवाही किए जाने की मांग की है।

# धूमधाम से मनाया गया बाल दिवस




लखनऊ। एसकेडी एकेडमी ने गुरुवार को अपनी सभी शाखाओं में बाल दिवस धूमधाम से मनाया। छात्रों के लिए दिन को विशेष बनाने के लिए शिक्षकों ने एक विशेष सभा का आयोजन किया, जिसने सभी में खुशी और उत्साह भर दिया। इस अवसर पर एक प्रतिभा खोज प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया, जिसमें छात्रों ने गायन, नृत्य, कहानी सुनाने, कविता पाठ, चित्रकला आदि प्रदर्शनों के माध्यम से अपनी विविध प्रतिभा का प्रदर्शन किया। एसकेडी ग्रुप के निदेशक मनीष सिंह ने कहा कि हमारे छात्र देश का भविष्य हैं। हमारी संस्था हमेशा से छात्रों के सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्ध रही है। हम उनके अंदर छिपी प्रतिभा को पहचानते हैं, उसे निखारते हैं और उन्हें एक ऐसे मंच पर लाते हैं जहां वे अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर सकें। कार्यक्रम में उप निदेशक निशा सिंह, सहायक निदेशक (अकादमिक) कुसुम बत्रा, समस्त शिक्षकगण, छात्र और स्टाफ उपस्थित थे।

# कैटिल कॉलोनी के भूखण्डों का फिर होगा सर्वे

## कमिश्नर की जनसुनवाई में बड़ी संख्या में पहुंचे फरियादी

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। लखनऊ विकास प्राधिकरण की अध्यक्ष व मण्डलायुक्त डॉ. रोशन जैकब ने गुरूवार को प्राधिकरण भवन स्थित अपने कार्यालय कक्ष में जन सामान्य की समस्याओं की सुनवाई की। इस मौके पर प्राधिकरण के उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार, अपर सचिव ज्ञानेन्द्र वर्मा, संयुक्त सचिव सुशील प्रताप सिंह समेत अन्य अधिकारी व अभियंता गण उपस्थित रहे।

जनसुनवाई में बसन्तकुंज योजना स्थित कैटिल कालोनी से आये लगभग 20 पशुपालकों ने प्रार्थना पत्र दिया कि प्राधिकरण की ओर से कराये गये सर्वे में उन लोगों के नाम छूट गये हैं। जिसके चलते वह लोग भूखण्डों की लॉटरी में शामिल नहीं हो पा रहे हैं। इस पर मण्डलायुक्त ने निर्देश दिये कि टीम गठित करते हुए एक बार पुनः स्थल का सर्वे करा लिया जाए। इसमें शिकायतकर्ताओं के स्थल पर भौतिक कब्जे व अभिलेखों का परीक्षण करा लिया जाए।

जिसके आधार पर नियमानुसार कार्यवाही सुनिश्चित करायी जाए। इसके अलावा निशातगंज स्थित पेपरमिल कालोनी से आयी तरन्नुम खान व आशा शुक्ला ने प्रार्थना पत्र दिया कि वह लोग लगभग 22 साल से एलडीए की ओर से लीज रेंट पर आवंटित भवन संख्या-सी-12/1 एवं सी-12/4 में परिवार के साथ निवास कर रही हैं। आरोप है कि पड़ोस में रहने वाले कुछ लोगों ने उनके भवनों की छत पर अवैध रूप से कब्जा करके निर्माण कार्य कराया जा रहा है। इस पर मण्डलायुक्त ने प्रवर्तन जोन-6 के जोनल अधिकारी शशिभूषण पाठक को तीन दिन के अंदर स्थल निरीक्षण करके नियमानुसार अवैध निर्माण के खिलाफ कार्यवाही करने के निर्देश दिये। इसके अलावा गंगा प्रसाद ने प्रार्थना पत्र दिया कि वह अपने परिवार के साथ बटलर कालोनी प्रांगण में झुग्गी बनाकर रहते थे। कुछ महीनों के लिए वह गांव गये हुए थे और इस बीच ध्वस्तीकरण अभियान के अंतर्गत उनका आवास ध्वस्त कर दिया गया। गंगा प्रसाद ने कुछ प्रमाण पत्र भी प्रस्तुत किये। मण्डलायुक्त ने सम्बंधित अधिकारियों को निर्देश दिये कि डूडा से जांच करा ली जाए और पात्रता पाये जाने पर आवेदक को विस्थापन नीति के तहत प्रधानमंत्री आवास आवंटित किया जाए। जनसुनवाई में कुछ लोगों ने प्रार्थना पत्र दिया कि प्राधिकरण में शमन मानचित्र के लिए आवेदन किया गया है। इसके बाद भी उनके निर्माण कार्यों के खिलाफ कार्यवाही की जा रही है। इस पर मण्डलायुक्त ने निर्देश दिये कि विहित प्राधिकारी न्यायालय में दाखिल वाद में अगर विपक्षी की ओर से शमन मानचित्र, शमन शुल्क की रसीद आदि जमा करायी जाती है तो इसे साक्ष्य के रूप में लेते हुए विचार कर लिया जाए। तत्पश्चात कार्यवाही सम्बंधी आदेश पारित किये जाएं।

### फरियादियों को करना पड़ा पांच घण्टे इंतजार

एलडीए स्थित अपने कार्यालय में कमिश्नर प्रत्येक महीने के दूसरे गुरुवार को सुबह दस बजे सुनवाई करती हैं। मगर इस बार यह समय साढ़े तीन बजे रखा गया था जबकि बड़ी संख्या में फरियादी सुबह दस बजे ही प्राधिकरण कार्यालय पहुंच गए थे। यहां पहुंचकर उन्हें जानकारी मिली कि कमिश्नर शाम को सुनवाई करेंगी। इस पर फरियादियों को करीब पांच घण्टे तक इंतजार करना पड़ा। वहीं शिकायतकर्ताओं की संख्या अधिक होने पर प्राधिकरण भवन के दसवें फ्लोर पर स्थित कमिश्नर कार्यालय के बाहर लोग खड़े रहे। दमा रोगी एक शिकायतकर्ता बड़ी मुश्किल से दसवें फ्लोर पर पहुंचा। यहां कुर्सी न मिलने पर कमिश्नर कार्यालय के बाहर ही फर्श पर बैठ गया। बाद में कमिश्नर ने सभी शिकायतकर्ताओं को कक्ष में बुलवाकर समस्या सुनी और अधिकारियों को निराकरण के निर्देश दिए।

# गृहकर व जलकर को लेकर अफसरों और व्यापारियों के बीच नोकझोंक

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** गृहकर और जलकर के बढ़े हुए बिल के मुद्दे पर अधिकारियों और व्यापारियों के बीच नोकझोंक हो गई। मेयर के निर्देश पर

- **महापौर ने समस्या के निस्तारण के बनायी कमेटी**

नगर निगम में अधिकारियों के साथ व्यापारियों की बैठक हुई। इस दौरान कर अधीक्षक और जोनल अधिकारियों की ओर से बिल को सही बताया तो व्यापारी आक्रोशित हो गए। इसके बाद मेयर सुषमा खर्कवाल के निर्देश पर बिलों के निस्तारण एवं उनके सही मूल्यांकन को तय करने के लिए कमेटी का गठन कर दिया गया। यह कमेटी उन मामलों का निस्तारण करेगी जिनमें शिकायत है कि गृहकर के लिए मूल्यांकन सही नहीं हुआ। कई गुना ज्यादा बिल आया है।

अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल एवं लखनऊ होटल रेस्टोरेंट एसोसिएशन के पदाधिकारियों के साथ नगर निगम में बैठक हुई। अ.भा. उद्योग व्यापार मंडल के अध्यक्ष एवं पूर्व मंत्री संदीप बंसल ने व्यापारियों का पक्ष रखा। कहा कि गृहकर एवं जलकर के निर्धारण के मानक स्पष्ट एवं पारदर्शी होने चाहिए ताकि कोई भी सामान्य व्यक्ति इसकी गणना कर सके। नगर निगम का कोई भी विभागीय अधिकारी उसका शोषण न कर सके। यदि जलकर को लेकर 50 साल पहले का बना हुआ कानून अब आप्रसांगिक है तो उसमें संशोधन किया जाना चाहिए। संदीप बंसल ने संशोधन की मांग रखते हुए मुख्यमंत्री को सम्बोधित एक पत्र महापौर को सौंपा। नगर आयुक्त इंद्रजीत सिंह ने कहा कि बिना इस्तेमाल पानी का बिल जिन व्यापारियों के पास आया है, उस विषय को भी कमेटी में शामिल किया जाएगा। बैठक में मुख्य कर निर्धारण अधिकारी अशोक कुमार सिंह, अपर नगर आयुक्त सहित समस्त जोनल अधिकारी मौजूद थे। वहीं, अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के लखनऊ महानगर अध्यक्ष सुरेश छबलानी, राष्ट्रीय मंत्री प्रदीप अग्रवाल, प्रदेश संगठन मंत्री जावेद बेग, महिला प्रदेश अध्यक्ष अनीता जायसवाल, युवा प्रदेश महामंत्री आकाश गौतम, महानगर अध्यक्ष अश्वन वर्मा, वरिष्ठ महामंत्री राजीव कक्कड़ आदि मौजूद रहे। व्यापारियों के विषयों को देखते हुए जोन- 2 के जोनल अधिकारी को मेयर ने कारण बताओ नोटिस जारी किया। साथ ही निस्तारण के लिए एक कमेटी बनाने की घोषणा की। यह भी कहा कि 50 हजार रुपये से नीचे तक टैक्स यदि किसी का बकाया है तो उसे पर कोई कुर्की की या कोई भी कार्रवाई नहीं की जाएगी।

### समाधान दिवस में जीआईएस सर्वे में बढ़ा टैक्स कम हो गया

भवनों के जी.आई.एस. सर्वे में किए गए कर निर्धारण के विरुद्ध आपत्तियों के निराकरण के लिए नगर निगम मुख्यालय में समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इस दौरान जोनवार प्राप्त हुईं 18 आपत्तियों का निराकरण कर दिया गया।

# टीचर्स एक्सचेंज प्रोग्राम में देश का प्रतिनिधित्व करेंगी डॉ. शिक्षा



लखनऊ। सीएमएस के गोमती नगर प्रथम कैम्पस की शिक्षिका डा. शिक्षा त्रिपाठी एशिया पैसिफिक कल्चरल सेंटर फॉर यूनेस्को के तत्वावधान में जापान में आयोजित हो रहे इंडिया जापान टीचर्स एक्सचेंज प्रोग्राम में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगी। सेंटर फॉर इन्वायर्नमेंट एजूकेशन (सीईई) के संयोजकत्व में इस प्रतिष्ठित टीचर्स एक्सचेंज प्रोग्राम के लिए पूरे देश से मात्र 8 शिक्षकों को चयनित किया गया है, जिनमें सीएमएस शिक्षिका डॉ. शिक्षा त्रिपाठी भी शामिल हैं। यह जानकारी स्कूल के हेड, कम्युनिकेशंस ऋषि खन्ना ने दी है। उन्होंने बताया कि भारत व जापान के बीच आयोजित यह एक्सचेंज प्रोग्राम एक्सप्लोरेशन ऑफ प्रोएक्टिव एण्ड कोलाबरेटिव लर्निंग टुवर्डस द रियलाइजेशन ऑफ सस्टेनबल सोसाइटी थीम पर आयोजित किया जा रहा है, जिसका उद्देश्य भारत और जापान के छात्रों के बीच अन्तर्सांस्कृतिक सम्बंधों व सद्भावना को बढ़ावा देने के साथ ही भावी पीढ़ी के सर्वांगीण विकास हेतु एक-दूसरे के विचारों को साझा करना है। इस यात्रा के दौरान त्रिपाठी जापान के शिक्षकों को स्कूल की अनूठी ब्राडर एण्ड बोल्डर शिक्षा पद्धति पर विस्तार से चर्चा-परिचर्चा कर इसके सकारात्मक पहलुओं से अवगत करायेंगी।

# कंपनियां बनायें शैक्षिक कंटेंट : प्रो. पांडेय

## एकेटीयू में विभिन्न कंपनियों के साथ हुए एमओयू की हुई समीक्षा बैठक

वरिष्ठ संवाददाता

लखनऊ। डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय (एकेटीयू) में गुरूवार को कुलपति प्रो. जेपी पाण्डेय की अध्यक्षता में शासन स्तर पर विभिन्न कंपनियों के साथ हुए एमओयू की समीक्षा की गयी।

- **तकनीकी छात्रों को अधिक से अधिक रोजगार के अवसर दिलाने पर हुआ मंथन**



बैठक में तकनीकी शिक्षा के छात्रों को रोजगार के अधिक से अधिक अवसर प्रदान करने पर चर्चा हुई ताकि छात्र पढ़ाई के साथ ही अतिरिक्त क्रेडिट के कोर्स कर स्किल्ड हो सकें।

इस दौरान विश्वविद्यालय की अपेक्षाओं से भी कंपनियों के प्रतिनिधियों को अवगत कराया गया। कुलपति प्रो. जेपी पाण्डेय ने विभिन्न कंपनियों से नेशनल स्किल क्रेडिट फ्रेमवर्क के अनुरूप इंटर्नशिप कार्यक्रम, कोर्स को तैयार करने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि ऐसे इंटनशिप और प्रशिक्षण कार्यक्रम बनायें जाए जिससे कि छात्र सीधे इंडस्ट्री मांग के अनुसार तैयार हो सके ताकि उसे रोजगार मिलने में कठिनाई न आये। कंपनियां अपने कोर्स कंटेंट को और बेहतर बनायें। वर्तमान में उभरती तकनीकी को अपने कंटेंट का हिस्सा बनायें ताकि अधिक से अधिक छात्र उसका लाभ ले सकें। इस दौरान कंपनियों के सामने आने वाली चुनौतियों पर भी मंथन किया गया। कंपनियों के प्रतिनिधियों ने बताया कि विभिन्न इंटर्नशिप एवं ट्रेनिंग प्रोग्राम में छात्रों का पंजीकरण कम होता है। उन्होंने बताया कि संस्थान स्तर पर छात्रों को कोर्स के बारे में जानकारी नहीं दी जा रही है। इस पर कुलपति प्रो. जेपी पाण्डेय ने कहा कि संस्थानों को इसके लिए प्रेरित किया जाए ताकि ज्यादा से ज्यादा छात्र इंटर्नशिप और प्रशिक्षण कार्यक्रम में हिस्सा लें, हालांकि उन्होंने कोर्स को आज की जरूरत के मुताबिक बनाने पर जोर दिया। उन्होंने हर शनिवार को संस्थान और कंपनियों के साथ समीक्षा बैठक करने का निर्देश दिया। जिससे छात्रों को स्किल्ड करने में आ रही रूकावटों को दूर किया जा सके।

### एकेडमिक कमेटी करेगी कंटेंट की समीक्षा

कुलपति प्रो. जेपी पांडेय ने कहा कि विश्वविद्यालय की ओर से एक एकेडमिक कमेटी का गठन किया जाएगा। यह कमेटी विभिन्न कंपनियों के कंटेंट की समीक्षा करेगी। कमेटी के सुझाव पर कंटेंट छात्रों के लिए उपलब्ध कराया जाएगा। साथ ही कमेटी कंपनियों को भी नई शिक्षा नीति 2020 और नेशनल स्किल क्रेडिट फ्रेमवर्क के अनुरूप कंटेंट तैयार करने पर अपनी राय देगी। बैठक में कुलसचिव रीना सिंह ने भी अपने सुझाव दिये। इस दौरान एसो. डीन इनोवेशन डॉ. अनुज कुमार शर्मा, प्रतिभा शुक्ला के अलावा ऑनलाइन माध्यम से कॉग्नवी, वाधवानी फाउंडेशन, स्मार्टब्रिज, डिलॉयट के प्रतिनिधियों ने प्रतिभाग किया।

# कठौता में नहीं पहुंचा पानी, पेयजल आपूर्ति में होगी कटौती

लखनऊ। शारदा सहायक नहर से कठौता झील को अभी तक पानी नहीं पहुंच सका है। मरम्मत के लिए बंद की गई शारदा नहर को ही पानी न मिलने से यह समस्या उत्पन्न हुई है। इसके चलते गोमती नगर व इंदिरा नगर की लगभग चार लाख की आबादी को शुक्रवार से पेयजल संकट का सामना करना पड़ सकता है। झील में गुरुवार की शाम तक महज सात इंच पानी बचा था। इसके चलते जलकल विभाग शुक्रवार से दोनों कॉलोनियों में पेयजल आपूर्ति के समय में कटौती कर इसे एक से डेढ़ घंटा करेगा। फिलहाल दोनों क्षेत्रों में सुबह और शाम दो-दो घंटा पेयजलापूर्ति कर रहा है। मरम्मत कार्यों के लिए शारदा सहायक नहर को 28 दिन के लिए 12 अक्तूबर को बंद किया गया था। लखीमपुर से छह नवंबर को पानी छोड़ा जाना था।

# माइलस्टोन ग्लोबल स्कूल में लगा बाल मेला



लखनऊ। भारत के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू का जन्मदिवस के अवसर पर माइलस्टोन ग्लोबल स्कूल में बाल मेले का आयोजन गुरुवार को हुआ। जिसमें बड़ी संख्या में अभिभावक सहित बच्चें व अन्य क्षेत्रीय लोग मेला देखने पहुंचे। बच्चों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए इस मेले को लगाया गया। जिसके माध्यम से बच्चों को आत्मनिर्भर बनानें के लिए शिक्षकों द्वारा प्रेरित किया गया। मेले में विभिन्न प्रकार के स्टाल लगाये गये। बच्चों के मनोरंजन के लिए मेले में विभिन्न प्रकार के गेम व झूले भी लगाये गये। जिसका बच्चों ने खूब आनंद उठाया। मेले का उद्घाटन बच्चों के द्वारा फीता काट कर कराया गया। इस अवसर पर विद्यालय की प्रबंधक तृष्णा सिंह, प्रधानाचार्य प्रियंका श्रीवास्तव, विद्यालय के संरक्षक वरुण प्रताप सिंह एवं सभी शिक्षक व अभिभावक उपस्थित रहे।

# खेल कूद, डांस और मस्ती के साथ सेंट जोसेफ में मना बाल दिवस



लखनऊ। भारत के प्रथम प्रधानमंत्री जवाहर नेहरू का जन्मदिन बाल दिवस के रूप में सेंट जोसेफ समूह की राजाजीपुरम, सीतापुर रोड, रूचिखण्ड आदि सभी शाखाओं में धूमधाम व उल्लासपूर्वक मस्ती के साथ मनाया गया। इस अवसर पर नन्हे-मुन्ने बच्चों ने विभिन्न प्रकार के मजेदार खेलों का आनन्द लिया। वही उनकी शिक्षिकाओं ने बच्चों को सीख देते हुए नाटक भी प्रस्तुत किया। बाल दिवस के अवसर पर सेंट जोसेफ विद्यालय समूह की संस्थापक अध्यक्ष पुष्पलता अग्रवाल ने सभी बच्चो को चाकलेट प्रदान कर बाल दिवस की बधाइयां दी। वही सेंट जोसेफ समूह के प्रबन्ध निदेशक अनिल अग्रवाल ने इस दिन का प्रासंगिकता के बारे में बच्चों को बताया और बच्चों के साथ बच्चा बन कर खेलों में उनका उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर निदेशक नम्रता अग्रवाल, सभी शाखाओं प्रधानाचार्य व सभी शिक्षक- शिक्षिकायें उपस्थित थे।

# म्युनिसिपल नर्सरी स्कूल में मना बाल दिवस

लखनऊ। बाल दिवस के अवसर पर गुरुवार को चिल्ड्रेंस पैलेस म्युनिसिपल नर्सरी स्कूल में बाल दिवस का आयोजन किया गया जिसके तहत छोटे- छोटे बच्चों को चाचा नेहरू के बारे में बताया गया। इस मौके पर बच्चों के लिए कई तरह की दौड़ का आयोजन किया गया। हर कक्षा से विजयी हुए तीन बच्चों को मुख्य अध्यापिका सविता सिंह की ओर से मेडल और पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

# मेले में छात्रों ने दिया बुद्धि कौशल का परिचय

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। एसएसजेडी इंटर कॉलेज में गुरुवार को बाल दिवस के अवसर पर बाल सृजनात्मक मेले का आयोजन किया। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने पर्यावरण, जल संरक्षण, सुरक्षा सहित विज्ञान पर आधारित विभिन्न प्रकार के मॉडल बनाकर प्रदर्शित किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि स्वामी आनंद नारायण जी महाराज पीठाधीश्वर रघुकुल सत्य पीठ श्री धाम अयोध्या ने अपने उद्बोधन में विद्यार्थियों को आशीर्वाद देते हुए कहा कि बच्चों की प्रथम गुरु माता और पालक पिता जबकि शिक्षा क्षेत्र के गुरु शिक्षक इसलिए विद्यार्थियों को अपने इन गुरुजनों का सम्मान करते हुए देश का संस्कारवान नागरिक बनना है।

स्वामी जी ने कहा कि मेधावी छात्र बनकर ही समाज, धर्म और राष्ट्र की सेवा कर सकते हैं। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि राम उजागर शुक्ल ने विद्यार्थियों को बाल दिवस का महत्व बताते हुए पंडित जवाहरलाल नेहरू के व्यक्तित्व और कृतित्व से अवगत कराया। विद्यालय के निदेशक डॉ जेपी मिश्र ने बताया कि बाल दिवस के कार्यक्रम में प्रति वर्ष बच्चों में छुपी प्रतिभा को निखारने के लिए बाल मेले का आयोजन किया जाता है। इसमें विद्यार्थी अपनी रुचि के




अनुसार मॉडल बनाते हैं और आए हुए अभिभावकों व आगंतुकों को जानकारी देते हैं। कार्यक्रम में विद्यालय की प्रबंधक चंद्रकांता मिश्रा ने बच्चों को आशीर्वाद देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। विद्यालय के प्रधानाचार्य योगेंद्र कुमार मिश्र ने सभी अतिथियों का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि विद्यालय के सभी बच्चे होनहार हैं और आगे बढ़ने की पूर्ण क्षमता रखते हैं। बाल दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में बच्चों ने विभिन्न प्रकार के विज्ञान मॉडलों को प्रदर्शित करने के साथ-साथ मनोरंजन और खान-पान से जुड़ी चीजों के भी स्टाल लगाये।

# प्रबंधन अध्ययन विभाग को मिला पहला स्थान

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय ने हाल ही में विज्ञान और कला संकाय के लिए एक समान घोषणा के बाद, वाणिज्य और प्रबंधन अध्ययन संकाय के अंतर्विभागीय/अंतसंर्काय रैंकिंग के परिणाम गुरुवार को जारी किये।

रैंकिंग एक व्यापक मूल्यांकन ढांचे का उपयोग करके विकसित की गई थी, जिसमें अनुसंधान, शिक्षकों की उपलब्धियां, छात्र प्रोफाइल, छात्र उपलब्धियां और सामुदायिक जुड़ाव गतिविधियों सहित प्रदर्शन संकेतकों की एक विस्तृत श्रृंखला को शामिल किया गया। प्रत्येक विभाग का मूल्यांकन इसके क्षेत्र में योगदान, अनुसंधान में प्रगति, और छात्र शिक्षा परिणामों पर प्रभाव के आधार पर किया गया। विभागों ने 34 गुणात्मक और मात्रात्मक मापदंडों पर विस्तृत जानकारी प्रदान की, जिससे एक व्यापक और संतुलित मूल्यांकन प्रक्रिया सुनिश्चित हो सकी। कुल मिलाकर पहला स्थान प्रबंधन अध्ययन विभाग को मिला, इसके बाद क्रमशः वाणिज्य और व्यवहारिक अर्थशास्त्र विभाग रहे।

लखनऊ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने

- **लविवि के वाणिज्य और प्रबंधन अध्ययन संकाय के अंतर्विभागीय रैंकिंग के परिणाम घोषित**

कहा कि अंतर्विभागीय रैंकिंग हमारी शैक्षणिक गुणवत्ता के प्रति प्रतिबद्धता को रेखांकित करती है और विभागों को नई ऊंचाइयों को प्राप्त करने के लिए प्रेरित करती है। यह प्रणाली न केवल उपलब्धियों को मान्यता देती है, बल्कि एक मानक भी बनाती है जो निरंतर सुधार को प्रोत्साहित करती है। यह हमें प्रत्येक विभाग की विशिष्ट ताकतों और विकास के क्षेत्रों का आकलन करने में सक्षम बनाता है, जिससे हम विशेष आवश्यकताओं को रणनीतिक रूप से संबोधित कर सकें और अपनी सफलताओं को और मजबूत कर सकें। संभावित और वर्तमान छात्रों और शिक्षकों के लिए, यह रैंकिंग प्रत्येक विभाग की विशिष्ट विशेषताओं को समझने में सहायक है। इसके अलावा, यह पहल हमारी उच्च शैक्षिक और अनुसंधान मानकों को बनाए रखने के व्यापक लक्ष्य के साथ मेल खाती है, जिससे हमारी संस्थागत प्रतिष्ठा को समृद्ध करने में मदद मिलती है। लखनऊ विश्वविद्यालय सभी विभागों को उनकी कड़ी मेहनत और समर्पण के लिए बधाई देता है। ऐसी पहलों के माध्यम से, विश्वविद्यालय विज्ञान के क्षेत्र में शैक्षणिक उत्कृष्टता और नवाचार के प्रति अपनी प्रतिबद्धता बनाए रखता है।

**महत्वपूर्ण नंबर**
वूमेन पावर लाइन 1090
पुलिस 100
2629999
पुलिस स्टेशन गंज 2622556

**फायर स्टेशन**
हजरतगंज- कंट्रोल रूम
9454418642
गोमती नगर-9454418657

**एम्बुलेंस**
मेडिकल सेवा- 102, 108



# पूर्वांचल एक्सप्रेस वे पर रोडवेज बस में लगी आग

## बाल-बाल बचे यात्री, पूरी बस जली, कोई जनहानि नहीं, दमकल की गाड़ियों ने पाया आग पर काबू

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** गुरुवार की सुबह गोसाईंगंज क्षेत्र में स्थित शहजादेपुर गांव के पास पूर्वांचल एक्सप्रेस वे पर 12 माइल स्टोन के पास टायर फटने से एक निजी बस में आग लग गई ।सूचना पाकर मौके पर पहुंची फायर विभाग और गोसाईंगंज पुलिस की टीम ने किसी तरह आग पर काबू पाया। हालांकि तब तक बस पूरी तरह से जल चुकी थी ।गनीमत रही कि समय रहते यात्री बस से बाहर आ गए थे अन्यथा बड़ा हादसा हो सकता था।





**दिल्ली से आजमगढ़ जा रही थी बस:** इंस्पेक्टर गोसाईगंज बृजेश त्रिपाठी ने बताया कि सुबह 112 से सूचना मिली कि पूर्वांचल एक्सप्रेस वे पर 12 किलोमीटर पर एक प्राइवेट बस यूपी 15डीटी 0063 में आग लग गई है ।बस दिल्ली से आजमगढ़ जा रही थी जिसमें करीब 42 यात्री सवार थे। उन्होंने बताया कि बस का पिछला टायर अचानक फट गया था इस वजह से बस में आग लग गई ।पुलिस ने बताया कि आग फैलती इसके पहले ही सभी यात्रियों व उनके सामान को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया ।हादसे की सूचना पर पहुंची दमकल ने कड़ी मशक्कत के बाद पुलिस के सहयोग से आग पर काबू पाया। हालांकि तब तक बस पूरी तरह से जलकर राख हो गई ।गनीमत रही कि सभी सवारियों को पहले ही सकुशल बाहर निकाल लिया गया ।सभी का सामान भी समय रहते बाहर निकाल लिया गया था। फिलहाल पुलिस ने सभी सवारियों को दूसरे वाहनों से उनके गंतव्य स्थल तक रवाना कर दिया। पूर्वांचल एक्सप्रेस- वे पर हादसे के बाद काफी देर तक यातायात भी बाधित रहा। पुलिस ने कड़ी मशक्कत के बाद ट्रैफिक सुचारू कराया ।वहीं घटना की जानकारी होते ही उपजिलाधिकारी मोहनलालगंज बृजेश कुमार वर्मा भी मौके पर पहुंचे और लोगों का हालचाल जाना।

**एसबीआई एटीएम बूथ में लगी आग:** तेलीबाग के अवधनगर स्थित एसबीआई के एटीएम बूथ में बुधवार देर रात आग लग गई। आग देख अफरा- तफरी मच गई। फायर एक्सटिंग्यूशर्स की मदद से कुछ ही देर में आग पर काबू पा लिया गया। आग से कोई हताहत नहीं हुआ है ।एफएसओ पीजीआई मामचंद बड़गूजर के मुताबिक बुधवार देर रात तेलीबाग अवधनगर स्थित एसबीआई एटीएम बूथ में आग लगने की सूचना मिली ।सूचना पर अग्निशमन कर्मी एक दमकल के साथ मौके पर पहुंच गए। अग्निशमन कर्मी पहुंचे तो देखा कि एटीएम बूथ में लगी बैट्री में आग लगी थी। फायर एक्सटिंग्यूशर की मदद से कुछ ही देर में आग पर काबू पा लिया गया है । आग की चपेट में आकर सिर्फ बैट्री ही जली है ।

# कई आरोपियों को न्यायालय नें सुनाई कड़ी सजा

- पुलिस नें की प्रभावी पैरवी, अभियोजन नें लड़ी लड़ाई

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** यूपी के बुलन्दशहर व उन्नाव तथा बहराइच और कौशाम्बी जिले में कई आरोपियों को कड़ी सजा सुनाई गईं है। यह सजा पुलिस की प्रभावी पैरवी के चलते न्यायालय नें दी है ।वही इस सजा के लिए अभियोजन नें भी कड़ी मेहनत कर लड़ाई लड़ी है।

यूपी पुलिस के मुताबिक यूपी के बुलन्दशहर जिले के थाना खुर्जानगर पुलिस नें प्रभावी पैरवी के चलते न्यायालय नें थाना खुर्जानगर पर दर्ज धारा 363 व 364ए और 302/201 आईपीसी के मुकदमे के आरोपी ताहिर को आजीवन कारावास व 57 हजार रुपए अर्थदण्ड की सजा सुनाई है।

यूपी पुलिस के मुताबिक उन्नाव जिले के थाना कोतवाली पुलिस की प्रभावी पैरवी से न्यायालय नें थाना कोतवाली पर दर्ज दहेज हत्या और पॉक्सो एक्ट के आरोपी संतोष व विकास को दस -दस वर्ष के सश्रम कारावास व 15-15 हजार रुपए अर्थदण्ड की सजा सुनाई है ।

यूपी पुलिस के मुताबिक बहराइच जिले के थाना हरदी पुलिस की प्रभावी पैरवी से न्यायालय नें थाना हरदी पर दर्ज मुकदमा पॉक्सो एक्ट के आरोपी सुनील कुमार को दस वर्ष के कठोर कारावास व पच्चास हजार रुपए अर्थदण्ड की सजा सुनाई है ।

यूपी पुलिस के मुताबिक प्रदेश के कौशाम्बी जिले के थाना सैनी पुलिस की प्रभावी पैरवी से न्यायालय नें थाना सैनी पर दर्ज धारा 4 पॉक्सो एक्ट के मुकदमे के आरोपी अर्जुन को 07 वर्ष के कठोर कारावास व 10 हजार रुपए अर्थदण्ड की सजा सुनाई गयी।

# पुलिस टीम पर फायरिंग, दो बदमाश घायल



विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** यूपी के हमीरपुर और मुजफ्फर नगर जिले में पुलिस टीम पर बेखौफ बदमाशों नें चेकिंग के दौरान फायरिंग कर दी जब पुलिस नें मोर्चा सभाल कर फायरिंग की तो पुलिस की गोली से दो बदमाश घायल हो गये। पुलिस नें घायल बदमाश के दो साथियो को गिरफ्तार किया। जिनके पास से असलहा और कारतूस बरामद किया है।

पुलिस के मुताबिक हमीरपुर जिले के थाना मौदहा क्षेत्र के पढ़ौरी रोड ग्राम परछा डेरा मोड़ के पास बदमाशों की घेराबन्दी की गयी तो बदमाशों ने पुलिस टीम पर फायरिंग कर दी। पुलिस टीम नें जबाबी कार्रवाई की तो बदमाश विपिन घायल हो गया। जिसे पुलिस नें उसके साथी रोशन के साथ गिरफ्तार किया ।जिसके कब्जे से लूट के एक लाख दो हजार रुपए नगद तथा एक मोटर साइकिल और अवैध तमंचा तथा जीवित और खोखा कारतूस बरामद कर घायल को उपचार हेतु अस्पताल भेजा है ।पुलिस के मुताबिक बीती ग्यारह नवम्बर को थाना मौदहा क्षेत्रान्तर्गत अज्ञात बदमाशों द्वारा लूट की वारदात को अंजाम दिया था। जिसको लेकर थाना मौदहा पर मुकदमा दर्ज हुआ था। आरोपियों के पास से बरामद रुपए इसी घटना से सम्बन्धित हैं। पुलिस के मुताबिक प्रदेश के मुजफ्फरनगर जिले के थाना बुढ़ाना पुलिस नें मंदवाड़ा चौराहा के पास बदमाश की घेराबन्दी की तो बदमाश ने पुलिस टीम पर जान से मारने की नियत से फायरिंग कर दी। पुलिस नें जबाबी कार्रवाई की तो बदमाश नजरू उर्फ नजर घायल हो गया। पुलिस नें उसे गिरफ्तार कर उसके कब्जे से एक मोटर साइकिल और अवैध तमंचा तथा जीवित और खोखा कारतूस बरामद हुये। घायल को उपचार हेतु अस्पताल भेजा गया ।पुलिस के मुताबिक गिरफ्तार बदमाश के विरूद्ध जनपद मुजफ्फरनगर के विभिन्न थानों पर चोरी, धोखाधड़ी, आर्म्स एक्ट, गैंगेस्टर एक्ट के करीब नौ मुकदमे दर्ज है।

## लखनऊ से चोरी वाहन नेपाल में बेचने वाला इनामी बदमाश गिरफ्तार

**लखनऊ।** मोहनलालगंज पुलिस ने पंद्रह हजार के इनामी वाहन चोर गिरोह के सरगना को गिरफ्तार किया है। आरोपी ने लखनऊ से चोरी हुए वाहनों को बहराइच के रास्ते नेपाल में बेचा था। इस बात खुलासा पूर्व में गिरफ्तार हुए दो चोरों से हुआ था। एसीपी रजनीश वर्मा ने बताया कि 28 जुलाई को उन्नाव निवासी नागेंद्र और प्रकाश उर्फ बाबादीन को गिरफ्तार किया गया था। आरोपी के पास से चोरी के दस वाहन मिले थे। जो मोहनलालगंज, आशियाना, कृष्णानगर, सरोजनीनगर, तेलीबाग और पीजीआई से चोरी हुए थे। पूछताछ में बहराइच चांदपुरा निवासी मो. आरिफ उर्फ भूरे का पता चला था। जो लखनऊ से चोरी हुए वाहनों को नेपाल में बेचता था। एसीपी ने बताया कि साथियों के पकड़े जाने के बाद से ही आरिफ ठिकाना बदल रहा था। सर्विलांस की मदद से उसकी लोकेशन ट्रैक करते हुए गुरुवार को गिरफ्तार किया गया। आरिफ की निशानदेही पर मोहनलालगंज से चोरी हुई तीन बाइक भी मिली हैं।

# तेज रफ्तार वाहन ने युवक को मारी टक्कर, उछल कर गिरा, मौत



विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** बख्शी का तालाब इलाके में तेज रफ्तार कार ने युवक को टक्कर मार दी। युवक की मौके पर ही मौत हो गई। लोगों को आता देख ड्राइवर गाड़ी छोड़कर फरार हो गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने युवक को अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव का पोस्टमॉर्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया है। युवक के पिता ने पुलिस को तहरीर दी है।

दुगौली काकोरी का रहने वाला मनीष यादव (27) पुत्र अनिल कुमार यादव प्रिंटिंग प्रेस में काम करता था। बख्शी का तालाब में ही ऑफिस है। बुधवार को ऑफिस से निकल स्टॉफ की शादी समारोह में शामिल होने के लिए बाइक से गया था। लौटते समय रैथा रिंग रोड बीकेटी के पास रात करीब 11.30 बजे रॉन्ग साइड से आ रही तेज रफ्तार कार यूपी 32 एनएफ 3883 ने जोरदार टक्कर मार दी। जिससे अनिल उछलकर दूर जाकर गिरा।

मृतक के भाई आशीष यादव ने बताया कि कार में शराब की बोतल मिली है। कार सवार शराब के नशे में था। जिसकी वजह से हादसा हुआ। वहीं पुलिस का कहना है कि तहरीर मिली है, कार नंबर से मालिक का पता लगाया जा रहा है, जांच चल रही है।

**गलत दिशा से आ रही कार ने मारी टक्कर:** भाई संदीप यादव ने बताया कि कार में शराब के तीन पैग बने हुए मिले हैं। एक विजिटिंग कार्ड भी मिला है, जिसमें संचित सिंह पार्षद प्रत्याशी लिखा। उनसे संपर्क करने पर पता चला कि कार उन्हीं की है लेकिन मौके पर होने से इंकार कर दिया। आरोपी शराब के नशे में गलत दिशा में कार लेकर आ गए। टक्कर इतनी जबरदस्त मारे की दोनों पैर टूट गया। सिर में भी गंभीर चोट आई।

**खड़ी एक्टिवा में गाड़ी ने मारी टक्कर ,क्षतिग्रस्त :** मानक नगर के बदाली खेड़ा के सत्य लोक कालोनी निवासी इकबाल कुरैशी पुत्र सराफत अली कुरैशी के मुताबिक उनका कहना है कि मै अपनी गाड़ी यू पी 32 के यू 4517 एक्टिवा 5 जी 6 नवंबर 24 को रात्रि तीन बजे टाइम होटल के सामने गाड़ी खड़ा कर अंदर छाए पुणे लगा ।तभी इसी दौरान उल्टी साइड सेएक कार जिसका रजिस्ट्रेशन नंबर यू पी 32 एल ए 8133 के चालक द्वारा मेरी गाड़ी में टक्कर मार दी ।इस टक्कर में मेरी एक्टिवा गाड़ी काफी के क्षतिग्रस्त हो गई ।तभी मैंने 112 नंबर पर पुलिस को अवगत किया ।इसी बीच चालक मौके से भाग गया ।पीड़ित इकबाल कुरैशी ने पुलिस को शिकायती पत्र देकर मुकदमा दर्ज कराकर कार्य वाई की मांग की ।

## अज्ञात वाहन की टक्कर से छात्र की गयी जान

**लखनऊ।** बंथरा इलाके में 19 साल के लड़के की रोड एक्सीडेंट में मौत हो गई। छात्र दोस्त के पास जाने की बात कहकर घर से निकला था। बुधवार रात कौडिया खुड़िया बंथरा के पास अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। जिसके बाद उसे अस्पताल पहुंचाया गया। जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने पोस्टमॉर्टम कराकर शव परिजनों को सौंप दिया है ।टिकरा सैनी उत्तरा गांव भीखमपुर मोहनलालगंज का रहने वाला शिवा रावत (19) पुत्र भानु प्रताप रावत नवजीवन स्कूल में 9वीं क्लास का छात्र था। बुधवार शाम दरहेटा जुनाबगंज में रहने वाले दोस्त के पास जाने की बात कहकर बाइक से निकला था। रात करीब 8 बजे तक नहीं लौटा तो परिजनों ने कॉल किया तो कुछ देर में आने की बात कही।

**अस्पताल पहुंचने से पहले तोड़ा दम:** इसके बाद रात करीब 11-12 के बीच कौडिया खुड़िया बंथरा के पास अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। आसपास के लोगों ने पुलिस व परिजनों को सूचना दी। मौके से पहुंची पुलिस ने इलाज के लिए मोहनलालगंज सीएचसी ले गई, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। छात्र के परिवार में मां सीमा व दो भाई अंशु और आयुष हैं। इंस्पेक्टर बंथरा का कहना है कि देर रात अज्ञात वाहन टक्कर मारकर फरार हो गया। अस्पताल पहुंचने से पहले ही शिवा ने दम तोड़ दिया था। शिकायत के आधार पर गाड़ी की तलाश की जा रही है।

## महिला से रास्ते में छेड़छाड़

लखनऊ ।सरोजनी नगर के दरोगा खेड़ा कानपुर रोड निवासी नेहा देवी पत्नी नरेंद्र सिंह के मुताबिक की गांव का निवासी मुन्ना लोधी पुत्र बेचलाल लोधी निवासी दरोगा खेड़ा और इनके दो अन्य साथियों द्वारा जब पीड़िता नेहा देवी और दो बच्चो को प्राइमरी बाल मुकुंद स्कूल छोड़ने जाती है। तभी इसी दौरान मुन्ना लोधी और इनके दो अन्य साथी मेरा पीछा करते है और गंदे गंदे इशारे करते है ।जिससे मेरे बच्चो का स्कूल जाना बंद हो गया है ।जब इसकी जानकारी अपने पति नरेंद्र को दी तो उन्होंने मेरे पति को भी धमकी दी की मैं तुम्हे जान से मार देंगे ।बीती 10 निवेंबर 24 को जब मेरे पति घर पर नहीं थे तब मुन्ना मेरे घर आ गया और मेरे साथ छेड़ छाड़ और मार पीट की ।पीड़िता नेहा ने पुलिस को शिकायती पत्र देकर आरोपियों के खिलाफ छेड़ छाड़ और मारपीट के साथ ही जान से मारने की धमकी का मुकदमा दर्ज कराया है।

## दो शातिर अभियुक्तों को पुलिस ने किया गिरफ्तार, अवैध गांजा बरामद

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ ।** बंथरा इलाके में पुलिस ने दो शातिर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है ।गिरफ्तार किए गए अभियुक्तों के पास से 91,335 किलो ग्राम अवैध गांजा बरामद हुआ है ।

जनपद उन्नाव के आदर्श नगर थाना कोतवाली निवासी अंकित सिंह कुर्मी पुत्र विमलेश चंद्र सिंह उम्र करीब 25 वर्ष एवम बिहार राज्य के जिला गोपालगंज के थाना विशंभरपुर के विशंभर पुर गांव निवासी नितेश यादव उर्फ मनीष पुत्र धर्मेंद्र यादव को पुलिस ने गिरफतार किया है। अभियुक्तों पर आरोप है की बीती 13 नवंबर 24 को बंथरा पुलिस टीम उपनिरीक्षक नरेंद्र कुमार कनौजिया एवम उपनिरीक्षक श्यामू द्विवेदी के सहयोग से थाना ए एन टी एफ जनपद बाराबंकी की टीम प्रभारी उप निरीक्षक पुरुषोत्तम विश्वकर्मा मय हमराही द्वारा संयुक्त रूप से कार्य वाई करते हुए सूचना के आधार पर प्रधान ढाबा बनी से 200 मीटर दूरी पर 91,335 किलो ग्राम अवैध गांजा के साथ दो अभियुक्तों में अंकित सिंह कुर्मी एवम नितेश यादव को गिरफ्तार किया गया ।जिसके खिलाफ बंथरा थाने परएन डी पी एस एवम अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया ।जिसकी विवेचना एवम कार्य वाई उप निरीक्षक अभय प्रताप सिंह बंथरा द्वारा करते हुए गिरफ्तार शुदा अभियुक्तों को न्यायायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया।

## प्रदेश के आंगनबाड़ी केंद्रों का अध्ययन करने के आदेश

- हाईकोर्ट ने रक्षा खाद्य व अनुसंधान लैबोरेट्री, मैसूर के निदेशक को पौष्टिक आहार के संबंध में अध्ययन कर विस्तृत रिपोर्ट देने को कहा

विधि संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने प्रदेश के आंगनबाड़ी केंद्रों का अध्ययन कराने के आदेश रक्षा खाद्य व अनुसंधान लैबोरेट्री मैसूर के निदेशक को दिए हैं। न्यायालय ने कहा है कि एकीकृत बाल विकास सेवा योजना ( आईसीडीएस स्कीम) के तहत आंगनबाड़ी केंद्रों पर मिलने वाले पौष्टिक आहार की गुणवत्ता मात्रा और जिस प्रकार से प्रदेश में इस योजना को चलाया जा रहा है, इन सभी बिंदुओं के संबंध में अध्ययन कर चार सप्ताह में रिपोर्ट दी जाए। यह आदेश न्यायमूर्ति ए आर मसूदी व न्यायमूर्ति सुभाष विद्यार्थी की खंडपीठ ने शिप्रा देवी की जनहित याचिका पर पारित किया। याचिका पर सुनवाई के दौरान न्यायालय ने भारत सरकार को भी पक्षकार बनाने का आदेश याची को दिया। न्यायालय ने पाया कि प्रदेश में कुल 1,89,140 आंगनबाड़ी केंद्र उक्त आईसीडीएस स्कीम को चलाने के लिए कार्य कर रहे हैं जबकि आंगनवाड़ी वर्कर्स की संख्या 1,78,706 है और इस योजना के तहत लाभार्थियों की संख्या, 2,22,33,550 है। न्यायालय ने कहा कि वर्ष 1975 में शुरू की गई उक्त योजना का मूल उद्देश्य शिशुओं और स्तनपान करने वाली मांओं के स्वास्थ्य का ख्याल रखना है। न्यायालय ने कहा कि हमारे समक्ष प्रस्तुत डाटा के अवलोकन से पता चलता है कि योजना के कार्यान्वयन में, मुख्य रूप से पौष्टिक आहार के सप्लाई को लेकर, पारदर्शिता की आवश्यकता है। न्यायालय ने कहा कि मामले में कोई भी आदेश देने से पूर्व एक एक्सपर्ट रिपोर्ट मंगा लेना आवश्यक होगा। इन टिप्पणियों के साथ न्यायालय ने आंगनबाड़ी केदो के अध्ययन का आदेश दिया।



## सड़क सुरक्षा को लेकर सख्त हुई यातायात पुलिस

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** यातायात माह को लेकर पुलिस उपायुक्त (यातायात) के नेतृत्व में आज खुन खुन जी गर्ल्स पी0जी0 कॉलेज में यातायात पुलिस द्वारा सड़क सुरक्षा और जीवन रक्षा को लेकर एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के सुबोध कुमार जयसवाल, सहायक पुलिस आयुक्त, यातायात रहे तथा यातायात पुलिस से हरिराम सिंह, यातायात निरीक्षक प्रभारी चौक, टीएसआई प्रमेश पाठक तथा ट्रैफिक पार्क से सुमित कुमार मिश्रा तथा प्रधानाचार्य प्रो0 अंशु केडिया , असि0 प्रो0 सुनीता यादव अन्य अध्यापकगण व छात्राएं उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान यातायात पुलिस नें सड़क संकेतों और यातायात दिशा-निदेर्शों के सम्बन्ध में जानकारी देते हुये ऑडियो- विडियो विजुअल के माध्यम से सड़क सुरक्षा से संबंधित नियमों, यातायात चिन्हों की समझ, सीट बेल्ट तथा हेल्मेट का सही उपयोग, जेब्रा क्रासिंग, यातायात संकेतो, वाहन चलाते समय मोबाईल का प्रयोग ना करनें, गुड समेरिटन, गोल्डन ऑवर एवं यातायात उपकरणों आदि से संबंधित प्रशिक्षण दिया गया। सहायक पुलिस आयुक्त, यातायात द्वारा ह्यह्यसड़क सुरक्षा जीवन रक्षाह्लह्ल का नारा देते हुये कार्यक्रम में उपस्थित समस्त शिक्षकों और विद्यार्थियों को सड़क सुरक्षा हेतु प्रतिबद्धता के लिए शपथ दिलाई गइ। समस्त छात्राओं को अवगत कराया गया कि अपने परिजनों को भी बताये कि वाहन चलाते समय सीट बेल्ट तथा दोपहिया वाहन पर हेलमेट का प्रयोग अवश्य करें।

## युवक पर बेटी भगा ले जाने का आरोप

लखनऊ ।थाना बंथरा के कटी बगिया के सराय सहजादी निवासी मोहम्मद शकील पुत्र मोहम्मद इस्माइल के मुताबिक कहना है की मेरी पुत्री हुमा उम्र करीब 17 वर्ष 10 नवंबर 24 को घर से समय करीब दो बजे कही चली गई ।काफी खोजने का प्रयास किया ।

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी पुत्री अंशिका के हाईस्कूल अंक पत्र में मेरा (पिता) का नाम PRAHALAD YADAV है व माता का नाम बिंदु यादव दर्ज हो गया है। जो कि गलत है। मेरा सही नाम PRAHLAD YADAV व माता का सही नाम विन्दु देवी है। इसे ही सही माना जाए। **प्रहलाद यादव पुत्र पौहारी यादव ग्राम जंगल रसूलपुर नंबर दो टोला बरबसहा पोस्ट चौरी चौरा जिला गोरखपुर।**

# लविवि के छात्रों का उग्र प्रदर्शन, यूपीपीएससी अध्यक्ष का फूंका पुतला

## छात्रों के प्रदर्शन से लगा लंबा जाम, पुलिस ने बेकाबू छात्राओं को हिरासत में लेकर शुरू की कार्रवाई

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** प्रयागराज में यूपीपीएससी परीक्षाओं को लेकर विरोध प्रदर्शन की लहर अब लखनऊ तक पहुँच चुकी है। गुरुवार को लखनऊ विश्वविद्यालय गेट नम्बर-1 के सामने और परिवर्तन चौक के पास स्टूडेंट्स ने जमकर हंगामा किया। उनकी पुलिस से झड़प हो गई। समाजवादी छात्र सभा से जुड़े स्टूडेंट्स ने पीसीएस प्री 2024 और आरओ ए आरओ / 2023 प्री परीक्षाओं में कथित अनियमितताओं को लेकर विरोध प्रदर्शन किया।

प्रदर्शन के दौरान आक्रोशित छात्रों ने उत्तर प्रदेश लोकसेवा आयोग (यूपीपीएससी) के अध्यक्ष का पुतला जलाया। इस दौरान लविवि के बाहर सड़क पर लंबा जाम लग गया जिससे लोगों को भारी मुसिबत से सामना करना पड़ा ।आयोग के खिलाफ नारेबाजी की। इस दौरान पुलिस और स्टूडेंट आमने-सामने हो गए। काफी देर तक हाई वोल्टेज ड्रामा चला। इसके बाद पुलिस ने स्टूडेंट्स को हिरासत में लेकर ईको गार्डन ले गई। इस विरोध को देखते हुए लखनऊ विश्वविद्यालय के गेट नंबर 1 पर भारी पुलिस बल तैनात किया गया था। प्रदर्शनकारियों का कहना है कि आयोग द्वारा आयोजित परीक्षाओं में लगातार गड़बड़ियाँ हो रही हैं, जिससे परीक्षार्थियों का भविष्य संकट में है।



**प्रयागराज में छात्र बेकाबू, बैरिकेडिंग तोड़ी, पुलिस बैकफुट पर:** इधर, प्रयागराज में छात्रों ने आयोग से परीक्षा प्रक्रिया में पारदर्शिता और सुधार की मांग की है, ताकि आगे आने वाले स्टूडेंट्स को निष्पक्ष अवसर मिल सकें। प्रयागराज में लोक सेवा आयोग कार्यालय (यूपीपीएससी) के सामने छात्रों के प्रदर्शन का आज चौथा दिन है। गुरुवार सुबह प्रदर्शनकारी छात्रों और पुलिसकर्मियों में झड़प हो गई। पुलिसकर्मी सादी वर्दी में धरना दे रहे छात्रों को जबरन उठाने पहुंचे थे। पुलिस को देखते ही छात्र-एक दूसरे पर लेट गए। छात्रों का कहना है कि पुलिसकर्मियों ने छात्राओं के साथ बदसलूकी की। गालियां भी दीं। पुलिस की इस हरकत से छात्र भड़क गए। करीब एक घंटे के अंदर 10 हजार से ज्यादा छात्र आयोग के नजदीक पहुंच गए। पुलिस ने बैरिकेडिंग करके आयोग के रास्ते को सील कर दिया था। इधर, डिप्टी सीएम केशव मौर्य ने कहा- अफसर छात्रों के साथ बातचीत करें और समस्या का हल निकालें। उन्होंने अखिलेश यादव पर निशाना भी साधा। कहा- सूप बोले तो बोले, चलनी भी बोले, जिसमें बहत्तर छेद हैं। बता दें, पीसीएस प्री और ꠸꠸/अ꠸꠸ के अभ्यर्थी की मांग है कि आयोग नॉर्मलाइजेशन की प्रकिया को कैंसिल करे और दो-दो दिन की बजाए, दोनों एग्जाम को एक ही दिन में कराया जाए।



# शुभ योग में आज मनेगी कार्तिक पूर्णिमा, होगा गंगा स्नान



वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** सृष्टि के पालनहार भगवान श्रीहरि विष्णु को समर्पित कार्तिक मास की पूर्णिमा व गंगा स्नान का पर्व शुक्रवार (15 नवम्बर) को मनाया जाएगा। इसी दिन श्री गुरु साहिब गुरु नानक देव जी का प्रकाशपर्व और देव दीपावली भी मनायी जाएगी। इसलिए कार्तिक पूर्णिमा को सबसे पवित्र दिनों में से एक माना गया है। इस दिन व्रत, पूजन, दान और गंगा स्नान का अपना ही विशेष महत्व होता है।

**कार्तिक पूर्णिमा पर बन रहे शुभ योग:** इस बार कार्तिक पूर्णिमा पर शुभ योगों का दुर्लभ संयोग बन रहा है। इसलिए यह परिवार में सुख शांति, धन और सौभाग्य में वृद्धि दायक रहेगा। ज्योतिषाचार्य एसएस नागपाल बताते हैं कि इस बार कार्तिक पूर्णिमा पर चंद्रमा मेष राशि में होकर मंगल के साथ राशि परिवर्तन योग बना रहा है। साथ ही मंगल और चंद्रमा के एक दूसरे से चतुर्थ दशम होने से धन योग भी बनेगा। चंद्रमा और गुरु के एक दूसरे से द्विद्वाश योग होने से सुनफा योग भी बनेगा। शनिदेव अपनी मूल त्रिकोण राशि में विराजमान हैं इसलिए शश राजयोग भी बन रहा है।

**कार्तिक पूर्णिमा को गंगा स्नान से प्राप्त होता है अनंत पुण्य:** कार्तिक पूर्णिमा को ही भगवान विष्णु अपने मत्स्य अवतार में

### पूजा का मुहूर्त

- स्नान और दान मुहूर्त: प्रात: 4:58 बजे से प्रात: 5:51 बजे तक
- सत्यनारायण पूजा: सुबह 6:44 बजे से 10:45 बजे तक
- देव दिवाली प्रदोष मुहूर्त: शाम 5:10 बजे से शाम 7:47 बजे तक
- चंद्रोदय: शाम 4:51 बजे
- लक्ष्मी पूजा: 15 नवंबर को रात 11:39 बजे से 16 नवंबर को रात 12:33 बजे तक

प्रकट हुए थे। पंडित रवि प्रकाश मिश्रा ने बताया कि इसलिए हिंदू धर्म में इस दिन का विशेष महत्व है। इस दिन लोग व्रत, पूजन और दान करते हैं। वहीं कार्तिक पूर्णिमा को गंगा स्नान व पवित्र नदियों में स्नान- दान करने से अनंत पुण्य फल की प्राप्ति होती है।

**देव दीपावली पर पृथ्वी पर आते हैं देवता:** कार्तिक मास की पूर्णिमा तिथि को प्रदोष काल में देव दीपावली का पर्व भी मनाया जाता है। इस दिन भगवान शिव ने त्रिपुरासुर का वध किया था। इसलिए देवताओं ने स्वर्ग में दीपक जलाए थे। ऐसी मान्यता है कि इस दिन देवताओं का पृथ्वी का आगमन होता है। उनके स्वागत के लिए धरती पर दीप जलाये जाते हैं। पवित्र नदियों के तट को दीपकों से जगमगाया जाता है। वाराणसी में देव दीपावली का विशेष महत्व है।

**दीपदान का है महत्व:** इस दिन सत्यनारायण भगवान की कथा सुनी जाती है। इस दिन घर, मंदिर और नदी, तालाब में दीप दान कर देवदीपावली की जाती है। अग्निपुराण में कहा गया है कि दीपदान से बढ़कर कोई व्रत नहीं है, इसका बहुत पुण्य मिलता है। यह भी मान्यता है कि भगवान शिव ने भी अपने पुत्र कार्तिकेय जी को दीपदान का माहात्म्य बताया है। इसलिए कार्तिक के पूरे महीने में दीपदान किया जाता है। इसका बहुत अधिक फल मिलता है। इस दिन अपनी श्रद्धा के अनुसार 11, 21, 51 दीपों का दान करना चाहिए। कार्तिक पूर्णिमा के दिन पूरे महीने किए गए स्नान समाप्त होते हैं। कार्तिक पूर्णिमा का पर्व नाता भगवान शिव से भी है। इस दिन भगवान शिव ने राक्षस त्रिपुरासुर को हराया था। इसलिए इसे त्रिपुरारी पूर्णिमा के रूप में भी मनाया जाता है।

**कार्तिक पूर्णिमा की पूजा-विधि:** पवित्र नदी में स्नान करें या पानी में गंगाजल मिलकर स्नान करें। भगवान श्री हरि विष्णु और मां लक्ष्मी का जलाभिषेक करें। माता का पंचामृत सहित गंगाजल से अभिषेक करें। अब मां लक्ष्मी को लाल चंदन, लाल रंग के फूल और श्रृंगार का सामान अर्पित करें। मंदिर में घी का दीपक प्रज्वलित करें। संभव हो तो व्रत रखें और व्रत लेने का संकल्प करें। कार्तिक पूर्णिमा की व्रत कथा का पाठ करें। श्री लक्ष्मी सूक्तम का पाठ करें, पूरी श्रद्धा के साथ भगवान श्री हरि विष्णु और लक्ष्मी जी की आरती करें। माता को खीर का भोग लगाएं। चंद्रोदय के समय चंद्रमा को अर्घ्य दें। अंत में क्षमा प्रार्थना करें।

## देव दिवाली पर आज लाखों दीपों से रोशन होगा गोमती किनारे उपवन घाट

वरिष्ठ संवाददाता (vol)





**लखनऊ।** कार्तिक पूर्णिमा के दिन देवी-देवता पृथ्वी पर काशी में दिवाली मनाने आते है, हर साल कार्तिक पूर्णिमा के दिन देव दिवाली मनाई जाती है। राजधानी में सबसे मुख्य व सबसे बड़ा आयोजन मनकामेश्वर उपवन घाट गोमती तट पर किया जात है। इस बार 15 नवम्बर को होगा। सन 2015 से शुरू हुआ आयोजन हर वर्ष भव्यता प्रदान कर र रहा है। मनकामेश्वर मन्दिर की महंत देव्या गिरि के सानिध्य में पुजारी गौरजा गिरि द्वारा सम्पन्न होगा।

महंत ने बतायाकि घाट पर देव दिवाली के दिन लाखों दीपों को प्रज्वलित करने के साथ ही सिखों के आदिगुरु नानक का जन्मोत्सव भी मनाया जाएगा। महंत देव्या गिरि की मौजूदगी में काशी की तर्ज पर 11 मंचों से गोमा की महाआरती होगी और लाखों दीप जलाने की तैयारी है। पर्व को लेकर तैयारियां शुरू हो गई है। लोग अपने अपने घरों से गोबर से बने दीपक मन्दिर में जमा करने लगे है। इस बार गाय के गोबर से बने लाखों दीप भी देव दीपावली पर जलेंगे। पं. बिन्द्रेस दुबे ने बताया कि कार्तिक पूर्णिमा के दिन देवी-देवता पृथ्वी पर काशी में दिवाली मनाने आते है, हर साल कार्तिक पूर्णिमा के दिन देव दिवाली मनाई जाती है।

मनकामेश्वर मंदिर की महंत देव्या गिरि ने बताया कि हर वर्ष की तरह इस बार भी 15 नवंबर दिन शुक्रवार को शाम 6:00 बजे देव दिवाली का आयोजन किया जाएगा। जिसमें लाखों की संख्या में श्रद्धालु भक्त दीपक प्रचलित करेंगे। उन्होंने बताया। ताया कि धनतेरस और दीपावली में भी श्रद्धाल लोग बड़ी संख्या में मंदिर में पूजा अर्चना करनै आते हैं। इसे लेकर भी मंदिर में साफ सफाई व सजावट के काम शुरू हो गया है। महंत ने लोगों से अपील की है कि दीपावली के दिन हर वर्ष गणेश लक्ष्मी की मूर्ति को खरीदने के बजाय उन्ही पानी मूर्ति को ही इस्तेमाल करना चाहिए। हर साल उन्हें गोमती में या पेड़ के नीचे रख देना उचित नहीं है। उन्होंने कहा कि हर साल दीपावली का पूजन करने के बाद गणेश लक्ष्मी की मूर्ति को सम्मान पूर्वक मंदिर में रखें और हर साल उन्हीं की पूजा करें। उन्होंने लोगों से घरों से देव दिवाली के लिए दीपक लाने का निवेदन किया है साथ में उन्होंने यह भी कहा है कि जिन लोगों के पास पराने दीपक हो उन्हें साफ धो कर ले आए और यहां पर उनकी रंगाई, पताई करने के बाद उन्हें देव दिवाली में इस्तेमाल किया जाएगा।

**गोबर के दीपक का महत्व:** महंत जी ने बताया कि आज का युवा वर्ग गोबर को छूना भी पसंद नहीं करता है, क्योंकि उसे पता ही नहीं है कि इस गोबर से क्या-क्या लाभ होते है। गोबर से बने दीपको को प्रज्वलित करने के पीछे का उद्देश्य गरीबों के बीच एक संदेश भेजने का है कि वे सभी गोबर के माध्यम से भी अपने रोजगार को बढ़ा सकते है।

**गोबर के दिनों से संपन्न होगी देव दीपावली :** गोमती मैया की नित्य आरती के 19 वर्ष पूर्ण होने एवं गंगा स्नान के अवसर पर भव्य देव दीपावली का आयोजन कुड़िया घाट पर 15 नवंबर शाम 5:00 बजे से रोटी कपड़ा फाउंडेशन शुभ संस्कार समिति एवं धर्म रक्षा संघ द्वारा किया जा रहा है। कार्यक्रम के संयोजक रिद्धि किशोर गौड़ ने बताया गोमती मैया की मूर्ति के निकट शाम 4:00 बजे से सुंदर कांड पंडित शिवराम मिश्रा द्वारा प्रस्तुत किया जाएगा 6:00 बजे से गोबर के 5100 दिए भक्तों द्वारा घाट पर लगाकर सजाए जाएंगे बच्चों द्वारा रंगोली भी बनाई जा रही है आशीष अग्रवाल ने बताया शाम 7:30 बजे मां गोमती की आरती उतारी जाएगी और बच्चों के लिए आतिशबाजी की भी व्यवस्था की गई है।

### 1100 दीपो से रोशन होंगे घाट

सनातन महासभा द्वारा प्रत्येक पूर्णिमा पर आयोजित होने वाली आदि गंगा मां गोमती महाआरती व सनातन समागम इस बार की कार्तिक पूर्णिमा 15 नवम्बर शुक्रवार को होगी। इस बार131वी मां गोमती महाआरती का आयोजन होगा। अध्यक्ष डॉ प्रवीण ने बताया कि इस बार देव दीवाली के अवसर पर 1100 दीपो के साथ सात मंचों से हरिद्वार गंगा आरती की तर्ज पर सनातन समागम व मां गोमती महाआरती झूलेलाल वाटिका, गोमती तट शाम 6:30 बजे होगी और गोमती में दीपदान करके नशा मुक्त प्रदेश अभियान का संकल्प लिया जाएगा। महासचिव देवेंद्र शुक्ल ने बताया कि इस अवसर पर गुरुनानक देव की जयंती से कार्यक्रम का आरंभ होगा और अमित दीक्षित'रामजी' द्वारा निर्देशित व लिखित अयोध्या चले श्रीराम रघुराई का भव्य मंचन सांय 5 बजे से होगा और बाद मे सनातन शिरोमणि सम्मान आयोजित होगा। मंच संचालन प्रवक्ता विकास मिश्र करेंगे। इस विशेष अवसर पर गणमान्यों में राज्य सभा सांसद डॉ दिनेश शर्मा, विधायक डॉ नीरज बोरा, कैंट बोर्ड उपाध्यक्ष प्रमोद शर्मा शामिल होंगे।

# गुरुद्वारों में श्रद्धापूर्वक आज मनेगा गुरुनानक जी का प्रकाश पर्व



वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** साहिब श्री गुरु नानक देव जी महाराज का 555वां प्रकाशोत्सव (जन्मोत्सव) राजधानी लखनऊ सहित पूरे प्रदेश में धूमधाम से मनाया जायेगा। प्रकाश पर्व को लेकर राजधानी के सभी गुरुद्वारे रंगबिरंगी लाइटों से जगमगा रहे हैं।

ऐतिहासिक गुरूद्वारा श्री गुरू नानक देव जी नाका हिंडोला एवं डीएवी इण्टर कालेज ऐशबाग रोड, लखनऊ में बड़ी श्रद्धा एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया जायेगा।

शाम का दीवान गुरुद्वारा नाका हिंडोला में फूलों और बिजली की झालरों से सुसज्जित दरबार हाल में रहिरास साहिब के पाठ के उपरांत शब्द कीर्तन गायन द्वारा संगत को निहाल किया। लखनऊ गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के अध्यक्ष राजेंद्र सिंह बग्गा ने बताया कि साहिब श्री गुरु नानक देव जी महाराज का प्रकाश पर्व 15 नवंबर को डीएवी इंटर कॉलेज में प्रात 7:30 बजे से शाम 4:30 बजे तक मनाया जाएगा। दोपहर 12 बजे से गुरु का लंगर भी समूह संगत में वितरित किया जाएगा।

**फूलों व गुब्बारों से सजाया गया मानसरोवर गुरुद्वारा:** गुरूद्वारा श्री गुरू सिंह सभा मानसरोवर, एलडीए कालोनी, कानपुर रोड, लखनऊ में सिक्खों के प्रथम गुरू साहेब धन-धन श्री गुरू नानक देव जी महाराज का पावन पवित्र प्रकाश उत्सव बड़ी श्रद्धा एवं धूमधाम से मनाया जा रहा है।

इस अवसर पर गुरूद्वारे में 555 दिए जलाकर एवं गुरूद्वारा साहिब में बड़ी ही खूबसूरती से अन्दर हाल लाईटों, फूलों एवं गुब्बारों से सजाया गया। विशेष कीर्तन दरबार का आयोजन किया गया। गुरूनानक साहेब जी के प्रकाश पर्व को संगतों ने प्रातः काल सुबह 05:30 बजे प्रभात फेरी बड़ी धूमधाम से निकाली गई। सांयकाल 06:30बजे से विशेष कीर्तन दरबार का शुभारम्भ हेड ग्रन्थी ने श्री रहरास साहेब जी के पाठ से किया।

**सदर गुरुद्वारे में लगेगा स्वास्थ्य शिविर :** कार्तिक पूर्णिमा के दिन सदर गुरुद्वारे में सिख धर्म के संस्थापक गुरु नानक देव जी की जयंती शुक्रवार 15 नवंबर को उल्लासपूर्वक मनाई जाएगी। सरदार तेजपाल सिंह रोमी ने बताया कि इस साल गुरु नानक देव की 555वीं जयंती मनाई जा रही है। विशेष दीवान की शुरूआत सुबह आसा दी वार से होगा। उसमें हजूरी रागी भाई बिंदर जी कीर्तन करेंगे।

निवर्तमान अध्यक्ष एवं वर्तमान सचिव सरदार हरपाल सिंह जग्गी ने गुरुवार को संवाददाताओं को बताया कि मुख्य दीवान सुबह 7 बजे से 1.30 बजे तक और रात्रि दीवान 7 बजे से 9.30 बजे तक होगा। उसमें मुख्य रूप से श्री दरबार साहिब के हजूरी रागी भाई गुरविंदर सिंह शिरकत करेंगे। इसके साथ ही हेड ग्रंथी ज्ञानी हरविंदर सिंह कथा कहेंगे।हरपाल सिंह जग्गी ने यह भी बताया कि इस अवसर पर गुरु हर राय डायग्नोस्टिक सेन्टर द्वारा पैथोलॉजी जांच न्यूनतम मूल्यों पर और शुगर की रैंडम जांच निःशुल्क की जाएगी। अपोलो हॉस्पिटल द्वारा कैंसर डिटेक्शन कैंप और स्वास्थ्य जांच शिविर भी लगाया जाएगा। इसके साथ ही सरकार द्वारा 70 साल से अधिक आयु के व्यक्तियों के लिए आयुष्मान कार्ड भी बनाए जाएंगे। इसमें हर वर्ग के नागरिक लाभ ले सकेंगे वहीं 5 लाख तक का स्वास्थ्य बीमा भी निःशुल्क किया जाएगा।

## यहियागंज में सजा विशेष दीवान, फूलों की होगी वर्षा

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** ऐतिहासिक गुरुद्वारा श्री गुरु तेग बहादुर साहिब जी यहियागंज में श्री गुरु नानक देव जी के प्रकाश पर्व के अवसर पर दिनांक 14 नवंबर की शाम को 7:00 बजे से देर रात तक विशेष दीवान सजाया गया।

गुरुद्वारा साहब को विशेष प्रकार के फूलों एवं लाइटों से सजाया गया। गुरुद्वारा सचिव मनमोहन सिंह हैप्पी ने बताया कि डॉ गुरमीत सिंह के संयोजन में आयोजित इस कार्यक्रम में विशेष रूप से श्री अमृतसर से ज्ञानी जसवंत सिंह परवाना जी एवं भाई सुखप्रीत सिंह जी एवं भाई गुरु फतेह सिंह जी दिल्ली वालों ने कथा एवं शबद कीर्तन द्वारा सगंतो को निहाल किया। हेड ग्रंथी ज्ञानी परमजीत सिंह जी ने बताया कि 15 नवंबर को रात्रि 1:00 बजे श्री गुरु ग्रंथ साहब जी के ऊपर गुलाब के फूलों से फूलों की वर्षा की जाएगी। कार्यक्रम की समाप्ति पर विशेष मिष्ठान प्रसाद एवं गुरु का अटूट लंगर वितरित किया गया।

# बाल वर्ग गायन खयाल तराना में अविका गांगुली आयी प्रथम

## उ.प्र. संगीत नाटक अकादमी में शास्त्रीय संगीत प्रतियोगिता



वरिष्ठ संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** उ.प्र. संगीत नाटक अकादमी (संस्कृति विभाग) द्वारा अयोजित प्रतिष्ठित शास्त्रीय संगीत प्रतियोगिता के स्वर्ण जयंती वर्ष में अयोजित संभागीय प्रतियोगता में लखनऊ सम्भाग की नवोदित संगीत प्रतिभाओं द्वारा अपनी प्रस्तुतियां दी गईं। अकादमी के अध्यक्ष डॉ जयंत खोत, उपाध्यक्ष सुश्री विभा सिंह एवं निदेशक डॉ शोभित कुमार नाहर ने आमन्त्रित विद्वतवृंद रविराज शंकर, डॉ मदन मोहन लाल एवं उस्ताद गुलशन भारती का स्वागत अंगवस्त्रम एवं पौधा प्रदान कर किया। तीन दिवसीय संभागीय प्रतियोगता के पहले दिन गायन एवं स्वरवाद्य प्रतियोगता में प्रतिभागियों ने अपने रियाज एवं गायन कौशल का प्रभावशाली प्रदर्शन कर विद्वतजनों को खूब रंजित किया। जिसके जवाब में नवप्रतिभाओं को विद्वतजनों की ओर से न केवल आशीर्वचन प्राप्त हुआ बल्कि महत्वपूर्ण गुर भी प्रदान किए गए।

बाल वर्ग गायन खयाल तराना अविका गांगुली प्रथम, अथर्व श्रीवास्तव द्वितीय, आदिविक्रम सेठ तृतीय, किशोर वर्ग अनुषा त्रिवेदी प्रथम, आराध्य श्रीवास्तव द्वितीय, अविरल राज तृतीय, युवा वर्ग में समीक्षा सोनी प्रथम, पीयूष मिश्रा द्वितीय, सुशिर वाद्य में दक्ष खाटवा प्रथम, तंत्र वाद्य सितार बाल वर्ग में अमय सिंह प्रथम, किशोर वर्ग सुशिर वाद्य में ओंकार बनौंधा प्रथम, संस्कार बनौधा द्वितीय, तंत्र वाद्य सितार में मिहिका गांगुली ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम के अंत में निदेशक, उ.प्र. संगीत नाटक अकादेमी डॉ शोभित कुमार नाहर ने अभिभावकों, गुरुओं का आभार और पुरस्कृत विजेताओं को बधाई दी। कार्यक्रम का संयोजन रेनू श्रीवास्तव ने एवं सहयोग डॉ पवन कुमार, रंजना श्रीवस्तव, आयुष गुप्ता, शशी ने किया।

# भगवान शनि देव आज से होंगे मार्गी, मिलेगी राहत

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** भगवान शनिदेव 15 नवंबर को मार्गी होने वाले हैं यानी वो सीधी चाल में चलेंगे। पं. बिन्द्रेस दुबे ने बताया कि अभी शनि ग्रह वक्री चाल चल रहे थे, अब 15 नवम्बर से मार्गी होने जा रहे है। शनि के मार्गी होने से कई राशियों पर असर होगा। खासकर शनि की साढ़ेसाती और ढैया से प्रभावित राशियां लाभ पाएंगी। इससे पहले शनि वक्री थे, वक्री मतलब विपरीत दिशा में चल रहे थे। ऐसा कहा जाता है कि शनि विपरीत दिशा में चलकर नकारात्मक परिणाम देते हैं और इससे शनि की साढ़ेसाती वाली राशियां प्रभावित होती हैं। शनि अभी कुंभ राशि में चलायमान है। शनि देव 29 मार्च 2025 में मीन राशि में प्रवेश करेंगे।

**कुंभ राशि पर साढ़ेसाती की दूसरी ढैया:** कुंभ राशि के लोगों के लिए तरक्की के योग बनेंगे। सेहत को लेकर आपकी परेशानी कम होगी और संपत्ति को लेकर अगर कोई विवाद चल रहा था, तो उसमें भी लाभ होगा। कुल मिलाकर आपके लिए अच्छे दिनों की शुरूआत होगी।

**मीन राशि के अच्छे परिवर्तन के संकेत:** मीन राशि वालों के लिए भी शनि का गोचर अच्छे परिवर्तन ला रहे है। आपके लिए कई प्रकार की चीजें सरल होती नजर आ रही हैं। कुछ नुकसान जो पहले हुआ था, उसमें भी आपको लाभ होगा।

**मकर राशि पर साढ़ेसाती का आखिरी दौर:** मकर राशि पर शनि की साढ़े साती का आखिरी दौर है और शनि की सीधी चाल मकर राशि के लिए फायदेमंद साबित होगी।संतान की तरफ से शुभ समाचार मिलेगा।सेहत अच्छी रहेगी, घर में सुख का माहौल रहेगा। व्यापार और नौकरी में भी फायदा होगा।कहीं पैसा अटका है तो वापस मिलने के योग बन रहे हैं।इनके लिए निवेश करना अच्छा रहेगा।दांपत्य जीवन में खुशहाली आएगी।

**मीन राशि पर साढ़ेसाती का पहला दौर:** मीन राशि वाले लोगों की साढ़ेसाती का पहला ढैया भी शनि की सीधी चाल लाभ कराएगी। ये काफी समय से मुश्किलें झेल रहे हैं जिनका अंत होगा। व्यापार में लाभ होगा और नौकरी में इंक्रीमेंट के योग हैं। समाज में नए और प्रभावशाली लोगों से संबंध मजबूत होंगे।रुके हुए काम बनने लगेंगे,धन का लाभ होगा और निवेश के लिए भी समय अच्छा रहेगा।

**इन राशियों को मिलेगा ढैय्या के अशुभ प्रभाव से छुटकारा:** ज्योतिष शास्त्र अनुसार शनि देव के कुंभ राशि में मार्गी होने से कर्क और वृश्चिक राशि के जातकों पर ढैय्या का कष्टमय असर खत्म होने जा है। क्योंकि शनि देव कर्क राशि वालों की गोचर कुंडली में आठवें और वृश्चिक राशि के जातकों की गोचर कुंडली में चतुर्थ भाव में भ्रमण कर रहे हैं। इसलिए शनि देव के मार्गी होने से अब इन लोगों के अटके हुए काम बनने लगेंगे। साथ ही जो जीवन में तनाव चल रहा था, उससे मुक्ति मिलेगी। वहीं भाग्य का साथ मिलेगा। साथ ही कारोबारियों को अच्छा धनलाभ होगा। साथ ही काम- कारोबार के संबंध से यात्राएं आप कर सकते हैं। जो शुभ रहेंगी। वहीं बेरोजगार लोगों को नौकरी मिल सकती है।

# उत्तराखंड महोत्सव : पहाड़ी लोकगीत व नृत्य से सजी शाम

वरिष्ठ संवाददाता (vol)




**लखनऊ।** भारत रत्न पं. गोविन्द बल्लभ पंत पर्वतीय सांस्कृतिक उपवन (बीरबल साहनी मार्ग) गोमा तट, पर चल रहे उत्तराखण्ड महोत्सव के छठे दिन विभिन्न स्थानों से आये कलाकारों तथा स्थानीय कलाकारों के दलों ने गीत-संगीत-नृत्य की एक से बढ़कर एक प्रस्तुतियों से धमाल मचाया, ऐसा लग रहा था कि अनेक संस्कृतियों का संगम गोमती तट पर हो रहा हो। उत्तराखंड से आए प्रसिद्ध गायक जितेंद्र तोमक्याल ने शाम ऐसा धमाल मचाया कि दर्शकदीर्घा में भीड़ जमी रही और गायक से गाने सुनने की फरमाइश करती रही ।

मुख्य अतिथि सुषमा खर्कवाल, विशिष्टि अतिथि दिलीप कुमार गुप्ता- अपर निदेशक, संस्कृति निदेशालय, कमलेश कुमार पाठक, उत्तराखण्ड महापरिषद के पदाधिकारियों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर शुभारम्भ किया। महापरिषद के पदाधिकारियों ने अतिथियों का पुष्पगुच्छ, अंगवस्त्र एवं प्रतीक चिन्ह भेंट कर स्वागत किया।

महिषासुर मर्दिनी एक्ट डॉ रूबी राज सिन्हा, राजेश मल्होत्रा, आशुतोष कुमार, ऋषि एवं अनिल तथा भारत की नारी सब पर भारी - फैषन वॉक- रेनू, नमिता, किरण, अनिता, कल्पना, रेखा, साधना, सुषमा, रिची, प्रीती की प्रस्तुतियों को खूब सराहा गया। भारत अनोखा राग है - आब्या मिश्रा की प्रस्तुति तथा कामना बिष्ट के नेतृत्व में भूमि पाण्डे, भूमिका जोशी, जीविका उन्नति मौर्या, हंसिका गोस्वामी द्वारा मेसैप सावरी सावरी- की सुन्दर प्रस्तुतियाँ देकर मंच सजाया।

झोड़ा प्रतियोगिता के 5 दलों की प्रस्तुति- संगीत संस्कृति फाउण्डेशन - नेतृत्व हरितिमा पंत, इन्दिरा नगर विस्तार- नेतृत्व माया बिष्ट, गोमती नगर- नेतृत्व राधिका बोरा, रामलीला समिति तेलीबाग- नेतृत्व राजेन्द्र सिंह बिष्ट, उत्तराखण्ड जन कल्याण समिति, विकास नगर- नेतृत्व हेमा तिवारी-पांचों झोड़ा दलों ने उत्तराखण्ड की मनमोहक लोककला की सुन्दर प्रस्तुति देकर दर्शकों का मन मोहा।

डांस उत्तराखण्ड डांस, सीजन-3 के द्वितीय राउण्ड के 3 दलों की प्रस्तुति -आर्टस एंड कल्चरल ग्रुप- हेमा बिष्ट के नेतृत्व में, कुटुम्ब ग्रुप मायापुरी- रश्मि रावत के नेतृत्व में, नई दिशाएं नैनीताल- किशन लाल के नेतृत्व में- तीनो दलों ने मनमोहक नृत्य कर धमाल मचाया तथा अगले राउण्ड हेतु अधिक से अधिक अंक प्राप्त करने की कोशिश की। संस्कृति विभाग, उत्तर प्रदेश के सहयोग से यश म्यूजिकल ग्रुप अयोध्या के कलाकारों द्वारा सुश्री संगीता आहूजा के नेतृत्व में बधावा लोक-नृत्य की सुन्दर प्रस्तुति देकर अपनी लोक कला का परिचय देकर तालियाँ बटोरी। उत्तराखण्ड के प्रसिद्ध गायक जिन्होंने अनेक उत्तराखण्डी गानों में अपनी आवाज देकर उन्हें सुपरहिट बनाया जितेन्द्र तोमक्याल एवं साथियों ने आज की शाम संगीता मैं फोन करूलो, छोरी राजनी, पानी पिलै दे पनेरा, नौपाटे घाघरी, हाथ पैरली घड़ी आदि सुनाकर दर्शकों को नाचने पर मजबूर किया।

# बाल रचनाकारों को मिले साहित्य अकादमी पुरस्कार

## बाल साहित्य को और दृष्टव्य, श्रव्य व पठनीय बनाया जाये : प्रो. सूर्य प्रसाद दीक्षित

वरिष्ठ संवाददाता (vol)






**लखनऊ।** बाल साहित्य रचने के लिए रचनाकारों कोबाल मनोविज्ञान और भाषा विज्ञान को आत्मसात करना चाहिए। आज कार्यशालाओं और अन्य प्रयासों से बच्चों के साहित्य को पठनीय, श्रव्य और दृश्यव्य बनाने की जरूरत है। ये विचार साहित्य अकादेमी दिल्ली के भागीदारी भवन गोमती नगर में आयोजित इस वर्ष के बाल साहित्य पुरस्कार अर्पण समारोह में मुख्य अतिथि प्रो.सूर्यप्रसाद दीक्षित ने रखे।

दो दिवसीय आयोजन के पहले दिन आज मुख्य अतिथि प्रो.दीक्षित ने विष्णु शर्मा के पंचतंत्र से लेकर द्विवेदी साहित्य युग, 18वीं सदी में लखनऊ में मुंशी नवल किशोर के बाल साहित्य प्रयासों और अवध क्षेत्र के बाल साहित्य की चर्चा करते हुए कहा कि प्रौढ़ जब बच्चे होकर लिखेंगे तभी सार्थक बाल उपजेगा। पराग, नंदन, गुड़िया, चंदामामा जैसी बाल पत्रिकाओं का नाम लेते हुए उन्होंने कहा कि बच्चों को रोमांचक खेल, साहसिक यात्राओं, महापुरुषों की जीवनी और प्रेरक प्रसंग आकर्षित करते हैं।

**बाल साहित्य :** समारोह की अध्यक्षता कर रहे अकादेमी के अध्यक्ष माधव कौशिक ने बाल साहित्य रचना सबसे बड़ा मिशनरी कार्य बताते हुए कहा कि जो भी लिखने वाला अपनी कलम शुद्ध करना चाहता है, उसे बाल साहित्य जरूर रचना चाहिए। एक ऐसा समय था जब बाल साहित्य लिखना बचकाना माना जाता था और हिंदी सहित दक्षिण भारतीय भाषाओं में भी बड़े रचनाकारों ने बाल साहित्य रचना छोड़ दिया था। खुशी है कि अब देश के अधिकांश राज्यों में बच्चों की अलग अकादमियां, पुरस्कार और योजनाएं चलाई जा रही हैं। प्रेरक बाल साहित्य लिखने को कठिन कार्य बताते हुए उन्होंने कहा कि अगर आतंकवादियों को बचपन में अच्छा साहित्य पढ़ने को मिलता तो वह आतंक नहीं इंसानियत अपनाते। वर्ष 2010 में प्रारम्भ किये बाल साहित्य पुरस्कारों की चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि यूरोप में बाल साहित्य और साहित्यकारों का यहां की अपेक्षा बहुत ज्यादा सम्मान है। पुरस्कार 2024 प्राप्त करने वाले लेखक रंजु हाजरिका- असमिया, दीपान्विता राय- बांग्ला, भार्जिन जेक'भा मोसाहारी- बोडो, बिशन सिंह दर्दी- डोगरी, गिरा पिनाकिन भट्ट- गुजराती, कृष्णमूर्ति बिलिगेरे- कन्नड़, मुजफ्फर हुसैन दिलबर- कश्मीरी, हर्षा सद्गुरु शेटये- कोंकणी, नारायणजी- मैथिली, उन्नी अम्मायंबलम्- मलयालम्, क्षेत्रिमयुम सुवदनी- मणिपुरी, भारत सासणे- मराठी, वसंत थापा- नेपाली, मानस रंजन सामल- ओड़िआ, कुलदीप सिंह दीप- पंजाबी, प्रहलाद सिंह झोरड़ा- राजस्थानी, हर्षदेव माधव- संस्कृत, दुगाई टुडु- संथाली, युमा वासुकि- तमिल और पामिदिमुक्कला चंद्रशेखर आजाद- तेलुगु को ताम्रफलक और 50 हजार रुपये की राशि देकर पुरस्कृत किया गया। समारोह में अंग्रेजी पुरस्कार विजेता नन्दिनीसेन गुप्ता- अंग्रेजी का पुरस्कार उनके प्रतिनिधि ने ग्रहण किया, जबकि देवेन्द्र कुमार- हिन्दी, शम्सुल इस्लाम फारुकी- उर्दू और अंग्रेजी पुरस्कार विजेता नन्दिनी सेन गुप्ता- अंग्रेजी का पुरस्कार उनके प्रतिनिधि ने ग्रहण किया, जबकि देवेन्द्र कुमार- हिन्दी, शम्सुर्रहमान फारुकी- उर्दू और लाल होतचंदानी सिंधी खराब स्वास्थ्य की वजह से नहीं आ पाये। सभी का आभार व्यक्त करते हुए केन्द्रीय साहित्य अकादेमी की उपाध्यक्ष कुमुद शर्मा ने बच्चों को अपने समाज का दर्पण बताया।

अमृतलाल नागर की किस्सागोई और आज के बच्चों की रचनात्मक और तार्किक क्षमता की चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि बाल साहित्य रचने के कल्पना की अलग उड़ान चाहिए। इससे पहले स्वागत करते हुए सचिव के श्रीनिवास राव ने कहा कि 70 सालों का साहित्यिक गतिविधियों के इतिहास में पहली बार तहजीब के गढ़ लखनऊ में बाल साहित्य पुरस्कार दिये जा रहे हैं। बाल साहित्य बच्चों को मनोवैज्ञानिक रूप से बच्चों को मजबूत करता है। साथ ही उन्हें कई तरह की पीड़ाओं से निकालता है। उम्मीद है पुरस्कृत रचनाकारों का साहित्य ज्ञान के नवाचार का प्रसार बच्चों में करेगा। इस अवसर पर प्रबुद्ध साहित्य प्रेमियों के संग डा. अमिता दुबे, दयानंद पांडेय, चन्द्रशेखर वर्मा, जाकिर अली रजनीश जैसे साहित्यकारों के संग संस्कृति कर्मी प्रतुल जोशी व अशोक बनर्जी आदि भी मौजूद थे। आयोजन के दूसरे दिन कल 15 नवंबर को सुबह 10 बजे से निराला सभागार हिन्दी संस्थान में पुरस्कृत बाल साहित्यकारों के साथ ह्यलेखक सम्मिलनह्ल होगा। सम्मिलन में पुरस्कार विजेता अपने वक्तव्य तथा रचनात्मक लेखन के अनुभव कुमुद शर्मा की अध्यक्षता में साझा करेंगे। दोपहर बाद ढाई बजे दूसरे सत्र में ह्यबाल लेखनः अतीत, वर्तमान और भविष्य विषयक संगोष्ठी होगी। गोष्ठी में विभिन्न भारतीय भाषाओं के साहित्यकार विचार व्यक्त करेंगे।

## ब्रिटिश उच्चायोग के प्रतिनिधिमंडल ने लविवि का किया दौरा



**लखनऊ।** ब्रिटिश उच्चायोग की कृषि टीम के एक प्रतिनिधिमंडल में अभिनव मलिक, वरिष्ठ व्यापार सलाहकार, खाद्य पेय, कृषि और कृषि तकनीक, ब्रिटिश उच्चायोग नई दिल्ली और जसदीप जस्सल, वरिष्ठ क्षेत्र प्रबंधक, व्यापार प्रमुख, कृषि, कृषि-तकनीक और खाद्य और पेय और ब्रिटिश उप उच्चायोग चंडीगढ़ शामिल थे, जिन्होंने लखनऊ विश्वविद्यालय का गुरुवार को दौरा किया और ब्रिटेन की कृषि पारिस्थितिकी तंत्र के साथ सहयोग के अवसरों का पता लगाने के लिए लखनऊ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय से मुलाकात की। अंतर्राष्ट्रीय सहयोग, संस्थागत समर्थन, द्विपक्षीय व्यापार और परीक्षणों के मुद्दों पर चर्चा की गयी, साथ ही खाद्य विज्ञान और प्रौद्योगिकी, सुगंधित पौधों और फसलों के प्रसंस्करण, मशरूम की खेती और प्रसंस्करण प्रौद्योगिकी और कई संबंधित मुद्दों के क्षेत्रों में द्विपक्षीय संचार और सहयोग की संभावनाओं पर विचार किया गया।

## रेलवे ने किया रिकॉर्ड संख्या में 7,724 पूजा विशेष ट्रेनों का संचालन

- पूर्वोत्तर रेलवे से/होकर 259 पूजा विशेष ट्रेनें 1,725 फेरों में चलाई जा रही हैं,
- पिछले वर्ष 147 विशेष ट्रेनें 556 फेरों में चलाई गई थीं
- गत वर्ष की तुलना में तीन गुना ज्यादा पूजा विशेष ट्रेनों का संचालन
- गोरखपुर जं. स्टेशन पर 5,000 यात्रियों को नि:शुल्क भोजन कराया गया

वरिष्ठ संवाददाता (vol)




**लखनऊ।** भारतीय रेल पर इस वर्ष दीपावली एवं छठ पर्व पर यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ को ध्यान में रखकर उनके सुगम आवागमन के लिये रिकॉर्ड संख्या में 7,724 पूजा विशेष ट्रेनों का संचलन किया जा रहा है। इसी क्रम में, पूर्वोत्तर रेलवे से/होकर 259 पूजा विशेष ट्रेनें 1,725 फेरों में चलाई जा रही हैं, जबकि पिछले वर्ष 147 विशेष ट्रेनें 556 फेरों में चलाई गई थीं। इस वर्ष पूर्वोत्तर रेलवे पर तीन गुना से अधिक विशेष ट्रेनों का संचलन किया जा रहा है, जो एक नया रिकॉर्ड है। 10 नवम्बर को इस रेलवे के गोरखपुर जं स्टेशन से रिकॉर्ड 201, गोंडा स्टेशन से 134 एवं छपरा स्टेशन से 106 ट्रेनों को आवागमन हुआ, जिससे यात्रियों को पर्व के उपरान्त अपने गंतव्य तक पहुँचने में काफी सुविधा हुई। यात्रियों की अतिरिक्त संख्या को देखते हुये स्टेशन पर उनकी सुविधा के लिये व्यापक प्रबन्ध किये गये हैं। रेलवे सुरक्षा बल (आर.पी.एफ.) द्वारा यात्रियों को कतारबद्ध तरीके से ट्रेन में प्रवेश कराया जा रहा है तथा वृद्ध एवं दिव्यांग यात्रियों को सकुशल ट्रेनों में बैठाया जा रहा है। रेलवे प्रशासन द्वारा पूजा पर्वों पर यात्रियों के सुगम आवागमन के लिये किये गये प्रबन्ध की यात्रियों द्वारा प्रशंसा की जा रही है। भीड़ प्रबन्धन के तहत गोरखपुर जं. सहित पूर्वोत्तर रेलवे के प्रमुख स्टेशनों पर यात्री होल्डिंग एरिया बनाये गये हैं, जिसमें सिटिंग एरिया में पर्याप्त बैठने की व्यवस्था के साथ उद्घोषणा प्रणाली, ट्रेन डिस्प्ले बोर्ड, सी.सी.टी.वी. कैमरे, निःशुल्क भोजन एवं पानी इत्यादि की व्यवस्था की गई है। गोरखपुर जं. पर यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ को ध्यान में रखते हुये 05 होल्डिंग एरिया बनाये गये हैं; जहाँ मोबाइल ट्वायलेट, हेल्प डेस्क, ट्रेन डिस्प्ले बोर्ड, उद्घोषणा प्रणाली, सिटिंग एरिया, सी.सी.टी.वी. कैमरा आदि की व्यवस्था की गई है। गोरखपुर जं. स्टेशन पर 30 अतिरिक्त सी.सी.टी.वी. कैमरों द्वारा मॉनिटरिंग की जा रही है। विभिन्न स्टेशनों पर आवश्यकतानुसार अतिरिक्त टिकट काउंटर खोले गये हैं। पूर्वोत्तर रेलवे के 72 स्टेशनों पर लगाये गये 108 ऑटोमेटिक टिकट वेंडिंग मशीन (ए.टी.वी.एम.) तथा 623 क्यू.आर. कोड के माध्यम से शीघ्र भुगतान होने से टिकटिंग में काफी कम समय लग रहा है। 5,000 यात्रियों को निःशुल्क भोजन कराया गया। इसके अतिरिक्त उन्हें बिस्किट एवं पानी की बोतलें निःशुल्क वितरित की गईं। स्टेशन पर साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखा जा रहा है।

04 नवम्बर को भारतीय रेल ने एक दिन में सबसे ज्यादा यात्रियों को यात्रा कराई। लगभग तीन करोड़ यात्री रेलवे में सवार हुये, जो ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड की संयुक्त आबादी से भी ज्यादा है। 04 नवम्बर को 120.72 लाख (19.43 लाख आरक्षित एवं 101.29 लाख अनारक्षित गैर-उपनगरीय) यात्रियों ने यात्रा की। 180 लाख उपनगरीय यातायात भारतीय रेल द्वारा नियंत्रित किया गया। यह चालू वर्ष के लिये एक दिन में यात्रियों की सबसे अधिक संख्या है।

## हुनरमंद हाथों के लिए बने हस्तशिल्प विश्वविद्यालय : अनारबेन पटेल

वरिष्ठ संवाददाता (vol)




**लखनऊ।** हस्तशिल्प कारीगरी पीढ़ी दर पीढ़ी का काम है। इन लोगों की पीढ़ियों के हाथों में हुनर होता है। पीढ़ी दर पीढ़ी इस काम में ज्यादातर बच्चे डिग्री, डिप्लोमा, यूजी व पीजी का कोई कोर्स नहीं कर पाते हैं। न ही इनके लिए किसी विश्वविद्यालय में अधिक संख्या में डिग्री, डिप्लोमा या पाठ्यक्रम में दाखिले के लिए छूट दी जाती है। ऐसे में हाथों के इन हुनरमंदों के लिए हस्तशिल्प (क्रॉफ्ट) विश्वविद्यालय बनाने की बहुत अधिक जरूरत है। यह बात ग्रामश्री और क्रॉफ्टरूट्स की संस्थापक और राज्यपाल आनंदीबेन पटेल की बेटी अनारबेन पटेल ने कही।

**80 से अधिक हस्तशिल्प कारीगर के स्टॉल:** गोमती नगर के दयाल पैराडाइज होटल में पत्रकारों से बातचीत में अनारबेन पटेल ने बताया कि क्रॉफ्टरूट्स प्रदर्शनी का शुभारंभ शुक्रवार सुबह कैसरबाग सफेद बारादरी में मुख्य अतिथि राज्यपाल आनंदी बेन पटेल करेंगी। प्रदर्शनी में डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य, औद्योगिक विकास मंत्री नंदी गोपाल नंदी आदि रहेंगे। प्रदर्शनी 19 नवंबर तक लगेगी। इस प्रदर्शनी में 18 राज्यों के हस्तशिल्प के 80 से अधिक कारीगर स्वयं अपनी दुकानें लगा रहे हैं। कारीगर के स्वयं बेचने पर हस्तशिल्प से जुड़े उत्पाद बड़े शोरूमों से कम दाम पर मिलेंगे। क्राफ्टरूट्स अब तक भारत के विभिन्न मेट्रो शहरों के साथ दुबई, अमेरिका, सिंगापुर और अन्य देशों में सात से अधिक प्रदर्शनी का आयोजन कर चुका है, जिससे भारतीय सांस्कृतिक कलाओं की पहुंच व्यापक हुई है।

**महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने का लक्ष्य:** अनारबेन ने बताया कि ग्राम श्री संगठन की शुरूआत वर्ष 1995 में गुजरात की पहली मुख्यमंत्री रहीं आनंदीबेन पटेल ने की थी। संगठन का उद्देश्य भारत की पारंपरिक और सांस्कृतिक कलाओं के साथ पीढ़ियों से संभाले हस्तकलाओं के कारीगरों को विश्व स्तर पर प्रदर्शित करना है, जिससे हस्तकला से उनकी आजीविका को विशाल मंच मिले। साथ ही लोगों में हस्तकला के प्रति जागरूकता लाने का प्रयास है। संगठन से अब तक देश भर में शहरी और ग्रामीण क्षेत्र की 75 हजार महिलाओं के जीवन को एक नई दिशा प्रदान की है, जिससे वह आत्मनिर्भर बन सकें। प्रेसवार्ता ग्राम श्री की संस्थापक अनार बेन पटेल के साथ ही संगठन की ट्रस्टी लीना रावल, झारखंड टसर सिल्क के कारीगर हासिम भाई, राजस्थान से अनिल वैष्णव व पश्चिम बंगाल से जामदानी बुनाई से जुड़ीं अर्पिता दास मौजूद रहीं। इन सभी ने अपने विचार व्यक्त किए। साथ ही अपनी हस्तकला और कौशल के बारे में जानकारी दी।

## बाल दिवस पर बच्चों ने दिखायी प्रतिभा



लखनऊ। लविवि के मालवीय सभागार में संस्कृतिकी के तत्वावधान में बाल दिवस के अवसर पर एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन गुरुवार को किया। इसमें विश्वविद्यालय के शिक्षकों और कर्मचारियों के बच्चों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों को सांस्कृतिक और साहित्यिक गतिविधियों में भाग लेने के लिए प्रेरित करना था। कार्यक्रम की शुरूआत कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय, प्रति कुलपति प्रो. मन्नुका खन्ना, हिमानी चौधरी आदि द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया। बच्चों ने नृत्य, संगीत और नाटक के माध्यम से अपनी कला का प्रदर्शन किया, जिससे दर्शकों का मन मोह लिया। कार्यक्रम में कविता पाठ, कहानी सुनाना और निबंध लेखन जैसी गतिविधियाँ शामिल थीं, जिसमें बच्चों ने अपनी रचनात्मकता को उजागर किया।

इस कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों के बच्चों ने भाग लिया, जिससे एकजुटता और सहयोग की भावना को बढ़ावा मिला।

## आरडीएसओ की ओर से रक्तदान शिविर का आयोजन

**लखनऊ।** आरडीएसओ अस्पताल में आज गुरुवार को डिपार्टमेंट ऑफ ट्रांसफ्यूजन मेडिसिन, केजीएमयू के सहयोग से स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। रक्तदान शिविर का शुभारंभ महानिदेशक आरडीएसओ, श्री उदय बोरवणकर के करकमलों द्वारा किया गया। इस शिविर में डिपार्मेंट ऑफ ट्रांसफ्यूजन मेडिसिन, केजीएमयू के विभागाध्यक्ष डॉक्टर तूलिका चंद्र का नेतृत्व रहा। इस शिविर में आरडीएसओ के कर्मचारियों, अधिकारीगण के साथ-साथ महानिदेशक महोदय, श्री उदय बोरवणकर ने रक्तदान किया एवं अन्य लोगों को भी रक्तदान हेतु प्रोत्साहित किया। डॉ. कमल किशोर, पीसीएमओ ने भी सभी को रक्तदान हेतु प्रेरित किया गया। इस शिविर के माध्यम से 39 यूनिट ब्लड इकट्ठा किया गया जिसके द्वारा कई जीवन बचाए जा सकते हैं। इस अवसर पर डॉ. ज्योत्सना, डॉ. अनुज कुमार सिंह, डॉ. मेराज अहमद, डॉ. सतीश कुमार, डॉ. मृदुल शुक्ला, डॉ. सुरजीत प्रताप सिंह एवं श्री ए.के. सोनी, निदेशक/भंडार भी मौजूद रहे।

## प्रकाशपर्व के पूर्व निकली प्रभात फेरी

लखनऊ। गुरु साहिब श्री गुरु नानकदेव जी के 555वें प्रकाश पर्व के अवसर पर शिव शान्ति संत आसुदाराम आश्रम, आलमबाग से गुरुवार को प्रभात फेरी निकाली गई। उत्तर प्रदेश सिंधी अकादमी के पूर्व उपाध्यक्ष नानक चंद्र लखमानी के नेतृत्व में प्रभात फेरी सुबह वंदन के साथ नटखेड़ा, रामनगर गली स्थित अमर शहीद सन्त कवंर राम दरबार से सिंगार नगर, स्नेहनगर होते हुए शिवशान्ति आश्रम पर सम्पन्न हुई। उन्होंने बताया कि प्रभात फेरी का छठा दिन था। शुक्रवार को आश्रम से यात्रा प्रारंभ होकर आलमबाग चौराहे पर संत कंवरराम प्रतिमा पर माल्यार्पण के बाद वापस आश्रम पर संपन्न होगी। यहां भंडारे में प्रसाद वितरित किया जाएगा।

## स्वामी विज्ञानानंद जी जामवंत के अवतार थे : स्वामी मुक्तिनाथानंद

लखनऊ। निराला नगर स्थित रामकृष्ण मठ में गुरुवार को स्वामी विज्ञानानंद जी की जयंती भव्य रूप से मनायी गयी। सुबह मंगल आरती व नारायण सूक्तम का पाठ हुआ। वहीं जय-जय रामकृष्ण भुवन मंगल का समूह गायन किया गया। शाम को रामकृष्ण मठ के अध्यक्ष स्वामी मुक्तिनाथानंद जी ने प्रवचन में कहा कि भगवान श्री रामकृष्ण ने स्वामी विज्ञानानंद के बारे में कहा था कि उन्होंने अपने पिछले अवतार में श्रीकृष्ण के साथ कुश्ती लड़ी थी। वे कोई साधारण व्यक्ति नहीं हैं। वे जामवंत के अवतार थे। उन्होंने कहा कि जामवंत को ब्रह्मा जी ने देवताओं की मदद करने के लिए बनाया था।

## उच्च उत्पादकता वाली प्रजातियों को विकसित करने ध्यान दें कृषि वैज्ञानिकः सूर्य प्रताप शाही



लखनऊ। भारतीय गन्ना शोध संस्थान लखनऊ में गुरुवार को भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद की क्षेत्रीय (उत्तर प्रदेश, बिहार, झारखंड) समिति चतुर्थ की 27 वीं बैठक आयोजित की गयी। प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए कृषि मंत्री ने कहा कि भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद द्वारा विगत वर्षों में कृषि क्षेत्र में अनुसंधान तथा प्रौद्योगिकी विकास के लिए तथा विभिन्न प्रकार के खाद्यान्नों को देशवासियों तक पहुंचाने में सफलता प्राप्त की है। इसके लिए हम अनुसंधान परिषद के सभी वैज्ञानिकों को बधाई देते हैं। इन्हीं के प्रयासों से हमारा देश पशुपालन और उद्यानिकी तथा कृषि क्षेत्र में निरंतर आगे बढ़ रहा है। उन्होंने प्रतिभागी वैज्ञानिकों से अपेक्षा की कि वह उच्च उत्पादन वाली प्रजातियों को विकसित करने की दिशा में कार्य करें। इस दौरान कृषि मंत्री बिहार सरकार मंगल पांडे (वर्चुअल), उत्तर प्रदेश गौ-सेवा आयोग के अध्यक्ष श्याम बिहारी गुप्ता, मुख्यमंत्री सलाहकार अवनीश अवस्थी, महानिदेशक भा.कृ.अनु.प (नई दिल्ली) हिमांशु पाठक, वित्तीय सलाहकार (यूपी) केवी राजू, उपमहानिदेशक कृषि प्रसार भा.कृ.अनु.प यूएस गौतम, उप महानिदेशक उद्यान विभाग भा.कृ.अनु.प संजय कुमार सिंह, निदेशक भा.ग.अनु. संस्थान लखनऊ आर. विश्वनाथन, निदेशक भा.स.अनु. संस्थान वाराणसी नागेन्द्र राय सहित कई अन्य कृषि वैज्ञानिक उपस्थित रहे।

## लविवि कुलपति ने पोस्टर किया विमोचन

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय के योग विभाग, फैकल्टी ऑफ योग एंड अल्टरनेटिव मेडिसिन, इंडियन योग फेडरेशन तथा यूपी नेचुरोपैथी एंड योग टीचर्स एंड फिजिशियन एसोसिएशन के संयुक्त तत्वावधान में 30 नवंबर से 1 दिसंबर 2024 तक 20वें राष्ट्रीय सेमिनार का आयोजन विश्वकर्मा सभागार लखनऊ विश्वविद्यालय द्वितीय परिसर जानकीपुरम लखनऊ में किया जा रहा है। सेमिनार के पोस्टर का विमोचन लखनऊ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने किया। कुलपति ने संगोष्ठी के सफल आयोजन के लिए शुभकामना व्यक्त की। कोऑर्डिनेटर डॉ अमरजीत यादव ने बताया कि सेमिनार के दौरान व्याख्यान सत्र, योगासन प्रदर्शन, साहित्य प्रदर्शनी, निःशुल्क योग परामर्श इत्यादि सत्रों का आयोजन किया जाएगा। पोस्टर विमोचन के अवसर पर प्रो. मनुका खन्ना, प्रति कुलपति प्रो. एके सोनकर, अधिष्ठाता योग एवं वैकल्पिक चिकित्सा संकाय उपस्थित थे।

## डावर बोस्टन स्कूल में मना चाचा नेहरू का जन्म दिवस

लखनऊ। आधार खेड़ा कुर्सी रोड स्थित डावर बोस्टन स्कूल में चाचा नेहरू के जन्म दिवस के अवसर पर बाल मेले का आयोजन स्कूल के विद्यार्थियों द्वारा किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में जुबली इंटर कॉलेज के रिटायर प्रधानाचार्य कृष्ण बहादुर सिंह, स्कूल प्रबंधन के सदस्य एनके शर्मा, प्रबंध निर्देशिका अर्चना त्रिपाठी मौजूद थी। बाल मेले का उद्घाटन चाचा नेहरू की प्रतिमा पर मालार्पण तथा दीप प्रज्वल करके किया गया इसके बाद स्कूल की प्रधानाचार्या सुषमा श्रीवास्तव ने सभी अतिथियों, बच्चों एवं अभिभावकों का तहे दिल से स्वागत किया। बाल मेले में बच्चों द्वारा फूड एवं गेम के स्टाल लगाए गए। जिसमें चाऊमीन, मैक्रोनी, भेलपुरी, समोसा, पानी के बतासे, चना चाट, सैंडविच पेस्ट्री, पॉपकॉर्न, वडा पाव, आदि के स्टॉल मुख्य थे।

# शादियों में गाई जाने वाली गारी लोक शैली है : मालिनी अवस्थी

- केकेसी में लिट फेस्ट के दूसरे संस्करण का शुभारंभ हुआ

वरिष्ठ संवाददाता (vol)






**लखनऊ।** श्री जय नारायण मिश्र पीजी कॉलेज में दो दिवसीय केकेसी लिट फेस्ट के दूसरे संस्करण का आयोजन हुआ। मुख्य अतिथि प्रख्यात लोक गायिका पद्मश्री मालिनी अवस्थी ने शुभारंभ किया। उन्होंने बताया कि संयुक्त परिवार ही आज संस्कृति की वास्तविक धरोहर है। पूरे विश्व में इसकी कमी है। मालिनी अवस्थी ने नवनिर्वाचित राष्ट्रपति ट्रंप की बात दोहराई। जिसमें उन्होंने कहा कि परिवार ही सब कुछ है और अब हमको अपने पुराने फॉर्मेट यानी संयुक्त परिवार की तरफ लौटना है। उन्होंने कहा कि यहीं लखनऊ के गणेशगंज में उनका ददिहाल था। गणेशगंज में जैसे पूरा लखनऊ बसता था। उन्होंने बताया कि गणेशगंज एक पूरी संस्कृति है। आज हम किस्सा सुनने के लिए किसी मंच या कलाकार को ढूंढते हैं। किंतु यह किस्से हमें सरलता से अपने घर के बुजुर्गों से सुनने को मिल जाते थे। जो रस उनके मुंह से इन किस्सों को सुनने में मिलता था, वैसा आनंद और कहीं नहीं था। उन्होंने कहा कि केकेसी में उनके ताऊ पंडित अमरनाथ मिश्रा भौतिक विज्ञान के प्रोफेसर थे। उनके यहां संयुक्त परिवार की प्रथा थी। उन्होंने कहा कि किस्सा सुनाने और सुनने वालों दोनों के पास इत्मिनान होना चाहिए। इस मौके पर महाविद्यालय मंत्री प्रबंधक जीसी शुक्ला समेत कई अन्य उपस्थित रहे।

**शादियों में गाई जाने वाली गारी लोक शैली है:** लिट फेस्ट-2 के प्रथम सत्र में मालिनी अवस्थी से डॉ. अंशुमालि शर्मा रूबरू हुए। एक सवाल के जवाब में पद्मश्री मालनी अवस्थी ने कहा कि शास्त्रीय संगीत का आनंद आप तभी ले सकते हैं जब आपको शास्त्रीय संगीत की समझ हो। किंतु लोक कलाएं सभी के हृदय पर राज करती हैं। उन्होंने उदाहरण दिया कि शादियों में गाई जाने वाली गारी एक अद्भुत लोक शैली है। भगवान राम ने भी अपने ससुराल में उन्हें सुनाए गए गारी के गीत आशीर्वाद के रूप में लिए। लोगों के कहने पर उन्होंने गारी की दो पंक्तियां कहीं गोरी से नैना लड़े होइहैं, जेल खाने में समधि पड़े होइहैं, खद्दर का कुर्ता, खद्दर का पजामा- उनके कुर्ता पर नंबर पड़े होइहैं... गाकर सुनाई। मालिनी अवस्थी ने हाल ही में दिवंगत भोजपुरी लोक गायिका शारदा सिन्हा के बारे में बताया कि लोग कहते हैं कि भोजपुरी को फिल्मों की वजह से समृद्धि मिली लेकिन मैं ऐसा नहीं मानती। भोजपुरी भाषा को जो प्रबलता शारदा सिन्हा से मिली वह अतुलनीय है। उन्होंने महाविद्यालय प्रबंधन से कॉलेज के छात्रों तक लोक कलाओं और लोकगीतों की शिक्षा देने की व्यवस्था करने को कहा। जिस पर महाविद्यालय प्रबंधन ने भी सहमति दी।

**सेवा और शौक दोनों व्यक्ति के लिए जरूरीः डॉ. हरिओम:** लिटफेस्ट के तीसरे सत्र में प्रो. अनिल त्रिपाठी ने प्रख्यात गजल गायक और आईएएस डॉ. हरिओम से गुफ्तगू की। एक सवाल के जवाब में डॉ. हरिओम ने कहा कि हिंदी कविता को समझने के लिए इसके व्यापक स्वरूप को समझना जरूरी है। डॉ. हरिओम ने कहा कि प्रशासनिक सेवा और अपने शौक में एक संतुलन बनाना था। क्योंकि सेवा और शौक दोनों ही व्यक्ति के लिए जरूरी होते हैं।

**फॉलेन इन लव नहीं राइजेन इन लव कहिए:** डॉ. हरिओम ने छात्र-छात्राओं से कहा कि जमीन, जुबान और तहजीब में हमेशा संबंध बनाकर रखें। कभी यह न कहें कि आई हैव फॉलेन इन लव, हमेशा कहें कि आई हैव राइजेन इन लव अर्थात प्यार में हम गिरे नहीं बल्कि हमारा उत्थान हुआ। इस कथन पर युवा छात्रों ने जमकर तालियां बजाईं। डॉ. हरिओम ने अपनी मशहूर गजल तेरे इश्क में मारा हुआ हूं मैं, सिकंदर हूं मगर हारा हुआ हूं मैं... भी गाकर सुनाई।

**प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए आठ घंटे की पढ़ाई पर्याप्तः** डॉ. हरिओम से छात्र-छात्राओं ने भी कई प्रश्न किए। छात्रों को जवाब देते हुए उन्होंने कहा कि यदि आप प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे हैं तो आठ घंटे की पढ़ाई पर्याप्त होगी। आठ घंटे आप जमकर सोएं और आठ घंटे आपका जो दिल करे वो कीजिए। उन्होंने असफल होने वाले छात्र-छात्राओं से कहा कि वह निराश न हों, किसी क्षेत्र में आप असफल होते हैं तो दूसरे क्षेत्र को चुनिए। हो सकता है उसमें आप शीर्ष पर जाएं।

## लखनवी तहजीब जानने के लिए चौक जाइएः आशुतोष शुक्ला

केकेसी लिटफेस्ट के दूसरे सत्र में प्राचार्य प्रो. विनोद चंद्र ने अतिथि वरिष्ठ पत्रकार आशुतोष शुक्ला का साक्षात्कार किया। उन्होंने कहा कि लखनवी तहजीब आज भी जिंदा है। अगर आपको इनको जानना है तो चौक में जाइए। लखनऊ के कायस्थ, खत्री, शियाओं, बाजपेई और जैन लोगों में अभी भी आप लखनऊ को ढूंढ सकते है। उन्होंने कहा कि लखनऊ की दो चीजें बड़ा मंगल और मोहर्रम सबसे बड़ी पहचान है। उन्होंने बताया कि पहले बड़ा मंगल ऐसे नहीं मनाया जाता था। केवल गुड और चने का प्रसाद मिलता था। लेकिन आज अच्छी बात है कि बहुत सारी चीजें बड़े मंगल पर भंडारा प्रसाद के रूप में वितरित होती है। उन्होंने लखनऊ के तीन साहित्यकारों रघुवीर सहाय, अमृतलाल नागर और भगवती चरण वर्मा की चर्चा की। वहीं उन्होंने यशपाल, केपी सक्सेना, योगेश प्रवीन और कुंवर नारायण आदि को लखनऊ का हस्ताक्षर बताया।

# कंपोजिट और कस्तूरबा गांधी बालिका इंटर कॉलेज का डीएम ने किया निरीक्षण

जिला संवाददाता(vol)

**कुशीनगर।** गुरुवार को जिलाधिकारी विशाल भारद्वाज विकास खंड दुदही के अंतर्गत द्वारा कंपोजिट उच्च प्राथमिक विद्यालय डाकनगर एवं कस्तूरबा गांधी बालिका इंटर कॉलेज दुदही का स्थलीय निरीक्षण किया गया। उच्च प्राथमिक विद्यालय में मिड डे मील पठन-पाठन की कक्षाएं विद्यालय परिसर में साफ सफाई, मिड डे मिल की मेन्यू के अनुसार भोजन की उपलब्धता, शौचालय की व्यवस्था तथा ऑपरेशन कायाकल्प के अंतर्गत 19 पैरामीटर का एवं कस्तूरबा गांधी बालिका इंटर कॉलेज दुदही में पाठन कक्षाएं, छात्रावास, किचेन, डाइनिंग हॉल, वार्डन कक्ष, कॉलेज परिसर का निरीक्षण कर आवश्यक जानकारी ली गई। तत्पश्चात छात्र छात्राओं की उपस्थिति, कक्षों की संख्या, शौचालय एवं विद्युत संयोजन की व्यवस्था , बाउंड्री वाल, शिक्षकों की संख्या, छात्रावास में रात के दौरान सुरक्षा के इंतेजाम की व्यवस्था, सिक्योरिटी से संबंधित आवश्यक जानकारी लेते हुए यथावश्यक दिशा निर्देश दिए गए।

**बालक बालिकाओं के मुख से निकली बाल मनोहारी कविताओं ने मोहा सबका मन**

बाल दिवस के अवसर पर भारत के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू के छायाचित्र पर माल्यार्पण हुआ श्रद्धा सुमन अर्पित कर उन्हें नमन किया गया। विद्यालय



परिसर में छात्र-छात्राओं के बीच मिठाइयां वितरित की गईं।

जिलाधिकारी ने विद्यालय परिसर में तथा कालेज परिसर में छात्र-छात्राओं से कविताएं, गीत, पहाड़ा एवं जीवन के ध्येय व लक्ष्य के बारे में संवाद कर जानकारी लिया। छोटे छोटे बालक बालिकाओं के मुख से निकली बाल मनोहारी कविताओं ने जिलाधिकारी समेत सबका मन मोह लिया। बड़े ही सरलता और सहजता से छात्राओं ने अपने मानसिक पटल में उत्पन्न भविष्य की सोच को तथा आगामी जीवन के लक्ष्य को जिलाधिकारी के समक्ष रखा। कस्तूरबा गांधी आवासीय कॉलेज की छात्राओं के जीवन के लक्ष्यों को जानकर जिलाधिकारी ने आगामी जीवन को लेकर ढेर सारी शुभकामनाओं के साथ साथ उनके उज्वल भविष्य की कामना की। जिलाधिकारी ने खूब मन लगाकर पढ़ने एवं अपने ध्येय को हासिल करने हेतु प्रेरित किया। इस दौरान बीएसए राम जियावन मौर्य, डीसी मनरेगा राकेश, बीडीओ दुदही रामराज कुशवाहा , प्राचार्य कंपोजिट उच्च प्राथमिक विद्यालय डाकनगर मनोज कुमार श्रीवास्तव, मंच संचालक रामेश्वर यादव, प्राचार्य व वार्डन कस्तूरबा गांधी कॉलेज के साथ साथ शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित रहें।

### बाल कॉर्निवाल का समापन कार्यक्रम हुआ आयोजित

**कुशीनगर।** मिशन शक्ति अंतर्गत जिला स्टेडियम रविन्द्र नगर धूस में बाल कार्निवाल का समापन कार्यक्रम आयोजित किया गया। सांसद विजय कुमार दूबे द्वारा द्वीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया। कार्यक्रम में जय प्रकाश नारायण सर्वोदय बालिका विद्यालय सिरसिया हेतिमपुर, स्तूरबा गाँधी आवासीय बालिका विद्यालय कसया, सुकरौली, सेवरही, विशुनपुरा, हाटा एवं उच्च प्राथमिक विद्यालय रविन्द्रनगर के सैकड़ों बच्चों द्वारा प्रतिभाग कर मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम में दौरान सांसद द्वारा शासन स्तर से संचालित महिलाओं एवं बच्चों से सम्बन्धित जनकल्याणकारी योजनाओं पर प्रकाश डालते हुए सभी बच्चों बच्चों के उज्वल भविष्य की कामना करते हुए आर्शीवचन प्रदान किया गया। कार्यक्रम के उपरान्त बच्चों को ट्रॉफी, मेडल, जलपान एवं शिक्षकगण को स्मृति चिह्न प्रदान किया गया।कार्यक्रम का संचालन अभिषेक कुमार सिंह द्वारा किया गया। इस दौरान भाजपा नेता चन्द्र प्रकाश यादव चमन, रामानुज मिश्रा, कुणाल राव, डा० आदर्शधर दूबे, विजय तिवारी तथा रवि निषाद जिला क्रीडा अधिकारी, कुशीनगर, विनय कुमार जिला प्रोबेशन अधिकारी, प्रसिद्ध कुमार राहुल के साथ-साथ अभिषेक कुमार सिंह प्रोजेक्ट कोऑर्डिनेटर चाइल्ड हेल्पलाइन (1098) कुशीनगर, श्रीमती रीता यादव सेंटर मैनेजर वन स्टाफ सेंटर, राहुल कुमार केस वर्कर चाइल्ड हेल्पलाइन कुशीनगर, मुनीष कुमार कुशवाहा सामाजिक कार्यकर्ता, विनय कुमार संरक्षण संरक्षण इकाई कुशीनगर आदि उपस्थित रहे।

संक्षेप

### 18 को मनेगी समाजवाद के प्रणेता रामकृपाल पांडेय उर्फ दाढ़ी बाबा की 40 वीं पुण्यतिथि '

**देवरिया** ।श्री कन्हैया राम कृपाल पांडे उर्फ दाढ़ी बाबा शिक्षण संस्थान धमउर विकास खंड देसही देवरिया के प्रबंधक /एवं जिला पंचायत सदस्य कमलेश पांडेय ने बताया कि स्वर्गीय रामकृपाल पांडे उर्फ दाढ़ी बाबा एक अच्छे लोक गायक कलाकार थे अच्छे खेल प्रेमी थे शिक्षा को बढ़ावा देने का काम करते थे अच्छे सामाजिक कार्यकर्ता थे गांव गरीब किसान मजदूर नौजवान के सच्चे हीमायती थे समय-समय पर हर तरह की मदद लोगों की किया करते थे

इसीलिए विद्यालय परिवार 18 नवंबर उनके पुण्यतिथि दिवस को प्रतिवर्ष शानदार ढंग से आयोजित कर क्षेत्र के उन तमाम प्रतिभाओं को आगे बढ़ाने के लिए प्रोत्साहित करता है '

कार्यक्रम के आयोजक जिला पंचायत सदस्य कमलेश पांडेय ने बताया कि 18 नवंबर के कार्यक्रम के मुख्य अतिथि देवरिया के जिला पंचायत अध्यक्ष पंडित गिरीश चंद तिवारी होंगे

मुख्य वक्ता के रूप में पूर्व एमएलसी राम अवध यादव तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में कुशीनगर लोकसभा के उम्मीदवार रहे अजय प्रताप सिंह पिंटू सिंह पथरदेवा विधानसभा से प्रत्याशी रहे परवेज आलम देसही देवरिया ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि इंजीनियर संजय तिवारी होंगे

तथा कार्यक्रम की अध्यक्षता राम प्रवेश यादव बबलू पूर्व अध्यक्ष जिला पंचायत देवरिया द्वारा किया जाएगा।

## कसया कस्बे में सड़क पर अतिक्रमण से मुश्किल में राहगीर



**कुशीनगर।** जिले के कसया कस्बे में जाम की समस्या दिन-प्रतिदिन बढ़ती ही जा रही है। बाजारों में दिनभर जाम लगे रहने से राहगीरों, वाहन चालकों व दुकानदारों को भी परेशानियों का समना करना पड़ रहा है। जाम से मुक्ति दिलाने के लिए प्रशासन द्वारा उठाए जा रहे सारे कदम नकारा साबित हो रहे हैं। सड़क व फुटपाथों पर अवैध कब्जे से लोगों की मुश्किलें बढ़ गई हैं ।काबिलेगौर हो कि अतिक्रमण ने कस्बे की सड़कों को इस कदर अपने आगोश में ले लिया है कि आए दिन छोटी मोटी घटनाएं होती रहती हैं। गांधी चौक से हाइवे ओवरब्रिज तक, गांधी चौक से बाईपास नहर सपहा रोड, बस स्टेशन से तहसील मुख्यालय पहुंचने वाली सड़क, शहीद अमित त्रिपाठी चौक, स्वास्थ केन्द्र, शहीद स्थल, गोलाबाजार सब्जी मंडी सहित अन्य सड़कों पर अतिक्रमण व वाहनों के तितर बितर खड़ा करने से दोपहिया वाहन चालकों को भी निकलने में दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। वहीं राष्ट्रीय राजमार्ग की पटरियों पर भी अस्थायी अतिक्रमण का समस्या बन गई है। वही सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के बाहर नाले व सड़क के पटरी अतिक्रमणकारियों द्वारा दुकान लगाने से जाम की समस्या विकट होती जा रही है। मरीजों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। दुकानों का सामान सड़कों पर सजा देने से वाहन चालकों को अगल-बगल से निकलना भी मुश्किल हो जाता है, जबकि सब कुछ देखते हुए भी प्रशासन इस समस्या पर चुप्पी साधे बैठा है। कस्बे में जाम की समस्या को लेकर एसडीएम कसया से पक्ष जानने का प्रयास किया गया, सीयूजी पर तीन बार रिंग बजा, लेकिन उनके द्वारा फोन नहीं उठाया गया।

## ट्रैक्टर की चपेट में आने से बाइक सवार युवक की मौत

**कुशीनगर।** जिले के तुर्कपट्टी थाना क्षेत्र के राष्ट्रीय राज मार्ग- 28 अमवा एसीआई गोदाम के पास गुरुवार को 11 बजे के करीब ट्रैक्टर की चपेट में आने से बाइक सवार एक युवक की घटना स्थल पर ही मौत हो गई, जबकि बाइक पर बैठा एक अन्य युवक घायल हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए भेजा ।जानकारी के अनुसार उक्त थाना क्षेत्र के गांव भेलया चंद्रौटा निवासी प्रवीण मणि त्रिपाठी पुत्र जितेन्द्र मणि त्रिपाठी उम्र 23 वर्ष व शिवम मणि त्रिपाठी वर्ष पुत्र अरविन्द त्रिपाठी उम्र 21 वर्ष फाजिलनगर से कसया के तरफ बाइक से जा रहे थे, जैसे ही वह राष्ट्रीय राज मार्ग- 28 अमवा एफसीआई गोदाम के पास पहुचे थे कि जोकवा बाजार से राग साइड से दक्षिणी लेन पर फाजिलनगर जा रहा ट्रैक्टर ट्राली की चपेट में आ गए। जिससे प्रवीण ट्रैक्टर के पहिए के नीचे आ गया। बुरी तरह से कुचल जाने के कारण घटना स्थल पर ही युवक की मौत हो गई। जबकि सड़क पर गिरने से शिवम त्रिपाठी गंभीर रूप से घायल हो गया। दुर्घटना को देख चालक ट्रैक्टर-टाली छोड़ कर फरार हो गया। दुर्घटना में घायल शिवम्का इलाज जिला अस्पताल में चल रहा है।

## बाल दिवस के अवसर पर स्कूल में विभिन्न प्रतियोगिताओं का हुआ आयोजन



**कुशीनगर।** बाल दिवस के अवसर पर विकास खण्ड फाजिलनगर के भठही दरियाव टोला स्थित एपेक्स पब्लिक स्कूल में विभिन्न प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। जिसमें बच्चों ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया।

कार्यक्रम में सबसे पहले देश के प्रथम प्रधानमंत्री पं जवाहर लाल नेहरू को याद करते हुए उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया। इसके बाद विभिन्न प्रतियोगिता जैसे निबन्ध, कविता, पेंटिंग, चित्रकला का आयोजन किया गया इसके बाद कबड्डी, रीले दौड़, खोखो, लांग जंप और दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। विभिन्न खेलों में प्रथम द्वितीय व तृतीय स्थान लाने वाले छात्र छात्रा पुष्पराज कुशवाहा, आदर्श कुशवाहा, नर्गिस खातून, जयराज, चेतन शुक्ला, हर्ष शर्मा, अराध्या मिश्रा, शिवांगी शर्मा, अंजलि कुशवाहा, साधना कुशवाहा, दिव्यांशु, आकाश को प्रधानाचार्य रामेश्वर सिंह ने मेडल व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन तूफानी प्रसाद ने किया ।इस दौरान वीरेंद्र मिश्रा, मुकेश पाण्डेय, नसीम अहमद, जितेंद्र गौतम, अनुराग मिश्रा, शालु मिश्रा, सब्बा खान, गरिमा, अंकिता कुशवाहा आदि शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित रहीं।

## बच्चों को नैतिक, सांस्कारिक शिक्षा दिलाने के लिए जागरूक हों: भदन्त ज्ञानेश्वर



**कुशीनगर।** जिले के कसया तहसील क्षेत्र के बनकटा बाजार स्थित माता यशोदा देवी विद्या निकेतन के परिसर में म्यांमार बुद्ध बिहार के प्रमुख एबी ज्ञानेश्वर का जन्मदिन समारोह पूर्वक मनाया गया। इस अवसर पर भन्ते ज्ञानेश्वर पर पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया ।गुरुवार को आयोजित कार्यक्रम में भन्ते ज्ञानेश्वर ने बुद्ध वन्दना किया और केक काटा। भन्ते ज्ञानेश्वर ने बुद्ध गमन मार्ग, बुद्ध के सिद्धान्त की चर्चा करते हुए कहा कि मेरे गुरु जी भिक्षु चन्द्र मणि ने कुशीनगर में शिक्षा व जन कल्याण की ज्योति जलाई। गुरु जी के आलोक में वर्मी मन्दिर धर्म, शिक्षा, सेवा के क्षेत्र में लगातार काम कर रहा है। आगे भी सेवा कार्य चलता रहेगा। बच्चों को नैतिक, सांस्कारिक शिक्षा दिलाने के लिए शिक्षक और अभिभावक जागरूक रहें। इसी से विकास होगा। छात्र - छात्राओं ने बुद्ध वन्दना की। प्रबन्धक केदारनाथ यादव सचिव राम गुलाब यादव, प्रधानाध्यापक संजय यादव व शिक्षकों ने भन्ते को अंगवस्त्र, चिवर दान दिया और उनके स्वस्थ दुघार्यु जीवन की कामना की। संचालन शायर मजीबुलल्लाह राही ने किया। इस अवसर पर वर्मा की मोए मोए हटवे, सुमा, भन्ते बचायना, विजेंदर प्रताप सिंह भगत, संजय सिंह, धनन्जय, विनय, राम सूचित कुशवाहा, पूर्व प्रधान केशव यादव, प्रधान बैजनाथ यादव, दिनेश यादव गोरख यादव, जितेंद्र गोंड़, गुड्डू कुशवाहा, पन्ना लाल, अनिल यादव, विवेकचंद्रिका यादव, दिनेश यादव, शशि यादव, प्रीति यादव, प्रभावती देवी, सरोज देवी, सच्चिदानंद पाण्डेय, नितेश शर्मा, रिंकु शर्मा, सविता देवी, स्नेहा गोंड़ सहित बच्चे मौजूद रहे।

## बाल एवं किशोर श्रम कानून का उल्लंघन संज्ञेय अपराध, दोषियों पर होगी सख्त कार्यवाही

**देवरिया** ।सहायक श्रम आयुक्त स्कन्द कुमार मिश्रा ने बताया कि बाल एवं किशोर श्रम (प्रतिषेध एवं विनियमन) अधिनियम 1986, जो 2016 में संशोधित हुआ था, इसके प्रावधानों के तहत 14 वर्ष तक के बच्चों को फैक्ट्रियों, कारखानों, दुकानों, घरेलू कार्य, शॉपिंग मॉल आदि में नियोजित करना संज्ञेय अपराध है। साथ ही, अधिनियम की धारा-3(ए) के तहत खतरनाक व्यवसाय जैसे ईंट भट्ठा, पत्थर कटाई, विस्फोटक निर्माण और फैक्ट्री अधिनियम 1948 के अंतर्गत आने वाले कार्यों में 18 वर्ष से कम उम्र के किशोरों को नियोजित करना भी संज्ञेय अपराध की श्रेणी में आता है। इस अधिनियम का उल्लंघन करने वाले दोषी नियोजकों को 6 माह से लेकर 2 वर्ष तक की सजा या 20,000 से 50,000 रुपये तक का जुमार्ना या दोनों सजाएं हो सकती हैं तहत धारा-3, 3(ए) और 14 का सारांश बाल श्रम निषेध का उल्लेख हिन्दी और अंग्रेजी में अमिट स्याही से प्रदर्शित करें।

## गरीब कल्याण की सभी योजनाओं का लाभ गरीबों के लिए: चारु चौधरी

**देवरिया** ।सदर विकासखंड के कंपोजिट विद्यालय बगहा मठिया परिसर में स्थित आंगनबाड़ी केंद्र पर आयोजित अन्नप्राशन एवम गोद भराई कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की उपाध्यक्ष श्रीमती चारु चौधरी ने कहा कि सरकार द्वारा चलाई जा रही सभी योजनाओं का लाभ गरीब लाभार्थियों तक पहुंचे यह सुनिश्चित करने की जरूरत है । उन्होंने गर्भवती, धात्री महिलाओं( 6 मा 7 माह से 3 वर्ष के ) बच्चों की माता और 3 वर्ष से 6 वर्ष के बच्चों से एक-एक कर केंद्र पर वितरित की जाने वाली सामग्री के बारे



में जानकारी ली। उन्होंने यह भी पूछा की सारी सामग्री समय से मिलती है कि नहीं ।

उन्होंने सुपरवाइजर से कहा कि उनके अंदर आने वाले सभी केदो पर यह सूची तैयार की जाए कि योजना का लाभ किसको मिला किसको नहीं मिला । उन्होंने अधिकारियों से यह भी कहा कि लाभार्थियों को रति रटायी बात करने के बजाय उनको योजना का लाभ मिले यह सुनिश्चित किया जाए। श्रीमती चौधरी ने उपस्तित अधिकारियों से अपने इस कार्य को पुनीत कार्य मानते हुए गरीब परिवार के नौनिहालों को लाभ देने की अपील किया ।अंत में उन्होंने सभी धात्री महिलाओं और बच्चों को फूल, बिस्किट ,आदि सामग्री वितरीत किया। उन्होंने बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना सहित उनको खूब सारा आशीर्वाद दिया। इस अवसर पर संचालिका मनभावती देवी सहायिका उर्मिल्कुमार राय ,रजनीकांत तिवारी, संध्या यादव ,सुमन चौहान तथा प्रधान प्रतिनिधि संतोष कुमार एवं रामवृक्ष, बदामी देवी, मीना देवी सहित भारी संख्या में महिलाएं बच्चे और ग्रामीण उपस्थित थे ।

## स्वयं सहायता समूहों को 15 करोड़ रुपये की धनराशि वितरित

**देवरिया।** उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत एक मेगा क्रेडिट कैंप का आयोजन विकास भवन स्थित गांधी सभागार में किया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता उत्तर प्रदेश शासन की राज्यमंत्री, ग्राम्य विकास विभाग, श्रीमती विजयालक्ष्मी गौतम ने की। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में जिलाधिकारी श्रीमती दिव्या मित्तल और मुख्य विकास अधिकारी श्री प्रत्यूष पाण्डेय उपस्थित रहे ।कार्यक्रम का शुभारंभ ग्राम्य विकास राज्यमंत्री श्रीमती गौतम ने दीप प्रज्वलित कर किया। उन्होंने राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के कार्यों की जानकारी देते हुए समूह की महिलाओं को प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा कि पहले जो महिलाएं घर की चौखट तक सीमित थीं, वे आज मिशन के प्रयासों से किसी भी मंच पर आत्मविश्वास के साथ अपनी बात रख रही हैं। प्रधानमंत्री जी के लखपति दीदी कार्यक्रम के माध्यम से महिलाएं विभिन्न आजीविका गतिविधियों में संलग्न होकर आत्मनिर्भर बन रही हैं। बीसी सखी कार्यक्रम के जरिए बैंक सुविधाएं ग्रामीण क्षेत्रों में पहुंचाई जा रही हैं, जिससे समूह सदस्यों को आय के साथ एक नया रोजगार




अवसर भी प्राप्त हो रहा है। मिशन के प्रयास से समूह सदस्यों को गुणवत्तायुक्त प्रशिक्षण दिया जा रहा है, जिससे उनके आत्मविश्वास में वृद्धि हुई है।

जिलाधिकारी ने कार्यक्रम में उपस्थित स्वयं सहायता समूह सदस्यों से बातचीत करते हुए उनके द्वारा बैंक क्रेडिट लिंकेज से प्राप्त ऋण से की जाने वाली आजीविका गतिविधियों की जानकारी ली। समूह सदस्यों ने अपने उत्पादित सामग्रियों के बाजार में आने वाली समस्याओं से अवगत कराया, जिस पर जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि स्वयं सहायता समूहों के उत्पादों के स्थानीय स्तर पर विपणन हेतु ॅदेवरिया मॉडलॅ विकसित किया जाए वित्तीय वर्ष 2024-25 में जनपद देवरिया को 6147 स्वयं सहायता समूहों के बैंक क्रेडिट लिंकेज का लक्ष्य निर्धारित किया गया है, जिसमें से अब तक 5347 स्वयं सहायता समूहों का बैंक क्रेडिट लिंकेज स्वीकृत किया जा चुका है। यह वार्षिक लक्ष्य का 87 प्रतिशत है। शासन के निदेर्शानुसार, अक्टूबर 2024 में मेगा क्रेडिट कैंप का आयोजन कर अधिक से अधिक स्वयं सहायता समूहों को बैंक क्रेडिट लिंकेज एवं ऋण वितरण कराया जा रहा है।

इसी क्रम में जनपद देवरिया में 1003 स्वयं सहायता समूहों का बैंक क्रेडिट लिंकेज स्वीकृत कर 15 करोड़ 3 लाख रुपये की धनराशि बैंक ऋण के रूप में निर्गत की गई है इस मेगा क्रेडिट कैंप के माध्यम से बैंक क्रेडिट लिंकेज में उत्कृष्ट कार्य करने वाले बैंक सखी, बैंक शाखा प्रबंधक एवं मिशन कर्मियों को सम्मानित किया गया। साथ ही, क्रेडिट लिंकेज से प्राप्त ऋण से उत्कृष्ट कार्य करने वाले स्वयं सहायता समूह सदस्यों को भी सम्मानित किया गया।

## जन शिकायतों का साथी निस्तारण अक्षम्य: जिलाधिकारी

**देवरिया,** ।जिलाधिकारी श्रीमती दिव्या मित्तल ने आईजीआरएस प्रकरणों के गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण में लापरवाही बरतने पर गहरी नाराजगी व्यक्त करते हुए 37 अधिकारियों के नवंबर माह के वेतन आहरण पर रोक लगा दी है। जिन अधिकारियों के वेतन आहरण पर रोक लगाई गई है, उनमें10 बीडीओ, 5 एडीओ पंचायत, विद्युत विभाग के दो अधिशासी अभियंता समेत डीपीआरओ, बीएसए, ईओ एवं एआरटीओ सहित विभिन्न अधिकारी शामिल हैं। डीएम ने कहा कि जन शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण शासन की प्राथमिकता का विषय है। शिकायतों का निस्तारण गुणवत्तापरक एवं तथ्यपूर्ण होना चाहिए।

सतही निस्तारण किसी भी दशा में स्वीकार्य नहीं है। असंतुष्ट फीडबैक की वजह से जनपद की रैंकिंग प्रभावित हो रही है। जनसुनवाई पोर्टल पर प्राप्त माननीय मुख्यमंत्री जी संदर्भ, सीएम हेल्पलाइन, ऑनलाइन सन्दर्भ, मंडलायुक्त संदर्भ, पीजी पोर्टल भारत सरकार एवं संपूर्ण समाधान दिवस तथा जिलाधिकारी जन सुनवाई में प्राप्त शिकायतों के निस्तारण समीक्षा में यह तथ्य सामने आया कि उक्त अधिकारियों द्वारा बार-बार निर्देश दिए जाने के बावजूद जन समस्याओं के निस्तारण में लापरवाही बरती जा रही है, जो अक्षम्य है।

डीएम ने कहा कि अक्टूबर माह में आईजीआरएस पोर्टल की रैंकिंग में जनपद को 39 वां स्थान प्राप्त हुआ था। रैंकिंग में सुधार होने पर ही वेतन आहरण पर विचार किया जाएगा। जिम्मेदार अधिकारी स्वयं आईजीआरएस प्रकरणों की आख्या देखे तथा आवश्यक प्रकरणों में स्थलीय निरीक्षण भी करें। शिकायतकर्ता से बात कर उसे तथ्यों से अवगत कराते हुए संतुष्ट करने का प्रयास करें।

जिन अधिकारियों का वेतन बाधित किया गया है, उनमें अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद देवरिया, अधिशासी अभियंता-जल निगम (ग्रामीण), अधिशासी अभियंता-आरईडी, अधिशासी अभियन्ता विद्युत सलेमपुर, अधिशासी अभियन्ता विद्युत देवरिया खण्ड, उप निदेशक कृषि विभाग देवरिया, खंड शिक्षा अधिकारी तरकुलवा, खंड शिक्षा अधिकारी सलेमपुर, खण्ड विकास अधिकारी देसही देवरिया, खण्ड विकास अधिकारी पथरदेवा, खण्ड विकास अधिकारी बरहज, खण्ड विकास अधिकारी भटनी, खण्ड विकास अधिकारी भलुअनी, खण्ड विकास अधिकारी भागलपुर, खण्ड विकास अधिकारी रामपुर कारखाना, खण्ड विकास अधिकारी रुद्रपुर, खण्ड विकास अधिकारी लार, खण्ड विकास अधिकारी सदर, जिला पंचायत राज अधिकारी देवरिया, परियोजना अधिकारी, डूडा देवरिया, पूर्ति निरीक्षक सलेमपुर, प्रभारी चिकित्साधिकारी/अधीक्षक तरकुलवा, प्रभारी चिकित्साधिकारी/अधीक्षक देसही देवरिया, प्रभारी चिकित्साधिकारी/अधीक्षक बनकटा, प्रभारी चिकित्साधिकारी/अधीक्षक बरहज, प्रभारी चिकित्साधिकारी/अधीक्षक भलुअनी, प्रभारी चिकित्साधिकारी/अधीक्षक रुद्रपुर, प्रभारी चिकित्साधिकारी/अधीक्षक लार, बेसिक शिक्षा अधिकारी, देवरिया, सब रजिस्ट्रार देवरिया, सहायक विकास अधिकारी तरकुलवा,विकास्अधिकारी लार, सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी देवरिया शामिल हैं।

## किसान एक उसकी समस्याएं अनेक

**देवरिया** । एक किसान ही है जिसको अपनी समस्याओं के हल के लिए अपने ही पसीना बहाना पड़ता है। समय आने पर ना तो सरकारी घोषणाएं और न ही योजनाएं उसकी चिंता को कम कर पाती है। सरकार द्वारा किसानों के जीवन में बेहतरीन लाने के लिए भले तरह-तरह की योजनाएं चलाई जा रही हों या घोषणाएंकी जा रही हो लेकिन बुवाई के समय जमीन पर औंधे मुंह गिर जाती है ।

इस समय किसान एक तरफ जहां धान की कटाई सुखाई और उसकी सही कीमत पानी के लिए हाथ पैर मार रहा है वही रबी की बुवाई की चिंता भी उसे सता रही है। सरकारी बीज गोदाम पर लगातार दौड़ के बाद भी उसे ना तो समय से बीज मिल पा रहा है और न ही खाद ।मजे की बात यह है कि इस वर्ष बीज पर सीधे अनुदान होने से किसानों बड़ी भीड़ सरकारी बीज गोदामो पर पहुच रही है ।बताया जा रहा है पहुच वाले किसान बीज उठाकर महंगे दाम पर बेच भी रहे हैं ।अधिकांश खासकर छोटे किसान कभी खेतों में तो कभी गोदाम पर दौड़ लगा रहा है ।

## स्मार्ट वैल्यू संस्था ने निकाली यातायात जागरूकता रैली




**बांदा।** आयुक्त, डीआईजी, डीएम व एसपी के निर्देश पर 30 नवंबर तक चलने वाले यातायात माह के तहत प्रतिदिन वाहनों की जांच के साथ-साथ लोगों को जागरूक करने का अभियान चलाया जा रहा है। अपर पुलिस अधीक्षक शिवराज, सीओ यातायात राजवीर सिंह के नेतृत्व में गुरूवार को संस्था स्मार्ट वैल्यू की ओर से अतर्रा चुंगी रोड में यातायात सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम तथा रैली का आयोजन हुआ। मुख्य अतिथि के रूप में यातायात प्रभारी राजेश चंद्र मिश्रा, सुनील सक्सेना, सदस्य जिला स्तरीय समन्वय दुर्घटना जांच समिति, मास्टर ट्रेनर पीयूष मिश्रा, कां0 धमेन्द्र सिंह, सुरजीत सिंह के सहयोग से स्मार्ट वैल्यू के अधिकारी एवं कर्मचारियों ने विशाल जन जागरूकता रैली आयोजित की। इसमें लगभग 2 सैकड़ा से अधिक लोग शामिल थे। उन्होने सड़क में यातायात नियमों का पालन करने की शपथ दिलाई तथा लोगों को यातायात नियमों के बारे में जानकारी दी। रैली में यातायात पालन के नारे लगाए गये। रैली अतर्रा चुंगी चैकी नरैनी रोड खूंटी तिराहा होते हुए वापस आकर समाप्त हुई। इस दौरान संस्था की ओर से सनोज कुमार सिंह, विनीत कश्यप, मजहर आलम, रविशंकर विश्वकर्मा, सोनू कुमार, अनिता विश्वकर्मा, पूनत रजत, पूजा कुशवाहा, अनिशा राठौर, नीरज अनुरागी, लक्ष्मी कुशवाहा, गोमती के साथ पूरी टीम की सहभागिता रही।

## जल जीवन मिशन: कार्यों, जलापूर्ति का डीएम ने किया स्थलीय निरीक्षण



**कुशीनगर।** डीएम विशाल भारद्वाज द्वारा विकास खंड दुदही के अंतर्गत ग्राम पंचायत मठिया माफी में जल जीवन मिशन के अंतर्गत कराए गए कार्यों, निमार्णाधीन ओवर हेड टैंक, पंप हाउस, मोटर पंप, स्वच्छ पेय जल आपूर्ति आदि कार्यों का निरीक्षण किया गया ।निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने एक्स ई एन जल निगम से ओवर हेड के प्रोजेक्ट कॉस्ट, जनसंख्या कवरेज, टैंक कैपिसिटी, कुल नल कनेक्शन की स्थिति, मोटर की क्षमता, पाइप लाइन बिछाने की लंबाई, रोड रेस्टोरेशन की स्थिति के बारे में जानकारी ली। जिस पर अधिशासी अभियंता जल निगम ने बताया कि फेज 2 के तहत यह प्रोजेक्ट स्वीकृत हुआ था इसका प्रोजेक्ट कॉस्ट कुल 606.08 लाख रुपये है, लगभग 7890 लोगों को इससे लाभान्वित हो सकेंगे, 16 किलोमीटर से अधिक पाइप लाइन का विस्तार हो गया है, 1253 के सापेक्ष 748 लोगों को हर घर नल जल के तहत कनेक्शन दिया जा चुका है एवं 15 एचपी पंप है। जिलाधिकारी ने निर्धारित 1253 नल कनेक्शन देने, शतप्रतिशत पाइप लाइन दिए। इस दौरान अधिशासी अभियंता जल निगम ग्रामीण, जेई समित वर्मा, डीसी मनरेगा राकेश, बीएसए राम जियावन मौर्य, विकास खंड अधिकारी रामराज कुशवाहा, जल निगम के कर्मचारी, ग्राम प्रधान, ग्राम विकास अधिकारी एवं ग्रामवासी उपस्थित रहे।

## ट्रेन की चपेट में आने से अधेड़ महिला की मौत

**कुशीनगर।** जिले के खड्डा थाना क्षेत्र के बंजारी पट्टी गांव के पास रेलवे ट्रैक पर गुरुवार को एक अधेड़ महिला ट्रेन के चपेट में आ गई जा जिससे उसकी मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का शिनाख्त कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया ।जानकारी के अनुसार बंजारीपट्टी गांव निवासी कुलमुन उम्र 50 वर्ष जो मानसिक रूप से बीमार चल रही थी। परिजन उसका लंबे समय से इलाज करा रहे थे लेकिन ठीक नहीं हो पा रही थी। गुरुवार को अचानक घर से निकलकर रेलवे ट्रैक की तरफ पहुंच गई। इस दौरान अचानक ट्रेन की चपेट में आ गई, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पर पहुंची स्थानीय पुलिस ने शव का शिनाख्त कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# एडीजे ने राजकीय संप्रेक्षण गृहों में जाकर बाल और किशोर अपचारियों को दीं जानकारियां

जिला संवाददाता(vol)

**ललितपुर।** आलोक कुमार पाराशर, जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, ललितपुर के निर्देशानुसार यशवन्त कुमार सरोज अपर जिला जज, सचिव की अध्यक्षता में बाल दिवस के अवसर पर राजकीय सम्प्रेक्षण गृह में कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। बाल कार्निवल के अन्तर्गत अपचारी किशोरों द्वारा निबन्ध प्रतियोगिता, पेटिंग प्रतियोगिताए, हस्त शिल्प कला, देश भक्ति गीत एवं नुक्कड नाटक आदि का आयोजन किया गया। प्रतिभागी अपचारी किशोरों को शील्ड वितरित कर पुरूस्कृत किया गया और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की गयी तथा अवगत कराया गया कि जिस गलती के कारण वह इस संस्थान में आये हैं, अब वह ऐसी गलती दुबारा नहीं करेंगें और अच्छे इंसान बनेगें। वहीं बाल दिवस के अवसर पर राजकीय बाल गृह बालक दैलवारा ललितपुर में कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

**● पुरस्कृत कर बच्चों का बढ़ाया हौसला**

बाल कार्निवल के अन्तर्गत बालकों द्वारा हस्त शिल्प कला, देश भक्ति गीत एवं नुक्कड नाटक आदि का आयोजन किया गया।

प्रतिभागी बालकों को शील्ड एवं मेडल वितरित कर पुरूस्कृत किया गया। कार्यक्रम में यशवन्त कुमार सरोज अपर जिला जज, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ललितपुर, श्रवण कुमार गुप्ता, डिप्टी डायरेक्टर महिला कल्याण विभाग झांसी, नन्दलाल, जिला प्रोबेशन अधिकारी ललितपुर, रामप्रताप अधीक्षक, केयरटेकर, शिक्षक-शिक्षिकायें एवं न्यायालय की ओर से कर्मचारी मौजूद रहे।



## संक्षेप

### ई-लॉटरी से 68 किसानों का कृषि यंत्रो के लिए चयन

**बांदा।** डीएम की मौजूदगी में गुरुवार को कलेक्ट्रेट सभागार में ई-लॉटरी के जरिए विभिन्न कृषि यंत्रों के लिए 68 किसानों का चयन किया गया। कृषि यंत्रीकरण की सभी योजनाओं के तहत 10 हजार रुपये से अधिक अनुदान वाले कृषि यंत्र, कृषि रक्षा उपकरण, कस्टम हायरिंग सेंटर, थ्रेसिंग फ्लोर, स्मॉल गोदाम की ई-लॉटरी जिला स्तरीय कार्यकारी समिति डीएलईसी की उपस्थिति में निकाली गयी। जिले के 343 किसानों ने आवेदन किया था। लेकिन लक्ष्य के अनुसार 68 किसानों के चयन के लिए ई-लॉटरी प्रक्रिया हुई। किसानों को उनके मोबाइल पर एसएमएस के जरिए चयन एवं बिल अपलोड के अंतिम तिथि की सूचना पोर्टल के माध्यम से दी गयी है। लक्ष्य की सीमा तक समय में यंत्र क्रय न करने की दशा में अवशेष लक्ष्यों के लाभार्थियों का स्वतः चयन हो जाएगा।

## जन सुनवाई कक्ष के नये भवन का शुभारंभ



**बांदा।** थाना कोतवाली देहात परिसर में बने नये उच्च स्तरीय जन सुनवाई कक्ष का पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल ने फीता काटकर शुभारंभ किया। आम लोगों की सुविधा को देखते हुए जनसुनवाई कक्ष का निर्माण किया गया है। इसमें थाना पहुंचकर शिकायत करने पहुंचे लोगों को कक्ष में बैठने के लिए कुर्सियों की पर्याप्त व्यवस्था की गई है। एक समय में ही अधिक संख्या में शिकायतकर्ता जनसुनवाई कक्ष में बैठकर बारी-बारी से अपनी-अपनी समस्याओं के संबंध में बात कर सकेंगे। एसपी अंकुर अग्रवाल ने कहा कि शिकायतकताओं की समस्याओं को भली-भांति सुनकर उनका निस्तारण किया जाएगा। भवन उद्घाटन के दौरान अपर पुलिस अधीक्षक शिवराज, क्षेत्राधिकारी नगर राजीव प्रताप सिंह, क्षेत्राधिकारी अतर्रा प्रवीण कुमार, क्षेत्राधिकारी यातायात राजवीर सिंह गौर के अलावा प्रभारी निरीक्षक कोतवाली देहात, उप निरीक्षक व पुलिसकर्मी, अन्य लोग मौजूद रहे।

## प्राथमिक विद्यालय में पंडित जवाहर लाल नेहरू का जन्म दिवस धूमधाम से मनाया



**नगीना, बिजनौर।** पंडित जवाहर लाल नेहरू का जन्म दिवस गुरुवार को बाल दिवस के रूप में मनाया गया। इस अवसर पर उच्च प्राथमिक विद्यालय की प्रतिभाशाली छात्राओं द्वारा बिजनौर में आयोजित मैथ ओलंपियाड में जनपद में प्रथम व पंचम स्थान व राष्ट्रीय आविष्कार अभियान में मॉडल बनाकर विशिष्ट उपलब्धि हासिल करने पर संकुल प्रभारी मनीष राणा द्वारा गिफ्ट देकर सम्मानित किया गया। पंडित जवाहर लाल नेहरू का जन्मदिवस 14 नवम्बर गुरुवार को बाल दिवस के रूप में मनाया गया अवसर पर उच्च प्राथमिक विद्यालय की प्रतिभाशाली छात्राओं सहरीन, मनु गोस्वामी, आसमा व श्रद्धा द्वारा बिजनौर में आयोजित मैथ ओलंपियाड में जनपद में प्रथम व पंचम स्थान व राष्ट्रीय आविष्कार अभियान में मॉडल बनाकर विशिष्ट उपलब्धि हासिल करने पर संकुल प्रभारी मनीष राणा द्वारा गिफ्ट देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर विद्यालय में मिष्ठान्न वितरण के साथ साथ खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन भी किया गया जिसमें बच्चों ने बढ़चढ़कर प्रतिभाग किया। इस मौके पर विद्यालय के इंचार्ज मुख्य अध्यापक सलीम जावेद, नरगिस सुल्तान, मीनाक्षी कपूर, नदीम अली आदि शिक्षक शिक्षिकाएं मौजूद रहे।

## तम्बाकू मुक्त युवा अभियान के तहत 140 विद्यालय कार्यक्रम आयोजित करायेगा स्वास्थ्य विभाग



**ललितपुर।** तम्बाकू मुक्त युवा अभियान 0.2 के अन्तर्गत जनपद के समस्त विद्यालयों को तम्बाकू मुक्त कराये जाने के सम्बन्ध में चिकित्सा विभाग के अधिकारियों-कर्मचारियों को विद्यालयों में कार्यक्रम आयोजित किये जाने के सम्बन्ध में एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें सिगरेट एवं अन्य तम्बाकू उत्पाद अधिनियम 2003 के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुये धारा 6 अन्तर्गत जनपद में संचालित विद्यालयों को तम्बाकू मुक्त विद्यालय घोषित किये जाने हेतु दिशा-निर्देष मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा0 इम्तियाज अहमद द्वारा दिये गये।

डा0 सौरभ सक्सेना डिस्ट्रिक पब्लिक हैल्थ स्पेषलिस्ट द्वारा यह जानकारी दी गयी कि वित्तीय वर्ष 2024-25 में जनपद के 140 विद्यालय कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे। यह कार्यक्रम राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम अन्तर्गत टीम द्वारा किये जायेंगे। डा0 सौरभ सक्सेना ने बताया गया कि अपने क्षेत्र के समस्त विद्यालयों में उपस्थित होकर छात्र-छात्राओं को तम्बाकू से होने वाले दुष्परिणामों के बारे में जागरूक करते हुये कोटपा 2003 की विस्तृत जानकारी दी जाये और तम्बाकू सेवन न करने की शपथ दिलाते हुये सम्बन्धित विद्यालय से तम्बाकू मुक्त घोषणा प्राप्त किया जाय। विष्व मधुमेय दिवस के अवसर पर उपस्थित को डायबिटीज के प्रकार लक्षण एवं उपचार के बारे में जानकारी दी गयी तथा डायबिटीज होने पर निकटतम स्वास्थ्य केन्द्र में जल्द से जल्द इलाज लेने के सम्बन्ध में बताया गया। इस अवसर पर उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा0 आषीश अग्निहोत्री, डा0 प्रदीप सिंह यादव, डा0 रूद्रप्रताप सिंह, डा0 सुखदेव पंकज, संजय त्रिपाठी, पवन कुमार आदि उपस्थित रहें। अन्त में डा0 रूद्रप्रताप सिंह बुन्देला जनपद सलाहकार द्वारा सभी का धन्यवाद ज्ञापित करते हुये कार्यक्रम का समापन किया गया।

## बजाज एनर्जी समूह बना उत्तर प्रदेश का बेस्ट एम्प्लॉयर ब्रांड 2024

जिला संवाददाता(vol)



**ललितपुर।** बजाज एनर्जी को विश्व एचआरडी कांग्रेस द्वारा उत्तर प्रदेश के बेस्ट एम्प्लोयर ब्रांड 2024 के रूप में पुरस्कृत किया गया है। समूह के सुपरक्रिटिकल थर्मल पावर प्लांट एलपीजीसीएल को ड्रीम कंपनी टू वर्क फॉर के रूप में सम्मानित किया गया है। यह प्रतिष्ठित सम्मान बजाज एनर्जी के उत्कृष्ट कार्यस्थल वातावरण और बजाज एनर्जी लिमिटेड (बीईएल) के तहत इसके सभी पांच बिजली संयंत्रों और ललितपुर पावर जनरेशन कंपनी लिमिटेड (एलपीजीसीएल) ललितपुर द्वारा स्थापित किए गए अनुकरणीय मानकों को मान्यता देता है। इसके अतिरिक्त, एलपीजीसीएल ने ड्रीम कंपनी टू वर्क फॉर (पावर सेक्टर) का प्रतिष्ठित खिताब अर्जित किया है, जो संगठन की मानव संसाधन और कार्यस्थल संस्कृति में उत्कृष्टता के लिए अटूट प्रतिबद्धता को दशार्ता है। यह पुरस्कार बजाज एनर्जी के एचआर हेड मोहित सक्सेना के साथ बीईएल के एचआर हेड प्रमोद त्रिपाठी और एलपीजीसीएल के जीएम अभिनव भारद्वाज ने प्राप्त किया।

**● एलपीजीसीएल को मिला ड्रीम कंपनी टू वर्क फॉर (पावर सेक्टर) का प्रतिष्ठित खिताब**

**● आयोजकों ने बजाज प्रबंधन का जताया आभार**

वर्ल्ड एचआरडी कांग्रेस द्वारा मिला सम्मान बजाज एनर्जी और एलपीजीसीएल को उन कंपनियों के एक विशिष्ट समूह में शामिल करता है, जिनकी दूरदर्शी रणनीतियाँ और कर्मचारी नीतियाँ कॉरपोरेट परिदृश्य को नया आकार दे रही हैं। 1992 में स्थापित, वर्ल्ड एचआरडी कांग्रेस मानव संसाधन क्षेत्र में नवाचार, सहयोग और परिवर्तनकारी प्रभाव का जश्न मनाने के लिए समर्पित एक विश्व स्तर पर सम्मानित संगठन है। पुरस्कार समारोह दुनिया भर के संगठनों को प्रतिभा को बढ़ावा देने और कर्मचारी अनुभव को बढ़ाने में उनके असाधारण योगदान के लिए सम्मानित होने का एक मंच प्रदान करता है। बजाज एनर्जी के प्रबंध निदेशक विनय कुमार सिंह वनकोटी और ललितपुर पावर जनरेशन कंपनी लिमिटेड के सीईओ एन सार ने सम्मान के लिए आयोजकों का आभार व्यक्त किया। वनकोटी ने कहा ये सम्मान हमारे कर्मचारियों के अथक प्रयास को दशार्ती हैं जो विकास को बढ़ावा देता है, नवाचार को प्रोत्साहित करता है, और कार्य संस्कृति को बनाए रखता है। बजाज एनर्जी में, हमारे कर्मचारी हमारी सबसे बड़ी संपत्ति हैं और हम उनकी भलाई और सफलता के लिए गहराई से प्रतिबद्ध हैं। हम इस सम्मान के लिए विश्व एचआरडी कांग्रेस को धन्यवाद देते हैं। बजाज एनर्जी के बारे में बजाज एनर्जी लिमिटेड, चेयरमैन कुशाग्र बजाज के नेतृत्व में बजाज समूह का हिस्सा है, जो ऊर्जा क्षेत्र में अग्रणी है, जो देश को शक्ति प्रदान करने और सतत विकास को आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है। उत्तर प्रदेश में 450 मेगावाट की क्षमता वाले पाँच अत्याधुनिक बिजली संयंत्रों और ललितपुर में 1,980 मेगावाट की क्षमता वाले सुपरक्रिटिकल थर्मल पावर प्लांट के साथ, बजाज एनर्जी विश्वसनीय और कुशल बिजली समाधान प्रदान करती है जो देश के विकास लक्ष्यों का समर्थन करती है। विश्व एचआरडी कांग्रेस के बारे में तीन दशक पहले स्थापित विश्व एचआरडी कांग्रेस ने लगातार ऐसे संगठनों को सम्मानित करती है जो लोगों के प्रबंधन में उत्कृष्टता रखते हैं और अभिनव मानव संसाधन कार्यों का प्रदर्शन करते हैं।

कांग्रेस में दुनिया भर से विचारक, मानव संसाधन पेशेवर और दूरदर्शी लोग शामिल होते हैं, ताकि वे अंतर्दृष्टि साझा कर सकें, सहयोग को बढ़ावा दे सकें और मानव संसाधन में सर्वश्रेष्ठ का जश्न मना सकें। ये पुरस्कार बजाज एनर्जी की अपनी रणनीतिक दृष्टि को आगे बढ़ाने और एक ऐसा कार्यस्थल विकसित करने की प्रतिबद्धता को दशार्ता हैं।

जैसे-जैसे बजाज एनर्जी बढ़ती और विकसित होती जा रही है, यह अपने कर्मचारियों को सशक्त बनाने और भारत के ऊर्जा परिदृश्य में योगदान देने के लिए समर्पित है।

## किशोरी को भगा ले गया दूसरे समुदाय का युवक, रिपोर्ट दर्ज

**सिरौली, बरेली।** एक किशोरी को प्रेम जाल में फंसाकर दूसरे समुदाय का युवक भाग ले गया। किशोरी के परिजनों की तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है। सिरौली कस्बे के एक युवक ने पड़ोसी गांव की एक किशोरी को अपने प्रेमजाल में फांस लिया और फिर उसे बहला-फुसलाकर भगा ले गया। किशोरी के परिजनों ने बेटी की तलाश भी की लेकिन नहीं मिल सकी। तभी उससे मिलने वाले दूसरे समुदाय के युवक पर भगा ले जाने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। मामला दो समुदायों के बीच का होने के कारण पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है। सिरौली थाना प्रभारी थाना अध्यक्ष प्रयागराज सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर मुकदमा पंजीकृत कर लिया गया है टीम गठित कर दी गई हैं जल्द ही आरोपी को गिरफ्तार किया जाएगा।

## महोबा एवं चरखारी मेले को मिले राजकीय दर्जा: गुरुदेव



**महोबा/चरखारी।** 141 वर्ष पुराने धार्मिक एवं ऐतिहासिक मेला चरखारी तथा 12वीं शताब्दी के चंदेल साम्राज्य के वैभव के प्रतीक महोबा के कजली मेला को राजकीय दर्जा दिए जाने की मांग भारतीय किसान संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष रामरतन गुरूदेव ने प्रदेश सरकार से की है। किसान नेता गुरूदेव ने प्रदेश के मुख्यमन्त्री सहित देश के प्रधानमन्त्री नरेन्द्र मोदी, राज्यपाल, मुख्य सचिव आदि को मांग पत्र भेजते हुए देश की मेला संस्कृति को संजोने तथा इनके वैभव को बरकरार कराए जाने की मांग की है साथ ही बुन्देलखण्ड क्षेत्र के सभी जनप्रतिनिधियों से भी मेलों को राजकीय दर्जा दिलाए जाने की मुहिम में शामिल होने का न्यौता दिया है। गुरूदेव ने कहा कि चरखारी मेला एक धार्मिक मेला है तथा 1883 से निरन्तर लगता आ रहा है साथ ही महोबा का कजली मेला भी एक एतिहासिक मेला है। उन्होंने का कि प्रदेश सरकार द्वारा इन महत्वपूर्ण मेलों को संरक्षित न किए जाने से मेले सिमटते नजर आ रहे हैं तथा स्थानीय संसाधनों से मेला संस्कृति समाप्त सी होती जा रही है। अपनी मांग पत्र में मेला के अलावा किसानों की ज्वलन्त समस्याओं जैसे फसलों का उचित दाम, खाद, बीज, पानी की समय से उपलब्धता कराए जाने की मांग रखी है। पर्यटन विकास को बढ़ावा दिए जाने के लिए चरखारी रियासत काल में बने मंगलगढ़ दुर्ग को डीआरडीओ से मुक्त कराते हुए पर्यटकों के लिए खोले जाने की मांग भी की गयी है।

## बाइक गिरने से महिला की मौत, मुकदमा दर्ज

**ललितपुर।** कोतवाली तालबेहट अन्तर्गत ग्राम म्यांव निवासी आकाश रायकवार पुत्र पप्पू ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि बीती 29 सितम्बर की शाम करीब 6 बजे वह मोटर साइकिल संख्या यू.पी. 94 बी.एक्स.8924 पर अपनी मां गुडडी पत्नी पप्पू को गांव से बैठाकर बांसी से तालबेहट आ रहा था। बताया कि वह बम्हौरीसर हाईवे पर राजर्षि पुरुषोत्तमदास टण्डन महाविद्यालय पहुंचा ही था कि तभी पीछे से आ रही मोटर साइकिल संख्या एम.पी.15 जेड.एफ.4398 के चालक ने तेजी व लापरवाही से उसकी बाइक को ओवरटेक करते हुये कट मार दिया, जिससे गाड़ी बहक गयी और वह गाड़ी व मां के साथ गिर पड़ा।

इस घटना में उसकी मां गंभीर रूप से घायल हो गयी, जिसे राहगीरों की मदद से उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र तालबेहट में भर्ती कराया गया।

## विकास निर्माण कार्यों की डीएम ने की समीक्षा



**बांदा।** जिले में विकास कार्यों के अंतर्गत निर्माण कार्यों की कार्यदायी संस्थाओं के अधिकारियों के साथ डीएम नगेन्द्र प्रताप ने समीक्षा बैठक की। उन्होने निर्देश दिए कि निर्माण कार्यों को गुणवत्ता के साथ तेज गति से समय सीमा के तहत पूरा कराएं अन्यथा कार्रवाई होगी। डीएम ने निर्माण कार्यों की समीक्षा करते हुए विद्युत सब स्टेशनों के निर्माण कार्यों, पावर स्ट्रक्चर व अन्य कार्यों को शीघ्र पूरा कराने के बारे में विद्युत विभाग के अधिकारियों एवं कार्यदायी संस्था को गति से काम पूरा कराने के निर्देश दिए। उन्होने राजकीय निर्माण निगम द्वारा पुलिस लाइन में बनाए जा रहे ट्रांजिट हॉस्टल के शेष बचे काम को शीघ्र पूरा कराने के निर्देश दिए। लोक निर्माण विभाग के अधिशाषी अभियंता को निर्देश दिए कि सड़कों के निर्माण कार्यों को माह नवंबर में अवश्य पूर्ण कराएं। बैठक में जानकारी दी गयी कि 54 सड़कों का निर्माण कार्य पूरा हो चुका है। शेष सड़कों का कार्य भी शीघ्र पूरा करने के डीएम ने निर्देश दिए। आयुर्वेदिक महाविद्यालय के ऑडिटोरियम व आवास कार्य को गति से पूरा कराने जल निगम के अधिकारियों को प्राधिकरण की पानी की टंकी का निर्माण दिसंबर तक पूरा कराने एवं पंप हाउस का भी कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। डीएम ने सेतु निगम द्वारा दुरेड़ी नरैनी रोड पर निमार्णाधीन झांसी-मानिकपुर रेलवे ब्रिज के कार्य की समीक्षा की और बचे कार्य को शासन से धनराशि की मांग कर तत्काल पूर्ण कराने के निर्देश अधिशाषी अभियंता सेतु निगम को दिए। ग्रामीण अभियंत्रण सेवा के निमार्णाधीन कार्यों की समीक्षा करते हुए कार्यों में गति लाने के साथ पूरा कराने के निर्देश दिए। उन्होने पीएम जीएसवाई के कार्य में भी तेजी लाने के निर्देश दिए। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी वेद प्रकाश मौर्य, अपर जिलाधिकारी अमिताभ यादव, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी, कार्यदायी संस्थाओं के अधिकारी मौजूद रहे।

**● गति से करायें कार्य अन्यथा कार्रवाई**

## प्राथमिकता और तत्परता के साथ उद्यमियों की समस्याओं का निस्तारण करें: डीएम




**बिजनौर।** जिलाधिकारी अंकित कुमार अग्रवाल की अध्यक्षता में गुरुवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिला उद्योग बंधु समिति, जिला निर्यात समिति, एमओयू क्रियान्वयन तत्र, पीएम विश्वकर्मा योजना, पीएम गतिशक्ति नेशनल मास्टर प्लान एवं मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान की बैठक आयोजित हुई।

जिलाधिकारी अंकित कुमार अग्रवाल ने ईएसआईसी अस्पताल/डिस्पेंसरी की समीक्षा के दौरान संबंधित को निर्देश दिए कि जिला मुख्यालय पर ईएसआईसी अस्पताल/डिस्पेंसरी स्थापित करने के लिए विभागवार सर्वे करना सुनिश्चित करें तथा इसके लिए एक बेहतर प्रेजेंटेशन बनाना भी सुनिश्चित करें। उन्होंने निर्देश दिए कि जल्द से जल्द सर्वे का कार्य प्रारम्भ कर दें और सभी कर्मचारियों को इसके प्रति जागरूक करना भी सुनिश्चित करें।

उन्होंने निर्देश दिए कि सर्वे से प्राप्त डाटा को ईएसआईसी के प्रतिनिधियों को उपलब्ध कराना भी सुनिश्चित करें। उन्होंने निवेश मित्र पोर्टल पर लम्बित विभागीय प्रकरणों का जल्द से जल्द निस्तारण करने के भी निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने उपायुक्त उद्योग को निर्देशित किया कि औद्योगिक विकास में गतिशीलता लाने के उद्देश्य से उद्यमियों के सम्मुख आने वाली समस्याओं का प्राथमिकता एवं तत्परता के साथ निराकरण सुनिश्चित किया जाए, ताकि जनपद का औद्योगिक विकास ओर अधिक तेजी से आगे बढ़ सके। उद्योग बंधुओं द्वारा बैठक में उद्योग हित के साथ जनहित से जुड़े कई मसले जैसे सड़क, स्वास्थ्य, बिजली, स्वच्छता, पर्यटन, भूमि आदि से जुड़े मसले उठाए गए, जिस पर जिलाधिकारी द्वारा संबंधित को जल्द से जल्द निस्तारण करने के निर्देश दिए गए। उन्होंने पीएम विश्वकर्मा योजना की समीक्षा के दौरान कहा कि लक्ष्य के सापेक्ष आवेदनों की संख्या को बढाना सुनिश्चित करें तथा योजना के तहत प्राप्त आवेदनों के त्वरित गति से निष्पादन करने के निर्देश सभी संबंधित अधिकारी को दिए। उन्होंने पीएम गतिशक्ति जिला समन्वय समिति के गठन करने के निर्देश संबंधित अधिकारी को दिए।

उन्होंने मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान के अंतर्गत प्रमुख बिंदुओं सहित बैठक के अन्य प्रकरणों की भी गहन समीक्षा कर उनसे सम्बन्धित विभाग के अधिकारियों को समयबद्ध तरीके से गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के लिए निर्देशित किया। बैठक के दौरान सभी उद्योग बन्धुओं द्वारा जिलाधिकारी एवं सभी संबंधित अधिकारियों का बिजनौर महोत्सव को भव्य रूप से सफलतापूर्वक सम्पन्न कराने के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी पूर्ण बोरा, अपर जिलाधिकारी प्रशासन विनय कुमार सिंह, उपायुक्त उद्योग अमित कुमार सहित जिले के उद्योग बन्धु एवं व्यापार बन्धु विकास कुमार अग्रवाल, मुनिश त्यागी, नितिन अग्रवाल सहित अन्य उद्योग बन्धु मौजूद थे।

## डीएम ने की चकबंदी कार्यों की समीक्षा



**महोबा।** जिलाधिकारी मृदुल चौधरी की अध्यक्षता में चकबंदी कार्यों की समीक्षा बैठक का आयोजन कलेक्ट्रेट सभागार में किया गया। बैठक में जिलाधिकारी द्वारा बन्दोवस्त अधिकारी चकबंदी व चकबंदी अधिकारी को निर्देश दिये गये है कि चकबंदी प्रकिया में चल ग्रामों की प्रगति बढ़ायें तथा ग्राम पुरवा जैतपुर के चक निर्माण होकर इसी माह नवम्बर में धारा 20 का प्रकाशन किया जाये। उन्होंने कहा कि ग्राम बरदा, खेड़ा व सिमरिया का आ. प. 41 व 45 तैयार कर धारा 52 की प्रगति माह दिसंबर व जनवरी तक पूर्ण कराएं। ग्राम बगराजन की प्रगति पूर्ण होकर धारा 52 का प्रकाशन दिनांक 4 नवंबर 2024 को किया जा चुका है। बैठक में अपर जिलाधिकारी न्यायिक शिशिर कुमार, उपजिलाधिकारी, चकबंदी अधिकारी, सहायक चकबंदी अधिकारी सहित चकबंदी से सम्बंधित अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

## लाखों की नकली खाद बरामद, किसी पर नहीं कार्रवाई

जिला संवाददाता(vol)



**बांदा।** जिलाधिकारी के निर्देश पर नकली खाद पर सख्त कार्रवाई हुई है, जिसके अंतर्गत नकली खाद की चेन तोड़ने के लिए रात भर छापे मारे गये हैं। बताया जा रहा है कि दो लोगों को नकली खाद के साथ हिरासत में भी लिया गया था लेकिन उन्हे बाद में छोड़ दिया गया। छापेमारी में जिस तरह से बरामदगी हुई है उससे यह साफ हो गया है कि बांदा में नकली खाद का बड़े पैमाने पर व्यापार चल रहा था आरोपियों की निशानदेही पर ओरन कस्बे में भी छापा मार गया। इस दौरान लाखों रुपये की नकली खाद, बोरी व बनाने का सामान बरामद किया गया है। ताबड़तोड़ छापों के बाद खाद माफियाओं में दहशत है, तमाम इस काले कारोबार से जुड़े लोग घर छोड़कर भाग खड़े हुए हैं। यह भी जानकारी मिली है कि गोदाम सील करने के बाद कृषि अधिकारी मामले को निपटाने में लगे हुए हैं। तहसीलदार नायब व पुलिस विभाग की देखरेख में यह कार्रवाई हुई है। छापेमारी के दौरान भारी मात्रा में नकली बोरियां भी बरामद हुई हैं। ओरन के श्रीराम गुप्ता व शिवहरे खाद भंडार में ताला तोड़कर हुई कार्रवाई के बाद दुकान सील कर दी गयी है।

**● डीएम के निर्देश पर ताबड़तोड़ छापे**

जिला कृषि अधिकारी ने खाद के सैंपल भरे हैं। परंतु दुकान और गोदाम सील करने के बाद चाभियां थाने में जमा नही की गयी हैं। यह मामले को सुल्टाए जाने की तरफ संकेत कर रहा है। बताया जा रहा है कि रात भर चली कार्रवाई में लगभग 5 लाख की खाद सील हुई है सील लगाकर जिला कृषि अधिकारी चाभियां स्वयं ले गये हैं। क्षेत्र में इस बात की चर्चा है कि कृषि अधिकारी जिलाधिकारी को भी गुमराह कर रहे हैं। नकली खाद बरामदगी के बावजूद भी एफआईआर न होना सवालिया निशान लग रहा है। सवाल इस बात का है कि खाद माफिया पर कृषि अधिकारी आखिर क्यों महेरबान हैं।

## डिप्टी डायरेक्टर ने बच्चों को दीं जानकारियां

ललितपुर। पूर्व माध्यमिक विद्यालय पनारी में बाल दिवस के उपलक्ष्य में उपनिदेशक महिला कल्याण झांसी मण्डल झांसी श्रवण कुमार गुप्ता ने विद्यालय का निरीक्षण किया। इस अवसर पर उन्होंने बच्चों द्वारा बनाये गई खाद्य सामग्रियों आदि को देखा।

डिप्टी डायरेक्टर ने पंडित जवाहरलाल नेहरू के बारे में बच्चों एवं कार्यालय स्टाफ को अवगत कराया और अपने विभाग महिला कल्याण की उत्तर प्रदेश की चल रही योजनाएं की जानकारियां दीं। उन्होंने महिला विधवा पेंशन योजना, सुमंगला योजना आदि एवं महिला हेल्पलाइन के बारे में भी बच्चों को जानकारी दी। इस मौके पर ग्राम प्रधान कुंवर बलवंत सिंह, लोकेंद्र राजा जिला प्रोबेशन अधिकारी नंदलाल सहित विद्यालय स्टाफ मौजूद रहा। आभार इंचार्ज प्रधानाध्यापक मोहम्मद जाकिर ने व्यक्त किया।

# चरम पर महंगाई

महामारी के दौरान दुनिया में अधिकांश देशों की सरकारों का राजस्व बहुत घट गया था। दूसरी तरफ महामारी के संकट से जनता को राहत देने के लिए सरकारों का खर्च बढ़ा और बड़े पैमाने पर वित्तीय घाटे और उधारी का सहारा लेना पड़ा। इन आपातकालीन उपायों से सरकारों को मदद मिली, लेकिन इससे मुद्रा प्रसार की स्थिति भी बनी और महंगाई धीरे-धीरे बढ़ने लगी। लेकिन जब रूस और यूक्रेन के बीच युद्ध छिड़ा और अचानक ग्लोबल सप्लाई बाधित हुई तो अचानक दुनिया भर में महंगाई का सैलाब आ गया। महंगाई ने इतना परेशान किया कि कई देशों में सरकारों का तख्ता पलट तक हो गया। लेकिन भारत इससे काफी हद तक बचा रह गया। इसका कारण यह था कि रिजर्व बैंक ने बहुत ही कंजर्वेटिव नीति अपनायी। जब दुनिया में भू-राजनीतिक तनाव बढ़ा, तो धीरे-धीरे चरणबद्ध तरीके से आरबीआई ने नीतिगत ब्याज दरों में वृद्धि करने, बाजार में तरलता सीमित करने सहित अनेक उपायों के जरिए महंगाई को काबू में रखा। लेकिन आरबीआई के प्रयासों का असर ऑटो, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स, एफएमसीजी, रीयल एस्टेट आदि पर ही अधिक पड़ता है। दैनिक जीवन में इस्तेमाल होने वाले दूध, सब्जी, खाद्य तेल, मसालों आदि पर इसका कोई विशेष असर नहीं पड़ता है। यही कारण है कि आरबीआई के प्रयासों के बावजूद बीते अक्टूबर महीने में हरी सब्जियों, प्याज, फल, लहसुन की कीमतें बढ़ीं। त्योहारों का असर भी हुआ और इस कारण अक्टूबर महीने में मुद्रास्फीति 14 महीने के उच्चतम स्तर पर पहुंच गयी। लेकिन यह बहुत अधिक दिनों तक परेशान नहीं कर पायेगी। सर्दी का मौसम शुरू होते ही हरी सब्जियों, साग, फल आदि की आपूर्ति बढ़ेगी और फिर महंगाई की दर सामान्य हो जायेगी।



**सर्दी के मौसम में बाजार में हरी सब्जियों, साग, प्याज, लहसुन व फलों की आपूर्ति बढ़ेगी, इससे मुद्रास्फीति की दर फिर सामान्य हो जायेगी।**

अक्टूबर में खुदरा महंगाई की दर 6.2 फीसद रही। यह बीते 14 माह में सबसे अधिक है। भारतीय रिजर्व बैंक के 4-5 फीसदी के संतोषजनक स्तर से भी अधिक। देश में हरी सब्जियों की कीमतें अक्टूबर में 42.2 फीसदी तक बढ़ी हैं। खाद्य और शीतलपेय वाले समूह में महंगाई सितंबर में 8.36 फीसदी थी, लेकिन अक्टूबर में बढ़ कर 9.69 फीसदी तक पहुंच गई। प्याज और लहसुन ने एक भी एक बार फिर से लोगों को परेशान किया। सब्जियां ही नहीं, अनाज, दालें, खाद, खाद्य तेल और खेती के लिए अनिवार्य वस्तुएं भी महंगी हुई हैं। किसानों को रबी की बोआई भी करनी है। लेकिन बाजार में खाद का संकट है। खाद की दुकानों के बाहर लंबी-लंबी लाइनें लगी हैं। खाद की जो बोरी 50 किलो की मिलती थी, वह अब कम कर दी गई है। लेकिन दाम बढ़े हैं। किसान औसतन सस्ती फसल कैसे बो सकता है और उसे न्यूनतम समर्थन मूल्य कैसे मिल सकता है? इस पर सरकार को ध्यान देना चाहिए। क्योंकि लागत कम होने और मूल्य अधिक मिलने से ही किसानों को खेती से मुनाफा बनेगा और उनकी आदमनी बढ़ेगी। भारत सरकार और रिजर्व बैंक ने मिल कर तय किया था कि खुदरा महंगाई दर 4-5 फीसदी के बीच रहनी चाहिए। आदर्श स्थिति 4 फीसदी की है। अभी तक कोशिशें भी की गईं कि महंगाई सीमा में रहे। लेकिन अब महंगाई की दर वहनीय सीमा से अधिक हो गयी है। सितंबर में खुदरा महंगाई दर 5.5 फीसदी पर पहुंच गई थी। बढ़ोतरी के संकेत वहीं से मिल गए थे। अब यह महंगाई दर 6.2 फीसदी पर है। ये तमाम आंकड़े भारत सरकार के सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय ने जारी किए हैं। जो संगठन निजी क्षेत्र में सक्रिय हैं, उनका डाटा भिन्न हो सकता है और महंगाई दर और भी ज्यादा हो सकती है। बहरहाल अभी जो चुनाव हो रहे हैं उनमें महंगाई प्रमुख चुनावी मुद्दा नहीं है। चुनावों में मुफ्त की योजनाओं और रेवड़ियों की प्रतिद्वंद्विता है। महंगाई के अलावा बेरोजगारी, शिक्षा, स्वास्थ्य सरीखे मुद्दों पर कभी भी जनादेश तय नहीं होते, जबकि ये आम आदमी की बुनियादी समस्याएं और जरूरतें हैं। दरअसल जब चुनावों में आम जनता की बुनियादी समस्याओं पर चर्चा नहीं होती है, तो इससे पार्टियों, नेताओं और सरकारों को देश की वास्तविक चुनौतियों से बचकर निकलने का मौका मिल जाता है। यह प्रवृत्ति एक स्वस्थ लोकतंत्र के लिए ठीक नहीं है।

## विचार

घृणा से घृणा को नष्ट नहीं किया जा सकता। घृणा को दूर करने के लिए प्रेम की आवश्यकता है।

–महावीर स्वामी.

चापलूस इसलिए आपकी चापलूसी करता है क्योंकि वह आपको अयोग्य समझता है। लेकिन आप उसके मुंह से अपनी प्रशंसा सुनकर फूले नहीं समाते हैं।

–टॉलस्टॉय.

पापी पेट तू सब कुछ कर सकता है। मान और अभिमान, ग्लानि और लज्जा, ये सब चमकते हुए तारे, तेरी काली घटाओं की ओट में छिप जाते हैं।

–प्रेमचंद.

मनुष्य भले ही राजनीतिक एवं सामाजिक स्वतंत्रता प्राप्त कर ले, पर यदि वह अपनी वासनाओं का दास है तो वह यथार्थ मुक्ति का पवित्र आनन्द अनुभव नहीं कर सकता।

–स्वामी विवेकानन्द.

# ग्लोबल वार्मिंग के संकट से कराह रहीं नदियां



वीना सुखीजा

**ब्रह्मपुत्र पूर्वोत्तर भारत की सबसे महत्वपूर्ण नदी है। इसका उद्गम तिब्बत में मानसरोवर के पास है। इसे तिब्बत में त्सांगपो कहा जाता है। भारत में यह अरुणाचल प्रदेश से प्रवेश करती हैं और असम होते हुए बांग्लादेश जाती हैं। अपनी इस यात्रा के दौरान ब्रह्मपुत्र पूर्वोत्तर भारत की कई भौगोलिक संस्कृतियों और आर्थिक भूमिकाओं को रेखांकित करती हैं।**

नदियां जीवनदायिनी होती हैं। नदी के किनारे ही इंसान जन्मा है और नदियों के किनारे ही दुनिया की सभी सभ्यताएं और संस्कृतियां फली फूली हैं। धरती में नदियों के बिना जीवन की कल्पना नहीं की जा सकती। लेकिन जलवायु परिवर्तन, बढ़ती आबादी और नदियों के प्रति आम लोगों की उदासीनता के चलते धरती में जल संकट तो गहराया ही है, अब नदियों के अस्तित्व पर भी संकट के बादल मंडरा रहे हैं। इसलिए नदियों का न केवल संरक्षण जरूरी है बल्कि हमें अपनी नई पीढ़ियों को इनके प्रति संवेदनशील बनाना भी जरूरी है ताकि इनका अस्तित्व बचा रहे और धरती में इंसानी सभ्यता और संस्कृति भी हमेशा की तरह फलती फूलती रहे। इन दूरगामी मानवीय उद्देश्यों की पूर्ति हेतु जरूरी है कि हमारे अखबार के पाठक अपनी महान नदियों के बारे में जानें, उनके आर्थिक, सांस्कृतिक और भौगोलिक महत्व को समझें और इनके प्रति संवेदनशील हों। अतः अब से हम महीने में एक बार देश की किसी एक महत्वपूर्ण नदी के बारे पाठकों को बताया करेंगे। उम्मीद है यह मासिक कालम हमारे सुधी पाठकों के लिए उपयोगी होगा। संपादक-इमेज रिफ्लेक्शन सेंटर, ब्रह्मपुत्र पूर्वोत्तर भारत की सबसे महत्वपूर्ण नदी है। इसका उद्गम तिब्बत में मानसरोवर के पास है। इसे तिब्बत में त्सांगपो कहा जाता है। भारत में यह अरुणाचल प्रदेश से प्रवेश करती हैं और असम होते हुए बांग्लादेश जाती हैं। अपनी इस यात्रा के दौरान ब्रह्मपुत्र पूर्वोत्तर भारत की कई भौगोलिक संस्कृतियों और आर्थिक भूमिकाओं को रेखांकित करती हैं। अरुणाचल प्रदेश पूर्वोत्तर भारत का द्वार है। इसलिए यह अरुणाचल प्रदेश की ही नहीं समूचे पूर्वोत्तर की सर्वाधिक महत्वपूर्ण नदी है। अरुणाचल प्रदेश में ब्रह्मपुत्र को सियांग कहते हैं और जब यह अरुणाचल से असम में प्रवेश करती हैं, तो इसका नाम ब्रह्मपुत्र हो जाता है। ब्रह्मपुत्र के रूप में ही यह बांग्लादेश में प्रवेश करती है। ब्रह्मपुत्र पूर्वोत्तर की जीवनधारा है। यह यहां के समाज और संस्कृति को गहरे तक प्रभावित करती है। ब्रह्मपुत्र के किनारे रहने वाली समस्त जातियां अपनी जीविका के साधनों





के लिए ही नहीं बल्कि अपने सारे सांस्कृतिक क्रियाकलापों और कर्मकांडों के लिए भी ब्रह्मपुत्र पर निर्भर है। इनकी जिंदगी के हर पहलू पर यह नदी जीवन आधार की तरह शामिल रहती है।

## जलवायु परिवर्तन

पूर्वोत्तर के लोग खेती के लिए बड़े पैमाने पर ब्रह्मपुत्र के पानी पर निर्भर हैं। इसी नदी से यहां के लोगों को बड़े पैमाने पर मछलियां और पीने का पानी भी हासिल होता है। जीवन के साधनों की तरह ही पूर्वोत्तर के लोगों को अपनी कला, संगीत और सांस्कृतिक गतिविधियों का आधार भी ब्रह्मपुत्र से हासिल होता है। नदियां हमेशा से इंसान के जीवन का मूल आधार रही हैं। दुनिया की सारी सभ्यताओं का जन्म नदियों के किनारे ही हुआ। चाहे भारत में सिंधु नदी घाटी की सभ्यता हो या मिस्र में नील नदी घाटी की सभ्यता। सब नदियों के किनारे ही पनपी और फूली फली हैं। भारतीय संस्कृति में तो नदियों को मां कहकर संबोधित किया जाता है। इससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि हमारे लिए नदियों का कितना महत्व है। जहां तक ब्रह्मपुत्र के महत्व की बात है तो 2900 किलोमीटर लंबी यह नदी हिमालय से निकलकर पूर्वोत्तर की घाटियों और मैदानों को समृद्ध बनाती है। असम के मैदानों में ब्रह्मपुत्र काफी चौड़ी हो जाती है, जिससे इसकी जलधारण की क्षमता बहुत ज्यादा बढ़ जाती है। ब्रह्मपुत्र की सहायक नदियां जैसे-लोहित, दिहांग और दिबांग, अपनी जलराशि से इसे विशाल नद में परिवर्तित कर देती हैं। हालांकि ब्रह्मपुत्र पूर्वोत्तर में अकसर आने वाली बाढ़ का प्रमुख कारण भी बनती है, जो कई बार बहुत विनाशकारी होती है। लेकिन इसके अपने फायदे भी हैं। बाढ़ के चलते क्षेत्र में प्राकृतिक उर्वरता का संचार होता है। दरअसल बाढ़ का पानी अपने साथ तरह तरह की मिट्टी और पोषक तत्व लेकर आता है, जिससे बाढ़ के बाद बाढ़ वाले क्षेत्र बेहद उपजाऊ हो जाते हैं। असम के मैदानी क्षेत्रों में चावल, सरसों के बड़े पैमाने पर होने वाली शानदार खेती का एक कारण बाढ़ के जरिये उर्वर होने वाली मिट्टी भी है। ब्रह्मपुत्र का सिर्फ पूर्वोत्तर के संदर्भ में ही महत्व नहीं है।

समूचे भारत के संदर्भ में भी इसका बहुत महत्व है। असम और अरुणाचल प्रदेश की जनजातियां इस नदी में बहुत गहरे तक समायी हुई हैं। नदी किनारे रहने वाली विशेषकर मिसिमी, निशि और बोरो जातियां ब्रह्मपुत्र को बहुत पवित्र मानती हैं। उनके सभी धार्मिक और सांस्कृतिक क्रिया कलापों में ब्रह्मपुत्र का शामिल होना जरूरी है। असम में लगने वाला विश्व प्रसिद्ध अंबुबासी मेला, कामाख्या मंदिर के परिसर में इसी नदी के तट पर लगता है। इसी तरह माघ बिहू और रोंगाली बिहू की इंद्रधनुषी छटा भी इस ब्रह्मपुत्र के तट पर बिखरती है। जैसे उत्तर भारत में गंगा नदी की पूजा होती है, वैसे ही पूर्वोत्तर में ब्रह्मपुत्र की पूजा होती है। गंगा की तरह पूर्वोत्तर के लोग ब्रह्मपुत्र को मां का दर्जा देते हैं। यहां के लोगों के सुख, दुख में गाये जाने वाले गीतों, सुनायी जाने वाली कहानियों और ध्वनित होने वाली संगीत लहरियों में ब्रह्मपुत्र नदी धड़कती है। ब्रह्मपुत्र की पूजा केवल धार्मिक भावनाओं को ही नहीं बल्कि पर्यावरण संरक्षण की भावना को भी दशार्ती है। ब्रह्मपुत्र नदी का इस्तेमाल पूर्वोत्तर में परिवहन के एक बड़े साधन के रूप में भी सदियों से हो रहा है। इसके चलते असम और अरुणाचल प्रदेश के लोग सदियों से आपस में व्यापार करते हैं और एक दूसरे के यहां सहजता से आवागमन करते हैं। हाल के सालों में भारत सरकार ने इस नदी को एक बेहतर जलमार्ग के रूप में विकसित करने के लिए कई महत्वपूर्ण योजनाएं शुरू की हैं। ब्रह्मपुत्र नदी का भारत ही नहीं बल्कि समूचे दक्षिण एशिया के लिए अत्यधिक पर्यावरणीय महत्व है।

इस नदी का जलस्तर और प्रवाह हिमालय के ग्लेशियरों पर निर्भर करता है। क्योंकि हाल के दशकों में लगातार धरती का तापमान बढ़ रहा है, इसलिए ग्लेशियरों की पिघलने की रफ्तार काफी ज्यादा है, इस कारण ब्रह्मपुत्र का जलस्तर लगभग पूरे साल ही ऊंचा रहता है। लेकिन यह चिंता का विषय भी है कि अगर इसी तरह ग्लेशियर पिघलते रहे, तो एक ऐसा समय भी आ सकता है, जब पिघलने के लिए ग्लेशियर ही न बचें, तब ब्रह्मपुत्र में पानी का अभाव होगा। ब्रह्मपुत्र देश की सबसे ज्यादा जैव विविधता से सम्पन्न नदी है। इसमें डॉल्फिन सहित दर्जनों तरह की मछलियां और दूसरे जलीय जीव रहते हैं। असम में यह नदी काजीरंगा नेशनल पार्क और मानस नेशनल पार्क जैसे विश्व धरोहर स्थलों से भी होकर बहती है। इस तरह यह नदी पूर्वोत्तर ही नहीं बल्कि समूचे भारत की धड़कन है। जलवायु परिवर्तन से जितना संकट पूर्वोत्तर की ब्रह्मपुत्र नदी पर है। उतना ही या उससे भी ज्यादा संकट ग्रस्त गंगा, यमुना, नर्मदा, राप्ती घाघरा जैसी नदियों पर है। छोटी-छोटी नदियां जो जल संग्रहण की प्रमुख स्त्रोत थीं, उनका अस्तित्व तो अब लगभग खत्म होने के कगार पर पहुंच गया है।

## सोशल मीडिया

झारखंड की जनता एक स्वर में भजपा की प्रचंड विजय का उद्घोष कर रही है, यह उत्साह बता रहा है कि बेरमो विधान सभा में सुशासन और विकास का कमल खिल ने जा रहा है। सीएम योगी.



भजपा सरकार को चुनावी गणित समझ आते ही जब अपनी हार सामने दिखी तो वो पीछे हटी पर उसका घमंड बीच में आ गया इसलिए वो आधी मांग ही मान रही है। अखिलेश यादव



यूपी के पूर्व मुख्यमंत्री श्री अखिलेश यादव को छात्रों के मुद्दों पर बोलने का नैतिक अधिकार नहीं है, उन्हें अपने शासन काल में हुई भर्तियों में भ्रष्टाचार याद करना चाहिए। केशव प्र.



# उपासना के फल

## अंतर्दृष्टि

साधना उपासना की महान महत्ता का यह प्रतिपादल भरतीय दर्शन और योग शास्त्रों में पग-पग पर मिलता है। इतने पर भी यह देखा गया है कि कई बार विधि विधान का पालन करते हुए भी लोग साधना उपासना के वह लाभ प्राप्त नहीं कर पाते जिनका इस तरह उल्लेख मिलता है। उसका कारण होता है वातावरण का प्रभाव। यह सच है कि अनेक प्राणवान व्यक्ति अपनी तप साधना और संकल्प शक्ति से वातावरण को भी बदल डालते हैं। किन्तु सच यह भी है कि मनुष्य के विकास में वातावरण का प्रभाव बहुत अधिक मात्रा में होता है। साधना उपासना चूंकि व्यक्ति के संस्कारों से संबंध रखती है और प्रत्येक वातावरण अच्छे बुरे संस्कार समाहित रखता है अतएव उच्चस्तरीय साधनाओं में तो स्थान औरवातावरण का महत्व निश्चित ही बहुत अधिक होना चाहिए। वातावरण के प्रभाव की सशक्तता का परिचय देने वाले कितने ही विधेयात्मक एवं निषेधात्मक कथा प्रसंग इतिहास में मिलते हैं। इतिहास की प्रसिद्ध घटना है कि जब कौरव पाण्डवों के युद्ध के लिए स्थान चयन की बात आई तो श्रीकृष्ण ने एक विशेष दूत नियुक्त किया, उसने सर्वत्र युद्ध स्थल की छानबीन की। कुरुक्षेत्र में उसने परस्पर दो सगे भाइयों को युद्ध करते देखा। यह घटना उसने श्री कृष्ण को बताई। फलतः यह क्षेत्र युद्ध के लिए चुना गया। क्योंकि उन्हें संदेह था कि भावनाशील होने के कारण कहीं अर्जुन युद्ध का परित्याग न कर बैठें। श्रवण कुमार के बारे में भी ऐसी ही कथा प्रख्यात है। वह जब अपने माता-पिता को कांवर में लिए तीर्थाटन करा रहे थे, तो एक स्थान ऐसा जहां उसने न केवल कांवर पटक दी अपितु अपने माता-पिता को कटु शब्द भी कहे। उस देश से आगे निकल जाने के बाद उसे अपने कथन पर भारी पश्चाताप हुआ। इस पर उसके पिता ने सांत्वना देते हुए समझाया कि इसमें श्रवण का कोई दोष नहीं। यह स्थान मयदानव का था जिसने कभी अपने माता-पिता को यहीं बन्दी बनाकर मृत्यु के घाट उतार दिया था। कुंती के बारे में भी ऐसी ही घटना का उल्लेख पुराणों में मिलता है। भूमि के संस्कार एक तथ्य हैं, इसे कोई भी पवित्र जलाशयों, देवमंदिरों तथा शमशान घाट में जाकर स्वयं अनुभव कर सकता है। कुल्लू की मिट्टी सेवों के लिए प्रसिद्ध है। अच्छी से अच्छी खाद, जल और मौसम पाकर भी वैसे सेब आज तक अन्यत्र कहीं नहीं उगाये जा सके। नागपुर के संतरे और भुसावल के केले अन्यत्र नहीं मिलते। मुजफ्फरपुर लीचियों के लिए प्रसिद्ध है तो लखनऊ का मलीहाबाद जैसे स्वादिष्ट आम दूसरी जगह कम मिलते हैं। यह सब मिट्टी और वतावरण केगुणों के कारण ही होता है।

# उत्सवों का उत्सव चुनाव महोत्सव

## व्यंग्यलोक

गुरु जी! हमारा देश अनादिकाल से ही उत्सवों, महोत्सवों, पर्वों की भूमि रहा है। यहां सूरज से लेकर धूर्त तक की पूजा, उपासना होती है। पूजा के मामले में हम बहुत लिबरल हैं। पर जबसे हम स्वतंत्र हुए हैं हमारी उत्सवों की धरती पर एक और महोत्सव मनाया जाने लगा है, और वह है, उत्सवों का उत्सव! चुनाव महोत्सव! और उत्सवों की आभा भले ही आज फीकी पड़ने लगी हो, पर चुनाव महोत्सव की चकाचौंध पिछले महोत्सव के मुकाबले अगले महोत्सव में दिन दुगुनी रात चौगुनी बढ़ती ही जा रही है। महोत्सव के दिनों होने वाले खर्चे को देखकर अब तो लक्ष्मी, कुबेर भी परेशान होने लगते हैं। पांच सालों के बागी, निष्कासित, दलबदलू अपने गले में फूलों की मालाएं डलवा अपने घर लौटने लगते हैं। कई अपने हितार्थ बंधन मुक्त होते हैं तो कई अपने विकास की संभावनाएं देख नए गठबंधन में बंधते हैं। महोत्सव नजदीक आते ही वे कुछ भी करने को आमादा दिखते हैं। शुरू शुरू में यह उत्सव बड़ी सादगी से मनाया जाता था। पर धीरे धीरे जैसे जैसे इस उत्सव में वोटरों को अपनी हिस्सेदारी का पता चला, उत्सव में जीतकर आने वालों को अपनी संभावनाओं का पता चला, तबसे यह उत्सव खर्चीला होता गया।



अशोक गौतम

चुनाव महोत्सव की खासियत यह है कि यह महोत्सव महोत्सव होने की संभावित तारीख से पहले ही मनना शुरू हो जाता है। तब चुनाव जीत कर उन्मांद पर बसे धीरे धीरे वोटरों के बीच उतरना शुरू करते हैं, एक दूसरे के कार्यकर्ता आपस में भिड़ना शुरू करते हैं। सक्रिय तो सक्रिय, निष्क्रिय भी एकशन मोड़ में आ जाते हैं। एक दूसरे के खजानों पर छापे डलवाने का दौर शुरू होता है। चोर के विरुद्ध सीना तानकर चोर खड़ा होता है। जैसे ही इस महोत्सव को मनाने की आधिकारिक घोषणा हो, महोत्सव मनाने की आदर्श आचार संहिता लागू होती है, चारों ओर हुड़दंग शुरू हो जाते हैं। वह उत्सव ही क्या जिसमें हुड़दंग न हो। वोटरों तो वोटरों, बाजार, घर की दीवारों, पेड़ों के तनों तक से ये वे गले लगे मिलते हैं। चुनाव महोत्सव में गंगा में पानी से भी अधिक पैसा गली, बस्तियों में बहाया जाता है। बुद्धिजीवियों तक को उल्लू, उल्लू का परदादा बनाया जाता है। इस महोत्सव के आरंभ होते ही हर टाइप के नेता लोग अपनी अपनी जेब में अपने अपने हिसाब का खर्च लेकर अपने अपने वोटरों को सर्च करने निकल पड़ते हैं। इस महोत्सव में नेताओं द्वारा एक दूसरे के कपड़े उतारे जाते हैं, एक दूसरे के कपड़े फाड़े जाते हैं। जो मन में आए बका जाता है। कोई किसी को कुछ नहीं कहता... और जैसे ही महोत्सव के आखिरी दिन वोटर अपने वोट का दान इन्हें देता है उसके तुरंत बार अगली घोषणा तक चुनाव महोत्सव बंद जाता है।

# जब प्राचीन घंटाघर ही बन गया कला का कैनवास



कला जगत

निकहत कुंवर

ऐसा अक्सर नहीं होता है कि आप किसी कला प्रदर्शनी में प्रवेश करें और आपका स्वागत वाइन व चीज की बजाय केर का आचार, रबोड़ी और मंगोड़ी से हो। केर रेगिस्तानी बेर है, पापड़ जैसी रबोड़ी मक्का के आटे, दही व मसालों से बनी होती है (अक्सर सब्जी के रूप में पकायी जाती है, जब वेजिटेबल्स की कमी पड़ जाती है) और मंगोड़ी मसाला है जो धूप में सुखाये हुई पिसी हुई दालों से तैयार किया जाता है। जोधपुर आट्र्स वीक में शोधकर्ता दीपाली खंडेलवाल का पॉप-अप म्यूजियम त्रि-आयामी था, जो मंत्रमुग्ध कर रहा था।

काइंडनेस मील की संस्थापक ने बताया, हम राजस्थान की लुप्त होती फूड संस्कृतियों को क्लाइमेट, प्रकृति, कृषि, समुदायों, कला व संस्कृति की दृष्टि से डॉक्यूमेंट करते हैं। हम भोजन की तलाश की कला, फूड संरक्षण तकनीकों, अपने पूर्वजों की पाक प्रथाओं और परिवार रेसिपी का जश्न मनाते हैं। जोधपुर आट्र्स वीक का आयोजन इस साल 15 से 21 अक्टूबर 2024 के बीच हुआ। यह इस लिहाज से विशेष रहा, क्योंकि इसमें पब्लिक व समुदाय-आधारित कला को वह सम्मान व पहचान दी गई, जिसकी वह हकदार है। लेकिन मुश्किल से ही दिया जाता है। पीढ़ी दर पीढ़ी अपनी कला को आगे बढ़ाने वाले राजस्थानी कलाकारों और सरकारी स्कूल के बच्चों (जिन्होंने रचनात्मक कला शिक्षा कार्यक्रम में हिस्सा लिया) ने अंतर्राष्ट्रीय आर्टिस्ट्स के साथ अपने कार्यों को प्रदर्शित किया।

कला प्रदर्शनियां आर्ट गैलरीज में आयोजित की जाती हैं जो खुद को एक्सक्लूसिव स्पेस के रूप में पेश करती हैं क्योंकि उनमें प्रवेश करने के लिए सोशल कैपिटल की जरुरत होती है। लेकिन जोधपुर में आर्ट गैलरीज को एक किनारे करते हुए पुराने शहर के उन सार्वजनिक स्थलों को चुना गया जहां अधिक लोग आते जाते हैं- घंटाघर (जिसका निर्माण महाराजा सरदार सिंह ने कराया), श्री सुमेर स्कूल का हेरिटेज प्रांगण और तूरजी का झालरा (जो 18वीं शताब्दी की बावड़ी है, जिसमें सभी सामाजिक-आर्थिक समूह के लोग खेलने, तैरने, पढने, दोस्तों से मिलने और इंस्टाग्राम रील्स बनाने के लिए आते हैं। प्रदर्शनी के लिए जो यह वेन्यू चुने गये थे, इनके ऐतिहासिक व सांस्कृतिक महत्व को क्यूरेटिड वाक्स के दौरान मीमांशा चरण ने समझाया, जो जोधपुर-स्थित लेखिका व शोधकर्ता हैं और स्थानीय इतिहास की विशेषज्ञ हैं। उन्होंने दर्शकों की मुलाकात चारपाई बुनने वालों, लाक की चूड़ियां बनाने वालों, बांस बुनकरों और चांदी के जेवर बनाने वालों से करायी। उन्होंने बताया, ये लोग न केवल परम्परागत कला के संरक्षक हैं बल्कि व्यवसायी भी हैं, जो वर्कशॉप्स चलाते हैं, जहां से उनकी कलाकृतियों को खरीदा भी जा सकता है। इनमें से कुछ को जोधपुर आट्र्स वीक में वर्कशॉप्स संचालित करने के लिए भी आमंत्रित किया गया था। इस प्रदर्शनी में दोनों स्थापित व उभरते हुए आर्टिस्ट्स ने हिस्सा लिया। ब्रिटेन की आर्टिस्ट लिज वेस्ट और जनरेटिव आर्टिस्ट उज्जवल अग्रवाल के साईट-स्पेसिफिक इंस्टॉलेशंस ने मेहमानों को परिचित लैंडमार्क्स को नई रौशनी में देखने के लिए आमंत्रित किया, जिससे आधुनिक टेक्नोलॉजी और परंपरागत आर्किटेक्चर के संगम को देखने का अवसर मिला।

मसलन, लिज वेस्ट का 'टियर्ड रिफ्लेक्शन' तूरजी की झालरा से प्रेरित था, विशेषकर उसकी नाटकीय रेखागणितीय सीढ़ियों और रंगों से जो पास के बाजार के ज्वलंत वातावरण में घुल मिल जाते हैं। अग्रवाल ने प्राचीन घंटा घर को जीवित कैनवास में बदल दिया, जिसके केंद्र में समय बताती घड़ी थी। उनकी टाइमलाइंस में कला, समय व टेक्नोलॉजी का अन्वेषण था। लंदन स्थित आर्टिस्ट हितेन पटेल के वीडियो वर्क्स 'डू नॉट लुक एट द' और 'मुसलमान' में रीति-रिवाज, बॉडी पेंटिंग व कोरियोग्राफी के माध्यम से लिंग व नस्ल के इर्दगिर्द बनी पहचानों का जायजा लिया गया। अंतर-विषय आर्टिस्ट किरण कुमार ने बीजगणित में अपनी दिलचस्पी को पेपर, फैब्रिक, मेटल, क्ले व वुड के साथ जोड़ते हुए शहर के आर्किटेक्चर पर अपना नजरिया पेश किया। जोधपुर आट्र्स वीक का आयोजन पब्लिक आट्र्स ट्रस्ट ऑफ इंडिया द्वारा किया गया था, जिसका उद्देश्य कला व संस्कृति को लोकतांत्रिक करना है।

# आपकी बात

## गरीबों को मिले इलाज

प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर चाहे जितने दावे किये जायें, लेकिन हकीकत यह है कि प्राथमिक, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों से लेकर जिला अस्पतालों तक में लोगों को ठीक से इलाज नहीं मिल पाता है। इसके कारण ही लोगों को लखनऊ तक दौड़ भाग करनी पड़ती है। अगर स्वास्थ्य सेवा के शुरुआती चरण में बेहतर इलाज का इंतजाम हो जाये तो राजधानी में लोग इलाज के लिए भटकते नहीं मिलेंगे। लेकिन जिस तरह से अस्पतालों में भीड़ उमड़ती है उससे स्पष्ट है कि प्राथमिक स्तर पर चिकित्सा सेवा पूरी तरह बदहाल हो चुकी है। सरकारी अस्पतालों की दुर्दश का आलम यह है कि यहां अधिकांश मरीजों को बिना उचित इलाज के ही लौटना पड़ता है। सार्वजनिक स्वास्थ्य सेवा के नेटवर्क में जिला स्तर पर जिला अस्पताल, तहसीलों में सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र एवं ब्लाक स्तर पर प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र संचालित हैं, लेकिन इन प्राथमिक स्तर पर चिकित्सा सेवाओं की बदहाली के कारण प्रायः बड़े अस्पतालों में जहां गंभीर मरीजों का इलाज होना चाहिए वहां छोटी-मोटी बीमारियों का इलाज कराने के लिए मरीजों का रेला उमड़ता रहता है। इससे बड़े अस्पतालों में साधारण मरीजों का ही इतना भार रहता है कि ठीक से इलाज मुश्किल हो जाता है। प्राइवेट चिकित्सा सेवा इतनी महंगी है कि यहां कोई फीस ही तय नहीं है। यहां इलाज कराना आम आदमी के हैसियत की बात नहीं है। प्राइवेट अस्पतालों में अगर वाजिब भुगतान पर इलाज मिलता तो निश्चित रूप से बहुत से मरीज जो इलाज के लिए पूरी तरह सरकारी स्वास्थ्य सेवा पर निर्भर हैं वे प्राइवेट अस्पताल में जाते। इससे प्राइवेट अस्पताल का कामकाज बढ़ता है।

**प्रेम कुमार सिंह, लखनऊ.**

## आतंकियों की करतूत

आतंकवाद एक बार फिर से सिर उठाने की कोशिश कर रहा है। कश्मीर में आतंक और भय बना रहे इसके लिए आतंकियों ने खून-खराब तेज कर दिया है। दो दिन पूर्व एक डॉक्टर और छह श्रमिकों की हत्या आतंकियों ने गांदरबल में की थी। अब दो दिन बाद फिर बड़ा हमला किया और एक ही दिन में दो आतंकी घटनाओं को अंजाम दिया। गुलमर्ग में सेना के वाहन को निशाना बनाया जिसमें दो सैनिक शहीद हो गये। इसमें दो पोर्टर की भी मौत हुई है। दूसरी आतंकी घटना त्राल में हुई जिसमें आतंकियों ने बिजनौर के एक श्रमिक को गोली मार दी। तीन-चार दिनों में बारह लोगों की आतंकी हिंसा में हुई मौत चिंताजनक है। इससे स्पष्ट है कि सरकार के तमाम दावों के बावजूद कश्मीर में आतंकी इस स्थिति में हैं कि जब चाहें दशहत फैला सकते हैं, सेना और बेगुनाह लोगों को निशाना बना सकते हैं। इसलिए भारत सरकार को आतंकी घटनाओं पर गंभीर होना पड़ेगा। 370 खत्म करना सराहनीय है लेकिन आतंकी बचे हैं और आतंक जारी रहता है तो 370 खत्म करने का कोई अर्थ नहीं। लंबे समय तक आतंकवाद जारी रहता है, खून-खराबा होता रहता, तो फिर सरकार के दावों पर भरोसा कैसे किया जाये? सरकार सही मायने में जम्मू-कश्मीर में शांति चाहती है, तो लोकतंत्र अपनी जगह है, जब जान रहेगी तभी लोकतंत्र का कोई मतलब है। इसलिए सरकार को पूरी ताकत के साथ आतंकियों पर टूट पड़ना चाहिए। बिना किसी की परवाह किये जिन लोगों पर स्लीपर सेल होने का शक हो, जिन पर आतंकियों से सहानुभूति रखने की आशंका को उनको कश्मीर से बाहर करना चाहिए। आतंकियों को मारना ही एक मात्र उपाय है। सरकार आतंकियों पर कहर बनकर टूट पड़ेगी तो इनका दिमाग ठीक हो जायेगा। दुर्भाग्य से सरकारी दावों व कार्रवाईयों में और जमीनी हकीकत में बहुत अंतर है। सरकार जो भी दावा करे कश्मीर में आतंकवाद एक सचाई है। इससे निपटने के लिए सिर्फ और सिर्फ चौतरफा प्रहार ही एक उपाय है। आतंकियों पर प्रबल प्रहार ही इनसे बचास का सबसे कारगर उपाय है क्योंकि आतंकी सिर्फ बंदूक की भाषा समझते हैं।

**जय प्रकाश वर्मा, लखनऊ.**

संक्षेप

## कुर्मी महाकुम्भ की तैयारी के लिए हुई बैठक

सोहावल-अयोध्या। बृहस्पतिवार को कुर्मी महाकुंभ की तैयारी बैठक सोहावल ब्लाक के राम लखन पटेल महाविद्यालय में आयोजित हुई कार्यक्रम का संचालन के के पटेल ने किया।बैठक में सोहावल ब्लाक के सभी गांवों के कुर्मी समाज के लोगों ने हिस्सा लिया। आगामी 29 दिसम्बर को पूरा काशीनाथ स्थित लखनऊ राष्ट्रीय राजमार्ग पर एक मैदान में कुर्मी महाकुंभ के नाम से एक बड़ी सभा होगी। पिछले माह 18 अक्टूबर को प्रेस क्लब में अयोध्या के कुर्मी समाज के लोगों ने बैठक करके यह कार्यक्रम तय किया था। जिसकी ब्लाक वार तैयारी बैठक चल रही है। पूरा बाजार, मसौधा, बीकापुर व सोहावल ब्लाकों की बैठक होने के बाद अगली तैयारी बैठक 17 नवम्बर को 12 बजे परशुराम वर्मा स्मारक महिला महाविद्यालय तारून में आयोजित होगी। ब्लाक वार तैयारी बैठकों में भारी संख्या में कुर्मी समाज के लोग पहुंच रहे हैं। कुर्मी महाकुंभ के प्रति कुर्मी समाज में भारी उत्साह है। इस मौके पर जय करन वर्मा, शिव प्रसाद वर्मा, स्वामी नाथ वमवर्मा,ा अभिलाख वर्मा,पवन वर्मा, विकास वर्मा, प्रदीप कुमार वर्मा आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

# पंडित नेहरू ने देश के विकास की रखी नींवः राजेन्द्र प्रताप



**अयोध्या।** पंडित जवाहरलाल नेहरू भारत के प्रथम प्रधानमंत्री थे ,वह एक कुशल राजनीतिज्ञ होने के साथ-साथ प्रखर वक्ता तथा महान लेखक भी थे। उन्हें आधुनिक भारत के वास्तुकार के रूप में जाना जाता है। उक्त उद्गार महानगर कांग्रेस अध्यक्ष वेद सिंह कमल ने कांग्रेस कार्यालय कमला नेहरू भवन पर पूर्व प्रधानमंत्री

- कांग्रेस कार्यालय पर मनायी गयी पंडित जवाहरलाल नेहरू की जयंती

पंडित जवाहरलाल नेहरू के जयंती पर आयोजित गोष्ठी में कहीं। पंडित नेहरू के जन्मदिन पर आयोजित गोष्ठी की अध्यक्षता महानगर अध्यक्ष वेद सिंह कमल तथा संचालन जिला प्रवक्ता सुनील कृष्ण गौतम ने किया। महानगर अध्यक्ष वेद सिंह कमल ने कहा पंडित जवाहरलाल नेहरू का व्यक्तित्व और कृतित्व सदैव अनुकरणीय रहेगा। पूर्व जिला अध्यक्ष राजेंद्र प्रताप सिंह ने प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू को याद करते हुए कहा विपरीत परिस्थितियों में भारत की बागडोर संभाल कर उन्होंने भारतवर्ष की उन्नति के मार्ग को सर्व धर्म कुटुंबकम की भावना के साथ प्रशस्त किया। और देश के विकास की नींव रखी। पूर्व जिला अध्यक्ष रामदास वर्मा तथा पीसीसी सदस्य उग्रसेन मिश्रा ने डॉक्टर नेहरू को समाजवाद का असली प्रणेता बताया। जिला कांग्रेस प्रवक्ता सुनील कृष्ण गौतम ने कहा बच्चों में चाचा के नाम से प्रसिद्ध पंडित जवाहरलाल नेहरू ने अपने प्रधान मंत्री पद से भारत को दुनिया में सम्मान और प्रतिष्ठा दिलाई। उन्होंने भारत के सर्वांगीण विकास के लिए विदेश नीति, आर्थिक प्रगति की नींव, पंचवर्षीय योजना, देश का औद्योगिकीकरण, विश्व शांति आदि को लागू किया। उन्होंने भारत को परमाणु संपन्न राष्ट्र बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। श्री गौतम ने कहा प्रधानमंत्री के रूप में 17 वर्षों तक इस पद पर रहते हुए, उन्होंने न केवल देश बल्कि भारत के लोगों के दिल पर भी राज किया। उन्होंने भारत को एक उन्नत और प्रगतिशील राष्ट्र बनाने के लिए कड़ी मेहनत की। गोष्ठी के प्रमुख रूप से सेवा दल महानगर अध्यक्ष बसंत मिश्रा ,प्रवीण श्रीवास्तव, कविंद्र साहनी, पूर्व सभासद जनार्दन मिश्रा ,अशोक कनौजिया ,उमेश उपाध्याय, सतीश सिंह आदि उपस्थित रहे।

# गुरुकुल में बनाया जायेगा विशाल पुस्तकालयः आचार्य मनोज दीक्षित

जिला संवाददाता(vol)

**अयोध्या।** श्री गुरु वशिष्ठ गुरुकुल विद्यापीठ वेद पाठशाला दर्शन नगर के नवीन परिसर में ढाई हजार स्क्वायर मीटर में बनने वाले अत्यधिक आधुनिक भोजन शाला अन्नपूर्णा भवन का गुरुकुल के संस्थापक अध्यक्ष महाराजा गंगा सिंह विश्व विद्यालय बीकानेर राजस्थान के कुलपति आचार्य मनोज दीक्षित के द्वारा गुरुकुल विद्यापीठ के आचार्यों वा ब्रह्मचारियों के वैदिक मंत्रोच्चार के साथ भूमि पूजन हुआ , मनोज दीक्षित ने बताया कि 200 बच्चों के बैठकर भोजन करने की क्षमता का अत्याधुनिक भोजनशाला जिसमें बच्चों की संख्या को देखते हुए स्वचालित भोजन बनाने के उपकरण छोटी आटा चक्की ,सरसों के तेल की मशीन भी परिसर में लगाया जायेगा

साथ भोजन शाला के साथ ही आय यज्ञ शाला का भूमि पूजन सम्पन्न हुआ गुरुकुल के सह प्रबंधक आदर्श सिंह ऋषभ ने बताया कि एक माह में यज्ञ शाला का कार्य पूर्ण होगा जो राजस्थान के कारीगरों द्वारा रेड स्टोन से 21 गणे 21 स्क्वायर मीटर में निर्मित होने वाले यज्ञ शाला में चार बेदी नवग्रह, वास्तु, योगिनी, क्षेत्र पाल,मध्य में शरबतों भद्र, प्रधान वेदी वा एक चतुष कोड़िए हवन कुंड,का निर्माण होगा गुरुकुल के निदेशक डॉ दिलीप सिंह ने बताया कि भोजन शाला, यज्ञ शाला के साथ एक बड़े पुस्तकालय के लिए गुरुकुल के अध्यक्ष कुलपति मनोज दीक्षित जी द्वारा आज प्राप्त हुआ है जनवरी २०२५ में पुस्तकालय का निर्माण कार्य प्रारंभ कर दिया जाएगा भूमि पूजन में गुरु वशिष्ठ सेवा न्यास के उपाध्यक्ष प्रोफेसर रामनयन राय, कोषाध्यक्ष प्रोफेसर आरके सिंह, प्रो रमापति मिश्रा, सह प्रबंधक आदर्श सिंह ऋषभ,ई विनीत सिंह,ई परितोष, सहित गुरुकुल से जुड़े लोग उपस्थित रहे ,स्वागत गुरुकुल के प्रधानाचार्य नीरज ओझा, पूर्व प्रधानाचार्य दुःख हरण नाथ,आचार्य अक्षय देवघर,आचार्य रोशन तिवारी,आचार्य,अंकित ओझा,आचार्य प्रमोद तिवारी, गुरुकुल सभा समिति के अध्यक्ष रोहित ब्रम्हचारी, प्रधान मंत्री उज्वल ब्रम्हचारी,सह प्रधान मंत्री सौरभ ब्रम्हचारी,उपाध्यक्ष,अनुज ब्रम्हचारी, शिवा ब्रम्हचारी ने किया।

## टीआरसी लॉ कालेज में मनाया गया जनजातीय गौरव दिवस



**सतरिख,बाराबंकी।** टी0आर0सी लॉ कालेज में जनजातीय गौरव दिवस की पूर्व संध्या पर भगवान बिरसा मुंडा की जयन्ती का शुभारम्भ कालेज प्राचार्य डा0 अश्वनी कुमार गुप्ता, निदेशिका प्रशासनिक रोली मिश्रा ने संयुक्त रुप से माँ सरस्वती की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलन एंव पुष्प अर्पित कर किया। कार्यक्रम को मुख्य अतिथि कालेज प्रबन्धक डा0 सुजीत चतर्वेदी ने भगवान बिरसा मुंडा के योगदान की चर्चा करते हुए कहा कि अपने लक्ष्य के प्रति समर्पण एवं ईमानदारी से ही सफलता प्राप्त होती है। जिसका प्रमाण हम सभी को भगवान बिरसा मुंडा के जीवन संघर्ष से सीखना चाहिए। प्राचार्य डा0 गुप्ता ने कहा कि जनजाति गौरव दिवस भारत सरकार की एक महत्वकांक्षी योजना का परिणाम है। जो सभी को सामाजिक, आर्थिक, राजनैतिक एंव सांस्कृतिक रूप से जोड़ती है। इस अवसर पर छात्र अजय प्रताप सिंह ने देश भक्ति गीत, शिवम, शिरीन, जान्ह्वी, ऑफरीन, नितिन, यशपाल आदि ने अपने-अपने विचार रखे।

## एकमुश्त योजना को लेकर पटल सहायकों को किया नियुक्त

**बाराबंकी।** सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी प्रशासन/प्रवर्तन अंकिता शुक्ला ने जानकारी देते हुये बताया कि परिवहन विभाग द्वारा शुरू की गई एकमुश्त समाधान योजना ( ओटीएस ) के अन्तर्गत कार्यालय परिसर मे विभिन्न पटल सहायको को नियुक्त किया गया है। जोकि जनपद मे पंजीकृत समस्त व्यावसायिक वाहन स्वामियो को दूरभाष एंव घर-घर दस्तक देकर बकाया टैक्स जमा कर पेनाल्टी ( शास्ति ) पर छूट का लाभ लेने के बारे मे जानकारी देगे।

# राज्य स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी मे जनपद की छात्रा ने बढ़ाया मान



**बाराबंकी।** पीएम श्री राजकीय बालिका इंटर कॉलेज की छात्रा आयुषी सोनी ने मंडल स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी में प्रथम स्थान प्राप्त कर जनपद का नाम रोशन किया। लखनऊ राजकीय जुबली इंटर कालेज मे आयोजित राज्य स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी मे छात्रा आयुषी ने एनिमल डिटेक्टर माडल प्रस्तुत कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। विद्यालय प्रधानाचार्या नंदिता सिंह ने बताया कि छात्रा ने खेती-किसानी में जानवरों से होने वाले नुकसान को कम करने के लिए एनिमल डिटेक्टर मॉडल बनाया है। जिससे खेतों में सेंसर की चहारदीवारी के माध्यम से उसमें आने वाले जानवरों के प्रवेश करते ही अलार्म के माध्यम से किसानों को खेतों में जानवरों का पता चल जाएगा और वे समय रहते उन्हें खेतों से भगाकर फसलों को नुकसान से बचा सकेंगे। राज्य स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी में 18 मंडलों के प्रतिभागियों द्वारा अपने मॉडल जूनियर और सीनियर वर्ग में प्रस्तुत किये। जिसमे छात्रा ने प्रथम स्थान प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया।

# पं. नेहरू बेहद प्रभावशाली बहुआयामी व्यक्तित्व के धनी व्यक्ति थेः डॉ. पुनिया




**बाराबंकी।** भारत के प्रथम प्रधानमंत्री, स्वतंत्रता संग्राम सेनानी, बच्चों के प्रिय नेता पं0 जवाहर लाल नेहरू बेहद प्रभावशाली बहुआयामी व्यक्तित्व के धनी व्यक्ति थे। पूर्ण स्वराज का विचार कांग्रेस के सामने सबसे पहले नेहरू जी ने रक्खा था। जिसे कांग्रेस ने प्रस्ताव पास करते हुये 26 जनवरी 1930 को पूरे देश में तिरंगा फहराकर पूर्ण स्वराज की घोषणां करने का निर्णय लिया। आज उनकी जयंती पर कांग्रेस परिवार श्रद्धा सुमन अर्पित करता है।

उक्त उद्गार पूर्व सांसद डा0 पी0एल0 पुनिया ने पं0 जवाहर लाल नेहरू की जयंती पर आयोजित कार्यक्रम में उनके चित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित करने के पश्चात व्यक्त किये। जयन्ती पर उनके चित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित करने वालों में जिलाध्यक्ष मोहम्मद मोहसिन, राजेन्द्र वर्मा, प्रवक्ता सरजू शर्मा, शिव बहादुर वर्मा, इरफान कुरैशी, सिकन्दर अब्बास रिजवी, आनन्द कुमार, उदयराज यादव, सुरेन्द्र वर्मा, मोहम्मद तौकीर आदि मौजूद रहे।

# शूटिंग प्रतियोगिता 15 से 17 तक

**अयोध्या।** जिला रायफल क्लब में अयोध्या शूटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है जिसमें पूरे भारत वर्ष से खिलाड़ी अयोध्या में प्रतिभाग करने आ रहे है।

इस प्रतियोगिता में सभी उम्र के लोग प्रतिभाग कर सकेंगे यह प्रतियोगिता से खिलाड़ियों को आगे बढ़ने का उचित मौका मिलेगा इस प्रतियोगिता के मुख्य आयोजक शनि कुमार वर्मा ने बताया कि इस



प्रतियोगिता को डीएम चंद्र विजय सिंह के निर्देशन में आयोजित कराया जा रहा है तथा विभिन्न कैटिगरी के खिलाड़ी प्रतिभाग करेंगे जिसमें पुलीस आर्मी अधिकारी वा अन्य खिलाड़ियों को इस प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने का अवसर प्राप्त होगा इस प्रतियोगिता में अन्य जिलों से उच्च स्तरीय सीनियर कोच का भी योगदान रहेगा जिसमें जज जूरी इंडिया शूटिंग टीम सहित कई अन्य लोग उपस्थित रहेंगे विकास तोमर सुरजन सिंह जैनुल खान देवेश कुमार अशरफ बृजेश सपना रंजीत कोरी महेश्वी डॉक्टर भुवन डॉक्टर विष्णु मोइन खान अभय प्रताप अजय सिंह धीरेंद्र मणि त्रिपाठी अन्य लोग ऑफिसियल में मौजूद रहें।

## छात्राओं ने लगायी प्रदर्शनी, अपर जिला जज ने किया अवलोकन



**बाराबंकी।** राजकीय बालिका इण्टर कालेज परिसर मे पंडित जवाहर लाल नेहरू के जन्मदिवस को बाल दिवस के रूप में मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ अपर जिला जज/जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव श्रीकृष्ण चन्द्र सिंह ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर किया। कार्यक्रम मे मुख्य अतिथि अपर जिला जज श्री सिंह ने कहा कि बच्चे देश का भविष्य होते हैं। किसी भी देश के विकास के लिए बच्चों का विकास बहुत जरूरी है। ऐसे में समाज और देश की जिम्मेदारी है कि बच्चों को रहने योग्य बेहतर माहौल और अच्छी शिक्षा दी जाए। इन्हीं भावी प्रतिभाओं के चेहरे पर मुस्कान लाने के लिए भारत हर साल 14 नवंबर को बाल दिवस के तौर पर मनाता है। इसके उपरान्त अपर जिला जज ने विद्यालय परिसर में छात्राओ द्वारा लगाई गई प्रदर्शनी का अवलोकन कर बच्चो का उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर ममता सहाय, नमिता श्रीवास्तव, दीपशिखा त्रिपाठी, मनोरमा चैरसिया, नन्दा श्रीवास्तव, सुनीता श्रीवास्तव, प्राची शुक्ला, लवकुश कनौजिया, मोहित कुमार वर्मा, अरूण रावत मौजूद रहे।

# नया घाट, वशिष्ठ कुंड का डीएम ने किया स्थलीय निरीक्षण

**अयोध्या।** जब से जन्मभूमि पर बने नव्य व भव्य मन्दिर में रामलला विराजमान हुए हैं तभी से अयोध्या के हर एक उत्सव नए रिकॉर्ड बना रहे हैं। वह चाहे मन्दिर में दर्शनार्थियों की संख्या का हो या मन्दिर में चढ़ावे का, 32 लाख दीपों से सजे दीपोत्सव का हो, 11000 के सामूहिक सरयू आरती या 14 कोसी परिक्रमा में 30 से 35 लाख श्रद्धालुओं के पहुंचने का। ऐसे में कार्तिक पूर्णिमा मेले के स्नान में भी भारी संख्या में श्रद्धालुओं के रामनगरी पहुंचने का अनुमान जिला और पुलिस प्रशासन लगा कर तद अनुरूप व्यवस्था में जुटा है। गुरुवार को अब तक व्यवस्थाओं का जायजा लेने डीएम चन्द्र विजय सिंह टीम के साथ निकले।नयाघाट व वशिष्ट कुण्ड का स्थलीय निरीक्षण किया। डीएम ने कहा कि कार्तिक पूर्णिमा स्नान के लिए भारी संख्या में श्रद्धालुओं के आने की सम्भावना है इसके लिए सभी घाटों पर साफ-सफाई के साथ साथ बेहतर व्यवस्था व सुरक्षा के इंतेजाम सुनिश्चित किए जाएं। मजिस्ट्रेट अपने अपने क्षेत्रों का निरीक्षण करते हुए सभी व्यवस्था सुद्दण करें। जिला अधिकारी ने नया घाट के निरीक्षण के दौरान कहा कि कार्तिक पूर्णिमा स्नान के लिए आने वाले श्रद्धालुओं के लिए घाट की नियमित साफ-सफाई



के साथ साथ बेरिकेटिंग में स्नान की व्यवस्था, जल पुलिस द्वारा सुरक्षा की जांच, महिलाओं के लिए बाथरूम व शौचालय की साफ-सफाई की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। उन्होंने इसके साथ ही वशिष्ठ कुण्ड के निरीक्षण करते हुए कहा कि निर्माण हो रहे बाथरूम में डिजाइन व टाइल्स की क्वालिटी का विशेष ध्यान दिया जाए। सभी कार्य को अच्छे ढंग से पूर्ण करें। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी नगर सलिल कुमार पटेल, एसडीएम सदर, नगर निगम व कार्यदायी संस्था के अधिकारी मौजूद रहे।

# एक किलो 20 ग्राम स्मैक बरामद

**बहराइच।** जिले की पुलिस कप्तान वृन्दा शुक्ला द्वारा मादक पदार्थों की तस्करी व बिक्री पर सख्ती बरतने के बाद पुलिस और एसओजी टीम की कार्यवाही ने रफ्तार तेज करते हुए अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कीमत वाली लगभग एक करोंड की स्मैक बरामद करने का खुलासा किया है।नगर पुलिस अधीक्षक रामा नन्द कुशवाहा ने आज पत्रकारों को एक प्रेस कांफ्रेंस कर बताया कि नगर पुलिस उपाधीक्षक रमेश चन्द्र पांडेय के नेतृत्व में दरगाह पुलिस व एसओजी टीम ने अपने सूचना तंत्र की मदद से एक दुकान के नजदीक पहुंचा कर सम्भावित व्यक्ति की पहचान करते हुए पुलिस उपाधीक्षक नगर रमेश चन्द पाण्डेय के समक्ष चिन्हित व्यक्ति को पकडा गया।जिसने अपना नाम सहादत अली



उर्फ पहलवान पुत्र स्व0 सलारू उम्र करीब 55 वर्ष निवासी मंसूरगंज थाना दारगाह शरीफ जनपद बहराइच बताया।जिसकी तलाशी में स्मैक बरामद हुई। बरामद हुई स्मैक को इलेक्ट्रानिक कांटे पर तौला गया तो सहादत अली से प्राप्त ठोस स्मैक कुल 4 पैकेट प्रत्येक का वजन 50 ग्राम कुल 200 ग्राम तथा पाउडर रूप में एक काली पॉलिथिन में कुल 220 ग्राम स्मैक तथा थैले मे एक इलेक्ट्रानिक वाट,एक कैची, 10 मोटा सफेद पेपर, 01अदद चम्मच,01 अदद धागे का रील, 01 डिब्बे में 12 सफेद स्मैक की तैयार पुडिया, तथा 01 डिब्बे में 20 पुडिया स्मैक पालिथिन पाया गया।बरामद स्मैक के सम्बन्ध में कोई कागजात अभियुक्त पास उपलब्ध न होने पर उसे अन्तर्गत धारा 8/21 एनडीपीएस एक्ट के अपराध में गिरफ्तारी एवं बरामदगी कर अन्तर्गत धारा 105 बीएनएसएस नियमों के पालनार्थ मोबाईल से वीडियो उपरांत एनडीपीएस एक्ट दण्डनीय अपराध होने के चलते गिरफ्तारी हुई ।

## सम्पूर्ण समाधान दिवस कल

**बहराइच ।** जन समस्याओं के त्वरित निस्तारण के उद्देश्य से माह के प्रथम व तृतीय शनिवार को आयोजित होने वाले सम्पूर्ण समाधान दिवस की कड़ी में माह नवम्बर के तृतीय शनिवार 16 नवम्बर 2024 को तहसील महसी में जिलाधिकारी तथा तहसील मिहींपुरवा ( मोतीपुर ) में अपर जिलाधिकारी की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस आयोजित होगा। शेष तहसीलों में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस की अध्यक्षता सम्बन्धित उप जिलाधिकारी करेंगे।

## मेडल एवं प्रशस्ति प्रमाण पत्र पाकर विजेता खिलाड़ियों के चेहरे खिले



**बहराइच।** मिशन शक्ति के विशेष अभियान अन्तर्गत राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान बहराइच में 10 नवम्बर 2024 से 14 नवम्बर 2024 तक विभिन्न खेल बैटमिंटन, कबड्डी, चेस, दौड, कैरमबोर्ड, किकेट, गायन एवं निबन्ध प्रतियोगिता आयोजित किया गया, बाल दिवस के अवसर पर खेल प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार अन्जली मौर्या, नीरज विश्वकर्मा अभिनन्दन पाण्डेय, राणा प्रताप चौहान, अभय विश्वकर्मा एवं नीरज कुमार को गोल्ड मेडल एवं प्रशस्ति प्रमाण पत्र तथा प्रीति देवी हर्षित शुक्ला, पंकज यादव, सिल्वर मेडल एवं प्रशस्ति प्रमाण पत्र सूरज यादव पंकज यादव सुभाष शुक्ला अरविन्द यादव गोपाल जी त्रिपाठी, जयहिन्द यादव, सोमनाथ, अभय कुमार आरिफ हुसैन, लवकुश तिवारी, अंगद, विशाल, विनोद यादव, लालू, अरविन्द प्रजापति ब्रोन्ज मेडल एवं प्रशस्ति प्रमाण पत्र विजेता खिलाडियों को श्रीमती स्मृति शर्मा नोडल प्रधानाचार्य बहराइच द्वारा प्रदान किया गया। कार्यदेशक अनुसूईया पाण्डेय द्वारा खेलों की महत्ता पर प्रकाश डाला गया इस मौके पर धर्मेन्द्र कुमार, अभय शर्मा, अर्पित मौर्या, डी०के० त्रिपाठी, मसऊद अहमद, अमित पाण्डेय, मसरुर फात्मा, अब्बास एवं अन्य तमाम प्रशिक्षार्थी उपस्थित रहे।

# सीताद्वार को रामायण सर्किट योजना से जोड़ने और धार्मिक पर्यटन श्रेणी की उठी मांग

**बहराइच।** सीता समाहित धाम सीताद्वार में देवोत्थानी एकादशी और कार्तिक पूर्णिमा पर स्नान-दान की परम्परा है। प्रति वर्ष की तरह इस वर्ष भी सीताद्वार महोत्सव का आयोजन हुआ। भजन, कीर्तन, अखण्ड पाठ, अन्नकूट छप्पन भोग का भण्डारा संपन्न हुआ। साथ ही पूर्णिमा मेले की व्यापक तैयारियां चल रही हैं। समाहित धाम के प्रमुख डा. स्वामी भगवदाचार्य की अध्यक्षता में सीताद्वार से सम्बंधित मान्यताओं और ऐतिहासिक साक्ष्यों पर आधारित एक परिचर्चा का भी आयोजन हुआ जिसमें धमार्चार्यों, साहित्यकारों, कवियों, पत्रकारों व विद्वत व्यक्तियों ने भाग लिया। जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि बलरामपुर पं श्याम मनोहर तिवारी इसके मुख्य अतिथि थे। कार्यक्रम का संचालन बहराइच के हिन्दी अंग्रेजी दोनों भाषाओं के कवि एवं लेखक रमेश चन्द्र तिवारी ने किया। उन्होंने अपनी चर्चित पुस्तक 'अनुश्री' की एक प्रति मुख्य अतिथि को भेंट की। सीताद्वार के आयुर्वेद चिकित्सक के रूप में अपने सात वर्षों के कार्यकाल के दौरान डा. अशोक कुमार पांडेय 'गुलशन' ने 'सीताद्वार' शीर्षक पुस्तक की रचना की थी जिसमें सीता भू प्रवेश धाम से सम्बंधित इतिहास, मान्यता एवं पौराणिक ग्रंथों के सन्दर्भों की विस्तृत



चर्चा की है। डा. गुलशन ने स्थानीय निवासियों की मान्यता को सही बताते हुए कहा कि सीताद्वार का क्षेत्र एकवन नाम से जाना जाता था। यहां ही महर्षि वाल्मीकि का आश्रम था और राम जी के आदेश पर लक्ष्मण जी माता सीता को छोड़ने यहीं आये थे और माता जी को प्यास लगने पर उन्होंने तीर से जो जलश्रोत निकाला था उसी से झील निर्मित हुई थी। शिक्षक श्री पुण्डरीक पांडेय ने अपने अध्ययन के आधार पर बताया कि वाल्मीकि रामायण के अनुसार अयोध्या नगर पूरब-पश्चिम 150 किमी लम्बा तथा उत्तर-दक्षिण 40 किमी चौड़ा था इसलिए सीता द्वार अयोध्या नगर का हिस्सा था। इसी स्थान पर लव कुश ने रामायण गान किया था। राम जी उनसे मिलने यहाँ आये और सीता जी को साथ लेकर महर्षि वाल्मीकि भी यहाँ पहुंचे थे। भगवा-राम के परिवार का मिलन तो यहाँ हुआ किन्तु भगवती सीता राजमहल नहीं गयीं बल्कि उन्होंने यहीं भू प्रवेश कर लिया था जिसकी साक्षी सीताद्वार की झील है। जो भी हो, महर्षि वाल्मीकि का मुख्य आश्रम बिठूर था और लव कुश वहीं पैदा हुए थे इसका उल्लेख रामायण में है। इसलिए निष्कर्ष यह निकलता है कि सीताद्वार सीता समाहित धाम है। अतएव रामायण का अंतिम स्थान है। उपस्थित श्रद्धालु अजय कुमार त्रिपाठी, श्रवण कुमार द्विवेदी, राम चन्दर दास, विष्णु प्रकाश तिवारी, अजय जायसवाल, देवेश चन्द्र मिश्र, लक्ष्मी कान्त त्रिपाठी मृदुल, सुधीर चौधरी, अरविन्द चौधरी, विपुल तिवारी, रजनीश तिवारी, रिंकू मिश्रा, अमरेंद्र वर्मा, अजय चौधरी, राम लोचन शुक्ल ने सरकार से मांग की कि सीताद्वार को रामायण सर्किट योजना से जोड़ा जाय और इसे धार्मिक पर्यटन स्थल की श्रेणीं में स्थान प्रदान किया

## गौरीगंज विधायक राकेश प्रताप सिंह ने किया रामलला का दर्शन

**अयोध्या।** गौरीगंज विधायक राकेश प्रताप सिंह ने 15000 रामभक्तों के जत्थे के साथ गौरीगंज से 108 किलोमीटर की पैदल यात्रा कर गुरूवार को रामलला के दर्शन किए, गौरीगंज विधायक राकेश सिंह की पदयात्रा का बुधवार को साकेत पीजी कॉलेज में विश्राम हुआ था, यात्रा के अयोध्या में प्रवेश पर नाका बाईपास पर गोसाईगंज विधायक अभय सिंह सहित विभिन्न जगहों पर लोगों ने बड़ी संख्या में भव्य स्वागत-अभिनंदन किया।

यात्रा के साकेत पीजी कॉलेज पहुँचने पर पूर्व सांसद अम्बेडकरनगर एवं विधायक जलालपुर राकेश पाण्डेय, अयोध्या मेयर गिरीशपति त्रिपाठी, महंत राजूदास ने यात्रा का स्वागत अभिनंदन किया। तदुपरांत कथावाचक आचार्य शान्तनु महाराज ने रामभक्तों को शौर्य गाथा सुनाया। गुरुवार को राकेश सिंह सुबह 8 बजे रामभक्तों के जत्थे के साथ साकेत पीजी कॉलेज से पैदल चलकर नयाघाट पर सरयू स्नान, नागेश्वर नाथ का जलाभिषेक एवं तदुपरांत हनुमानगढ़ी में दर्शन-पूजन उपरांत प्रभु श्री रामलला का दर्शन-पूजन किया। एमएलसी पवन सिंह चैहान ने स्नान उपरांत दर्शन करने जा रहे विधायक राकेश का तुलसी उद्यान के पास स्वागत-अभिनंदन किया।

# अयोध्या में जल्द शुरू होगी शीशे वाली भूल भुलैया



अयोध्या। प्रभु श्रीराम की नगरी को विश्व की सबसे बड़ी धार्मिक नगरी बनाने की दिशा में यहां एक से बढ़कर एक कार्य किये जा रहे हैं। उन्हीं में से एक सबसे अनोखा कार्य है मिररमेज का। अमानीगंज में बनी यह शीशे की भूलभुलैया है, जिसमें आदमी एक बार अंदर जाएगा तो उसे बाहर आने में तमाम कोशिश करनी पड़ेगी। हालांकि यह मिररमेज पूरी तरह भक्तिरस पर आधारित रहेगा और पूरी तरह माता सीता की खोज पर आधारित रहेगा। अयोध्या में भव्य मंदिर में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा होने के बाद बड़ी संख्या में श्रद्धालु व पर्यटकों के पहुंचने का सिलसिला जारी है। इनके लगातार आगमन को लेकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ खुद यह निर्देश दे चुके हैं कि पूरी अयोध्या नगरी को इस कदर सजाया और संवारा जाए कि यहाँ एक बार जो भी पहुंचे वह अपने जीवनकाल में बार-बार अयोध्या आने का ही मन बनाये। मुख्यमंत्री की इन्हीं बातों को ध्यान में रखते हुए यहां के तमाम सरकारी विभाग इस पर काम कर रहे हैं और पर्यटन की दृष्टि से अयोध्या को संवारने के लिए आये दिन नए प्रोजेक्ट पर कार्य कर रहे हैं।

अमानीगंज स्थित जलकल कार्यालय में बनी यह मिररमेज पूरी तरह वातानुकूलित है। इसमें 43 इंच छह एलईडी भी लगाई गई हैं। उन एलईडी में सीता स्वयंवर, ताड़िका वध, अहिल्या का तारण और राम रावण युद्ध भी दिखाया जाएगा। एलईडी के चलने के बाद यह सब अलग-अलग शीशों में भी दिखेगी। मिररमेज का नजारा बहुत ही रोमांचक होने वाला है। क्योंकि इसमें एक ही तरह के चार शीशे लगाए गए हैं। आप अगर एक बार इसमें प्रवेश करेंगे तो पूरी घनचक्कर वाली स्थिति रहेगी। जिस तरफ आगे बढ़ेंगे शीशे से टकराने के खतरा रहेगा। इस मिररमेज के अंदर एक बार मे सिर्फ 20 से 25 लोग ही अंदर जा सकेंगे।

## बार संस्थापक पं. कन्हैयालाल शुक्ल की स्मृति में सम्मान समारोह का आयोजन



**बाराबंकी।** जिला बार एसोसिएशन बाराबंकी संस्थापक/अध्यक्ष पं0 कन्हैयालाल शुक्ल की स्मृति में तहसील हैदरगढ़ में कार्यरत अधिवक्ताओं, डीड राइटर, मुंशी, स्टाम्प वेंडर, बार कर्मचारियो को धर्मजागरण बाराबंकी धाम उ0प्र0 संयोजक अधिवक्ताा अमित अवस्थी ने एल्डर कमेटी अध्यक्ष राजेन्द्र बाजपेयी, वरिष्ठ अधिवक्ता हरिशंकर शर्मा, हरकिशोर मिश्र, अब्बास हुसैन, उषा सिंह, डीड राइटर सत्य नरायन तिवारी, वरिष्ठ मुंशी दुलारे रावत, स्टांप वेंडर कमलाकांत अवस्थी, चाय विक्रेता नरायन यादव, तहसील बार कर्मचारी नरेन्द्र वर्मा को अंगवस्त्र व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर बार अध्यक्ष रामप्रताप सिंह, विश्वनाथ शंकर दीक्षित, कुलदीप कुमार शर्मा, अजय यादव, रामधन तिवारी, वासदेव वर्मा, अनिल गौतम, सुभाष दीक्षित, श्याम शंकर त्रिपाठी, अजय सिंह, अजय त्रिवेदी मौजूद रहे।

संक्षेप

## दुष्कर्म व पॉक्सो एक्ट में वांछित गिरफ्तार

अमेठी। जनपद में अपराध एवं अपराधियों के धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में गुरूवार को उ0नि0 संजीव कुमार थाना जामो मय हमराह द्वारा देखभाल क्षेत्र, तलाश वांछित अभियुक्त के दौरान मुखबिर की सूचना पर मु0अ0सं0 257/24 धारा 137(2),87,64,351(3) बीएनएस व 3/4 पॉक्सो एक्ट थाना जामो जनपद अमेठी में वांछित अभियुक्त ललित कुमार पुत्र अनिल कुमार यागनिक निवासी अम्मा पार्क की चाली अनाज गोदाम के पीछे थाना शाहीबाग जनपद अहमदाबाद गुजरात स्थाई पता- ग्राम नियामतपुर थाना सिरसा कलार जनपद जालौन उम्र करीब 28 वर्ष को सरकारी गोदाम नीमी के पास से समय करीब 6:50 बजे सुबह गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारी के संबंध में थाना जामो पुलिस द्वारा आवश्यक विधिक कार्यवाही कर जेल भेज दिया गया।

## आरोपी भेजा गया बाल सुधार गृह

मोतिगरपुर, सुलतानपुर (वीओएल)। मोबाइल शाप की दुकान में रात मे नकब लगाकर हुई चोरी का सामान बरामद कर मोतिगरपुर पुलिस ने आरोपी बाल अपचारी को गिरफ्तार कर मेडिकल परीक्षण कराकर विधिक कार्रवाई कर न्यायालय भेजा, जहां से पुलिस अभिरक्षा में आयोध्या बाल सुधार गृह भेजा गया। थाना क्षेत्र के रामपुर बिरसिंहा गांव के ऋषि वर्मा की गांव के ही नहर चैराहे पर मोबाइल शाप की दुकान में 14 अक्टूबर की रात में चोरों ने नकब लगाकर एंड्राइड व कीपैड का 10 मोबाइल व नगदी उठा ले गए थे। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर सर्विलांस की मदद के जरिए मोतिगरपुर प्रभारी निरीक्षक प्रवीण कुमार यादव ने उप निरीक्षक भुवाली प्रसाद, कांस्टेबल जनार्दन, उदय कुमार ने गुरुवार की भोर लखनऊ-बलिया हाईवे पर स्थित पारसपट्टी गेट के पास आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। तलाशी में आरोपी के पास चोरी गए सभी मोबाइल बरामद हुए। मोतिगरपुर प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि आरोपी के पास से तलाशी में चोरी के सामान बरामदगी के बाद विधिक कार्यवाई कर न्यायालय भेजा गया। जहां से उसे बाल सुधार गृह अयोध्या भेजा गया।

## नामजद तीनों आरोपी भेजे गये जेल

कादीपुर, सुलतानपुर (वीओएल)। धर्म परिवर्तन कराने के मामले में नामजद तीनों आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया। जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया।

बताते चले कि कोतवाली क्षेत्र के तवक्कलपुर नगरा गांव में बीते सोमवार को उषा पत्नी राजेंद्र प्रसाद के घर पर झाड़ फूंक करने के बहाने धर्म परिवर्तन करा रहे थे। मामले में कोतवाली पुलिस ने जलालपुर गांव के विजय कुमार पांडेय की तहरीर पर फतेहपुर जिले के असोथर थाने के विधातीपुर गांव के राजेंद्र कुमार एवम जौनपुर जिले के सुजानगंज थाने वजहा चंदन सिंह चैहान तथा करौंदी कला थाने के मगरसन कला गांव के अनुराग प्रजापति के विरुद्ध नामजद केस दर्ज किया था। बृहस्पतिवार को कमरवा गांव के डबल नहर के पास से चैकी प्रभारी सूरापुर अभिषेक सिंह ने तीनों नामजद आरोपियों को गिरफतार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया। जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया।

# विधायक ने 15000 रामभक्तों के साथ किये रामलला के दर्शन



गौरीगंज, अमेठी। विधायक राकेश प्रताप सिंह 15000 रामभक्तों के जत्थे के साथ गौरीगंज से 108 किलोमीटर की पैदल यात्रा कर किया रामलला के दर्शन किए, गौरीगंज विधायक राकेश सिंह की पदयात्रा का बुधवार को साकेत पीजी कॉलेज में विश्राम हुआ था, यात्रा के अयोध्या में प्रवेश पर नाका बाईपास पर गोसाईगंज विधायक अभय सिंह सहित विभिन्न जगहों पर लोगों ने बड़ी संख्या में भव्य स्वागत-अभिनंदन किया। यात्रा के साकेत पीजी कॉलेज पहुँचने पर पूर्व सांसद अम्बेडकरनगर एवं विधायक जलालपुर राकेश पाण्डेय, अयोध्या मेयर गिरीशपति त्रिपाठी, महंत राजूदास ने यात्रा का स्वागत अभिनंदन किया। तदुपरांत कथावाचक आचार्य शान्तनु महाराज ने रामभक्तों को शौर्य गाथा सुनाया।

गुरुवार को राकेश सिंह सुबह 8 बजे रामभक्तों के जत्थे के साथ साकेत पीजी कॉलेज से पैदल चलकर नयाघाट पर सरयू स्नान, नागेश्वर नाथ का जलाभिषेक एवं तदुपरांत हनुमानगढ़ी में दर्शन-पूजन उपरांत प्रभु श्री रामलला का दर्शन-पूजन किया।

एमएलसी पवन सिंह चौहान ने स्नान उपरांत दर्शन करने जा रहे विधायक राकेश का तुलसी उद्यान के पास स्वागत-अभिनंदन किया। एवं दर्शन के उपरांत साकेत पीजी कॉलेज वापस आने पर विधायक राकेश सिंह एवं एमएलसी पवन सिंह चौहान ने सभी दर्शनार्थियों को प्रभु श्रीराम की प्रतिमा भेंट की, तदुपरांत दर्शनार्थियों को विधायक राकेश के द्वारा सभी को बसों पर बैठाकर अपने-अपने घरों को भेजा गया। विदित हो कि श्रीराम पदयात्रा विधायक राकेश सिंह ने अपने विधानसभा गौरीगंज से सुबह ११ बजे से हजारों रामभक्तों के साथ पैदल शुरू किया था, जिसमें प्रथम दिवस की यात्रा में सेवई मोड़, मुसाफिरखाना पर अल्पविश्राम किया, एवं प्रथम दिवस की यात्रा का रात्रिविश्राम महात्मा बलदेव दास इण्टर कॉलेज, नेवादा - मुसाफिरखाना पर हुआ, जिसमें कथावाचक डा० दिनेश त्रिपाठी जी द्वारा श्रीराम कथा सुनाया गया। द्वितीय दिवस नेवादा से चली पदयात्रा का श्रीमती सुन्दरी देवी शिक्षण प्रशिक्षण संस्थान, हलियापुर पर अल्पविश्राम हुआ एवं रात्रि ठहराव ॐ सत्यनाम कोटवा धाम रामनरेश रामरती शिक्षण संस्थान, इनायतनगर पर हुआ वहाँ से 13 नवम्बर को यात्रा साकेत के लिये प्रस्थान की एवं तृतीय दिवस दिवस यात्रा का अल्प विश्राम माधव सर्वोदय इण्टर कॉलेज, अमौना पर हुआ एवं रात्रि विश्राम साकेत पीजी कॉलेज, अयोध्या में हुआ।

गोसाईगंज से निकली यात्रा के शुभारंभ में उत्तर प्रदेश सरकार के मंत्री मयांकेश्वर सिंह, एमएलसी शैलेंद्र सिंह, महंत मौनी बाबा की उपस्थिति में शुरू हुई, गौरीगंज से अयोध्या पहुँची यात्रा का सैकड़ों जगहों पर लोगों ने जगह-जगह स्वागत अभिनंदन किया। लोगों ने जलपान के साथ-साथ नाश्ते की भी भरपूर व्यवस्था कर रखी थी, विभिन्न जगहों दलगत विचारधारा से ऊपर उठकर लोगों ने भी यात्रा का स्वागत अभिनंदन किया, कई जगह मुस्लिम महिलाओं-पुरुषों में भी विधायक राकेश को तिलक लगाकर, माला पहनाकर एवं पुष्पवर्षा कर स्वागत किया।

## प्राथमिक विद्यालय में बाल मेला आयोजित

बल्दीराय, सुलतानपुर। प्रा. विद्यालय कांपा में बाल दिवस के अवसर पर एक भव्य बाल मेला आयोजित किया गया। इस मौके पर बल्दीराय बीईओ रोजी सिंह उपस्थित रहीं और बच्चों द्वारा लगाए गए विभिन्न प्रकार के स्टालों का निरीक्षण किया। बाल मेला में बच्चों ने अपनी रचनात्मकता का अद्भुत प्रदर्शन किया। अर्पिता खुशी ने मोमोज, अंजली और शगुन ने फिंगर फ्राई, रजनी स्तुती ने फुलकी कार्नर, अनुराग और रज्जन ने पौधों की नर्सरी और सृष्टि सलमा ने चना मसाला कार्नर लगाया था। ये सभी स्टाल बच्चों द्वारा तैयार किए गए थे, जो मेले में आने वाले ग्रामीणों और अभिभावकों के आकर्षण का केंद्र बने। ग्रामीणों ने भी इस मेले का भरपूर आनंद लिया। मेले की विशेषता यह रही कि यह पालीथीन मुक्त और हाईजीनिक था, जिससे मेला परिसर स्वच्छ और आकर्षक बना रहा। विद्यालय की तरफ से लगाए गए झूले बच्चों के मनोरंजन का प्रमुख आकर्षण रहे। बाल मेले के दौरान बीईओ रोजी सिंह ने विद्यालय में पौधारोपण भी किया, जिससे पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। इस अवसर पर कमपोजिट विद्यालय पांडेयपुर में भी बाल मेला आयोजित किया गया। वहीं, बल्दीराय के प्राथमिक विद्यालय फतेहपुर में सहायक बेसिक शिक्षा निदेशक श्याम किशोर तिवारी ने भी बाल मेले का दौरा किया।

# डीएम ने पीएम स्कूल रामगंज का किया आकस्मिक निरीक्षण



अमेठी। जिलाधिकारी निशा अनंत ने गुरुवार को विकासखंड शाहगढ़ अंतर्गत पीएम श्री स्कूल रामगंज का आकस्मिक निरीक्षण किया एवं संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान उन्होंने बच्चों से किताब पढ़वाया तथा बच्चों से शिक्षकों द्वारा पढ़ाये जाने की स्थिति की जानकारी ली, बच्चों की उपस्थिति को भी देखा। आज 14 नवम्बर बाल दिवस के अवसर पर जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने बच्चों को बधाई दी तथा उन्हें चाकलेट वितरित किया। इसके साथ ही उपस्थित शिक्षकों को बच्चों को कड़ी मेहनत से पढ़ना को कहा, तथा विद्यालय परिसर में पर्याप्त साफ सफाई की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिये।

## बेगमपुरा एक्स.की चपेट में आये युवक की मौत

मुसाफिरखाना, अमेठी। जम्मूतवी से वाराणसी की तरफ जा रही बेगमपुरा एक्सप्रेस ट्रेन से गिरकर एक यात्री की दर्दनाक मौत हो गई. घटना की जानकारी मिलते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुँची है. मामला जीआरपी परिक्षेत्र में होने के कारण जीआरपी की टीम सुल्तानपुर से घटनास्थल के लिए रवाना हो गई है. मृतक की जेब से मिले मोबाइल से पुलिस उसकी पहचान कराने की कोशिश में जुटी हुई है. मामला मुसाफिरखाना थाना क्षेत्र के इसौली मोड़ स्थित पोल संख्या 107 के पास का है, जहाँ दोपहर करीब 12 बजे जम्मूतवी से वाराणसी की तरफ जा रही बेगमपुरा एक्सप्रेस से एक युवक गिर गया. जिससे उसकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई. पास में ही मौजूद केबिन के गेटमैन ने घटना की जानकारी पुलिस को देने के साथ ही स्टेशन मास्टर को दी. घटना की जानकारी मिलते ही मुसाफिरखाना एसएचओ विवेक सिंह मौके पर पहुँचे और युवक के जेब आए मिले मोबाइल को दुकानदार के पास भेज कर लॉक तुड़वाने की प्रक्रिया में जुट गए है. लॉक टूटने के बाद ही युवक की पहचान हो पाएगी. एसएचओ द्वारा घटना की जानकारी जीआरपी को दी गई है, जिसके बाद सुल्तानपुर जीआरपी घटनास्थल के लिए रवाना हो गई है. मामला जीआरपी परिक्षेत्र में होने के कारण शव को पोस्टमार्टम के साथ ही अन्य विधिक कार्यवाही जीआरपी करेगी. फिलहाल जीआरपी के आने तक स्थानीय पुलिस मौके पर मौजूद रहेगी।

## श्रीमद्भागवत कथा के पांचवें दिन मना प्रभु का जन्मोत्सव

सुलतानपुर (वीओएल)। धर्म की रक्षा के लिए जैसे ही केशव ने अवतार लिया, श्रोता मंडली भक्ति भाव से झूम उठीं। महिलाएं सोहर गाने लगीं तो भाव विह्वल भक्तों के जयकारा से आसमान गुंजायमान हो उठा। मुख्य यजमान ओम प्रकाश श्रीवास्तव व उनकी पत्नी आशा श्रीवास्तव द्वारा गायत्री मंदिर के निकट कुड़वार नाका स्थिति एक लान में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा के पांचवें दिन श्रोताओं का विशाल सागर देर शाम तक हिलोरें मारता रहा। कथा वाचक आचार्य कृष्णकांत श्रीमुख शांडिल्य महाराज ने कहा कि जब-जब धर्म का क्षरण होता है, तब-तब धरा पर प्रभु का अवतार होता है। उन्होंने भक्तराज प्रह्लाद तथा भगवान कृष्ण के जन्म लेने की मार्मिक कथा सुनाकर श्रोताओं को भाव-विभोर कर दिया। कथा को आगे बढ़ाते हुए उन्होंने कहा कि हिरण्यकश्यप ने प्रह्लाद को मारने के बहुतेरे उपाय किए। भगवत भक्ति से ओत-प्रोत प्रह्लाद का एक भी बाल बांका नहीं हो सका...और एक समय तो ऐसा आया भगवान स्वयं नरसिंह के रूप में प्रकट होकर दुष्ट हिरण्यकश्यप का वध कर दिए। इसी प्रकार कंस के अत्याचार से पृथ्वी वासी त्राहि-त्राहि कर उठे थे। धर्म का ह्रास होने लगा था। पृथ्वी गाय तो धर्म बैल का रूप बनाकर भगवान से धर्म की रक्षा के लिए अवतार लेने का निवेदन किया।

## फाउंडेशनों ने कराई दो कन्याओं की शादी



लखनऊ। सुनहरा भविष्य फाउंडेशन और एकता सोशल वेलफेयर फाउंडेशन ने बृहस्पतिवार को दो कन्याओं का कन्यादान किया। मोतीनगर स्थित अग्रवाल कॉलेज प्रांगण में उक्त संस्थाओं द्वारा दो कन्याओं की शादी की पूर्ण व्यवस्था की गई। इस पुनीत कार्य में संस्था की संस्थापक नेहा अग्रवाल और एकता अग्रवाल ने बड़ी भूमिका निभाई। इस अवसर पर संस्थाओं के सभी सक्रिय सदस्यों और मारवाड़ी युवा मंच का भी बड़ा योगदान रहा।



## आग लगने से लाखों का सामान हुआ राख

बल्दीराय, सुलतानपुर। बल्दीराय ब्लॉक स्थित पूरे अंगनी सिंघनी गांव में सोमवार की रात अचानक अज्ञात कारणों से आग लग गई, जिससे श्याम कुमार पुत्र राम अभिलाख का कच्चा खपरैला घर जलकर राख हो गया। आग की लपटें तेज होने पर ग्रामीणों ने कड़ी मेहनत और संघर्ष के बाद किसी तरह आग पर काबू पाया, लेकिन तब तक घर के अंदर रखा लगभग सब सामान जल चुका था। घर में रखे चार कुंतल चावल, दो कुंतल गेहूं, बिस्तर, रजाई, बक्से में रखे सोने-चांदी के आभूषण, अलमारी, बेड सब जलकर पूरी तरह से राख हो गया। ग्रामीणों ने अनुमान लगाया कि इस घटना में करीब 3 लाख रुपये से ज्यादा का नुकसान हुआ है।

## कृषि यंत्रों के लिए ई-लाटरी प्रक्रिया के माध्यम से कृषकों का किया गया चयन

अमेठी। आज कलेक्ट्रेट सभागार में कृषि यन्त्रीकरण की समस्त योजनाओं के अन्तर्गत रु 10000.00 से अधिक अनुदान वाले समस्त कृषि यन्त्र, कृषि रक्षा उपकरण, कस्टम हायरिंग सेन्टर, थ्रेसिंग फ्लोर एवं स्माल गोदाम इत्यादि का ई-लॉटरी जनपद स्तर पर जिलाधिकारी निशा अनंत की अध्यक्षता में गठित कार्यकारी समिति की उपस्थिति में की गयी। जनपद के समस्त विकास खण्डों में 343 कृषको द्वारा आवेदन किया गया जिसमें से लक्ष्यानुसार 59 कृषको के चयन हेतु ई-लॉटरी प्रक्रिया सम्पादित की गयी। ई-लॉटरी में चयनित एवं प्रतिक्षारत कृषकों को उनके मोबाइल नम्बर पर एस०एम०एस० के माध्यम से चयन एवं बिल अपलोड की अन्तिम तिथि की सूचना पोर्टल के माध्यम से दी गयी है, लक्ष्य की सीमा तक चयनित लाभार्थियो द्वारा निर्धारित समयावधि में यंन्त्र न क्रय करने की दशा में अवशेष लक्ष्यों के सापेक्ष ई-लॉटरी द्वारा तैयार प्रतीक्षा सूची के क्रम में लाभार्थियों का चयन किया जायेगा, ई-लॉटरी प्रक्रिया के दौरान मुख्य विकास अधिकारी सूरज पटेल, उप कृषि निदेशक सत्येंद्र तिवारी, जिला कृषि अधिकारी राजेश कुमार, जिला उद्यान अधिकारी, अग्रणी बैंक प्रबन्धक, जिला सूचना विज्ञान अधिकारी, वैज्ञानिक कृषि विज्ञान केन्द्र एवं प्रगतिशील कृषक, स्वयं सहायता समूह के प्रतिनिधि एवं आवेदक कृषकगण उपस्थित रहे। जनपद में कस्टम हायरिंग सेन्टर ग्रामीण उद्यमी हेतु दानबहादुर जामों, विमला देवी बहादुरपुर, शिवगोपाल गौरीगंज, सन्तोष सिंह जगदीशपुर आदि, स्माल गोदाम हेतु राधेश्याम तिलोई, राममिलन शाहगढ, मिनीराइस मिल हेतु रवी कुमार शाहगढ, आनन्त विक्रम भेटुआ, कम्बाइन हार्वेस्टर हेतु शान मो० बहादुरपुर, रोटावेटर हेतु धमार्देवी अमेठी, राजेश सिंह गौरीगंज, महेश प्रसाद जगदीशपुर, दुर्गा प्रसाद मुसाफिरखाना इत्यादि कृषकों का ई-लॉटरी के माध्यम से चयन हुआ है।

# 45 दिवसीय कृषि उद्यमिता का हुआ समापन




अमेठी। कृषि और किसान कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार के प्रायोजन से तथा नेषनल इंस्टीयूट आफ एग्रीकल्चर एक्स्टेंषन मैनेजमेंट हैदराबाद के सक्रिय सहयोग से सीटेड कार्यालय रोड नं0 4 पर प्रषिक्षण का समापन 35 प्रतिभागियों हेतु किया गया, जिसका समापन राजीव कुमार पांडे, जिला अग्रणी प्रबंधक, बैंक ऑफ बडौदा, अमेठी गुलाब सिंह, संकाय सदस्य, संजय गांधी पॉलीटेक्निक, जगदीशपुर व संजय कुमार मैनेजर बैंक ऑफ बड़ौदा अमेठी, द्वारा किया गया। इस अवसर पर श्री दिनेश नारायण मिश्र, नोडल आफीसर राकेश शुक्ला व श्री प्रज्जवल सिंह, कार्यक्रम समन्वयक उपस्थित थे। यह प्रषिक्षण कार्यक्रम 26 सितंबर 2024 से 13 नवंबर 2024 तक आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे राजीव कुमार पांडे जिला अग्रणी प्रबंधक ने कहा कि तकनीकी शिक्षा के बगैर विकास करना मुष्किल हैं, तकनीकी ज्ञान सीखकर आप एग्रीकल्चर संबंधित उद्योगों की स्थापना करें और अपने साथ-साथ अन्य लोगों को रोजगार दें, तभी विकास को गति मिल सकेगी। यह कार्य सीटेड करा रही है जो कि अपने आप में एक उपलब्धि हैं आप इनके अनुभव का भरपूर फायदा उठायें।

मुख्य अतिथि के रूप में आए गुलाब सिंह, संकाय सदस्य, संजय गांधी पॉलीटेक्निक, जगदीशपुर ने कहा कि यह निश्चित ही यह चुनौती का क्षेत्र है लेकिन आप रिस्क लेते हुए कार्य करिए और पूरी मेहनत व समर्पण भाव के साथ करेगें तो सफलता आपके कदम चूमेगी। अपने व्याख्यान में संजय कुमार वरिष्ठ प्रबंधक बैंक ऑफ बरोदा औद्योगिक क्षेत्र जगदीशपुर अमेठी, ने कहा कि मैनेज संस्था द्वारा प्रदान किया जा रहा प्रषिक्षण बहुत ही उपयोगी हैं इसके माध्यम से आप कहीं भी अपनी इकाई की स्थापना कर सकते हैं। संस्थान के नोडल आफीसर राकेश शुक्ला ने कहा कि यह प्रशिक्षण निःशुल्क हैं एवं आपको दिशा देने के लिए पर्याप्त हैं इससे आप में आत्मविष्वास आ गया हैं अब आप अपनी इकाई को स्थापित करने में सहूलियत मिल सकेगी। उन्होने आगे कहा कि इस प्रषिक्षण का मुख्य उददेष्य आपके अन्दर उद्यमिता का विकास करना है जो कि संस्थान ने किया है अब इसे आत्मसात करने की जिम्मेदारी आपकी है। कार्यक्रम का संचालन करते हुए अरविंद कुमार श्रीवास्तव ने सभी अतिथियों को कार्यक्रम से परिचित कराया व 45 दिवसीय प्रषिक्षण प्रस्तुति प्रदान की। इस अवसर पर प्रतिभागियों ने भी अपने विचार व्यक्त किये। कार्यक्रम समन्वयक प्रज्वल सिंह ने आए हुए अतिथियों का आभार प्रकट किया। इस मौके पर अनुराग दिव्या जानवी लक्ष्मी पॉल आयुषी अंकुर उदयराज बैजनाथ आशीष विनोद दीपक शिवम अमित दिलीप अंकित विनय चंद्रेश आदि प्रतिभागी मौजूद थे।

## मानव कल्याण के लिए सत्संग से बढ़कर कोई दूसरा साधन नहीं

सुलतानपुर (वीओएल)। जगदेव प्रसाद पांडेय के घर पर चल रही श्रीमदभागवत कथा के तृतीय दिवस के अवसर पर वृंदावन धाम से पधारे पूज्य बाल व्यास मधुर जी महाराज ने भगवान श्रीकृष्ण के नाम की महिमा पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि ह्यसंक्रन्मनः कृष्ण पदा रविन्दयोहह्ल भगवान के नाम का स्मरण जीवन के अंत में मोक्ष का कारण बनता है, लेकिन यह कार्य अत्यंत कठिन है। क्योंकि अंत समय में भगवान के नाम का उच्चारण किसी के लिए भी आसान नहीं होता। मधुर जी महाराज ने उदाहरण के तौर पर कहा कि कई बड़े संत जीवनभर भगवान के नाम का जाप करते हैं, फिर भी अंत समय में उनका मुंह भगवान के नाम से नहीं खुलता। इसलिए, जीवनभर भगवान के नाम का निरंतर जाप और भक्ति में संलग्न रहना अत्यंत आवश्यक है।

## इफको का एडीएम ने किया निरीक्षण




अमेठी। बृहस्पतिवार को अमेठी के अपर जिला अधिकारी एडीएम अर्पित गुप्ता ने गौरीगंज स्थित इंडियन फार्मर्स फर्टिलाइजर कोऑपरेटिव इकाई का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने उर्वरक उत्पादन की प्रक्रियाओं, गुणवत्ता नियंत्रण प्रणाली, श्रमिकों की सुरक्षा व्यवस्थाओं और उत्पादन मानकों का गहन अवलोकन किया। निरीक्षण के दौरान एडीएम अर्पित गुप्ता ने इकाई के अधिकारियों से बातचीत कर उत्पादन में उच्च गुणवत्ता मानकों का पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि किसानों तक सर्वोत्तम गुणवत्ता की खाद पहुंचाना प्रशासन की प्राथमिकता है ताकि कृषि उत्पादन में वृद्धि हो और किसानों को लाभ मिले। अर्पित गुप्ता ने श्रमिकों की सुरक्षा एवं स्वास्थ्य संबंधी प्रबंधन की समीक्षा की, जिसमें श्रमिकों को उनके अधिकारों और सुरक्षा मानकों का पालन करने के प्रति जागरूक करने पर बल दिया। उन्होंने बताया कि उत्पादन प्रक्रिया में शामिल सभी कर्मचारियों को न केवल गुणवत्ता बल्कि अपनी सुरक्षा का भी ध्यान रखना चाहिए ताकि उत्पाद सुरक्षित और उच्च गुणवत्ता वाले हों। निरीक्षण के पश्चात एडीएम गुप्ता ने संतोष व्यक्त करते हुए कहा कि गौरीगंज में उत्पादन व्यवस्था संतोषजनक है। उन्होंने यह भी आश्वासन दिया कि प्रशासन की ओर से हर संभव सहयोग प्रदान किया जाएगा ताकि किसानों को समय पर गुणवत्तापूर्ण उर्वरक उपलब्ध हो सके।

## सड़क निर्माण में गड़बड़ी की पुष्टि होने पर ठेकेदार पर केस दर्ज

अमेठी। सड़क निर्माण में अनियमितता बरतना कार्यदायी संस्था को भारी पड़ गया। जांच में गड़बड़ी की पुष्टि होने के बाद लोक निर्माण विभाग ने कार्यदायी संस्था के अनुबंध को निरस्त करते हुए उसे डिबार करने की संस्तुति की थी। इस मामले में अब विभाग के अवर अभियंता ने ठेकेदार के खिलाफ अमेठी कोतवाली में केस दर्ज करवाया है। नाबार्ड आरआईडीएफ योजना के तहत अमेठी तहसील क्षेत्र के गुंगवाछ से मड़ौली होते हुए कमासिन पंडित का पुरवा तक एक करोड़ 16 लाख 10 हजार रुपये की लागत से 700 मीटर सड़क के निर्माण को मंजूरी मिली थी। मंजूरी के बाद लोक निर्माण विभाग ने निविदा प्रक्रिया से सुल्तानपुर जिले के सोहगौली के मेसर्स सुपर कंस्ट्रक्शन कंपनी के प्रोपराइटर अखिलेश पांडेय को कार्य पूरा करने की जिम्मेदारी सौंपी थी। नामित संस्था ने 25 अक्तूबर को मार्ग पर लेपन कार्य किया था। लेपन कार्य पूरा होते ही ग्रामीण सड़क पर आ गए थे। ग्रामीणों ने सड़क निर्माण में अनियमितता का आरोप लगाते हुए प्रदर्शन किया था। सोशल मीडिया पर इसका वीडियो भी वायरल हुआ था। वीडियो वायरल होने के बाद इस मुद्दे को प्रमुखता से उठाते हुए 24 घंटे में ही उखड़ने लगी निमार्णाधीन सड़क शीर्षक से खबर भी प्रकाशित की थी। जिसके बाद लोक निर्माण विभाग ने जांच करवाई, तो आरोप सही पाए गए। उसके बाद विभाग ने कार्यदायी सस्था के कार्य को बीच में रुकवा दिया। साथ ही अनुबंध को निरस्त करते हुए मुख्य अभियंता को पत्र भेजकर कार्यदायी संस्था को डिबार (प्रतिबंधित) करने की संस्तुति की थी। इससे संबंधित खबर में अनियमितता की भेंट चढ़ी 1.16 करोड़ से बनी सड़क शीर्षक से प्रकाशित हुई थी। उसके बाद अवर अभियंता पतिराम ने अमेठी थाने में ठेकेदार के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया है।

# दौड़ प्रतियोगिता में रिया व फरहान ने मारी बाजी

- ब्लॉक स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का हुआ आयोजन



जयसिंहपुर, सुलतानपुर (वीओएल)। गुरुवार को स्थानीय शिक्षा क्षेत्र के गोपालपुर प्रथम कंपोजिट विद्यालय में ब्लॉक स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन धूमधाम से हुआ। इस प्रतियोगिता का शुभारंभ उपजिलाधिकारी जयसिंहपुर, संतोष कुमार ओझा ने मां सरस्वती के प्रतिमा की पूजा अर्चना करके किया।

प्रतियोगिता में विभिन्न श्रेणियों में छात्रों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। बालिका वर्ग की 600 मीटर दौड़ में उच्च प्राथमिक विद्यालय महमूदपुर की कक्षा 8 की छात्रा रिया यादव ने प्रथम स्थान हासिल किया। वहीं, प्राथमिक वर्ग में 50, 100, 200 मीटर की दौड़ में गुरेगाँव न्याय पंचायत के फरहान ने शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया। 400 मीटर दौड़ में सेमरी के उमंग यादव ने बाजी मारी, जबकि प्राथमिक बालिका वर्ग में 50 मीटर दौड़ में अयूबपुर की परी शुक्ला ने पहली पोजीशन हासिल की। अन्य दौड़ों में भभोट की नंदिनी, सेमरी की राशिफल, और वैदहा की अंशिका ने क्रमशः 100 मीटर, 200 मीटर और 400 मीटर में शीर्ष स्थान पर रहकर अपनी धाक जमाई। इसके अलावा, प्राथमिक बालक कबड्डी में वैदहा और बालिका खो-खो में सेमरी ने जीत दर्ज की। जूनियर वर्ग में बालक 200 और 400 मीटर दौड़ में गुरेगाँव के मो जीशान ने जीत हासिल की, वहीं 600 मीटर दौड़ में दिलशान अली ने बेहतरीन प्रदर्शन किया। लम्बी कूद में आदित्य गुरेगाँव ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। जूनियर बालिका संवर्ग में 200 मीटर दौड़ में सरैया की आस्था मिश्रा, 400 मीटर में वैदहा की प्रियंका और 600 मीटर दौड़ में अयूबपुर की रिया यादव ने जीत दर्ज की। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सदर विधायक राजप्रसाद उपाध्याय ने प्रतियोगिता में विजयी बच्चों को शील्ड देकर सम्मानित किया और कहा कि खेल जीवन का अभिन्न अंग हैं। इससे बच्चों के शारीरिक और मानसिक विकास में मदद मिलती है, साथ ही यह उनकी प्रतिस्पर्धात्मक भावना और आत्मविश्वास को भी बढ़ाता है। ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि जयसिंहपुर प्रभाकर शुक्ल उर्फ रिंकू ने भी विजेताओं को पुरस्कार देकर उनका उत्साह बढ़ाया। इस मौके पर खंड शिक्षा अधिकारी शिव शंकर मिश्र, प्राथमिक शिक्षक संघ के अध्यक्ष जयप्रकाश वर्मा, रत्नेश तिवारी, हरिशंकर वर्मा, रामकेश यादव आदि मौजूद रहे।

## विकास कार्यों को लेकर जिला पंचायत की हुई बैठक

गौरीगंज, अमेठी। वृहस्पतिवार को जिला पंचायत अमेठी के सभागार में राजेश कुमार अग्रहरि अध्यक्ष की अध्यक्षता में जिला पंचायत की बैठक शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न हुई। जिला पंचायत की बैठक में एजेण्डा बिन्दु के अनुसार अपर मुख्य अधिकारी जिला पंचायत, अमेठी द्वारा गत बैठक की कार्यवाही पढ़कर सुनाया, जिसकी पुष्टि उपस्थित सदस्यों द्वारा की गई। इसके उपरान्त अध्यक्ष की अनुमति से जनसुनवाई व अन्य माध्यमों से प्राप्त प्रस्तावों को सदन में रखा गया। बैठक में सदस्यगणों द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में विकास कार्यों के जिलास्तीय अधिकारियों के साथ चर्चा की, जिससे आमजन की मूलभूत सुविधाओं से लाभांवित हो सकें। जिला पंचायत, अमेठी की बैठक में सुरेश कुमार पासी, विधायक जगदीशपुर, शैलेन्द्र प्रताप सिंह विधान परिषद सदस्य, के साथ जिला पंचायत के सदस्यगण एवं जिलास्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।



संक्षेप

## थानाध्यक्ष ताजगंज के विरुद्ध नोटिस जारी

**आगरा।** अदालत द्वारा पारित आदेश का अनुपालन न करना थानाध्यक्ष ताजगंज को भारी पड़ गया। एसीजेएम मोहित कुमार प्रसाद ने थानाध्यक्ष के विरुद्ध नोटिस जारी कर 25 नवंबर को व्यक्तिगत रूप से कोर्ट में उपस्थित होकर स्पष्टीकरण देने के आदेश दिए। वादी की ओर से अधिवक्ता समीर ने तर्क दिए। अदालत में मोहम्मद फैजान बनाम साजिद खान धारा 138 एनआई एक्ट थाना नाई की मंडी का मुकदमा लंबित है। चेक डिसऑनर के इस मामले में आरोपित साजिद खान के हाजिर नहीं होने पर अदालत ने उसके विरुद्ध आदेश पारित कर थानाध्यक्ष ताजगंज को उसके विरुद्ध कार्रवाई के आदेश दिए थे।

## न्याय के लिए पीड़ित ने किया वीडियो वायरल

**आगरा।** मेरे जेठ और उनका लड़का राहुल बघेल और मनोज बघेल मुझे और मेरे बच्चों को बहुत परेशान करते हैं मुझे मारा और गले से सोने की चेन और मंगलसूत्र छुड़ा लिया मेरे कपड़े फाड़े अपने बच्चों को और खुद को कमरे में बंद कर लिया फिर भी ये लोग नहीं माने मेरे घर के खिड़की दरवाजे से नाली की कीचड़ डाली मेरी स्कूटी और घर का सारा सामान भी तोड़ दिया पुलिस कोई कार्यवाही नहीं रही है हार कर मुझे ये वीडियो वाइरल करना पड़ रहा है कारवाही ना होने से इनकी हिम्मत और बढ़ गई है कि ये लोग आए दिन कुछ ना कुछ हरकत करते हैं हम डरे हुए है आपसे निवेदन है कि मेरी मदद करें आपकी अति कृपा होगी।

## कृषक इंटर कॉलेज में मनाया बाल दिवस

**टूंडला।** कृषक इंटर कॉलेज पचोखरा फिरोजाबाद के छात्र छात्राओं ने प्रधानाचार्य रंगेश कुमार उपाध्याय के निर्देशन में बालदिवस बड़ी धूमधाम से मनाया। कार्यक्रम का शुभारंभ सभी शिक्षकों ने स्वतंत्र भारत के प्रथम प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि के साथ किया। वरिष्ठ अध्यापक गोकुल चंद्र गौतम ने नेहरू जी के जीवन शैली एवं उनकी आत्मकथा के बारे में प्रकाश डाला। एनसीसी अधिकारी अमित उपाध्याय ने छात्र एवं छात्राओं को नजदीक परीक्षा होने के कारण अधिक से अधिक मेहनत करने पर जोर दिया। सभी छात्र अधिक से अधिक मेहनत करें और परीक्षा में अच्छे अंक प्राप्त करें। इस अवसर पर छात्रों को मिष्ठान वितरण किया गया। इस अवसर पर एनएसएस प्रभारी सुनील कुमार जैन,शीरध्वज शर्मा आलोक उपाध्याय राजवीर सिंह अजय कुमार, हेमलता पाल रिचा गुप्ता कौशल शर्मा पंकज शर्मा ऋषि शर्मा आदि उपस्थित रहे।

## कच्ची शराब बनाने के उपकरण संग गिरफ्तार

**फिरोजाबाद।** थाना सिरसागंज पुलिस टीम ने 150 लीटर लहन व 80 लीटर अपमिश्रित कच्ची शराब बनाते समय मय उपकरण शराब भट्टी सहित एक अभियुक्त गिरफ्तार किया। एसएसपी सौरभ दीक्षित द्वारा अवैध रूप से नशीले पदार्थों की बिक्री व अवैध शराब एवं तस्करी करने वालों के विरुद्ध प्रचलित अभियान के तहत गुरुवार को अभियुक्त द्वारा एमडी जैन कालेज के पीछे मोहल्ला गिहार कालौनी कस्बा सिरसागंज में कच्ची शराब बनाते समय मय उपकरण के बाबूराम पुत्र लल्लू निवासी गिहार कॉलोनी कस्बा व थाना सिरसागंज जिला फिरोजाबाद को गिरफ्तार कर थाना पर आबकारी अधिनियम अंतर्गत बनाम बाबूराम उपरोक्त के विरूद्ध पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की है।

# मंडलायुक्त ने राजनैतिक दलों के साथ की बैठक





**मथुरा।** मंडलायुक्त/रोल प्रेक्षक श्रीमती रितु माहेश्वरी ने भारत निर्वाचन आयोग द्वारा अर्हता 01 जनवर 2025 के आधार पर विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र की निर्वाचक नामावलियों का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण के अन्तर्गत तहसील गोवर्धन के प्राथमिक विद्यालय सतोहा 256 से 259 एवं तहसील सदर के पुलिस मॉडर्न सीनियर सेकेंडरी स्कूल पुलिस लाइन 372 से 374 में बने बूथों का निरीक्षण किया।

निरीक्षण में मंडलायुक्त ने बीएलओ से फॉर्म 6, 7 एवं 8 के प्रयोग उनमें दावे एवं आपत्तियों के लिए दिए जानी वाली समय अवधि आदि की जानकारी ली। बीएलओ द्वारा गलत जवाब देने पर मंडलायुक्त ने नाराजगी जाहिर की। उन्होंने सभी बीएलओ एवं सुपरवाइजरों को पुनः प्रशिक्षण कराने के निर्देश दिए। इससे पूर्व मंडलायुक्त/रोल प्रेक्षक श्रीमती रितु माहेश्वरी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में भारत निर्वाचन आयोग द्वारा अर्हता 1 जनवरी 2025 के आधार पर विधान सभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण अभियान हेतु राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक हुई संपन्न। बैठक में विधायक बल्देव पूरन प्रकाश जिलाधिकारी शैलेंद्र कुमार सिंह अपर आयुक्त प्रशासन आगरा राजेश कुमार अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व योगानंद पांडेय ज्वाइंट मजिस्ट्रेट/उप जिलाधिकारी मांट अभिनव जे जैन उप जिलाधिकारी छाता श्वेता सदर वैभव गुप्ता महावन आदेश कुमार गोवर्धन नीलम श्रीवास्तव सभी तहसीलदार नायब तहसीलदार खंड विकास अधिकारी तथा सभी राजनैतिक दलों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। जिलाधिकारी ने राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों को अवगत कराया कि 28 नवंबर तक दावे एवं आपत्तियां आमंत्रित की जाएंगी तथा विशेष तिथियों पर कैंपों का आयोजन किया जा रहा है जिसमे आगामी तिथि 23 नवम्बर व 24 नवंबर है। विशेष तिथियों में सभी बीएलओ अपने अपने बूथों पर मौजूद रहेंगे। आप सभी लोग अपने अपने क्षेत्रों में लोगों को मतदाता सूची में नाम बढ़वाने कटवाने तथा संशोधन करवाने के कार्य हेतु उक्त दिवसों में बूथों पर मौजूद होकर लाभ लेने हेतु प्रोत्साहित करें। उन्होंने बताया कि 29 नवंबर से 24 दिसंबर तक निर्वाचन कार्यालय द्वारा आपत्तियों का निस्तारण किया जाएगा। 6 जनवरी 2025 को मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन किया जाएगा। मंडलायुक्त श्रीमती रितु ने सभी राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों से अनुरोध किया कि उक्त कार्य को गंभीरता से लेते हुए लोगों को जागरूक करें विशेष तिथियों में लगाए गए कैंपों के माध्यम से लोगों को लाभान्वित कराएं तथा अपने अपने दलों के बीएलए बूथ लेवल असिस्टेंट के बूथों पर नियुक्त करें। सभी राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के सहयोग से कार्यों में तेजी आयेगी तथा अधिकाधिक लोगों को मतदाता सूची में जोड़ने के कार्य में हम सभी को सफलता मिलेगी। उन्होंने कहा कि ऑनलाइन माध्यम से भी उक्त कार्य को कर सकते है। मंडलायुक्त ने कहा कि मतदाता सूची को और अधिक कैसे बेहतर बना सकते है उसके लिए आयोग द्वारा साल में 4 बार उक्त प्रक्रिया को किया जाता है।

उन्होंने बैठक में सभी उप जिलाधिकारियों को निर्देश दिए कि फॉर्म 6, 7 एवं 8 को अधिक संख्या में प्राप्त करें। गोवर्धन एवं मथुरा में कम फॉर्म प्राप्त होने पर मंडलायुक्त ने नाराजगी जाहिर की तथा निर्देश दिए कि अपने अपने क्षेत्रों में अधिकाधिक प्रचार प्रसार करें। बैठक में उप जिला निर्वाचन अधिकारी योगानंद पांडेय ने बताया कि जनपद में ड्राफ्ट रोल 29 अक्टूबर के अनुसार कुल 1911575 वोटर है जिसमे 1024287 पुरुष 887227 महिला तथा 61 अन्य है। जनपद में 1104 पोलिंग सेंटर तथा 2130 पोलिंग स्टेशन है। जनपद का जेंडर रेशियो 866 तथा ईपी रेशियो 59.73 है। मंडलायुक्त ने 18 से 19 आयु के कम आवेदनों पर निर्देशित किया कि सभी डिग्री कॉलेज यूनिवर्सिटी ब्लॉक कार्यालय सीएचसी तथा तहसीलों पर कैंप लगाएं। महिलाओं को मतदाता सूची में नाम बढ़वाने हेतु प्रोत्साहित किया जाए। उनकी सहभागिता बढ़ाई जाए। परमानेंट माइग्रेटेड/शिफ्टेड एवं मृत्यु वालों पर विशेष फोकस किया जाए तथा नियमानुसार कार्यवाही की जाए। जिले में एक भी दिव्यांग वोटर नहीं बढ़ा है जिस पर मंडलायुक्त ने निर्देश दिए कि सभी उपजिलाधिकारी मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय एवं जिला दिव्यांगजन कल्याण अधिकारी कार्यालय से दिव्यांगजनों की सूची प्राप्त करले और बीएलओ को नए दिव्यांगों को मतदाता सूची में शामिल करने हेतु निर्देशित करें। उन्होंने हेल्पलाइन नंबरों को निरंतर संचालित रखने तथा रोस्टर अनुसार ड्यूटी लगाने के निर्देश दिए। बीएलओ स्तर से फॉर्म को सही भरने की कार्यवाही को सुनिश्चित किया जाए। फॉर्म में गुणवत्ता बनाए रखें धुंधली फोटो एवं अधूरे डॉक्यूमेंट्स को न लिए जाए। उक्त होने पर आगामी स्तर से फॉर्म रिजेक्ट किए जाते है जिससे उप जिलाधिकारियों के लेवल से ज्यादा रिजेक्शन दिखाता है इसलिए बीएलओ लेवल से सही प्रपत्र एवं डॉक्यूमेंट लिए जाए।

## कोल्ड ड्रिंक की बोतल पर भी चेतावनी छपवानी चाहिए : राजेश खुराना

**आगरा।** रिपोर्ट्स और आंकड़ों के अनुसार, यह सच है कि कोल्ड ड्रिंक और शुगर से संबंधित स्वास्थ्य समस्याएं बहुत गंभीर हो सकती हैं। दरअसल, अत्यधिक चीनी का सेवन डायबिटीज, हृदय रोग, उच्च रक्तचाप, और यहां तक कि कैंसर जैसी बीमारियों का कारण बन सकता है। यह भी सही है कि इन उत्पादों पर सिगरेट और तंबाकू की तरह चेतावनियाँ छापी जानी चाहिए ताकि लोग इसके खतरों को समझ सकें। यह विचार राष्ट्रवादी चिंतक राजेश खुराना ने लोगों के स्वास्थ्य पर पड़ते हानिकारक असर को देते हुए राष्ट्रहित और समाजहित में व्यक्त किये।

## छापामारी में 60 किलो मीट पकड़ा

**मथुरा।** अवैध मीट विक्रेताओं की चेकिंग के दौरान नगर निगम की टीम एवं पुलिस विभाग की टीम द्वारा नगर निगम सीमाअंतर्गत प्रतिबंधित वार्ड संख्या 31 नवनीत नगर, सुखदेव नगर इत्यादि स्थानों पर दबिश के दौरान इकराम की दुकान से लगभग 20 से 30 किलो ग्राम एवं दूसरी शाजिद की दुकान से लगभग 30 किलो अवैध मीट बरामद हुई। उक्त दोनों दुकानों से अवैध मीट जब्त कर नष्ट कराया गया। भविष्य में पुनः उक्त प्रतिबंधित स्थानो पर मीट विक्रय हेतु चेतावनी दी गई।

## वृन्दावन में मुक्त करायी नगर निगम की भूमि

**मथुरा।** नगर निगम ने विभाग की कुछ लोगों द्वारा कब्जा की हुई जमीन को मुक्त कराया गया। सहायक नगर आयुक्त ने बताया कि राजपुर खादर स्थित मोहिनी नगर में खसरा संख्या 111/4 नवीन परती के रूप में दर्ज है और नगर निगम संपत्ति है। खसरा संख्या 111/4 की लगभग 700 वर्ग मीटर भूमि पर कृष्ण मुरारी पुत्र कालीचरन, विमलेश पत्नी अशोक, अरविंद पुत्र पप्पू द्वारा बाउंड्रीवॉल कर अवैध कब्जा कर लिया गया था। नगर आयुक्त के निर्देशन में राकेश कुमार त्यागी सहायक नगर के द्वारा इस भूमि को अवैध कब्जे से रिक्त कर लिया गया है और इस नगर निगम भूमि पर नगर निगम संपत्ति के बोर्ड लगवा दिए गए हैं।

# बच्चों ने स्टॉल लगाकर बाल दिवस का किया आयोजन



**मथुरा।** जनपद मथुरा के गांव खामिनी में जागरण पहल संस्था की टीम की तरफ से डायरिया से बचाव के लिए हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं। रैकिट इंडिया और जागरण पहल के सयुंक्त तत्वाधान में संचालित परियोजनाह्ल डेटाल बनेगा स्वस्थ इंडिया ह्ल डायरिया नेट जीरो कार्यक्रम के अंतर्गत बड़े पैमाने पर विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम के माध्यम से समुदाय को डायरिया के प्रबंधन के बारे में जागरूक किया गया। इस अभियान के तहत डब्ल्यू. एच.ओ.के सात बिंदुओं पर विशेष बल दिया जा रहा है। पंडित जवाहर लाल नेहरू की जयंती बाल दिवस के अंतर्गत गाँव खामिनी के प्राइमरी स्कूल में बाल दिवस का आयोजन किया गया। इसमें बच्चों ने खाने पीने के स्टॉल लगाकर बाल दिवस का आयोजन किया। जिला स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी (डीएचईआईओ) जितेंद्र सिंह ने बताया कि खाना खाने से पहले, मुंह, आंख, नाक, कान छूने से पहले शौचालय के प्रयोग के बाद साबुन से सुमन-के फामूर्ला से हाथ धोना चाहिए। उन्होंने बताया कि साबुन से हाथ धोने से डायरिया की घटनाओं में 30 प्रतिशत और हाथ की गंदगी से होने वाले संक्रमण (विशेष रूप से पांच साल से कम उम्र के बच्चों में) 20 प्रतिशत तक की कमी हो सकती है। जिला समन्वयक निदा खानम ने बताया कि जागरण पहल टीम द्वारा डायरिया से जागरूक करने के लिए अध्यापक व बच्चों को 20 सेकंड हाथ धोने के फायदे गिनाए व हाथ धोने का तरीका बताया। अध्यापिकाओं व बच्चों को टीम द्वारा 0 से पांच वर्ष के बच्चों में डायरिया से होने वाली मृत्यु व डायरिया से बचाव की जानकारी दी। गुलाबी दीदी शालिनी चैहान ने हाथ धोने के लिए सुमन-के हाथ धोने के प्रयोग बताते हुए एस- सीधा, यू- उल्टा, एम- मुट्ठी, ए- अंगूठा एन- नाखून और के- कलाई के बारे में समझाया गया। कार्यक्रम के दौरान प्रधानाध्यापिका रेनू व अध्यपिकाए एवं बड़ी संख्या में बच्चे मौजूद रहे।

# बार एसो. की नयी कमेटी ने शपथ लेते ही पांच निलंबित सदस्यों को किया बहाल



**मथुरा।** बार एसोसिएशन के नव निर्वाचित पदाधिकरियों का गुरुवार को कन्हैया लाल बौहरे सभागार में शपथ ग्रहण समारोह हुआ। इस दौरान समारोह में जनपद न्यायाधीश आशीष गर्ग फैमिली कोर्ट के जज और लखनऊ से आए बार एसोसिएशन के सदस्य प्रशांत सिंह अटल आगरा से आई अर्जित अरोरा एडवोकेट उपस्थित रहे। सभी को शपथ पूर्व अध्यक्ष ठाकुर मदन गोपाल सिंह द्वारा दिलवाई गई। शपथ ग्रहण समारोह के पश्चात अध्यक्ष प्रदीप शर्मा एडवोकेट ने कहा कि हमारी कमेटी अधिवक्ताओं के हितों में ऐतिहासिक कार्य करेगी। पूर्व कमेटी द्वारा जो अनियमित की गई है उसके लिए जांच कमेटी बना दी गई है। बिना किसी भेदभाव के समान हित में कार्य किये जायेंगे। इसके अलावा अध्यक्ष ने घोषणा की फर्जी वकालत नामा की संभावना को देखते हुए अब नए वकालत नामा का प्रारूप बनाया जाएगा जो नए कलेवर बदले हुए रंग में होगा।

- वकालत नामा का होगा नये कलेवर

सचिव शिव कुमार लवानियां ने बताया कि पूर्व कमेटी द्वारा जो पांच अधिवक्ताओ की सदस्यता निलंबित की गई थी उनको बहाल कर दिया गया है। पूर्व कोषाध्यक्ष बृजेश गौतम संदीप मित्तल रुचि गौतम राकेश और सुधीर शर्मा की सदस्यता बहाल की गई है। उपाध्यक्ष बीपी गौतम संयुक्त सचिव संजीव कुमार शर्मा ऑडिटर यशवंत सिंह कोषाध्यक्ष पंकज गोला ने सभी का आभार जताया। शपथ ग्रहण के पश्चात जिला जजी प्रांगण में सह भोज कार्यक्रम हुआ।

# देव दिवाली पर यमुना के 25 घाट होंगे दीपों से जगमग

जिला संवाददाता (vol)

**मथुरा।** देव दिवाली के कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर (शुक्रवार) आज शाम को यमुना के 25 घाटों पर देव दिवाली मनाई जाएगी। घाटों पर हजारों की संख्या में दीपक जलाए जाएंगे। इसमें घाटों पर एक लाख दीये जलाए जाएंगे। इसमें नगर निगम द्वारा स्वयंसेवी संस्था और विभिन्न शिक्षण संस्थाओं के विद्यार्थियों का सहयोग लिया जाएगा। नगर निगम ने घाटों पर सफाई के लिए सौ से अधिक सफाई कर्मियों को लगाया गया है। नगर में देव दिवाली के लिए कृष्ण गंगा घाट, गऊघाट, कंसकिला घाट, बैकुंड घाट, स्वामी घाट, भोला घाट, सूरज घाट, मणिकर्णिका घाट, असकुंडा घाट, बल्लभ घाट, विश्राम घाट, राजा घाट, सतीबुर्ज घाट, प्रयाग घाट, श्रृंगारघाट, श्याम घाट, राम घाट, दाऊजी घाट, दंडी घाट, बंगाली घाट, तिलोई घाट, ध्रुव घाटों की सफाई एवं दीनदान की तैयारी शुरू हो गई हैं। जिला प्रशासन ने घाटों पर एक लाख दीयों से होने वाले दीपदान में सामाजिक संस्थाओं को जिम्मेदारी दी है। इसके अलावा स्कूलों और कालेजों के 500 से अधिक विद्यार्थियों का भी सहयोग लिया जाएगा। नगर आयुक्त शशांक चैधरी ने बताया कि देव दिवाली भव्यता के साथ मनाई जाएगी। नगर निगम द्वारा घाटों की सफाई की व्यवस्था सभी घाटों पर सौ से अधिक सफाईकर्मी को सफाई व्यवस्थाओं का जिम्मा सौंपा गया है।

- स्वयंसेवी संस्था और विभिन्न शिक्षण संस्थाओं के विद्यार्थियों का सहयोग लिया जायेगा

# कांग्रेसियों ने जवाहर लाल नेहरू की जयंती मनायी



**टूंडला।** कांग्रेस सूचना का अधिकार विभाग के क्षेत्रीय कार्यालय अहाता शोभाराम लाइन पर पर पूर्व प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरू की जन्म जयंती बाल दिवस के अवसर पर एक गोष्ठी आयोजित की गई। जिसकी अध्यक्षता छोटे खान ने की जिसमें देश के प्रथम पूर्व प्रधानमंत्री पं. जवाहरलाल नेहरू की 135वीं जन्म जयंती धूमधाम से मनाई गई उनके चित्र पर माल्यार्पण करते हुए प्रदेश सचिव डॉ.बी एस गौतम ने कहा कि पंडित नेहरू देश की सेवा में अपना वैभवशाली जीवन त्याग कर आजादी के आंदोलन में कूद पड़े थे। उन्होंने आधुनिक भारत के विकास की नींव रखी देशवासियों ने सदैव याद रखेंगे वरिष्ठ कांग्रेस नेता अनिल उपाध्याय ने कहा पंडित नेहरू विश्वा शांति के समर्थक थे उनके पंचशील के सिद्धांत व गुटनिरपेक्षता की नीति आज भी विश्व में मान्य है देश की आजादी के आंदोलन में नौ बार जेल गए उनके विचार व सिद्धांत आज भी जीवित है सेवादल के प्रशिक्षक सत्यनारायण राजमल ने कहा कि पंडित नेहरू समाजवादी विचारधारा के समर्थक थे उन्होंने पंचवर्षीय योजना के माध्यम से विकास किया बैठक में विशंभर सिंह दीवान सिंह सरफराज खान अनूप शर्मा उमाशंकर सविता जीतू शर्मा मानवेंद्र शर्मा राजू शर्मा महेंद्र कुमार शत्रुघ्न सिंह चंद्र प्रकाश राजू शर्मा आदि लोग उपस्थित रहे।

## गत्ता फैक्ट्री में लगी भीषण आग से अफरा तफरी

**आगरा।** शहर के थाना एत्मादोल के फाउंड्री नगर में बड़ा हादसा हो गया। यहां पर गत्ते की फैक्ट्री में भीषण आग लग गई। देखते ही देखते आग ने पूरी फैक्ट्री को अपने आगोश में ले लिया। जब हादसा हुआ, तो कर्मचारी काम कर रहे थे। आग की लपटें देख उनके होश उड़ गये। कर्मचारियों ने दौड़ लगा दी। सूचना पर पहुंची फायर बिग्रेड ने आग पर कड़ी मशक्कत के बाद काबू पाया। आज दोपहर के समय फैक?ट्री में अचानक आग की लपटें उठने लगीं। अचानक लगी आग से कर्मचारियों के होश उड़ गये। आग इतनी तेजी से फैल रही थी, कि समय ही नहीं मिला कि आग पर काबू पाया जाये। कर्मचारियों ने फैक्ट्री से भागकर अपनी जान बचाई। मौके पर पहुंची दमकल फैक्ट्री में आग की लपटों को देख लोगों के होश उड़ गये। सूचना पर दमकल की कई गाड़ियां मौके पर पहुंच गई। करीब एक घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका। आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट बताया जा रहा है।

## 2 किलो 29 ग्राम चरस सहित दो गिरफ्तार

**फिरोजाबाद।** थाना रामगढ पुलिस टीम द्वारा नाजायज मादक पदार्थों की तस्करी कारोबार करने वाले 02 शातिर अभियुक्तो को गिरफ्तार कर कब्जे से 02 किग्रा0 29 ग्राम अवैध चरस जिसकी कीमत करीब 01 लाख 60 हजार रुपये है। को बरामद किया गया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सौरभ दीक्षित द्वारा नाजायज मादक पदार्थों की तस्करी करने वाले अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना रामगढ़ पुलिस टीम द्वारा चैंकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर गुरुवार को भीकनपुर तिराहा के पास थाना रामगढ फिरोजाबाद से दो शातिर अभियुक्तगण फहीम पुत्र सकील रिहान उर्फ टाटा पुत्र नसरूद्दीन निवासीगण 60 फुटा रोड कश्मीरी गेट थाना रामगढ़ फिरोजाबाद को गिरफ्तार किया गया। दोनों अभियुक्तगण के कब्जे से 02 किग्रा0 29 ग्राम नाजायज चरस बरामद हुई। शातिर मादक तस्कर फहीम पर जनपद के विभिन्न थानों में करीब डेढ़ दर्जन अभियोग पंजीकृत हैं, फहीम के साथी रिहान उर्फ टाटा पर भी आधा दर्जन अभियोग हैं पंजीकृत हैं।पुलिस ने गिरफ्तार अभियुक्तगण के विरूद्ध नियमानुसार विधिक कार्यवाही की है।

## बाल दिवस के अवसर पर मिशन शक्ति अभियान के तहत किया जागरूक



**फिरोजाबाद।** मिशन शक्ति फेज-05 के अभियान तहत बाल दिवस के अवसर पर पुलिस लाइन में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सौरभ दीक्षित के निर्देशन में नोडल अधिकारी अपर पुलिस अधीक्षक नगर के पर्यवेक्षण एवं क्षेत्राधिकारी लाइन के नेतृत्व में ताइक्वांडो नेशनल कोच किरन कश्यप द्वारा सैंट जोन्स स्कूल आईवे इंटरनेशल स्कूल एवं डीपीएस स्कूल की छात्राओं को आत्मरक्षा के गुर सिखाए गए। इस दौरान नेशनल कोच द्वारा स्कूली छात्रों को अवगत कराया गया कि आत्मरक्षा प्रशिक्षण एक जीवन कौशल है जो लड़कियों को अपने आस-पास के वातावरण के बारे में अधिक जागरूक होंने और किसी भी समय अप्रत्याशित स्थिति के लिए तैयार रहने में मदद करता है। आत्मरक्षा प्रशिक्षण एक जीवन कौशल है, जिससे बालिकाएँ और महिलाएं खतरे से खुद को बचा सकती हैं, इससे उन्हें मनोवैज्ञानिक बौद्धिक और शारीरिक रूप से मजबूत बनने में मदद मिलती है। आत्मरक्षा प्रशिक्षण से बालिकाएँ छात्राएँ में आत्मविश्वास पैदा होता है। आत्मरक्षा प्रशिक्षण से बालिकाएँ छात्राएँ संभावित परेशानी का अनुमान लगा सकती हैं और उनसे बच सकती हैं। इसी क्रम में स्कूली छात्राओं को मिशन शक्ति फेज-05 अभियान के तहत विभिन्न जानकारियाँ देकर जागरूक किया गया। इस दौरान अन्य महिला पुलिस अधिकारी कर्मचारीगण व पुलिस परिवार की महिलाएँ बालिकाएँ उपस्थित रहीं।

## एसएसपी ने मैरिज होम संचालकों संग गोष्ठी आयोजित कर दिये दिशा निर्देश

फिरोजाबाद। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सौरभ दीक्षित द्वारा मैरिज होम मालिकों संचालकों संग पुलिस लाइन स्थित सभागार में गोष्ठी आयोजित की गयी। गोष्ठी के दौरान अपर पुलिस अधीक्षक नगर एवं अन्य पुलिस अधिकारी कर्मचारीगण उपस्थित रहे। गोष्ठी को दौरान एसएसपी द्वारा मैरिज होम मालिकों संचालकों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। उन्होंने निर्देश दिए कि शादियों में छोटे बच्चों का गैंग घूमता है जो कि कीमती सामान को गायब कर देता है और उन पर शक भी नहीं होता है अतः मैरिज होम में कीमती सामान रखने के लिए सुरक्षित सेफ बनायी जाए एवं विधिवत वर वधू पक्ष को वहाँ अपना विश्वासपात्र व्यक्ति रखने के लिए बताया जाए। पार्किंग की समुचित व्यवस्था की जाए साथ ही वहाँ पर गार्ड नियुक्त किया जाए जिससे वाहनों की निगरानी की जा सके। मैरिज होम में सीसीटीवी कैमरे अवश्य लगाएँ जाने चाहिए जिससे अन्दर बाहर आने जाने वाले गेट पार्किंग पर पूर्ण निगरानी रखी जा सके। हर्ष फायरिंग पूर्ण रूप से प्रतिबन्धित है, इसका अवश्य पालन होंना चाहिए। न्यायालय के आदेश निर्देशों के क्रम में डीजे की ध्वीनी तीव्रता व समय का विशेष ध्यान रखा जाना चाहिए। प्रत्येक मैरिज होम मालिक संचालक को मैरिज होम बुक करने से पहले मैरिज होम की शर्तों के पालन हेतु दोनों पक्षों वर व वधु पक्ष से हस्ताक्षर करा लेने चाहिए जिसमें मैरिज होम की किन-किन शर्तों को पूरा करना है जैसे कि हर्ष फायरिंग व डीजे की गाइडन लाइन से सम्बन्धी सभी शर्तें स्पष्ट रूप से लिखी होंनी चाहिए एवं उनका पालन दोनों पक्षों को करना है अन्यथा सम्बन्धित थाने द्वारा विधिक कार्यवाही की जाएगी। फायर सेफ्टी हेतु मैरिज होम में अग्निशमन विभाग की शर्तों के अनुसार पर्याप्त अग्निशमन उपकरण उचित इंतजाम होंने चाहिए। उन्होंने कहा कि कुछ मैरिज होम मालिकों संचालकों द्वारा कैटरिंग व्यवस्था उपलब्ध करायी जाती है जिसमें साफ सफाई रहे जिससे फूड़ प्वाइंजनिग न हो इस पर भी विशेष ध्यान दिया जाना चाहिए।

# कांग्रेसियों ने मनायी प्रथम प्रधानमंत्री नेहरू की जयंती

**आगरा।** जिला अध्यक्ष अरुण शर्मा की अध्यक्षता में जे. एस. इंटर कॉलेज ताहरपुर सैंया व जिला कांग्रेस कार्यालय शमशाबाद रोड स्थित ओम श्री पैराडाइज रश्मि विहार कॉलोनी कहरई मोड़ पर भारत रत्न व भारत के प्रथम प्रधानमंत्री स्वर्गीय श्री पं.जवाहरलाल नेहरू जी के 135 वें जन्मदिवस की वर्षगांठ बड़ी धूमधाम से मनाई गई। पं. नेहरू के जन्म दिवस पर जिला अध्यक्ष अरुण शर्मा वउपस्थित समस्त कांग्रेस जनों ने पंडित नेहरू के चित्र पर माल्यार्पण किया और बच्चों को फल एवं मिष्ठान वितरण किये। इस मौके पर जिला अध्यक्ष अरुण शर्मा ने कहा कि पं. नेहरू ने भारत को आजादी दिलाने में अहम भूमिका निभाई और साथ ही प्रधानमंत्री बनने के बाद अपनी सूझबूझ से देश की दैनिक स्थिति को सुधारकर भारत को मजबूत देशों में स्थान दिलाया तथा विदेशों में अपना परिचय लहराया। श्री शर्मा ने पंडित जवाहरलाल नेहरू को याद करते हुए सभी कांग्रेसियों से कहा कि आज पंडित नेहरू बले ही हमारे बीच में नहीं है परंतु उनकी विचारधारा व उनके द्वारा दिशा निर्देश हमारे बीच में विद्यमान है इसलिए हम सभी कांग्रेसियों को उनकी विचारधारा को आगे बढ़ाते हुए कांग्रेस पार्टी को फिर से सत्ता में ला कर सांप्रदायिक एवं जातिय ताकतों को नेस्तनाबूद करना होगा। तथा इसके साथ ही बालदिवस पर धर्मवीर शर्मा जी के जे. एस. इंटर कॉलेज ताहरपुर सैंया मैं खेलकूद प्रतियोगिता रखी गई जिसमें विजेता बच्चों को जिला अध्यक्ष अरुण शर्मा और प्रबंधक धर्मवीर शर्मा ने पुरस्कार वितरण किये। इस अवसर पर जिला महासचिव कमलेश मिश्रा, हरीश शर्मा एडवोकेट, जिला महासचिव सत्येंद्र दुबे, धर्मवीर शर्मा, युवक कांग्रेस के जिला अध्यक्ष ताहिर हुसैन, जिला अध्यक्ष आउट रीच सचिन ऋषि, प्रदीप शर्मा, नित्यानंद शर्मा, हरिकिशन शर्मा , शिवम्तिवारी, एच एल कुशवाह, जगन्नाथ प्रसाद कुशवाहा प्रधान, बंटी खान, प्रमोद कुमार, यशपाल, नित्यानंद, आदि ने अपने विचार व्यक्त किये।

# ब्रजरज उत्सवः कैलाश खेर के स्वर ने चलाया जादू



**मथुरा।** ब्रजरज उत्सव में एक बार फिर बॉलीवुड सिंगर कैलाश खेर की आवाज का जादू हर किसी को दीवाना बना गया। उनके गीतों के सूफियाना अंदाज पर लोग झूम उठे। बुधवार को कैलाश खेर के स्वरों के साथ देर शाम शुरू हुई संगीत की महफिल ब्रजरज उत्सव को यूं ही देर रात तक रोशन करती रही।

उत्तर प्रदेश ब्रज तीर्थ विकास परिषद, केंदीय संस्कृति मंत्रालय, पर्यटन विभाग और जिला प्रशासन का संयुक्त आयोजन ब्रजरज उत्सव 2024 यादगार बन गया है। 11 दिवसीय उत्सव के 9 वें दिन बालीवुड सिंगर कैलाश खेर की आवाज ने ब्रजरज उत्सव की खूबसूरती में एक और यादगार पल जोड़ दिया। उनकी आवाज ने ऐसा जादू बिखेरा कि मथुरावासियों के दिलों पर छा गई। कार्यक्रम की शुरूआत कैलाश खेर ने मैं तो तेरे प्यार में दीवाना हो गया के स्वरों के साथ की। इसके बाद उन्होंने आओ जी आओ जी आओ जी आओ भरमाओ जी गाया। इन प्रस्तुतियों के माध्यम से पद्मश्री कैलाश खेर ने मथुरावासियों से सीधे जुड़ते हुए बारम्बार प्रणाम किया। फिर भगवान श्रीकृष्ण की पवित्र भूमि का गुणगान किया। गीत संगीत पर फिर से लौटते हुए उन्होंने पंजाबी गीत तौबा तौबा वे तेरी सूरज माशा अल्लाह ने भीड़ को अपने रंग में रंग लिया। कैसे बताए क्यों तुमको चाहें यारा बता ना पाए की प्रस्तुति ने समा बांध दिया। और फिर देखते ही देखते कुछ पलों में धौलीप्याऊ के रेलवे मैदान पर विशाल जनसमूह का उत्साह जोश में बदल गया। रंगदीनी रंगदीनी रंगदीनी पिया के रंगदीनी ओढ़नी जैसे गीत पर कैलाश खेर की आवाज और संगीत की धुनों पर लोग झूमने लगे। ब्रज रज उत्सव भीड़ उमड़ रही है। भले ही उत्सव में लोगों का आवागम दिन भर चलता है, लेकिन भीड़ की चमक सूरज की किरणें बंद होने के बाद नजर आती हैं। शाम को लाइट की झिलमिल को देख लोग आनंदित हो जाते हैं। उत्सव में आए हस्तशिल्पी भी इस भीड़ को देखकर उत्साहित हैं। इस मौके पर एडीजी आगरा जोन अनुपम कुलश्रेष्ठ, आईजी दीपक कुमार, कमिश्नर आगरा रितु माहेश्वरी, एसएसपी शैलेश कुमार पांडेय, ब्रज तीर्थ विकास परिषद के सीईओ श्याम बहादुर सिंह, विप्रा सचिव अरविंद द्विवेदी, डिप्टी सीईओ सतीश चंद्र सहित आदि अधिकारी मौजूद रहे।

संक्षेप

## अपतटीय खनिज ब्लॉक की नीलामी की योजना : रेड्डी

नयी दिल्ली। कोयला एवं खान मंत्री जी किशन रेड्डी ने बृहस्पतिवार को कहा कि सरकार अगले दो से तीन माह में अपतटीय खनिज ब्लॉक की नीलामी शुरू करने की योजना बना रही है। पहले चरण में करीब 10 ऐसी खदानों की नीलामी होने की संभावना है। सरकार ने अपतटीय खनिजों के लिए उत्पादन पट्टे प्रदान देने के लिए नीलामी का मार्ग खोलने को अपतटीय क्षेत्र खनिज अधिनियम, 2002 में संशोधन किया है। अपतटीय खनिज पृथ्वी की सतह के अंदर गहराई में पाए जाते हैं और तटीय खनिजों की तुलना में इन्हें निकालना कठिन होता है।

## टोयोटा ग्लैन्जा का स्पेशल लिमिटेड एडिशन लॉन्च

बंगलुरू। टोयोटा किर्लोस्कर मोटर कार खरीदारों के लिये इस साल वर्षान्त को आकर्षक बनाने के लिए उत्साहित है। इसके लिए इसने अपने लोकप्रिय मॉडल के स्पेशल लिमिटेड एडिशन पेश किये हैं। ये हैं झ ग्लैन्जा, अर्बन क्रूजर टैसर और अर्बन क्रूजर हाईराइडर। हाल में पेश किए गए फेस्टिवल लिमिटेड एडिशन को मिली जोरदार कामयाबी के बाद, स्पेशल लिमिटेड-एडिशन टोयोटा की प्रतिबद्धता को ग्राहक के केंद्र में ले जाता है और इस एक कदम के लिए टोयोटा जेनुइन एक्सेसरी (टीजीए) पैकेज की पेशकश की जाती है। ग्राहकों को अपने वाहनों को व्यक्तिक करने देकर, स्पेशल लिमिटेड-एडिशन के रूप में खरीदारों को एक विशेष उन्नत रूपांतर खरीदने और रखने की अनुमति देता है। यह स्टाइल और बेहतर उपयोगिता के एक शानदार मेल के साथ मिलता है। इससे ग्राहकों के लिए स्पेशल एडिशन पैकेज और एक्सक्लूसिव वर्षान्त पेशकशों में से चुनना संभव होता है।

## खान अकैडमी का एआई टूल खानमिगो लॉन्च

नई दिल्ली। खान अकैडमी ने भारत में सभी शिक्षकों के लिए अपने निःशुल्क, एआई-संचालित टूल, खानमिगो के लॉन्च की घोषणा की है। इस लॉन्च के हिस्से के रूप में, शिक्षक खानमिगो को एक शिक्षण सहायक के रूप में निःशुल्क एक्सेस कर सकेंगे। अंग्रेजी और हिंदी दोनों में उपलब्ध, खानमिगो एक एआई शिक्षण सहायक और छात्र ट्यूटर है जिसे शिक्षकों की दक्षता और छात्रों के अधिगम को बढ़ाने के लिए डिजाइन किया गया है। यह लॉन्च खान अकैडमी की उच्च-गुणवत्ता वाले शैक्षिक संसाधनों को सभी भाषाओं में सुलभ और प्रभावशाली बनाने की प्रतिबद्धता पर आधारित है।

## फिटजी ने की बिग बैंग एज टेस्ट की घोषणा

नई दिल्ली। फिटजी ने कक्षा 5 से 11 तक के छात्रों के लिए प्रतिष्ठित बिग बैंग एज (बीबीई) टेस्ट 2024 की घोषणा की है। बिग बैंग एज टेस्ट एक वैज्ञानिक रूप से डिजाइन किया गया डायग्नोस्टिक टूल है, जो छात्रों की 3600-शैक्षणिक क्षमता का मूल्यांकन करेगा ताकि वे अपने शैक्षणिक कौशल और झुकाव के बारे में जानकारी प्राप्त कर सकें। अपने विभिन्न नवीन दृष्टिकोणों के माध्यम से, यह पिछले 32 वर्षों से शिक्षा में क्रांति ला रहा है। इसके ऐसे नवाचारों में से एक छात्रों के आईक्यू, योग्यता और विश्लेषणात्मक कौशल का वैज्ञानिक निदान है, जो छात्रों को उनकी शैक्षणिक क्षमता का 3600 विश्लेषण देता है। फिटजी छात्रों की शैक्षणिक क्षमता का वैज्ञानिक रूप से निदान करने वाला पहला और एकमात्र संस्थान है। बिग बैंग एज टेस्ट फिटजी द्वारा हर साल आयोजित किया जाने वाला एक अनूठा डायग्नोस्टिक टेस्ट है।

## ये काली काली आँखें सीजन 2 का रोमांचक ट्रेलर जारी

मुंबई। 2 साल, 10 महीने, 1 हफ्ते और 6 दिन के इंतजार के बाद पूर्वा वापस आ गई है। सीजन 1 के रोमांच के बाद ये काली काली आँखें का दूसरा सीजन नेटफ्लिक्स पर रिलीज हो रहा है, जो पहले से ज्यादा डार्क, मसालेदार और जबरदस्त होने वाला है। प्यार एक पेचीदा लत और बेरहम जुनून बन चुका है, जिसका हर कदम सोचा-समझा है। यह प्यार नहीं; एक पागलपन है - एक बदला है और यह शातिर खेल और गहरा हो चूका है। पिछले सीजन के हैरान कर देने वाले मोड़ के बाद, जहाँ पुरवा का अपहरण हो गया था और फिरौती की रकम 100 करोड़ पहुँच गई थी, विक्रांत (ताहिर) ने कई जिंदगियों को दांव पर लगा दिया था, इस सीजन का सवाल है: और कितना मसालेदार हो सकता है ये किस्सा? बदले, विश्वासघात, और जानलेवा जुनून के साथ इस पूरे सीजन का हर मोड़ दिल को दहला देगा।

# सेंसेक्स में 111 अंकों की गिरावट



मुंबई। स्थानीय शेयर बाजारों में गिरावट का सिलसिला बृहस्पतिवार को भी जारी रहा और बीएसई सेंसेक्स उतार-चढ़ाव भरे कारोबार में 111 अंक और नीचे आ गया। विदेशी संस्थागत निवेशकों की बिकवाली जारी रहने, कंपनियों के तिमाही परिणाम उम्मीद के अनुरूप नहीं होने तथा महंगाई बढ़ने के बीच बाजार में गिरावट रही।

तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स में लगातार तीसरे दिन गिरावट रही और यह 110.64 अंक यानी 0.14 प्रतिशत टूटकर 77,580.31 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान, एक समय यह 266.14 अंक तक लुढ़क गया था। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 26.35 अंक यानी 0.11 प्रतिशत की गिरावट के साथ 23,532.70 अंक पर बंद हुआ। निफ्टी में लगातार छठे दिन गिरावट रही। सेंसेक्स के तीस शेयरों में हिंदुस्तान यूनिलीवर, एनटीपीसी, नेस्ले, इंडसइंड बैंक, पावर ग्रिड, अदाणी पोर्ट्स, टाटा मोटर्स और बजाज फिनसर्व प्रमुख रूप से नुकसान में रहे। दूसरी तरफ लाभ में रहने वाले शेयरों में रिलायंस इंडस्ट्रीज, कोटक महिंद्रा बैंक, टेक महिंद्रा, महिंद्रा एंड महिंद्रा और एचडीएफसी बैंक शामिल हैं। शेयर बाजार के आंकड़ों के अनुसार, विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने बुधवार को 2,502.58 करोड़ रुपये मूल्य के शेयर बेचे। वहीं घरेलू संस्थागत निवेशकों ने 6,145.24 करोड़ रुपये के शेयर खरीदे। बाजार में कारोबार हल्का रहा। हालांकि, पूरे कारोबार के दौरान कुछ स्थिरता देखने को मिली। लेकिन स्थिरता के रुख को लेकर अनिश्चितता बनी हुई है क्योंकि एफआईआई लगातार बिकवाल बने हुए हैं। सकारात्मक पहलू यह है कि उनकी बिकवाली की रफ्तार अब कम हो रही है। आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, थोक मूल्य सूचकांक आधारित मुद्रास्फीति अक्टूबर में बढ़कर चार महीने के उच्चस्तर 2.36 प्रतिशत पर पहुंच गई। खाद्य वस्तुओं खासकर, सब्जियों तथा विनिर्मित वस्तुओं के दाम में तेजी इसकी मुख्य वजह रही। वहीं मुख्य रूप से खाद्य वस्तुओं के दाम बढ़ने से खुदरा मुद्रास्फीति अक्टूबर में 14 महीने के उच्चस्तर 6.21 प्रतिशत पर पहुंच गयी। छोटी कंपनियों के शेयरों से जुड़ा बीएसई स्मॉलकैप सूचकांक 0.83 प्रतिशत चढ़ा जबकि मझोली कंपनियों के शेयरों से संबंधित मिडकैप 0.41 प्रतिशत मजबूत हुआ। एशिया के अन्य बाजारों में जापान का निक्की, चीन का शंघाई कम्पोजिट और हांगकांग का हैंगसेंग नुकसान में जबकि दक्षिण कोरिया का कॉस्पी बढ़त में रहा। यूरोप के प्रमुख बाजारों में दोपहर के कारोबार में तेजी रही।

# स्थानीय निकायों को अपने संसाधन जुटाने पर भी ध्यान देना चाहिएः पनगढ़िया



नयी दिल्ली। ग्रामीण और शहरी स्थानीय निकायों को अपने संसाधन जुटाने पर ध्यान देना चाहिए और इससे नागरिकों को स्थानीय निकायों से उनकी अपेक्षाओं और मांगों के संदर्भ में संगठित किया जा सकेगा। 16वें वित्त आयोग के चेयरमैन अरविंद पनगढ़िया ने बृहस्पतिवार को यह बात कही।

पनगढ़िया ने पंचायती राज मंत्रालय द्वारा वितरण से विकास विषय पर आयोजित वित्त आयोगों के एक दिन के सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि शहरी और ग्रामीण स्थानीय निकायों की मांगों में मेल देखा जा रहा है। सम्मेलन में प्रणालीगत चुनौतियों के समाधान पर महत्वपूर्ण विचार-विमर्श, राज्य वित्त आयोगों का समय पर गठन, सिफारिशों का कार्यान्वयन और पंचायती राज संस्थाओं (पीआरआई) को धन का सुचारू प्रवाह सुनिश्चित करने के लिए संस्थागत तंत्र को मजबूत बनाने पर चर्चा की गई। सम्मेलन में पंचायतों के बीच वित्तीय स्वायत्तता और आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देने पर भी चर्चा की गई। पनगढ़िया ने कहा कि स्थानीय निकायों को अपने स्वयं के संसाधन जुटाने पर भी विचार करना चाहिए। उन्होंने कहा कि सेवा प्रावधान के दृष्टिकोण से कुछ स्वयं के संसाधन जुटाना भी महत्वपूर्ण है... जब नागरिक करों का भुगतान करते हैं, तो वे उन सेवाओं के बारे में भी जानते हैं जो उन्हें प्रदान की जानी चाहिए। वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि यह स्थानीय स्तर पर कार्यों के हस्तांतरण का तर्क भी है। स्थानीय लोगों को पता है कि उन्हें किसकी जरूरत है और क्या चाहिए। यह ज्ञान एक अधिक सक्रिय मांग में बदल जाएगा। पनगढ़िया ने कहा कि यह नागरिकों को भी संगठित करेगा।

# देश का निर्यात 17.25 प्रतिशत बढ़कर 39.2 अरब डॉलर पर



नयी दिल्ली। देश का वस्तु निर्यात बीते माह यानी अक्टूबर में 17.25 प्रतिशत बढ़कर 39.2 अरब डॉलर रहा है। एक साल पहले इसी महीने में यह 33.43 अरब डॉलर रहा था। बृहस्पतिवार को जारी आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, अक्टूबर में देश का आयात भी 3.9 प्रतिशत बढ़कर 66.34 अरब डॉलर पर पहुंच गया है, जो एक साल पहले इसी माह में 63.86 अरब डॉलर था।

व्यापार घाटा यानी आयात और निर्यात के बीच अंतर आलेच्य महीने में 27.14 अरब डॉलर रहा। देश का वस्तु निर्यात सितंबर महीने में मामूली 0.5 प्रतिशत बढ़कर 34.85 अरब डॉलर रहा था। आंकड़ों के अनुसार, चालू वित्त वर्ष के पहले सात माह (अप्रैल-अक्टूबर) के दौरान देश का निर्यात 3.18 प्रतिशत बढ़कर 252.28 अरब डॉलर और आयात 5.77 प्रतिशत बढ़कर 416.93 अरब डॉलर रहा है। वाणिज्य सचिव सुनील बर्थवाल ने कहा कि यह निर्यात के लिए काफी अच्छा महीना रहा है...अगर यह गति बनी रही, हम इस साल 800 अरब डॉलर के निर्यात के आंकड़े को पार कर जाएंगे।

# भारतीय अर्थव्यवस्था बेहतर तरीके से आगे बढ़ रही हैः दास



मुंबई। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के गवर्नर शक्तिकान्त दास ने कहा है कि वैश्विक चुनौतियों के बावजूद भारतीय अर्थव्यवस्था सुचारू तरीके से आगे बढ़ रही है। सीएनबीसी-टीवी18 द्वारा बृहस्पतिवार को आयोजित एक कार्यक्रम में दास ने हालांकि केंद्रीय वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल द्वारा ब्याज दरों में कटौती के सुझाव पर टिप्पणी करने से इनकार कर दिया। उन्होंने कहा कि मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) दिसंबर में होने वाली अपनी अगली बैठक में इस बारे में उचित निर्णय लेगी।

अक्टूबर में सकल मुद्रास्फीति केंद्रीय बैंक के छह प्रतिशत के लक्ष्य से अधिक रही है। इस बारे में दास ने कहा कि मुद्रास्फीति में समय-समय पर उतार-चढ़ाव के बावजूद इसके कम होने की उम्मीद है। गवर्नर ने कहा कि देश की अर्थव्यवस्था ने हाल के दिनों में लंबे समय तक जारी उथल-पुथल के दौर में भी बहुत अच्छी तरह से काम किया है और जुझारू क्षमता दिखाई है। उन्होंने कहा कि वैश्विक अर्थव्यवस्था में अभी कई तरह की बाधाएं हैं, जैसे बॉण्ड प्रतिफल में वृद्धि, जिंस कीमतों में उतार-चढ़ाव तथा बढ़ते भू-राजनीतिक जोखिम लेकिन इसके बावजूद वित्तीय बाजारों ने मजबूती दिखाई है। दास ने कहा कि भारतीय अर्थव्यवस्था सुचारू रूप से आगे बढ़ रही है, जिसे मजबूत वृहद आर्थिक बुनियादी ढांचे.. स्थिर वित्तीय प्रणाली और मजबूत बाह्य क्षेत्र की वजह से बल मिल रहा है। रुपये के नये निचले स्तर पर आने के बीच दास ने कहा कि भारत के बाह्य क्षेत्र ने हाल की अवधि में मजबूती व स्थिरता प्रदर्शित की है, जैसा कि चालू खाते का घाटा यानी कैड प्रबंधन के स्तर पर बना हुआ है। इसके अलावा वस्तुओं का निर्यात बढ़ा है जबकि सेवा निर्यात की वृद्धि मजबूत बनी हुई है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि देश के पास दुनिया का चौथा सबसे बड़ा विदेशी मुद्रा भंडार है। 31 अक्टूबर तक 682 अरब अमेरिकी डॉलर का विदेशी मुद्रा भंडार पूरे विदेशी कर्ज तथा एक साल के आयात भुगतान के लिए पर्याप्त है। गवर्नर ने यह भी स्पष्ट किया कि आरबीआई रुपये के लिए कोई दर निर्धारित नहीं करता है और ये हस्तक्षेप व्यवस्थित गति सुनिश्चित करने तथा मुद्रा में अस्थिरता को रोकने के लिए हैं।

# कच्चे तेल के उत्पादन से कीमतों में स्थिरता आने की उम्मीद : पुरी



नयी दिल्ली। दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा कच्चा तेल उपभोक्ता और आयातक देश भारत उम्मीद कर रहा है कि अमेरिका और कनाडा जैसे पश्चिमी देशों में कच्चे तेल का अधिक उत्पादन होने से बाजार में शांति होगी और कीमतों में स्थिरता आएगी। केंद्रीय पेट्रोलियम मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने बृहस्पतिवार को यह बात कही।

भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) के 12वें पीएसई शिखर सम्मेलन में पुरी ने कहा कि पश्चिमी गोलार्ध के देश अधिक उत्पादन कर रहे हैं, जिससे पेट्रोलियम निर्यातक देशों के संगठन ओपेक को भी उत्पादन बढ़ाने के लिए प्रभावित किया जा सकता है। इससे वे अधिक कमाई कर सकेंगे। तेल कीमतों में उतार-चढ़ाव अपनी जरूरतों को पूरा करने के लिए आयात पर निर्भर अर्थव्यवस्थाओं को परेशान करता है क्योंकि उन्हें न केवल ईंधन खरीदने पर अतिरिक्त खर्च करना पड़ता है, बल्कि इससे मुद्रास्फीति भी आती है जो उनके लोगों की क्रय शक्ति को कम करती है। उन्होंने कहा कि आज पश्चिमी गोलार्ध से वैश्विक बाजार में अधिक उत्पादन आ रहा है। ब्राजील, गुयाना, कनाडा और अमेरिका अधिक उत्पादन कर रहे हैं... अधिक से अधिक तेल आने के कारण, उम्मीद है कि बाजार की स्थिति शांत हो जाएगी। पुरी ने कहा कि इससे कुछ हद तक उन उत्पादकों को भी लाभ होगा जिन्होंने तेल उत्पादन में कटौती की है, ताकि अधिक राजस्व अर्जित करने के लिए अधिक उत्पादन किया जा सके। कच्चे तेल निर्यातक देशों के संगठन और रूस के नेतृत्व वाले सहयोगी (संयुक्त रूप से ओपेकू) ने 2022 के अंत से कीमतों को बढ़ाने और मांग को पूरा करने के लिए उत्पादन में भारी कटौती की है। ओपेकू के सदस्य वर्तमान में कुल 58.6 लाख बैरल प्रति दिन (बीपीडी) या वैश्विक मांग का लगभग 5.7 प्रतिशत उत्पादन कटौती कर रहे हैं। बाद में पत्रकारों से उन्होंने कहा कि ओपेकू उत्पादन में कटौती के अपने फैसले की सक्रियता से समीक्षा कर रहा है और एक या दो महीने में इस मुद्दे पर निर्णय ले सकता है।

# व्यापार मेले को वर्ष में दो बार आयोजित करने पर विचार करे आईटीपीओः गोयल



नयी दिल्ली। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने बृहस्पतिवार को भारत व्यापार संवर्धन संगठन (आईटीपीओ) को व्यापार मेले को वर्ष में दो बार आयोजित करने का सुझाव दिया। आईटीपीओ वाणिज्य मंत्रालय का प्रमुख व्यापार संवर्धन उद्यम है। आईटीपीओ वर्तमान में हर साल नवंबर में अपना प्रमुख 14 दिवसीय भारत अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेला आयोजित करता है।

इस बार मेले का विषय 2047 तक विकसित भारत है। गोयल ने अमेरिका, यूरोप, जापान, दक्षिण कोरिया और पश्चिम एशिया के देशों जैसे दुनिया के अन्य हिस्सों में भी भारत के मेले शुरू करने पर विचार करने को कहा। उन्होंने कहा कि मैंने आईटीपीओ को व्यापार मेले को वर्ष में दो बार आयोजित करने पर विचार करने का सुझाव दिया है। एक ऐसा प्रारूप हो जो हमारी स्थानीय या स्वदेशी ताकत पर भी केंद्रित हो। हम आत्मनिर्भर भारत उत्सव को देख सकते हैं.. जिसे हमने इस साल जनवरी में शुरू किया था। हम अगले साल जून जैसी अवधि पर विचार कर सकते हैं जब हम अपना आत्मनिर्भर भारत उत्सव मना सकते हैं .....और देख सकते हैं कि हम भारत की बढ़ती प्रौद्योगिकी ताकत, भारत से दुनिया में बढ़ते जुड़ाव और भारत की उच्च गुणवत्ता वाली वस्तुओं तथा सेवाओं के दुनिया भर में महत्व को कैसे प्रतिबिंबित कर सकते हैं। उन्होंने यहां भारत मंडपम में शुरू हुए 43वें आईआईटीएफ का उद्घाटन करते हुए यह बात कही। इस मेले में भारत और विदेशों से 3,500 से अधिक प्रदर्शकों के हिस्सा लेने की संभावना है। मंत्री ने कहा कि भारत टेक्स, भारत मोबिलिटी और विश्व खाद्य मेले जैसी बड़ी अंतरराष्ट्रीय प्रदर्शनियों के आयोजन पर विचार करने की आवश्यकता है ताकि पूरे उद्योग को एक स्थान पर एकत्र किया जा सके।

पेज एक का शेष

## भारतीय मूल

राष्ट्रपति पद के चुनाव के लिए उम्मीदवार भी थीं। गबार्ड के पास पश्चिम एशिया और अफ्रीका के संघर्षग्रस्त क्षेत्रों में तीन बार तैनाती का अनुभव है। वह हाल ही में डेमोक्रेटिक पार्टी को छोड़कर रिपब्लिकन पार्टी में शामिल हुई थीं। ट्रंप ने घोषणा की, मुझे यह ऐलान करते हुए काफी खुशी हो रही है कि पूर्व सांसद लेफ्टिनेंट कर्नल तुलसी गबार्ड डीएनआई के रूप में सेवाएं देंगी। दो दशकों से अधिक समय तक तुलसी ने हमारे देश और सभी अमेरिकियों की आजादी के लिए लड़ाई लड़ी है। उन्होंने कहा, राष्ट्रपति पद के लिए डेमोक्रेटिक पार्टी की पूर्व उम्मीदवार के रूप में उन्हें दोनों दलों में व्यापक समर्थन प्राप्त है, लेकिन अब वह रिपब्लिकन पार्टी की अहम सदस्य हैं।

## ईडी ने महाराष्ट्र

रहे हैं उनमें चेन्नई, कोयंबटूर, फरीदाबाद, लुधियाना और कोलकाता शामिल है। यह छापेमारी उनके व्यापारिक साम्राज्य के खिलाफ एक व्यापक कार्वाई के तहत की जा रही है।

व्यापारी पर 100 करोड़ रुपये से अधिक के लेनदेन के लिए विभिन्न लोगों के बैंक खातों का दुरुपयोग करने का आरोप है। संघीय एजेंसी धनशोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के प्रावधानों के तहत महाराष्ट्र के मालेगांव, नासिक और मुंबई तथा गुजरात के अहमदाबाद और सूरत में 23 ठिकानों पर छापेमारी रही है। महाराष्ट्र विधानसभा की 288 सीट के लिए 20 नवंबर को एक ही चरण में मतदान होगा। धनशोधन का मामला पिछले सप्ताह मालेगांव पुलिस द्वारा सिराज अहमद हारुन मेमन नामक एक स्थानीय व्यापारी के खिलाफ दर्ज की गई प्राथमिकी से संबद्ध है, जो अपने कुछ सहयोगियों के साथ मिलकर चाय और कोल्ड ड्रिंक्स की एजेंसी भी संचालित करता है। इस मामले में एक व्यक्ति ने शिकायत की है जिसके बैंक खाते का कथित तौर पर अवैध लेनदेन के लिए दुरुपयोग किया गया। इसके बाद यह अटकलें लगाई जा रही हैं कि इन खातों का दुरुपयोग चुनाव में अवैध तौर पर रुपये भेजने के लिए किया गया।

आरोप है कि मुख्य आरोपी ने नासिक मर्चेंट कोऑपरेटिव बैंक में खाते खोलने के लिए लगभग 12 लोगों से केवाईसी (अपने उपभोक्ता को जानो) विवरण (पैन, आधार) लिया तथा उसने इन लोगों से कहा कि वह मकई (मक्का) का व्यवसाय शुरू करना चाहता है और इसलिए उसे किसानों से रुपये लेने की जरूरत है। आरोपी ने अपने दोस्तों से केवाईसी दस्तावेज लेकर कथित तौर पर दो और खाते खुलवाए। सूत्रों के मुताबिक ये 14 खाते सितंबर और अक्टूबर के बीच खोले गए। सूत्रों ने बताया कि ईडी को 100 करोड़ रुपये से अधिक के लेनदेन की जानकारी मिली है और अब कुछ हवाला कारोबारी की भूमिका समेत अधिक साक्ष्य जुटाने के लिए तलाशी ली जा रही है।

## प्रधानमंत्री ने

है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि विपक्षी इंडिया गठबंधन समुदायों को एक-दूसरे के खिलाफ खड़ा करके उन्हें विभाजित करने की योजना बना रहा है। आदित्यनाथ ने कहा बंटेंगे तो कटेंगे, एक रहेंगे तो सुरक्षित रहेंगे।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने झारखंड में घुसपैठियों को सब्सिडी वाला सिलेंडर देने का वादा करने के लिए सोमवार को कांग्रेस पर हमला किया और कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) कभी ऐसा नहीं होने देगी। बोकारो में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए आदित्यनाथ ने अपना बंटेंगे तो कटेंगे नारा दोहराया और लोगों से कहा कि वे पाकिस्तान के गठन, बांग्लादेश के घटनाक्रम और अयोध्या में मिले अपमान से सबक लें। उन्होंने कहा कांग्रेस प्रभारी ने हिंदुओं, मुस्लिमों और घुसपैठियों को सिलेंडर देने का वादा किया है। भाजपा घुसपैठियों को आदिवासियों के अधिकार नहीं देने देगी। योगी आदित्यनाथ झारखंड के कांग्रेस प्रभारी गुलाम अहमद मीर के इस बयान का जिक्र कर रहे थे कि अगर उनकी पार्टी सत्ता में आती है तो सभी को 450 रुपये में गैस सिलेंडर दिए जाएंगे, भले ही उनमें घुसपैठिये हों। आदित्यनाथ ने सत्तारूढ़ झामुमो नीत गठबंधन पर हमला करते हुए कहा कि उसने झारखंड को लव जिहाद और भूमि जिहाद का गढ़ बना दिया है। उन्होंने आरोप लगाया कि घुसपैठियों के कारण झारखंड में बेटी, माटी और रोटी पर गंभीर खतरा है। उन्होंने दावा किया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश की सीमाएं सुरक्षित हैं और पाकिस्तान कांप रहा है क्योंकि नया भारत किसी को नहीं बख्शता।

## एक ही दिन

छात्र जो इस परीक्षा की तैयारी कर रहे हैं, उन्हें बड़ी राहत मिलेगी। परीक्षा को एक ही दिन में आयोजित करने से छात्रों को परीक्षा प्रक्रिया में पारदर्शिता और निष्पक्षता का भरोसा मिलेगा। साथ ही, आयोग द्वारा गठित समिति की रिपोर्ट से भविष्य में होने वाली परीक्षाओं की शुचिता को और अधिक मजबूती मिलेगी। इस फैसले के बाद छात्रों में खुशी की लहर है और वे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के इस त्वरित निर्णय की सराहना कर रहे हैं।

## दिल्ली की हवा

में संक्रमण सहित कई अन्य प्रकार की समस्याओं को भी बढ़ाने वाली हो सकती है। प्रदूषण के कारण प्रारंभिक स्थिति में आंखों में जलन, लालिमा और खुजली होने की समस्या सबसे ज्यादा देखी जाती रही है।

विशेषज्ञों का कहना है कि घर से बाहर निकलते समय प्रदूषण के स्तर की जांच जरूर कर लें। वायु प्रदूषण गंभीर स्वास्थ्य समस्याओं का कारण बन सकता है। इसके कारण श्वसन, हृदय और मस्तिष्कवाहिकीय प्रणालियों से संबंधित कई तरह की दिक्कतों का खतरा रहता है। इतना ही नहीं वायु प्रदूषण के लंबे समय तक संपर्क में रहने के कारण दीर्घकालिक बीमारियां और इससे मृत्यु का भी जोखिम हो सकता है। इसके प्रतिकूल प्रभाव विशेष रूप से कमजोर आयु वर्ग वाले लोग जैसे कि बच्चों, गर्भवती महिलाओं, बुजुर्गों में अधिक देखी जाती रही है। ऐसे लोगों को विशेष सावधानी बरतते रहने की आवश्यकता है।

## बहराइच हिंसा

आगजनी, लूटपाट और तोड़फोड़ की गई। खुर्शीद अहमद और उसके साथियों ने डीजे रोककर शोभायात्रा में बाधा डाली, जिससे तनाव पैदा हुआ और हिंसा भड़क उठी। इसी दौरान मिश्रा की गोली मारकर हत्या कर दी गई।

तिवारी ने कहा कि पिछली घटनाओं से पता चला है कि अहमद और उसके साथियों ने इलाके में गणेश प्रतिमा विसर्जन शोभायात्रा में बाधा डालने की कोशिश की थी। यह स्पष्ट है कि उसने दुर्गा विसर्जन शोभायात्रा को भी निशाना बनाने की योजना बनाई थी और नेपाल भागने से पहले उसने अपने साथियों के साथ मिलकर हमला किया। उसके भारत लौटने पर हमारी टीमों ने तुरंत कार्रवाई की और उसे गिरफ्त में ले लिया। अधिकारी ने कहा कि अहमद को अब अदालत में पेश किया जाएगा। पुलिस ने इससे पहले रविवार को एक अन्य मुख्य साजिशकर्ता शकील को गिरफ्तार किया था। महाराजगंज हिंसा के सिलसिले में दोनों पक्षों के कुल 122 लोगों को हिरासत में लिया गया है। पुलिस अधीक्षक वृंदा शुक्ला ने तीन अन्य संदिग्धों सैफ अली, जावेद और शोएब की गिरफ्तारी में मदद के लिए सूचना देने पर 10 हजार रुपये के नकद इनाम की घोषणा की है, जो अब भी फरार हैं।

## भारत -नेपाल

और पशुपतिनाथ के बीच आध्यात्मिक यात्रा से भी भारत और नेपाल के सबंधों को मजबूती मिलती है। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह मेला भारत और नेपाल के बीच आर्थिक सबंधों को बढ़ाने का कार्य भी करता है। यह मेला छोटे व्यापारियों, किसानों और कारीगरों को अपने उत्पादों का मंच प्रदान करने का बड़ा माध्यम है। हमारी अनेक प्रकार की औषधियों को प्रोत्साहित करने में भी यह मेला महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। प्रधानमंत्री के नेतृत्व में सरकार सीमावर्ती क्षेत्रों के समग्र विकास के लिए वाइब्रेंट विलेज प्रोग्राम के तहत पूरी प्रतिबद्धता के साथ काम कर रही है। जिन गांवों को पहले अंतिम गांव कहा जाता था, इस अवधारणा को बदलकर प्रधानमंत्री ने इन गांवों को देश के पहले गांवों की संज्ञा दी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के आदि कैलाश आने के बाद इस क्षेत्र में तेजी से आवागमन बढ़ा है। पिछले साल की तुलना में इस बार 10 हजार से अधिक लोगों ने आदि कैलाश के दर्शन किये हैं। इससे हमारे इन क्षेत्रों को आर्थिक रूप से आगे बढ़ने का अवसर मिलेगा। किसानों की आय को बढ़ाने के लिए राज्य सरकार द्वारा मंडवा, झिंगोरा और अन्य स्थानीनीय उत्पादों को बढ़ावा देने के लिए स्टेट मिलेट मिशन को मंजूरी दी गई है। परंपरागत खेती को बढ़ावा दिया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सीमवार्ती क्षेत्रों में आधुनिक सड़कों, सुरंगों और पुलों का निर्माण किया जा रहा है। सीमांत क्षेत्रों के विकास सरकार की शीर्ष प्राथमिकताओं में हैं। इन क्षेत्रों के विकास के लिये अनेक कार्ययोजनाओं की मंजूरी दी गई है। मानसखण्ड मंदिर माला मिशन के तहत पहले चरण में 16 पौराणिक मंदिरों को विकसित किया जा रहा है।

इस अवसर पर केन्द्रीय राज्य मंत्री अजय टम्टा, विधायक बिशन सिंह चुफाल, विधायक हरीश धामी, जिलाध्यक्ष भाजपा गिरीश जोशी, जिलापंचायत अध्यक्ष श्रीमती दीपिका बोरा, ब्लाक प्रमुख धारचूला धन सिंह धामी, जिलाधिकारी पिथौरागढ़ विनोद गिरी गोस्वामी, पुलिस अधीक्षक रेखा यादव उपस्थित थे।

## अलग संविधान

की योजना बना रहे हैं। उन्होंने कहा कि कश्मीर भारत का अभिन्न अंग है और हर भारतीय चाहता है कि कश्मीर में सिर्फ डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर का संविधान हो। मोदी ने कहा कि पूरा महाराष्ट्र जानता है कि छत्रपति संभाजीनगर को यह नाम देने की मांग शिवसेना के संस्थापक बालासाहेब ठाकरे ने उठाई थी और ऐसा करके महायुति सरकार ने उनकी इच्छा पूरी की। उन्होंने कहा, महाराष्ट्र का यह चुनाव केवल नई सरकार चुनने का ही चुनाव नहीं है। इस चुनाव में एक ओर संभाजी महाराज को मानने वाले देशभक्त हैं और दूसरी ओर औरंगजेब का गुणगान करने वाले लोग हैं। कुछ लोग संभाजी महाराज के हत्यारे में अपना मसीहा देखते हैं।

संभाजी महाराज मराठा साम्राज्य की नींव रखने वाले मराठा शासक छत्रपति शिवाजी महाराज के सबसे बड़े पुत्र थे और मुगल बादशाह औरंगजेब ने उनकी हत्या करवा दी थी और उस वक्त उनकी उम्र महज 32 साल थी। उन्होंने कहा महा विकास आघाडी (एमवीए) सरकार ढाई साल सत्ता में रही लेकिन कांग्रेस के दबाव में इन लोगों की हिम्मत नहीं हुई। महायुति सरकार ने आते ही इस शहर का नाम छत्रपति संभाजीनगर किया। हमने आपकी इच्छा को पूरा किया, हमने बालासाहेब ठाकरे की इच्छा को पूरा किया। प्रधानमंत्री ने दावा किया कि औरंगाबाद को छत्रपति संभाजीनगर बनाने पर सबसे ज्यादा तकलीफ कांग्रेस और एमवीए को हुई। उन्होंने कहा, इनके पाले-पोसे हुए लोग इस फैसले को पलटने के लिए अदालत तक चले गए थे। प्रधानमंत्री ने आरोप लगाया कि कांग्रेस, सरकार बनाने के लिए विकास पर नहीं बल्कि बंटवारे पर भरोसा करती है। साथ ही उन्होंने दावा किया कि वह दलितों, पिछड़ों और आदिवासियों को आगे बढ़ने से रोकती है ताकि सत्ता पर पीढ़ी-दर-पीढ़ी उसका कब्जा बना रहे।

## पीसीएस परीक्षा

शहरी क्षेत्र के 10 किलो मीटर व्यास मुख्य मार्ग पर स्थित संस्थाओं में करने का निर्देश दिया गया था। प्रमुख सचिव नियुक्ति एवं कार्मिक की ओर से जारी शासनदेश में कहा गया है कि सम्यक विचार के बाद यह निर्णय किया गया है कि केवल उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा पीसीएस परीक्षा जो एक विशिष्ट परीक्षा है, के आयोजन के लिए इसकी अनिवार्यता समाप्त की जा रही है।

# गठबंधन ने घुसपैठियों को बनाया अपना वोट बैंक

## सोनिया गांधी का राहुल विमान एक बार फिर झारखंड में दुर्घटनाग्रस्त होगा: अमित शाह

एजेंसी

गिरिडीह। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कांग्रेस के नेता राहुल गांधी पर कटाक्ष करते हुए बृहस्पतिवार को कहा कि सोनिया गांधी अपने बेटे को 20 बार लांच करने का प्रयास कर चुकी हैं और झारखंड में 21वें प्रयास के तहत उनका राहुल विमान दुर्घटनाग्रस्त होने वाला है।

झारखंड के गिरिडीह में चुनावी रैली को संबोधित करते हुए उन्होंने आरोप लगाया कि कर्नाटक में वक्फ बोर्ड ने प्राचीन मंदिरों की जमीन हड़प ली और कड़े विरोध के बावजूद इसे रोकने के लिए कानून में संशोधन किया जाएगा। उन्होंने कहा, सोनिया जी को अपने बेटे को लांच करने का शौक है। सोनिया जी 20 बार राहुल विमान को लांच करने का प्रयास कर चुकी हैं, लेकिन वह विफल रही हैं। यह 20 बार दुर्घटनाग्रस्त हो चुका है। यह देवघर हवाई अड्डे पर 21वीं बार दुर्घटनाग्रस्त होने वाला है। शाह ने दावा किया कि वक्फ बोर्ड कृषि भूमियां हड़प रहा है। उन्होंने कहा, इस वक्फ




बोर्ड को जमीन हड़पने की आदत है। कर्नाटक में, उन्होंने पूरे गांवों की संपत्ति, 500 साल पुराने मंदिरों को हड़प लिया है। उन्होंने कृषि भूमि हड़प ली। मुझे बताएं कि वक्फ बोर्ड में बदलाव की जरूरत है या नहीं। हेमंत-बाबू और राहुल गांधी इसका विरोध करते हैं, उन्हें इसका विरोध करने दीजिए। भाजपा वक्फ बोर्ड अधिनियम में संशोधन के लिए संसद में विधेयक पारित करेगी और इसे कोई नहीं रोक सकता। शाह ने आरोप लगाते हुए कहा कि सत्तारूढ़ झारखंड मुक्ति मोर्चा के नेतृत्व वाले गठबंधन ने घुसपैठियों को अपने वोट बैंके में बदल दिया है।

उन्होंने राज्य में भारतीय जनता पार्टी के सत्ता में आने पर घुसपैठ पर अंकुश की घोषणा की। उन्होंने कहा, हम झारखंड से नक्सलवाद और घुसपैठ का सफाया कर देंगे। उन्होंने प्रत्येक घुसपैठिए को वापस भेजने का वादा किया। उन्होंने दावा किया, झामुमो के नेतृत्व वाले गठबंधन को पहले चरण में बाहर का रास्ता दिखा दिया गया है। नतीजे आ गए हैं - भाजपा झारखंड में सरकार बनाने वाली है। शाह ने कहा कि झारखंड देश को कोयले से बिजली देता है, लेकिन राज्य की जनता गरीबी में जी रही है। उन्होंने दावा किया कि अगर भाजपा झारखंड में सत्ता में आई तो वह इसे पांच साल में देश का सबसे समृद्ध राज्य बना देगी। उन्होंने कहा, अगर भाजपा झारखंड में सत्ता में आई तो झामुमो के नेतृत्व वाले गठबंधन के नेताओं के भ्रष्टाचार की जांच के लिए एसआईटी गठित की जाएगी और उन्हें जेल में डाला जाएगा।

# 13वीं जयंती पर कांग्रेस ने पंडित जवाहर लाल नेहरू को किया याद



नयी दिल्ली। कांग्रेस ने देश के प्रथम प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू की जयंती पर बृहस्पतिवार को उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने कहा कि उनके (नेहरू के) लोकतांत्रिक, प्रगतिशील और समावेशी मूल्य भारत की आधारशिला हैं और हमेशा रहेंगे। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने नेहरू को आधुनिक भारत का निर्माता बताया और कहा कि वह भारत को शून्य से शिखर तक ले गए।

कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाद्रा ने भी यहां नेहरू के समाधि स्थल शांतिवन जा कर, उनकी समाधि पर पुष्पांजलि अर्पित की। नेहरू का जन्म 1889 में उत्तर प्रदेश के इलाहाबाद (अब प्रयागराज) में हुआ था। वह देश के स्वतंत्रता संग्राम के अग्रणी चेहरों में से एक थे और आजाद भारत के पहले प्रधानमंत्री थे। वह सबसे अधिक समय तक देश के प्रधानमंत्री रहे। नेहरू ने 27 मई 1964 को अंतिम सांस ली। राहुल ने एक्स पर अपने पोस्ट में कहा, लोकतांत्रिक, प्रगतिशील, निडर, दूरदर्शी, समावेशी - हिंद के जवाहर के यही मूल्य हमारे आदर्श और हिंदुस्तान के आधार स्तम्भ हैं और हमेशा रहेंगे।

कांग्रेस अध्यक्ष खरगे ने अपने पोस्ट में कहा, भारत को शून्य से शिखर तक पहुंचाने वाले, आधुनिक भारत के शिल्पकार, भारत को वैज्ञानिक, आर्थिक, औद्योगिक व विभिन्न क्षेत्रों में विकासशील बनाने वाले, देश को निरंतर विविधता में एकता का संदेश देने वाले, लोकतंत्र के निर्भीक प्रहरी व हमारे प्रेरणास्रोत हिन्द के जवाहर की 135वीं जयंती पर हम उनके देश के प्रति अभूतपूर्व योगदान को याद करते हैं।

संक्षेप

## पाक के खैबर पख्तूनख्वा में सेना की कार्रवाई से 12 आतंकवादी ढेर

पेशावर। पाकिस्तान के सुरक्षा बलों ने खैबर पख्तूनख्वा और बलूचिस्तान प्रांत में दो अभियानों में 12 आतंकवादियों को ढेर कर दिया। सेना ने बुधवार को यह जानकारी दी। सेना ने बताया कि खैबर पख्तूनख्वा के मीरानशाह जिले में 12 और 13 नवंबर को पहला अभियान चलाया गया और उत्तरी वजीरिस्तान क्षेत्र में मुठभेड़ में आठ आतंकवादियों को मार गिराया गया। इस मुठभेड़ में छह आतंकवादी घायल भी हो गए। पाकिस्तानी सेना की मीडिया शाखा इंटर-सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस (आईएसपीआर) के अनुसार दूसरे अभियान में सुरक्षा बलों ने बलूचिस्तान के केच जिले के बलगाटर में एक कथित आतंकवादी ठिकाने को निशाना बनाया।

सेना की कार्वाई में बलगाट में चार आतंकवादी मारे गए जिनमें कुख्यात आतंकवादी सना उर्फ बारू भी शामिल है। सेना ने कहा कि बारू केच में मजीद ब्रिगेड के लिए आतंकवादियों की भर्ती करने वाला एक प्रमुख एजेंट था। वह विशेष रूप से आत्मघाती हमलावरों की भर्ती में संलिप्त था। कानून प्रवर्तन एजेंसी की वांछित सूची में भी उसका नाम दर्ज है।

# रिपब्लिकन पार्टी ने अमेरिकी प्रतिनिधि सभा में 218 सीट जीतीं

एजेंसी

वाशिंगटन। रिपब्लिकन पार्टी ने अमेरिकी संसद के निचले सदन प्रतिनिधि सभा में 218 सीट जीत ली हैं और इसी के साथ सत्ता पर पार्टी की पूरी तरह से पकड़ हो गई है।

> रिपब्लिकन पार्टी को मिली जीत

एरिजोना और कैलिफोर्निया में निचले सदन की सीट पर जीत के साथ ही रिपब्लिकन पार्टी को प्रतिनिधि सभा में 218 सीट पर जीत मिल गई, जो बहुमत के बराबर है। रिपब्लिकन पार्टी ने सीनेट पर पहले ही नियंत्रण हासिल कर लिया है। रिपब्लिकन पार्टी के नेता एवं नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने बुधवार सुबह संसद भवन परिसर में प्रतिनिधि सभा के सदस्यों से मुलाकात की। सदन में ट्रंप के सहयोगी पहले ही संकेत दे चुके हैं कि सत्ता से बाहर रहने के दौरान ट्रंप ने जिन कानूनी परेशानियों का सामना किया है वे उनसे निपटने में पार्टी नेता का साथ देंगे। नवनिर्वाचित राष्ट्रपति ने बुधवार को कहा कि वह अटॉर्नी जनरल के पद के लिए प्रतिनिधि मैट गेट्ज को नामित करेंगे जो उनके बेहद करीबी हैं।

# भारत-यूएई के बीच द्विपक्षीय संबंध मजबूत : जयशंकर

एजेंसी



दुबई। विदेश मंत्री एस.जयशंकर ने भारत और संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के बीच फिनटेक, नवीकरणीय ऊर्जा, बुनियादी ढांचे और रक्षा जैसे क्षेत्रों में सहयोग पर प्रकाश डालते हुए बृहस्पतिवार को कहा कि दोनों देशों के मध्य रिश्ते नयी ऊंचाई पर पहुंच गए हैं।

यहां सिम्बायोसिस इंटरनेशनल (मानद् विश्वविद्यालय) परिसर के उद्घाटन के अवसर पर जयशंकर ने इस बात पर जोर दिया कि कैसे 2015 में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की यूएई की पहली यात्रा ने दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय संबंधों की नयी शुरुआत की। जयशंकर ने कहा, भारत-यूएई संबंध आज सही मायनों में नये युग में हैं। जिस तरह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की 2015 में ऐतिहासिक यात्रा हुई थी जो सदी की पहली यात्रा थी, और उसी तरह से हमारी व्यापक आर्थिक साझेदारी भी ऐतिहासिक स्तर पर है। जयशंकर ने कहा कि दुबई में सिम्बायोसिस परिसर का उद्घाटन एक व्यापक प्रवृत्ति का हिस्सा है जो भारत और यूएई के बीच बढ़ते शैक्षिक और सांस्कृतिक आदान-प्रदान को दर्शाता है।

मंत्री ने कहा, भारत को आज वैश्विक कार्यस्थल के लिए तैयार होने की आवश्यकता है। साथ ही, उसे चिप्स, इलेक्ट्रिक मोबिलिटी, स्वच्छ और हरित प्रौद्योगिकी, नवीकरणीय ऊर्जा, अंतरिक्ष और सड़कों के युग के लिए भी तैयार रहना होगा। जयशंकर ने कहा कि भारत को इन संभावनाओं के विकास को पर्यावरण अनुकूल और बाजार अनुकूल बनाकर प्रबंधित करना होगा।

# पीएम मोदी को लगता है मेरे पास संविधान की कोरी प्रति : राहुल



नंदूरबार (महाराष्ट्र)। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने बृहस्पतिवार को दावा किया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को लगता है कि संविधान की लाल किताब जो वह अपने पास रखते हैं, वह कोरी है क्योंकि उन्होंने (मोदी ने) इसे कभी पढ़ा ही नहीं है। गांधी ने महाराष्ट्र के नंदूरबार में एक रैली को संबोधित करते हुए कहा कि संविधान में भारत की आत्मा और बिरसा मुंडा, डॉ. बी. आर. आंबेडकर और महात्मा गांधी जैसे राष्ट्र नायकों द्वारा परिकल्पित सिद्धांत शामिल हैं। उन्होंने कहा, भाजपा को किताब के लाल रंग पर आपत्ति है (जिसे गांधी रैलियों में दिखाते रहे हैं)।

लेकिन हमारे लिए, रंग चाहे जो भी हो, हम इसे (संविधान को) बचाने के लिए प्रतिबद्ध हैं और अपनी जान देने के लिए भी तैयार हैं। मोदी जी को लगता है कि संविधान पुस्तिका कोरी है क्योंकि उन्होंने इसे कभी पढ़ा ही नहीं है। लोकसभा में विपक्ष के नेता गांधी ने कहा कि कांग्रेस चाहती है कि आदिवासियों, दलितों और पिछड़े वर्गों को निर्णय लेने में प्रतिनिधित्व मिले।

भाजपा नेताओं ने बीस नवंबर को होने वाले महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के लिए अपने अभियान में गांधी द्वारा प्रदर्शित लाल किताब को शहरी नक्सलवाद से जोड़ने का प्रयास किया है। गांधी ने आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री मोदी और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ऐसी टिप्पणियां करके राष्ट्र नायकों का अपमान कर रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) आदिवासियों को आदिवासी के बजाय वनवासी कहकर उनका अपमान करते हैं। गांधी ने कहा, आदिवासी देश के पहले मालिक हैं और जल, जंगल और जमीन पर पहला अधिकार उनका है। लेकिन भाजपा चाहती है कि आदिवासी जंगल में ही रहें, उनके पास कोई अधिकार नहीं है।

बिरसा मुंडा ने इसके लिए लड़ाई लड़ी थी और अपने प्राणों का बलिदान दिया था। विपक्षी गठबंधन महा विकास आघाडी (एमवीए) के घोषणापत्र का हवाला देते हुए गांधी ने कहा कि महिलाओं, किसानों और युवाओं को 3,000 रुपये मासिक सहायता और निशुल्क बस यात्रा, तीन लाख रुपये तक के कृषि ज्ण माफी और बेरोजगार युवाओं को 4,000 रुपये प्रति माह सहायता जैसे प्रावधानों के साथ संरक्षित किया जायेगा।

# भविष्य की अर्थव्यवस्था को भारत व चीन देंगे आकार

एजेंसी



सिंगापुर। सिंगापुर की विदेश मंत्री सिम एन ने बृहस्पतिवार को कहा कि भारत और चीन की क्षेत्रीय वृद्धि और विकास में महत्वपूर्ण भूमिका को देखते हुए सिंगापुर और दक्षिण-पूर्व एशियाई क्षेत्र को दोनों देशों के साथ घनिष्ठ संबंध बनाए रखने चाहिए।

विदेश मंत्री ने वैश्विक मंच पर आर्थिक महाशक्तियों और अहम देशों के रूप में चीन और भारत के महत्व को रेखांकित किया। सिम एन ने यह टिप्पणी चीन और भारतः वैश्विक अर्थव्यवस्था को आकार देने वाले दो बड़े देश कार्यशाला के उद्घाटन सत्र में की। इस कार्यशाला का आयोजन नेशनल यूनिवर्सिटी ऑफ सिंगापुर (एनयूएस) में ईस्ट एशियन इंस्टीट्यूट (ईएआई) और इंस्टीट्यूट ऑफ साउथ एशियन स्टडीज (आईएसएएस) ने किया था। कार्यशाला में विशेषज्ञों ने दोनों देशों के बारे में अपने विचार और राय साझा करते हुए बताया कि क्रय शक्ति समता के आधार पर दुनिया की पहली और तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाएं क्रमशः चीन और भारत का वैश्विक स्तर पर बहुत अधिक प्रभाव है।

विश्व की 35 फीसदी आबादी दोनों देशों में रहती है तथा अनुमान है कि 2024 में वैश्विक आर्थिक विकास में इनका योगदान 50 प्रतिशत होगा। ईएआई के निदेशक अल्फ्रेड शिपके ने कहा कि चीन और भारत वैश्विक आर्थिक परिदृश्य में महत्वपूर्ण स्तंभ के रूप में खड़े हैं। आईएसएएस के निदेशक इकबाल सिंह सेविया ने कहा कि भारत और चीन दोनों ही डिजिटलीकरण के भविष्य और हरित अर्थव्यवस्था में परिवर्तन के लिए महत्वपूर्ण हैं।

# ब्राजील के उच्चतम न्यायालय के बाहर व्यक्ति ने बम से उड़ा लिया

एजेंसी

साओ पाउलो। ब्राजील के उच्चतम न्यायालय में प्रवेश करने में असफल रहे एक व्यक्ति ने बुधवार को इमारत के बाहर विस्फोट कर, खुद को खत्म कर लिया।

प्राधिकारियों ने यह जानकारी देते हुए बताया कि घटना के बाद न्यायाधीशों और कर्मचारियों ने इमारत खाली कर दी और बाहर आ गए। ब्राजील के उच्चतम न्यायालय ने एक बयान में कहा कि सत्र समाप्त होने के बाद शाम को करीब साढ़े सात बजे दो बार तेज धमाकों की आवाज सुनी गई और सभी न्यायाधीश तथा कर्मचारी सुरक्षित रूप से भवन से बाहर निकल गए। अग्निशमन कर्मियों ने राजधानी ब्रासीलिया में एक व्यक्ति की घटनास्थल पर ही मौत हो जाने की पुष्टि की, हालांकि मृतक की पहचान नहीं की जा सकी।

ब्राजील के संघीय जिले की लेफ्टिनेंट गवर्नर सेलिना लियो ने कहा कि संदिग्ध ने पहले संसद की पार्किंग में एक कार में विस्फोटक लगाया था, जिससे कोई हताहत नहीं हुआ। स्पीकर आर्थर लिरा के अनुसार, लीओ ने जोखिमों से बचने के लिए बृहस्पतिवार को संसद बंद करने का सुझाव दिया।

इंटरटेनमेंट...

# 'बिग बॉस-18' का हिस्सा बनने वाली हैं कार्दशियन सिस्टर्स



मुंबई। टेलीविजन का पॉपुलर रियलिटी शो बिग बॉस 18 इन दिनों लगातार हो रहे झगड़ों के चलते सुर्खियों में है। शो को और ज्यादा दिलचस्प बनाने के लिए मेकर्स ने हाल ही में दो वाइल्ड कार्ड कंटेस्टेंट की एंट्री करवाई है। कि रवि किशन, सलमान खान की जगह शो होस्ट करेंगे।

अब करीबी सूत्रों की मानें तो इंटरनेशनल स्टार कार्दशियन सिस्टर्स जल्द ही शो में बतौर वाइल्ड कार्ड कंटेस्टेंट पहुंचने वाली हैं। बिग बॉस से जुड़े करीबी सूत्र ने दैनिक भास्कर से बातचीत में बताया है कि शो के मेकर्स की पिछले कुछ समय से कार्दशियन सिस्टर्स से शो में हिस्सा लेने के लिए बातचीत चल रही है। हालांकि अब तक ये साफ नहीं है कि वो शो में अगली वाइल्ड कार्ड एंट्री बनकर पहुंचेंगी या बतौर गेस्ट। सूत्र की मानें तो कार्दशियन सिस्टर्स दिसंबर में शो में एंट्री लेने वाली हैं। फिलहाल सवाल ये भी है कि कार्दशियन सिस्टर्स किम, कोर्टनी और कोल में से कोई दो शो का हिस्सा बनेंगी या तीनों।

बताते चलें कि कार्दशियन सिस्टर्स किम और क्लो इस साल बिजनेस टायकून मुकेश अंबानी के बेटे अनंत अंबानी की शादी का हिस्सा बनी थीं। भारत आकर किम और क्लो सुर्खियों के साथ-साथ विवादों में भी रहीं। दरअसल, किम कार्दशियन ने भगवान गणेश की मूर्ति के साथ कुछ तस्वीरें क्लिक करवाई थीं, जिन्हें उन्होंने सोशल मीडिया पर पोस्ट किया था। भगवान की मूर्ति को प्रॉप की तरह इस्तेमाल करने पर उन्हें काफी ट्रोल किया गया था। विवाद होने के बाद उन्होंने तस्वीरें डिलीट कर दी थीं। शो से जुड़े करीबी सूत्र ने दैनिक भास्कर को बताया है कि जल्द ही शो में हॉट वाइल्ड कार्ड एंट्री होने वाली है।

# कोल्डप्ले अहमदाबाद में करेंगे अपना चौथा कॉन्सर्ट



मुंबई। भारत में म्यूजिक ऑफ द स्फेयर्स वर्ल्ड टूर की टिकट ब्लैक मार्केटिंग के मामले के बीच कोल्डप्ले ने भारत में चौथे कॉन्सर्ट की अनाउंसमेंट कर दी है। ये शो 25 जनवरी, 2025 को अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में होगा।

इसके टिकट 16 नवंबर, 2024 से बुक माई शो पर दोपहर 12 बजे से उपलब्ध होंगे। बैंड ने दी एक्स पर जानकारी कोल्डप्ले की ओर से इस बारे में सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर जानकारी शेयर की गई है। उन्होंने लिखा, 'बैंड 25 जनवरी, 2025 को अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में अपना सबसे बड़ा शो करेगा। मुंबई में होंगे कोल्डप्ले के तीन शो कोल्डप्ले ने सितंबर में 18 और 19 जनवरी 2025 को मुंबई के डीवाई पाटिल स्पोर्ट्स स्टेडियम में दो कॉन्सर्ट करने की घोषणा की थी। लेकिन लोगों की मांग को देखते हुए बैंड ने 21 जनवरी को उसी जगह पर तीसरा शो करने का भी ऐलान किया था। भारत में 9 साल बाद कोल्डप्ले की परफॉर्मेंस कोल्डप्ले बैंड ने 2016 में मुंबई में आयोजित गोल्डन सिटिजन फेस्टिवल में परफॉर्म किया था। 80 हजार लोग इस शो का हिस्सा बने थे, जिनमें कई बॉलीवुड सेलेब्स भी शामिल थे। अब 9 साल बाद बैंड फिर भारत में आ रहा है।

# रामगोपाल वर्मा को पुलिस ने पूछताछ के लिए बुलाया



मड्डीपाडू (आंध्र प्रदेश)। आंध्र प्रदेश पुलिस ने फिल्म निर्देशक रामगोपाल वर्मा को मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू और उपमुख्यमंत्री पवन कल्याण की, छेड़छाड़ कर तैयार की गईं तस्वीरें सोशल मीडिया पर पोस्ट करने के संबंध में पूछताछ के लिए बुलाया है।

प्रकाशम जिले के एक पुलिस दल ने बुधवार को हैदराबाद में वर्मा के जुबिली हिल्स स्थित आवास पर पहुंचकर सुबह करीब दस बजे उन्हें व्यक्तिगत रूप से नोटिस थमाया और उन्हें 19 नवंबर को मड्डीपाडू थाने में जांच अधिकारी के समक्ष पेश होने को कहा। प्रकाशम के पुलिस अधीक्षक एआर दामोदर ने कहा, हमने (वर्मा को) नोटिस देकर जांच अधिकारी के समक्ष पेश होने को कहा। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि नोटिस प्राप्त करने के बाद वर्मा ने पुलिस से कहा कि वह जांच में सहयोग करेंगे।

# द ग्रेट इंडियन कपिल शो के मेकर्स को नोटिस



मुंबई। नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम हो रहे कॉमेडी शो द ग्रेट इंडियन कपिल शो के मेकर्स को लीगल नोटिस मिला है। आरोप हैं कि शो के एक सेगमेंट में नोबेल पुरुस्कार विजेता रवींद्रनाथ टैगोर का अपमान किया गया है। खबरें ये भी हैं कि सलमान खान की प्रोडक्शन टीम को भी लीगल नोटिस मिला है, जो पहले शो के प्रोडक्शन का हिस्सा थी।

विवादों के बीच उनकी टीम ने सफाई देते हुए कहा है कि उनका शो से कोई लेना-देना नहीं है। स्टेटमेंट में लीगल नोटिस मिलने की खबर का भी खंडन किया गया है। बीबीएमएफ (बोंगो भाषी महासभा फाउंडेशन) के अध्यक्ष ने हाल ही में अपने लीगल एडवाइजर नृपेंद्र रॉय के जरिए शो के उस सेगमेंट पर नाराजगी जाहिर करते हुए चिंता व्यक्त की, जिसमें नोबेल पुरुस्कार विजेता रवींद्रनाथ टैगोर के लिए अपमानजनक बातों का इस्तेमाल किया गया था। उनका कहना है कि शो में सांस्कृतिक पहलुओं को गलत तरह पेश किया जा रहा है। उन्होंने शो में रवींद्रनाथ टैगोर की विरासत का अपमान करने का भी आरोप लगाया है। इस मामले में 1 नवंबर को मंडल की तरफ से एक कानूनी नोटिस जारी कर कहा गया कि सीरीज न केवल नोबल पुरुस्कार विजेताओं की विरासतों को धूमिल कर रहा है बल्कि धार्मिक भावनाओं को भी ठेस पहुंचा रहा है।

BABU BANARASI DAS EDUCATIONAL GROUP
NBA NATIONAL BOARD OF ACCREDITATION
BBDNIIT(056) - CSE, IT & B.PHARM
BBDITM (054) - CSE, ECE & IT
10000+ More than 1500+ Companies have already hired our Students!
Job offers & still continuing since last 4 years ...
BBD UNIVERSITY Host University for KHELO INDIA
ADMISSION OPEN 2024-2025
BBD UNIVERSITY
COURSES OFFERED
- Engineering
- Management
- Pharmacy
- Dental Science
- Education
- Architecture
- Applied Sciences
- Hotel Management
- Legal Studies
- Computer Applications
- Humanities & Social Sciences
- Ph.D. in all Disciplines
Courses available with IBM Collaboration
Highest Package 48.00 LPA Microsoft
Dream Placement 44.15 LPA amazon
Dream Placement 28.88 LPA Google
BBDCODS www.bbdcods.edu.in | BDS Bachelor of Dental Surgery (100 Seats) (4 Year Course & 1 Year Rotatory Internship) | M.D.S/Ph.D In all 9 Specialties
BBDITM | AKTU CODE - 054 | www.bbditm.ac.in
B.TECH [CSE, CSE(AI&ML), CSE(DS), IT, ECE, ME, EE, CE] MBA & M.TECH
BBDNIIT | AKTU CODE - 056 | www.bbdniit.ac.in
B.TECH [CSE, CSE(AI&ML), CSE(AI), IT, ECE, EE, ME, CE] M.TECH, MBA
B.PHARM. M.PHARM. D.PHARM BTEUP CODE- 2746
SCHOLARSHIP @25% All 4 Years in EE, ME, CE and ECE in AKTU Colleges
AMENITIES
Auditorium (1000+ Seating Capacity) | Student's Mall & Cafeteria | Transport & Health Services | Lord Siddhi Ganesha Temple | In Campus Bank and ATM | AC & Non-AC Hostels | BCCI Approved Cricket Stadium | BBD 90.8FM Channel | 24x7 Campus Security | Fully Wifi Campus
TOP RECRUITERS
BBD City, Ayodhya Road, Lucknow, Uttar Pradesh-226028 India.
@lkobbdu @bbduniversity www.bbdu.ac.in 0522(6196222/23) 0522(6196300/301/302)

Viraj
आर.एन.आई.नं.-यू.पी.-हिन/2006/18901 विराज प्रकाशन प्रा.लि. हेतु मुद्रक एवं प्रकाशक आर.के. अग्रवाल द्वारा एक्सप्रेस हाऊस, 1/5, विशाल खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ से मुद्रित एवं प्रकाशित। **कार्यकारी सम्पादक : मनोज कुमार बाजपेयी**
(पी.आर.बी.एक्ट के तहत समाचारों के चयन हेतु उत्तरदायी) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन। फोन कार्यालय : 0522-4059441, 4059442, 4059443 : ई-मेल : voiceoflucknow@gmail.com